छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 25 मई 2025

वर्ष - 67 | अंक - 39 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 06072/59

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

▸ **मड़ई**
छत्तीसगढ़ में बिहाव के रीति-रिवाज पृष्ठ 6

▸ शुभमन होंगे भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम के नए कप्तान
▸ जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर पृष्ठ 8

**देश विदेश**
▸ पाकिस्तानी आतंकवादी नागरिक कवर का इस्तेमाल कर बच नहीं सकते : भारत
▸ आतंकवाद के खिलाफ भारत ने अपना पक्ष मजबूती से रखा : खुर्शीद
▸ बैजयंत पांडा का प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया के लिए रवाना पृष्ठ 7

**नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

# विकास की रफ्तार बढ़ानी होगी

**नई दिल्ली**, 24 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के विकास की रफ्तार को और तेज करना समय की जरूरत है। अगर केंद्र सरकार और राज्य

> **अगर केंद्र व राज्य सरकार मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं : नरेंद्र मोदी**

सरकार मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं है। बता दें कि यह बैठक 'विकसित राज्य से विकसित भारत 2047 की थीम पर आयोजित की गई थी। नीति आयोग के स्टेटमेंट के मुताबिक, इस साल बैठक की थीम विकसित भारत के लिए विकसित राज्य है। बैठक में भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्यों की भूमिका पर जोर दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा होगी।

**तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा भारत**

प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों से कहा कि भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। मोदी ने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤




### नीति आयोग की बैठक पाखंड व ध्यान भटकाने वाली : जयराम रमेश

कांग्रेस ने नीति आयोग की बैठक पर तीखा हमला बोलते हुए इसे अयोग्य निकाय बताया और कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पाखंड और भेदभाव बढ़ाने वाली कवायद है। कांग्रेस के संचार प्रभारी और पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने नीति आयोग की बैठक पर सवाल खड़े किए। रमेश ने लिखा कि यह कैसा विकसित भारत होगा अगर जो लोग सत्ता में बैठे हैं, वो ही देश के सामाजिक सद्भाव को अपने शब्दों और कर्मों से तबाह करने लगें। यह कैसा विकसित भारत होगा, अगर सत्ता में बैठे लोग ही अपने नापाक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करेंगे।

### तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक से बनाई दूरी

नीति आयोग की बैठक में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले से निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए बैठक में हिस्सा नहीं लिया। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपनी ओर से अपने कैबिनेट सहयोगी के एन बालगोपाल को भेजा। इसी तरह, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। पिछले साल 27 जुलाई को हुई 9वीं बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मीटिंग को बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गई थी। ममता ने आरोप लगाया था कि उन्हें बोलने नहीं दिया। माइक बंद कर दिया।

## पीएम मोदी के समक्ष मुख्यमंत्री साय ने रखा आत्मनिर्भर बस्तर विजन

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ का दूरदर्शी विकास मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कभी नक्सल हिंसा के लिए पहचाना जाने वाला बस्तर अब देश को विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल देने जा रहा है।



**75 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था और 3टी मॉडल के साथ 2047 का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री साय ने नीति आयोग के मंच पर छत्तीसगढ़ के लिए 75 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य रखा और इसके केंद्र में '3टी मॉडल' (टेक्नोलाजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफार्मेशन) को बताया। उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासन अब तकनीक आधारित, पारदर्शी और तेज़ गति से निर्णय लेने वाला बन रहा है। हर योजना को डिजिटली ट्रैक किया जा रहा है, ताकि आम जनता को समय पर और सटीक सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह मॉडल न केवल छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने में सहायक होगा, बल्कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में भी राज्य की अहम भूमिका सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2047 तक के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की है, जिसके तहत राज्य की अर्थव्यवस्था को 6 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 75 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय में 10 गुना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे यूनुस

**ढाका**, 24 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। यह जानकारी शनिवार को उनके कैबिनेट के एक वरिष्ठ सलाहकार वाहीदुद्दीन महमूद ने दी। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूनुस के इस्तीफे की अटकलें दो दिन पहले सामने आई थीं। यूनुस ने कथित तौर पर कहा था कि मौजूदा हालात में काम करना मुश्किल हो गया है। बता दें कि, सरकार, सेना और तमाम राजनीतिक दलों के बीच उपजे मतभेद के कारण उनके इस्तीफा देने की आशंका तेज हो गई थी। अंतरिम सरकार में योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने सलाहकार परिषद की एक औचक बैठक के बाद पत्रकारों से कहा उन्होंने (यूनुस) यह नहीं कहा कि वे पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हम उन पर काबू पा रहे हैं। वहीदुद्दीन महमूद ने आगे कहा वे निश्चित रूप से बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी सलाहकार कहीं नहीं जा रहा है क्योंकि हमें सौंपी गई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है; हम इस कर्तव्य को नहीं छोड़ सकते।



**सेना से मतभेद पर जताई थी इस्तीफे की इच्छा**

मोहम्मद यूनुस ने छात्र नेतृत्व वाले नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेताओं से बात करते हुए संकेत दिया था कि वे इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति की कमी के चलते उन्हें काम करने में कठिनाई हो रही है। इसके बाद गुरुवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में भी उन्होंने इसी प्रकार की भावना जाहिर की थी। हालांकि, बैठक में मौजूद उनके सलाहकारों ने उन्हें इस्तीफा न देने के लिए मनाया।

**सार संक्षेप**

### ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी

**वॉशिंगटन डीसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनी आईफोन का विनिर्माण अमेरिका में स्थानांतरित करने में विफल रही तो वे यूरोपीय संघ पर 50 प्रतिशत टैरिफ तथा एप्पल इंक पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे, जिससे निवेशकों में उनके व्यापार एजेंडे के बारे में आशंकाएं फिर से जागृत हो गई हैं। ट्रंप ने गत दिनों एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूरोपीय संघ पर उच्च शुल्क 1 जून से शुरू होगा।

### कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 फीसदी ब्याज मिलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 7 करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए तोहफा दिया है। सरकार की तरफ से शनिवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को मंजूरी दी गई। इससे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए 7 करोड़ से अधिक लोगों के खातों में वार्षिक रिटर्न जमा करने का रास्ता साफ हो गया है।

### पुंछ में पाक गोलाबारी के पीड़ितों से मिले राहुल

**जम्मू।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ पहुंचे, जहां उन्होंने सीमा पार से हुई पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से मुलाकात की। यह दौरा उनके द्वारा केंद्र शासित प्रदेश का इस महीने में किया गया दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद श्रीनगर गए थे।

### गुजरात सीमा पर पाक घुसपैठिया ढेर

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** भारतीय सीमा में घुस रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने इसकी जानकारी दी। बीएसएफ ने बताया, गुजरात के बनासकांठा जिले में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका तो गोली चलानी पड़ी। उधर गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को भी अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने कच्छ सीमा के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें पाकिस्तान भेजी थीं।

## रविवि के प्रभारी कुलसचिव की नियुक्ति अवैध

**बिलासपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने रायपुर स्थित पं। रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति की नियुक्ति अवैध ठहरा दिया है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें लिखा है कि शैलेन्द्र पटेल प्रभारी कुलसचिव पद के लिए निर्धारित योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, और इस पद पर उनकी नियुक्ति अवैध है। इस फैसले के साथ ही हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल की याचिका को खारिज कर दिया।



**हाइकोर्ट ने सुनाया फैसला**

वर्ष 2022 में जब शैलेन्द्र पटेल की प्रभारी कुलसचिव पद पर नियुक्ति को लेकर राहुल गिरी गोस्वामी ने आपत्ति दर्ज कराई थी, तब से यह मामला चल रहा था। शिकायतकर्ता ने पटेल की योग्यता और नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए थे। शिकायत के आधार पर एक एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसका उल्लेख हाईकोर्ट के आदेश में किया गया है। मामले की अंतिम सुनवाई 6 मार्च 2025 को हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसे जारी किया गया है।

राहुल गिरी गोस्वामी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि शैलेन्द्र पटेल की नियुक्ति नियमों के खिलाफ गैर-कानूनी ढंग से की गई। शिकायत के बाद दर्ज एफआईआर दर्ज की गई थी।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि याचिकाकर्ता प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल कुलसचिव पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक और प्रशासनिक योग्यता को पूरा नहीं करते। इसलिए उन्हें कुलसचिव पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर 48 सिविल जजों को दी गई पोस्टिंग

**बिलासपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेश की जिला अदालतों में 48 सिविल जजों की परीवीक्षा के तहत नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां लोअर जुडिशियरी सर्विस के अंतर्गत की गई है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी जजों को अलग-अलग जिलों में पदस्थ किया गया है।



नियुक्त किए गए सिविल जजों में श्वेता दीवान, महिमा शर्मा, निखिल साहू, प्रियदर्शन गोस्वामी, आयुषी शुक्ला, भामिनी पटेल, नंदिनी पटेल, आरती ध्रुव, अदिति शर्मा, द्विज सिंह सेंगर, शारदा शर्मा तासी राघव, आदित्य जैन, अर्पित अग्रवाल, मनीषा दुश्यानी, क्षितिज नवरंग, प्रियंका गोस्वामी, हिमांशु पांडा, सृष्टि त्रिपाठी, सूरज राणा, भावना रिगरी, हिमांशु चन्द्राकर, चैताली खांडेकर, सुमित कुमार नायक, पूजा विनय साहू, ग्रेसी सिंह, अन्जीता खूंटे, आयुष ताम्रकार, तुषार बारीक, भूमिका ध्रुव, पूनम नशिने, गौरव महिलांग, नोएल पन्ना, श्रेया तुलावी, हरीश कुमार सालेम, निशा बारा, स्मिता रानी, नेहा तिर्की, मयंक ध्रुव, जितेन्द्र सोनवानी, सलमा लकड़ा, रिया गनवीर, वन्दना मंडावी, रीमा लकड़ा, सजल जैन, सीमा नेताम, चन्द्रकिरण मानकर और जागृति ध्रुव शामिल हैं।

## परमाणु धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

### रूस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने साफ किया रुख

**मास्को**, 24 मई (एजेंसियां)। रूस की यात्रा पर आए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। दोनों पक्षों ने भारत-रूस संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और समय की कसौटी पर खरे साबित होने की प्रकृति की पुष्टि की, जो आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित है। चर्चाओं में वैश्विक सुरक्षा वास्तुकला, उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राजधानी में मिला कोरोना का पहला मरीज, निजी अस्पताल में इलाज जारी

**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। देश के कई इलाकों में कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसको लेकर सरकारों ने चिंता जताई है और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी बीच राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमित मरीज़ चिन्हित किया गया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। कोरोना कंट्रोल एवं डिमांड सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤




**देश में बढ़ रहे कोरोना के मामले**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं।

## विधवा महिला ने वकील पर लगाया धोखाधड़ी और झूठी एफआईआर कराने का आरोप

**बिलासपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव में एक विधवा महिला ने अपने अधिवक्ता पर धोखाधड़ी और पेशेवर कदाचरण का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी आरोप है कि शिकायत के जवाब में वकील ने महिला के खिलाफ झूठी एफआईआर करा दी। पीड़िता ने हाईकोर्ट में न्याय की गुहार लगाई है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक प्रकरण पर रोक लगाने के साथ संबंधित वकील और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

**हाईकोर्ट ने अधिवक्ता और सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

कोंडागांव की रहने वाली वंशिका अग्निहोत्री विधवा है और उसके परिवार में कोई पुरुष सदस्य जीवित नहीं है। बीमा राशि के लिए उसने और उसकी बड़ी भाभी ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए ट्रायल कोर्ट में आवेदन दिया। इसके लिए उन्होंने कोंडागांव निवासी एक अधिवक्ता को पैरवी के लिए नियुक्त किया। वकील ने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 372 के तहत सिविल न्यायाधीश, वर्ग-1, कोंडागांव के समक्ष उत्तराधिकार प्रकरण प्रस्तुत किया। ट्रायल कोर्ट ने 5 अक्टूबर 2023 को इन मामलों को मंजूरी दी। कोर्ट के आदेश के खिलाफ बसंत अग्निहोत्री ने अपील की। कोंडागांव के जिला न्यायाधीश ने 23 सितंबर 2024 को अपील खारिज कर दी। अपील लंबित रहने के दौरान वंशिका को पता चला कि वकील ने उसे गुमराह किया। पेशेवर आचरण के खिलाफ जाकर कोर्ट फीस और अन्य खर्चों के नाम पर बड़ी रकम ले लिया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पितृ शोक



**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक श्री रामजी लाल अग्रवाल जी का आज 96 वर्ष की आयु में गौ लोक गमन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। रामजीलाल अग्रवाल अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी थे। वे श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के पिता, विष्णु अग्रवाल के भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, के चाचा, एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे। रामजीलाल अग्रवाल की अंतिम यात्रा 25 मईरविवार को सुबह 10 बजे रामजी वाटिका मौलश्री विहार, वि.आई.पी. रोड, रायपुर से निकलेगी। अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान रायपुर घाट में संपन्न होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामजी अग्रवाल के निधन पर संवेदना जताई है।

## बिजली के पोल से टकराने से बाइक सवार चार युवकों की मौत

**सरायपाली** 24मई (देशबन्धु) बिजली के पोल से टकराने से बाइक सवार चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई घटना शनिवार दोपहर तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है महलपारा वन विभाग के लकड़ी डिपो के सामने नए बन रहे गौरव पथ के किनारे लगे बिजली के पोल से बाइक क्रमांक सी जी 06जी बी 7691टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकिदो युवको की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर ले जाते समय रास्ते में हो गई।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलमुंडी निवासी चारों युवक एक मोटर सायकल पर सवार होकर तहसील कार्यालय की ओर से लौट रहे थे अनीस बाघ किशन भोई की मौत घटना स्थल पर ही हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार लोगों की खोपड़ी के परखच्चे उड़ गए जबकि गोपाल कोड़ाकू मनीष बाघ गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया मनीष बाघ गोपाल कुड़ाकू की मौत रास्ते में हो गई सभी युवाओं की उम्र 20से 25वर्ष के बीच बताई जा रही है।

**मानसून** — *मानसून ने तोड़ा 16 वर्षों का रिकॉर्ड, अलनीनो की संभावना नहीं, होगी सामान्य से ज्यादा बारिश*

## देश में तय समय से आठ दिन पहले केरल में दी दस्तक

**नई दिल्ली, 24 मई (एजेंसियां)। मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से आठ दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले पहुंचा था।**

*मौसम विभाग ने अप्रैल में कहा था कि 2025 के मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की संभावना नहीं है। यानी इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। कम बारिश की आशंका न के बराबर है। 2023 में अल नीनो सक्रिय था, जिसके कारण मानसून सीजन में सामान्य से 6 फीसदी कम बारिश हुई थी। राज्य में मानसून के आगमन के लिए सभी अनुकूल परिस्थितियां तैयार हो गई थीं। पिछले दो दिनों में केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। यह कम दबाव वाले क्षेत्र और आगे बढ़ते मानसून सिस्टम के संयोजन के कारण हो रहा है। पिछली बार राज्य में मानसून इतनी जल्दी 2009 और 2001 में पहुंचा था। तब यह 23 मई को राज्य में पहुंचा था। आमतौर पर मानसून केरल में 1 जून को दस्तक देता है। हालांकि, सबसे पहले 1918 में 11 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दे दी थी। देरी से मानसून के आने का रिकॉर्ड 1972 में था, जब मानसूनी बारिश 18 जून से शुरू हुई थी। पिछले 25 वर्षों में सबसे देरी से मानसून का आगमन 2016 में हुआ था, जब मानसून ने 9 जून को केरल में प्रवेश किया था। दक्षिणी राज्यों में भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल, तटीय-दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, कोंकण और गोवा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से भारी वर्षा की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा कि 29 मई तक केरल और तटीय कर्नाटक में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी। तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी अगले पांच दिनों में छिटपुट बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। दक्षिण कोंकण तट के पास पूर्व-मध्य अरब सागर पर एक दबाव बना है। यह 24 मई की सुबह रत्नागिरी से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। इसके पूर्व की ओर बढ़ने और आज सुबह रत्नागिरी और दापोली के बीच तट को पार करने की उम्मीद है।*

***बीते साल 30 मई को मानसून ने दी थी दस्तक***

*पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून ने दस्तक दी थी। 2023 में मानसून 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल पहुंच था।*

# देश

**उवाच**

'देश का पूर्वोत्तर हिस्सा हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि इस विजन को बढ़ावा देने के लिए, राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर समिट 2025 का आयोजन किया गया है: **अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# दिल्ली में होने के बावजूद नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। दिल्ली में शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक हुई। इसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गैर-मौजूदगी चर्चा का विषय रही। इस पर नीतीश ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। नीति आयोग की बैठक में शामिल न होने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा, 'नीति आयोग की बैठक के लिए नहीं आए हैं। पीएम और एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में भाग लेने आए हैं। बैठक का समय थोड़ा बढ़ा दिया गया है। उसी में भाग लेंगे।' बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, 'बिहार में भारत सरकार के समर्थन से जो विकास का काम लगातार हो रहा है, उसके लिए हमारे मुख्यमंत्री पीएम के साथ



बैठक में उन्हें धन्यवाद देंगे। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' चल रहा है, उसकी चर्चा करेंगे।' यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। पूर्व में भी कई मौकों पर वह ऐसा कर चुके हैं। इस समय उनका शामिल न होना इसलिए ज्यादा हैरान

> नीति आयोग की बैठक के लिए नहीं आए हैं। पीएम और एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में भाग लेने आए हैं : **नीतीश कुमार**

कर रहा है क्योंकि वह केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का हिस्सा हैं। वर्तमान समय में उनके रिश्ते भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ अच्छे हैं। नीतीश कुमार जब दिल्ली रवाना हुए तो राष्ट्रीय जनता दल ने उन पर तंज कसा था। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, 'नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक से दूरी बनाकर रखते रहे हैं लेकिन इस बार उन्हें अपनी कुर्सी बचानी है। इसलिए ही बैठक में शामिल होने के लिए गए हैं।'

**एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक 25 मई को होनी है**

प्रधानमंत्री और एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक 25 मई को होनी है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। बैठक में उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हो सकती है। नीतीश कुमार के साथ बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे।

**ममता के नीति आयोग की बैठक में नहीं शामिल होने से सियासत गरमाई**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शनिवार को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने से राज्य की सियासत गरमा गई है, हालांकि अधिकारिक रूप से ममता बनर्जी की ओर से बैठक में शामिल नहीं होने की वजह नहीं बताई गई है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सूत्रों ने बताया है कि आखिर ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में क्यों शामिल नहीं हुई हैं? नीति आयोग की पिछली बैठक में ममता बनर्जी शामिल हुई थी, लेकिन उन्होंने उनके भाषण के दौरान माइक्रोफोन बंद कर देने का आरोप लगाते हुए बैठक छोड़कर बाहर निकल आयी थीं।

## पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार कर रही केन्द्र सरकार : मान



**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। राज्य में पानी की गंभीर स्थिति के मद्देनजर सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के बजाय यमुना-सतलुज-लिंक (वाईएसएल) नहर के निर्माण के विचार पर जोर देते हुए श्री मान ने कहा कि रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में पहले ही पानी कम हैं और अतिरिक्त पानी को कम बेसिन वाले क्षेत्र में ले जाना चाहिए।

## सीएम सोरेन ने खनन कंपनियों के पास 1 लाख 40 हजार करोड़ के बकाए का मुद्दा उठाया



रांची। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की भूमि पर खनन के एवज में 1 लाख 40 हजार 435 करोड़ रुपए की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत कंपनियों के पास झारखंड के हक और हिस्से की यह राशि लंबे समय से बकाया है। इस राशि का यथाशीघ्र भुगतान होने से राज्य में विकास और कल्याण की योजनाओं को गति दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कोल बियरिंग एक्ट में संशोधन की मांग उठाते हुए कहा कि जिस जमीन पर कंपनियां खनन का कार्य कर लेती हैं, उसे राज्य सरकार को पुन: वापस किए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

## स्टालिन ने की राज्यों का हिस्सा बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को यहां नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ा कर 50 प्रतिशत किए जाने की मांग उठायी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में भारत मंडपम में हुई बैठक में अपने वक्तव्य के बारे में उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'नीति आयोग की बैठक में मैंने केंद्रीय करों में राज्यों के लिए उचित 50 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की। हमें वर्तमान में केवल 33.16 प्रतिशत मिलता है, जबकि वादा किया गया था कि 41 प्रतिशत दिया जाएगा।' श्री स्टालिन ने अमृत 2.0 की तर्ज पर, नगर कायाकल्प मिशन प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु भारत का सबसे अधिक शहरीकृत राज्य है।

## पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी मॉडल को खत्म करेंगे : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। आतंकवाद को संरक्षण देने पर पाकिस्तान को शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो हम पाकिस्तान के घरों में घुसकर उसके आतंकी मॉडल को खत्म करेंगे। अपनी सेना पर हमें गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया।



> जिस तरह से पाकिस्तान ने लगातार भारत में अपने 'आतंकिस्तान' मॉडल को आगे बढ़ाया है और उस ढांचे के तहत आतंकी हमलों को अंजाम दिया है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: प्रियंका

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका चतुर्वेदी भी शामिल हैं। पाकिस्तान पर हमलावर होते हुए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान ने लगातार भारत में अपने 'आतंकिस्तान' मॉडल को आगे बढ़ाया है और उस ढांचे के तहत आतंकी हमलों को अंजाम दिया है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका ये कृत्य केवल भारत तक ही सीमित नहीं है; यहां तक कि दुनिया भर में होने वाले आतंकी हमलों की जड़ें अक्सर पाकिस्तान से जुड़ी पाई जाती हैं, चाहे वह ओसामा बिन लादेन हो या हाफिज सईद।

हमें दुनिया के सामने जाकर यह स्पष्ट करने की जरूरत है। भले ही हम विपक्ष में हैं, लेकिन आतंकवाद के प्रति हम एकजुट हैं और आतंक तो हमें कतई बर्दाश्त नहीं है। पाकिस्तान की आतंकी सोच की वजह से भारत को ऐसे पड़ोसी होने के दुष्परिणाम भुगतने पड़े हैं। अब समय आ गया है कि हम ग्लोबल अलायंस बनाएं और इसके जरिए आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति को रेखांकित करे। जो भी देश आतंकी को पालता है उस देश को विश्व स्तर पर बेनकाब करने की जरूरत है। हम लोग इसी संदेश को लेकर विदेश जा रहे हैं। बीते 3 से 4 दशकों से हम पाकिस्तान पोषित आतंक को झेल रहे हैं। अब जागरूक होने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान बार-बार परमाणु की धमकी देता है और इसकी आड़ में आतंक फैला रहा है, पूरी दुनिया में उसका यह चेहरा भी बेनकाब होना चाहिए। नीति आयोग की बैठक पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में इस बैठक में उम्मीद है कि देश के सामने जो चुनौतियां हैं उस पर विचार किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### तेजस्वी यादव राजनीति के नए कलाकार, कोई सीरियस नहीं लेता : नीरज कुमार

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद की तरफ से चलाए जा रहे डोमिसाइल आरक्षण वादे को लेकर तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। इसके साथ ही नीरज कुमार ने प्रधानमंत्री की एनडीए के मुख्यमंत्रियों के साथ होने वाली बैठक पर भी प्रतिक्रिया दी। नीरज कुमार ने कहा, 'तेजस्वी यादव राजनीति के नवोदित कलाकार हैं। मैं तेजस्वी यादव से यह जानना चाहता हूं कि वह हरियाणा से किसी को लाकर बिहार से राज्यसभा में भेजते हैं, वह डोमिसाइल का उल्लंघन नहीं है। बिहार से बाहर जाकर भ्रष्ट तरीके से संपत्ति खरीदेंगे, यह डोमिसाइल का उल्लंघन नहीं है। बंगाल की शराब कंपनियों से आर्थिक उगाही कर चुनाव लड़ेंगे, यह डोमिसाइल का उल्लंघन नहीं है। तेजस्वी यादव को कोई सीरियसली नहीं लेता है।

### देश के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ी है सपा : फखरूल हसन

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले और उसके जवाब में सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरों पर हैं, जहां वे आतंकवाद को पाकिस्तान से मिल रहे समर्थन के बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरूल हसन ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार के साथ खड़े रहने की बात कही है। फखरूल हसन ने कहा, 'पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम कर रहा है। सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को जिस तरह बर्बाद किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। सरकार अगर सैनिकों की वीरता को देश या फिर दुनिया के सामने ले जाना चाहती है, तो इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।'

### गुजरात में बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिये पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

## आतंकवाद पर सबसे बड़ी कुर्बानी कांग्रेस ने दी, राहुल गांधी कश्मीर के लोगों के साथ : प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज,** 24 मई (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को पुंछ दौरे पर थे। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों सहित उन परिवारों के लोगों से मुलाकात की, जिन्होंने पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में अपनों को खो दिया। राहुल गांधी ने अपने दौरे के दौरान गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। राहुल गांधी के पुंछ दौरे को लेकर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी पहले भी वहां गए हैं। वह हमेशा की तरह कश्मीर के लोगों के साथ आज भी खड़े हैं।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल ने पुंछ दौरे के दौरान पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जो पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में घायल हुए या अपनी जान गंवा दी। सेना के सम्मान में कांग्रेस की जय हिंद यात्रा पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम सेना के समर्थन में यात्रा निकाल रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी कुर्बानी भी कांग्रेस ने दी। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी की कुर्बानी देश जानता है। कभी भाजपा भी अपना इतिहास बताए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आतंकवाद चरम पर है, हम सेना के समर्थन में जय हिंद यात्रा निकाल रहे हैं। सेना के शौर्य और पराक्रम पर हमें गर्व है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि भाजपा चारों तरफ से सीजफायर के मुद्दे पर घिर गई है। भाजपा बताए कि आखिर क्यों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच सीजफायर की मध्यस्थता की। सरकार की ऐसी क्या मजबूरी थी। जहां तक राहुल गांधी की बात है तो पहलगाम आतंकी हमले के बाद उन्होंने सबसे पहले केंद्र सरकार का समर्थन किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरा विपक्ष केंद्र सरकार के साथ था। सर्वदलीय बैठक हुई तो उसमें राहुल गांधी शामिल हुए। राहुल गांधी पर सवाल पूछने वाले यह जान लें कि राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को चीरकर दो टुकड़े कर दिए थे। लेकिन, पीएम मोदी तो काबुल से सीधे पाकिस्तान के लाहौर पहुंच गए थे। हाल ही में राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर कर कई सवाल पूछे। राहुल के सवालों और आरोपों को विदेश मंत्रालय की ओर से खारिज कर दिया गया। कांग्रेस का आरोप है कि जिस वक्त भारतीय सेना पाकिस्तान पर अटैक करने वाली थी, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को सूचना दी।



## राज्य सरकार के सारे दावे खोखले, जनता बेहाल : अशोक गहलोत



**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से निवेश के दावे किए जाने को शनिवार को खोखला बताया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री जी यह सब अपने मन से नहीं कह रहे हैं, बल्कि उनसे कहलवाया जा रहा है। वह जो कुछ भी बोल रहे हैं, उसकी सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने प्रदेश में लोगों को हो रही पेयजल समस्या का भी जिक्र किया। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, सरकार का दोहरा पैमाना देखिए कि एक तरफ जहां ये लोग सार्वजनिक मंचों पर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आम जनता को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? उन्होंने मनरेगा श्रमिकों पर कहा कि मौजूदा समय में उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## पिछले 45 सालों से भारत के खिलाफ आतंकवादियों को तैयार कर रहा पाकिस्तान : मनीष तिवारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल मनीष तिवारी ने पाकिस्तान को आतंकवाद की जननी बताया। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान पिछले 45 सालों से भारत के खिलाफ आतंकवादियों को तैयार करके अपने नापाक मंसूबों को धरातल पर उतारने का काम कर रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एक ताना-बाना बुनने का काम किया है, जिसे हमने समय-समय पर विफल भी किया है, लेकिन हर बार मुंह की खाने के बाद भी उसकी अक्ल ठिकाने नहीं आई है। अब समय आ चुका है कि पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब किया जाए। उन्होंने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हम अलग-अलग देशों में जाकर उन्हें बताएंगे कि किस तरह से पाकिस्तान अपने यहां आतंकवादियों को तैयार करके भारत में अशांति फैलाना चाहता है। इस बार हम पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान का असली चेहरा लाकर रहेंगे और उन्हें बताएंगे कि पाकिस्तान अब न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए खतरा बन चुका है।

## डीएमके कोई 'गुलाम पार्टी' नहीं है, जिससे डराया जाए: उदयनिधि

**पुदुक्कोट्टई,** 24 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को पुदुक्कोट्टई में ठप पड़े इनडोर स्पोर्ट्स हॉल का निरीक्षण किया। इसे एआईएडीएमके शासन के दौरान शुरू किया गया था। उन्होंने घोषणा की कि काम फिर से शुरू करने के लिए 3.5 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जबकि शेष एक करोड़ रुपए स्थानीय सांसदों और विधायकों के फंड से आएंगे। मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि इस साल के अंत तक काम पूरा होने की उम्मीद है। स्टालिन ने इस बात पर भी जोर दिया कि डीएमके प्रवर्तन निदेशालय



> डीएमके पीएम मोदी या ईडी से नहीं डरती है

(ईडी) या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। उन्होंने आत्म-सम्मान और कानूनी प्रतिरोध के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इससे पहले, उन्होंने अन्य विकास परियोजनाओं की समीक्षा की, जिसमें प्रगति और कुछ देरी दोनों का उल्लेख किया गया। सरकार बदलने के बाद पिछले चार साल से राज्य में काम नहीं होने के आरोप लगे थे। ऐसे में शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आए उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने जिला क्रीड़ा भवन में आधे-अधूरे बने इनडोर क्रीड़ा भवन का निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने के बाद उदयनिधि स्टालिन ने मीडिया से बात की।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में वित्तीय अधिकार मांगने गए हैं। विपक्ष के नेता सिर्फ राजनीति करेंगे। हम ईडी या पीएम मोदी से नहीं डरते हैं। हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

## धनखड़ करेंगे 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन

**भोपाल,** 24 मई (वार्ता) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आगामी 26 मई को नरसिंहपुर जिले में आयोजित होने वाले 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करेंगे। इस समागम में कई उद्योग इकाइयों का शिलान्यास और लोकार्पण होने के साथ उद्योगपतियों को भूमि आवंटन और आशय पत्रों का वितरण किया जाएगा। साथ ही आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स पोस्ट में जानकारी दी, 'माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर-कमलों से होगा 'कृषि उद्योग समागम' का शुभारम्भ। हमारी सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है...।'

## जम्मू-कश्मीर : सीजफायर के बाद फसल बर्बाद होने की चिंता से मुक्त हुए राजौरी के किसान

**राजौरी,** 24 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण युद्ध जैसे आसार दिखने लगे थे। इसका सबसे ज्यादा नुकसान बॉर्डर इलाकों के गांवों को उठाना पड़ा, लेकिन अब सीजफायर के बाद इन गांवों के हालात धीरे-धीरे पहले जैसे सामान्य हो गए हैं। ग्रामीणों और किसानों ने बात करते हुए सरकार से बॉर्डर इलाकों स्थिति सामान्य बनाए रखने की अपील की। सीजफायर के बाद राजौरी के किसान खुश हैं। वे फसलों की बुआई को लेकर उत्साहित हैं। कृषि विभाग ने भी बीज वितरण में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पाकिस्तान की ओर से हुई फायरिंग के चलते बीते

- सबसे ज्यादा नुकसान बॉर्डर इलाकों के गांवों को उठाना पड़ा
- सीजफायर के बाद राजौरी के किसान खुश
- फायरिंग के चलते बीते महीनों से सीमा से सटे इलाकों में तनाव का माहौल बना हुआ है

महीनों में सीमा से सटे इलाकों में तनाव का माहौल बना हुआ था, जिससे खेती का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। किसान चिंतित थे कि उनकी मेहनत और फसलें कहीं बर्बाद न हो जाएं।

हालांकि अब सीजफायर लागू होने के बाद सीमावर्ती इलाकों में शांति बहाल हो चुकी है और किसान एक बार फिर खेतों की ओर लौटने लगे हैं। मक्के की बुवाई का सीजन शुरू हो चुका है और किसान उत्साहित होकर कृषि कार्यालय से बीज प्राप्त कर रहे हैं। इस संबंध में चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर राजौरी, मदन पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, 'इस बार किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभाग ने बीज वितरण में विशेष सक्रियता दिखाई है। हमने इस बार पहले से अधिक मात्रा में मक्के का बीज मंगवाया है ताकि किसानों को कोई दिक्कत न हो। हाइब्रिड और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हो सके।'

**संकट** | *वाई-फाई सुविधाओं सहित सभी मोबाइल डेटा सेवाएं प्रभावित होंगी*

## सुरक्षा चिंताओं के चलते भद्रवाह में 37 मोबाइल टावर 27 मई तक निलंबित

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू कश्मीर गृह विभाग ने डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र में 37 दूरसंचार टावरों पर मोबाइल डेटा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह बंद 27 मई, 2025 तक प्रभावी रहेगा। सरकारी आदेश संख्या गृह-12 (टीएसटीएस) 2025 के तहत जारी और प्रमुख सचिव चंद्रकेर भारती द्वारा हस्ताक्षरित यह आदेश जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) के पहले के निर्देशों की पुष्टि करता है।**

ये निर्देश दूरसंचार सेवा नियम, 2024 के अस्थायी निलंबन के तहत जारी किए गए थे, जो अधिकृत अधिकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक शांति के लिए संवेदनशील स्थितियों में तत्काल कार्रवाई करने की अनुमति देता है।

गृह विभाग के अनुसार, अस्थायी दूरसंचार बंद से 2जी, 3जी, 4जी, 5जी और सार्वजनिक वाई-फाई सुविधाओं सहित सभी मोबाइल डेटा सेवाएं प्रभावित होंगी। आदेश में इन सेवाओं का राष्ट्र-विरोधी तत्वों और बदमाशों द्वारा दुरुपयोग किए जाने की संभावना का हवाला दिया गया है, जिससे संभावित रूप से क्षेत्र में सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ सकती है। प्रारंभिक निलंबन 22 मई को रात 8 बजे आईजीपी जम्मू के आदेश संख्या 675 (टीएसटीएस) 2025 के बाद लागू किया गया था। एक सहायक संचार-पत्र संख्या जेजेड/सीएस/स्नैप-डाउन/2025/678-79- ने संवेदनशील अवधि के दौरान अप्रतिबंधित मोबाइल डेटा



एक्सेस से उत्पन्न आसन्न खतरे को रेखांकित किया। भारत की संप्रभुता और अखंडता के हित में, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए, मैं संतुष्ट हूं कि अधिकृत अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई आवश्यक थी, सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव द्वारा जारी पुष्टि आदेश में कहा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि स्थिति की

- राष्ट्र-विरोधी तत्वों और बदमाशों द्वारा दुरुपयोग किए जाने की संभावना का हवाला दिया गया

तात्कालिकता और गंभीर प्रकृति के कारण इस मामले में सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं थी। यह कदम नए दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत कानूनी प्रावधानों पर आधारित है, जिसे 2024 के निलंबन नियमों के साथ जोड़ा गया है। प्रभावित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को निर्देश दिया गया है कि वे निर्दिष्ट पूरी अवधि के लिए आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

अधिकारियों ने जनता से अस्थायी असुविधा में सहयोग करने का आग्रह किया है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि ऐसी कार्रवाई केवल असाधारण परिस्थितियों में की जाती है, जहां सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम काफी अधिक होता है।

# साहित्य



रूसी कहानी

## दो बूँद आँसू

■ इवान तुर्गनेव
रूपान्तर : सुरेश पाण्डेय

वह कैदी था। उसे आजन्म कैद की सजा मिली थी। एक दिन मौका पाकर वह जेल से भाग निकला। बड़ी तेजी से वह भागा जा रहा था।

वह अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर दौड़ रहा था। दौड़ते-दौड़ते वह इतना थक गया था कि बार-बार भूमि पर गिर पड़ता था।

सामने एक चौड़ी नदी थी। नदी अधिक गहरी न थी। पर उसे तैरना जरा भी न आता था। लकड़ी का एक चौरस टुकड़ा किनारे पर तैर रहा था। सिपाहियों के भय से भीत उस बेचैन व्यक्ति ने उसी पर अपना एक पैर रखने की कोशिश की। तभी किनारे पर दो व्यक्ति आ पहुँचे। उनमें एक व्यक्ति उसका दोस्त था और दूसरा दुश्मन।

जो दुश्मन था, वह सबकुछ देखते हुए भी कुछ न बोला, मौन खड़ा रहा। पर उसका मित्र अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा, यह क्या करता है? तेरा दिमाग तो खराब नहीं हो गया? पगला गया है क्या? देखता नहीं, यह लकड़ी का टुकड़ा बिलकुल सड़ा और निकम्मा है। तेरा बोझ इससे नहीं उठाया जाएगा। यह बीच में ही टूट जाएगा। फिर तेरी मृत्यु निश्चित है।

पर नदी पार करने का दूसरा कोई उपाय भी तो नहीं! देखते नहीं, सिपाही मेरा पीछा कर रहे हैं? यह कहते हुए वह अभागा व्यक्ति पुन: लकड़ी के टुकड़े की ओर बढ़ा।

किन्तु मैं तेरा इस तरह सर्वनाश नहीं होने दूँगा! उसका वह मित्र जोर से चिल्लाया और लकड़ी के टुकड़े को उसने दूर फेंक दिया। प्राणों के भय ने कैदी को उस लकड़ी के टुकड़े को पाने के लिए मजबूर कर दिया – उसके बचाव का वही एकमात्र साधन था। अपने मित्र का हाथ झटकता हुआ वह उस टुकड़े के लिए पानी में कूद पड़ा। एक बार... दो बार... वह ऊपर आया और फिर उसने सदा के लिए जल-समाधि ले ली।

उसका दुश्मन दिल खोलकर जोर-जोर से कहकहे लगाकर वापस चला गया, पर उसका मित्र अपने अभागे मित्र के लिए फूट-फूटकर विलाप करने लगा।

उसके मस्तिष्क में एक क्षण के लिए भी यह विचार न आया कि अपने मित्र की मृत्यु का वह स्वयं उत्तरदायी है।

वह रो-रोकर कह रहा था – उसने मेरी बात न मानी – मेरी एक न सुनी।

लोगों ने उसे समझाया-बुझाया, तो उसने स्वयं को तसल्ली देने का रास्ता खोज निकाला – यदि वह जीवित रहता, तो भी उसे आजीवन कैद में ही सड़ना पड़ता, अब कम-से-कम उसकी यातना तो खत्म हुई। हो सकता है, उसके भाग्य में यही लिखा हो।

फिर भी लोगों के बीच जब उस कैदी की चर्चा चलती, तो उसकी आँखें डबडबा आतीं। सच तो यह है कि अपने बदनसीब दोस्त के लिए वह भला आदमी सदा दो बूँद आँसू बहाता रहा!

लघुकथा

## मेरी माँ

■ अशोक वाधवाणी

हाल ही में पिता जी की मृत्यु के बाद आलोक अपने पिता की तरह ही माँ की छोटी-छोटी खुशियों, ज़रूरतों का विशेष ख़याल रखने लगा है। पत्नी को भी हिदायत दे रखी थी कि माँ को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए । उन्हें रत्ती भर भी अहसास नहीं होना चाहिए कि पति के जाने के बाद, परिवार वाले मेरी तरफ ध्यान नहीं देते। आलोक सुबह काम पर जाने से पहले माँ के चरण स्पर्श करके ही घर से निकलता। रात को घर लौटने पर फिर माँ के चरण छूकर, उसका हाल-चाल पूछता। माँ आज्ञाकारी बेटे के व्यवहार से गदगद्? होती। उसके सिर पर



मतामयी हाथ फेरकर आशीर्वाद देती। मिलने-जुलने वालों से बहू-बेटे की जी भरकर प्रशंसा करते हुए कहती, क्र मैं सौभाग्यशाली हूँ जो ऐसा बेटा और बहू मिले हैं। भगवान सबको ऐसी बहू और बेटा दे।´

आलोक पत्नी खुशबू, बच्चों और माँ को लेकर रात का भोजन करने के लिए एक होटल में पहुंचा। सब के लिए खाने-पीने की चीजों का ओर्डर देने के बाद, वेटर से कुक को बुलाने के लिए कहा। कुक के आने पर आलोक ने उनसे कहा, क्र मेरी माँ तीखा बिलकुल नहीं खा सकती हैं। इसलिए ध्यान रहे कि एक सब्ज़ी में लाल, हरी या काली मिर्च हर्गिज़ नहीं डालनी है।´भोजन की शुरुआत में माँ ने जैसे ही पहला निवाला मुंह में डाला तो वो तड़फ़ उठी। सब्ज़ी में अत्यधिक मिर्च डले होने के कारण उनकी आंखों से पानी बहने लगा । आलोक ने तुरंत माँ को पानी पिलाया। इतने में वेटर दौड़ता हुआ सब्ज़ी की दूसरी प्लेट लाया। क्षमा मांगते हुए बताया कि गलती से ऐसा हुआ है। आलोक के गुस्से से परिचीत माँ ने बेटे को समझाते हुए कहा, क्र तुम्हें जो कुछ भी कहना है , भोजन समाप्ती पर ही कहना।´ माँ की बात सुनकर आलोक गुस्सा पी गया। सबके भोजन करने के बाद वेटर जब बिल लेकर आया तो आलोक ने गुस्से में आकर उससे कहा, क्र मैंने तुम्हें और कुक को साफ-साफ कहा था कि बिना मिर्च वाली सब्ज़ी बनाना, जबकि तुम जो सब्ज़ी लाए थे, वो तीखी थी। जाओ मैनेजर को बुलाकर लाओ ।´ वेटर भागा-भागा गया। मैनेजर आने के बाद आलोक ने उनसे कहा, क्र मैं अपनी माँ की आंखों में आंसू की एक बूंद तक नहीं देख सकता। फीकी सब्ज़ी का ओर्डर देने के बाद भी, ऐसी गलती कैसे हुई? मैं बिल नहीं दूंगा। तुम लोगों की गलती का यही उचित दंड है।´ मैनेजर ने आलोक से क्षमा मांगी। आलोक को बताया गया कि वेटर की गलती के कारण ही ऐसा हुआ। इसीलिए माँ को दी गई सब्ज़ी का मूल्य छोड़कर, बाकी बिल .......... । माँ ने आलोक की ओर देखा। कुछ कहना चाहती थी कि आलोक ने बीच में ही माँ से कहा, क्र मैं आपके चेहरे के भाव पढ़ चुका हूँ। आपने मुझे ऐसे संस्कार नहीं दिए कि मैं मुफ़्त का माल खाऊँ। मैं पूरा बिल दूंगा। इन्हें सबक सिखाने के लिए ऐसा नाटक करना पड़ा।´ वहां पर मौजूद सारे वेटर्स और ग्राहक, जोकि आलोक की शिकायत ध्यानपूर्वक सुन रहे थे, अचंभित हुए। आलोक का माँ के प्रति आदरभाव देख, सभी खुश होकर तालियाँ बजाते हुए दाद देने लगे। मैनेजर पूरे परिवार का आभार मानकर चला गया।

## प्रेरक लघुकथाएं

**1** प्रसिद्ध दार्शनिक देकार्त से एक बार किसी ने दुर्व्यवहार किया, मगर देकार्त ने उसे कुछ न कहा. इस पर एक मित्र कहने लगे- 'तुम्हें उससे बदला लेना चाहिये था, उसका सलूक बहुत बुरा था।'
वे नरमी से बोले- 'जब कोई मुझसे बुरा व्यवहार करता है, तो मैं अपनी आत्मा को इस ऊंचाई पर ले जाता हूं, जहां कोई दुर्व्यवहार उसे छू नहीं सकता।'

**2** अलबर्ट श्वाइत्जर 1949 में अमरीका गये, तो एक दिन स्ट्रासबर्ग के संडे स्कूल के एक पुराने विद्यार्थी ने एक रेस्तरां में नाश्ते के लिए उन्हें बुलाया।
इसी अवसर के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया केक लाकर रखा गया। बहुत कीमती केक था, देखने में भी बहुत सुंदर। जब श्वाइत्जर से केक काटने की प्रार्थना की गयी, उन्होंने छुरी हाथ में ली और वहां उपस्थित व्यक्तियों को गिना। नौ व्यक्ति थे। लेकिन श्वाइत्जर ने केक के दस टुकड़े काटे फिर उपस्थितियों की हैरानी दूर करने के लिए बोले- दसवां टुकड़ा उस युवती के लिए है, जिसने इतने करीने से लाकर प्लेट में रखकर वेट्रेस की ओर बढ़ा दिया।

**3** प्येर मोंत्यू प्रसिद्ध संगीतकार थे। एक बार किसी शहर में वे अपनी पत्नी के संग एक होटल में कमरा लेने पहुंचे। रिसेप्शनिस्ट ने कहा- 'अफसोस, कोई कमरा खाली नहीं।'
पास खड़े हुए व्यक्ति ने रिसेप्शनिस्ट को बताया कि वे कौन हैं। रिसेप्शनिस्ट चौंक पड़ी और बहुत ही विनम्र स्वर में बोली- 'माफ कीजियेगा, मैं आपको साधारण व्यक्ति समझ बैठी। अभी प्रबंध किये देती हूं।'
मगर मोंत्यू गंभीरता से बोले- 'मदाम, हर आदमी साधारण आदमी ही है, अलविदा.' और वे होटल में से बाहर हो गये।

## गज़ल

■ इक़बाल सफ़ी पूरी

हर मोड़ नई इक उलझन है क़दमों का सँभलना मुश्किल है
वो साथ न दें फिर धूप तो क्या साए में भी चलना मुश्किल है

यारान-ए-सफ़र हैं तेज़-क़दम ऐ कशमकश-ए-दिल क्या होगा
रुकता हूँ तो बिछड़ा जाता हूँ चलता हूँ तो चलना मुश्किल है

अब हम पे खुला ये राज़ चमन उलझा के बहारों में दामन
काँटों से निकलना आसाँ था फूलों से निकलना मुश्किल है

ताबानी-ए-हुस्न-ए-आलम है गर्मी-ए-मोहब्बत के दम से
परवाने अगर महफ़िल में न हों फिर शम्अ का जलना मुश्किल है

नाकामी-ए-क़िस्मत क्या शय है क्या चीज़ शिकस्ता-पाई है
दो-गाम पे मंज़िल है लेकिन दो-गाम भी चलना मुश्किल है

या हम से परेशाँ ख़ुशबू थी या बंद हैं अब कलियों की तरह
या मिस्ल-ए-सबा आवारा थे या घर से निकलना मुश्किल है

लिखते रहे ख़ून-ए-दिल से जिसे ताईद-ए-निगाह-ए-दोस्त में हम
%इक़बाल% अब उस अफ़्साने का उनवान बदलना मुश्किल है

समीक्षा

## बलदेव की कविता पर कुछ नोट्स

■ प्रभात त्रिपाठी

**(डॉ.बलदेव की 83 वें जयंती पर विशेष)**

**समीक्षक : वरिष्ठ आलोचक, कवि प्रभात त्रिपाठी**
**काव्य संग्रह : वृक्ष में तब्दील हो गयी औरत**
**लेखक : डॉ. बलदेव**
**प्रकाशक : शैवाल प्रकाशन (गोरखपुर)**
**मूल्य : 140**

बलदेव साव की इतनी सारी कविताएँ मैंने एक साथ इसके पहले कभी नहीं पढ़ी थीं। अभी पढ़ते हुए लगा कि सचमुच मुझसे कुछ आत्मीय और सुन्दर छूट गया था, कुछ ऐसा भी, जिसके बारे में निस्संकोच यह कहा जा सकता है कि यह सार्थक सर्जनात्मक अनुभव के इलाके में रहने-जीने का सा अनुभव है। अभी पहले पाठ के बाद, मुकम्मल समीक्षा जैसी कोई बात कहने या लिखने की स्थिति में तो नहीं है, पर इतना जरूर कह सकता हूँ, हिन्दी की समकालीन कविता में स्थापित परम्परागत और आधुनिक, दोनों ही किस्म की कविताओं के संसार में, बलदेव का स्वर परिचित फिर भी भिन्न स्वर की तरह लगता है। उसकी भिन्नता चमत्कार केन्द्रित नहीं है, बल्कि संवेदना गर्भित है, और इस संवेदना में, मुझे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण संस्कार सक्रिय दिखाई पड़ते हैं, इसे महज आंचलिकता या छत्तीसगढ़ी शब्द प्रयोग के अर्थ में ही नहीं लिया जाना चाहिए। यह वास्तव में, एक भूगोल विशेष के अनुभवों को मानक हिन्दी की परम्परा में जोड़ने की विनम्र कोशिश है। संभवत: यह भी कि इसी के चलते, हिन्दी के व्यापक संसार के काव्यानुभव के परिप्रेक्ष्य में, इस अंचल के आत्मसजग व्यक्ति के सृजन संघर्ष को लिखना भी संभव हो सका है। इस तरह से सोचें तो उनकी कविता शब्द प्रयोग की आंचलिकता से थोड़ा आगे जाकर हिन्दी और छत्तीसगढ़ी की निरन्तर बातचीत का साक्ष्य भी है। कई बार तो एक खास, और निश्चय ही गैर-आंचलिकता वादी अर्थ में हिन्दी की छत्तीसगढ़ी कविता की तरह लगती है। लेकिन ऐसा कहना भी शायद एक तरह की फतवे बाजी या सूक्तिपरकता ही हो सकती है, क्योंकि निश्चय ही उसका अनुभव संसार संकीर्ण राजनीतिक अर्थ में क्षेत्रीयतावादी नहीं है, बल्कि कई बार तो उसमें हिन्दी कविता की मुख्य धारा में शामिल होने की ऐसी विकलता दिखाई पड़ती है, कि वह थोड़ी अटपटी ही नहीं, बल्कि सर्जनात्मक स्तर पर गैर जरूरी भी मालूम पड़ती है। पर अभी जब मैं इस कविता के प्रथम पाठ का अनुभव लिख रहा हूँ, तो यह दुहराना जरूरी है कि बलदेव की कविता के छत्तीसगढ़ीपन की बात मैं, प्रसंगवश उसकी एक खासियत बताने के लिए कर रहा हूँ, वरना शायद उसकी कोशिश तो स्वीकृत मानकीकृत हिन्दी की पहचान और परम्परा के साथ जुड़ने में ही है। बेहतर है मैं कुछ उदाहरणों से अपनी बात कहूँ।

'सोने का दिन नहीं इनका / अल्यूमोनियम की रात भी नहीं/ तड़के सुबह फिर काम पर/जाना है जरूरी / और लौटते अँधेरे में राशन लाना उससे भी जरूरी / सोने भी दो उसे/देखती है एक जोड़ी आँख /भीगते हैं पेड़ /भीगता है गहरा हरा खेल का मैदान / ऐसी दूध की बरसात / बहुत उजली रात/गा रही है/होत वृन्दावन रास/देखन मैं न गयी'

यह 'गम्मत' देखते सुनते मस्ती करते लोगों के जीवन का एक दृश्य है। किसी भी छत्तीसगढ़ी के लिए मस्ती और आनन्द से भरपूर, रात की इस छवि को आँकते बलदेव वृन्दावन की याद करते लोक-मन और उसके परिवेश की सुखद प्राकृतिकता को सहज भाव से उकेरते हैं, पर अपने अनुभव में लगातार कसकता यथार्थ उन्हें मजबूर करता है कि वे ऐसी किसी रात को महज उत्सवधर्मिता के एक पारम्परिक प्रतीक के रूप में नहीं रचते। भाषा और अन्तर्वस्तु दोनों ही स्तरों पर 'गम्मत' का यह दृश्य अगर छत्तीसगढ़ को हिन्दी से जोड़कर एक वैशिष्ट्य देता प्रतीत होता है, तो उसी दृश्य से उभरता यह अनिवार्य यथार्थ- बोध, हमें यह भी याद दिलाता है कि सच्चाई वृन्दावन के रास की ओर उन्मुख नहीं है, बल्कि काम पर जाने और राशन लाने की अनिवार्यता की ओर उन्मुख है। यह यथार्थ बोध उनकी कविताओं को समकालीन हिन्दी कविता की उस परम्परा से जोड़ता है, जहाँ बदलते छत्तीसगढ़ की व्यथा-कथा को वे ज़रूरी राजनीतिक दृष्टि से देखने की पहल करते हुए कहते हैं।

'हमने अँधेरे में यह कागज का टुकड़ा छोड़ा है/यह आपके लिए घोड़ा है/ इसका इस्तेमाल जैसा चाहो करो/किन्तु रहम करके / हमारी नंगी पीठ का खयाल करो।'

जाहिर है कि चुनकर विधान सभाओं और संसद में जानेवाले 'भारत भाग्य विधाताओं' (रघुवीर सहाय) की असलियत से बेखबर कतई नहीं है, बलदेव और शायद पूरी समझदारी के साथ, उस प्रजातंत्र को पहचानते हैं, तो छत्तीसगढ़-वासी के लिए आज तक पेट भर भोजन और सिर पर छत की व्यवस्था तक करा सकने में असफल रहा है। इस चुनाव को इसलिए ही वे दलीय प्रतिबद्धता के आधार पर नहीं समझना चाहते, क्योंकि हर दल मत-पत्र के कागज से मिलने वाली ताकत का इस्तेमाल, लोगों की पीठ पर ही नहीं पेट पर भी घोड़े दौड़ाने की क्रूरता के साथ करता रहा है, पर इस मासूम अंचल के निरीह लोगों की तरफ से वे अगर रहम की दुहाई की सी भाषा में अपनी बात कहते हैं, तो यह शायद इसलिए कि क्रांति की किसी भी लफ्फाजी से कहीं ज्यादा जरूरी वे वास्तविक जीवन- स्थितियों की सच्चाई को मानते हैं। यह महत्त्वपूर्ण है कि इन जीवन स्थितियों की पहचान, प्रकृति परिवेश और अस्तित्व के अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में करते हुए, उन्होंने जन-संकट को, गिरे राजनीतिक संकट के रूप में देखेने का सरलीकृत तरीका नहीं अपनाया है।

'गुलेल से मार खायी, खून से लथपथ राम गिलहरी / जिन्दगी और मौत से किस कदर खेलती है/तेजधार चट्टान से, डगाल की ओर फलांगने के बीच / एक हरी पत्ती खून से लथपथ हाण्डी खोह में कैसे गिरती है/ दुख कातर किरणें सर्द अँधेरे में/कैसे मुँह छिपा लेती हैं नि:शब्द'

एक तरफ जरूरी राजनैतिक सचेतनता, तो दूसरी तरफ, व्यक्ति और सामुदायिक दुख के आस्तित्त्विक आयाम, बलदेव की कविता को, महज विषयगत व्यापकता ही नहीं देते. बल्कि यह सुझाते प्रतीत होते हैं कि वह मनुष्य के राग जगत को किसी स्थिर विचार की सरणि में नहि बाँधना चाहते। इसलिए समस्या या संकट ही नहीं, बल्कि कमनीय रागात्मकता की अपनी अभिव्यक्ति के लिए वे बड़े सतर्क ढंग से, परंपरागत लयात्मकता में लौटते हैं और तब प्रकृति का साहचर्य उन्हें अपनी वाणी की उस परम्परा से जोड़ता है जहाँ राग-विराग की दुनिया की सुन्दर और सार्थक छवियाँ है, और तब अपने को अन्दर की भाषा में पहचानते हुए वे, प्रगीतात्मकता की जिस दुनिया में हमें ले जाते हैं, वह तीव्र शहरीकरण की गति के विरुद्ध मानों मानवीय कल्पना का एक प्रति-संसार सा मालूम पड़ता है :

**'धरती के उत्तप्त तवे पर, छम-छम नाच रहीं बूँदे**
**भींज रहा मैं बाहर भीतर, एक बीज आँखें मूँदे '**

ऐसी पंक्तियाँ, महज रुढ़ि कथन की तरह उनकी कविताओं में नहीं आतीं, बल्कि उनके काव्य-जगत में प्रकृति प्राणता, जैसे उनके ग्रामीण व्यक्तित्व की नैसर्गिकता को धारे सर्वत्र मौजूद और सक्रिय दीखती है। बाजवक्त तो यह भी लगता है कि शहरी जीवन के दुख और त्रास की राजनीतिक बू के विरोध-प्रतिरोध में लिखी गयी उनकी कविता, संभवत: उनके दायित्वबोध से ज्यादा जुड़ी हैं, जबकि गाँव और प्रकृति उनके राग-जगत से लेकिन आज राजनीतिक गुंडागर्दी के इस वक्त में, उनके यथार्थ बोध की सहजता से रची गयी कई कविताएँ भी, विडम्बनाओं से भरी हमारी हालत को बहुत धारदार ढंग से उजागर करती हैं,

'थी बहुत भोथरी धार/किए बूढ़े ने हँसिए से / वार पर वार / नहीं कटा गला साले का / गई गुंडे से जनता हार' ऐसी पंक्तियाँ, एकदम से असर करने वाली पंक्तियों की तरह आती हैं, पर ये ही पंक्तियाँ हमें यह भी याद दिलाती हैं कि बलदेव सिर्फ आलोचना के ही नहीं, प्रेम के भी कवि हैं, और वहीं बने रहना चाहते हैं।

## हाना

सूम के माल चांडाल खाए,
पापी हाथ मल के रहि जाए।

सूमड़ा जेला कंजूस केहे जाथे तेकर माल ल कोनो नइ खा सकय, फेर चांडाल चालाक मनखे रहिथे तेन ह कानो न कोनो प्रकार ले ओकर ले माल हड़प ही लेथे। त ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## नौ तपा काये?

नौ तपा बर सब के मन म उत्सुकता होथे ये नौ तपा ह काये? कोनो मन ह ये सवाल के उत्तर खोजत-खोजत ज्योतिषीय गणना डाहर पहुंच जथे। जेठ के महिना म कृष्ण पक्ष के नवमी तिथि अउ वृष राशि के कृतिका नक्षत्र ल पार करत जब सूर्य देवता हर रोहिणी नक्षत्र म प्रवेश करथे तब ओखर ऊर्जा बहुत बाढ़ जथे। मौसम म बहुत बदलाव होथे। आंधी-तूफान इही दिन म सबसे जादा आथे। चक्रवात,बवंडर आथे धूल भरे आंधी म सब धूल धूसरित हो जथे।

कहे जाथे के अपने दुलरवा मितान चंद्रदेव के प्रिय नक्षत्र रूपी प्रियतमा रोहिणी ह ओखर स्वागत म कोनो कमी झन रहि जाये ।येखर विशेष ध्यान रखथे। बने आव भगत करथे। चंद्रदेव घलो ओखर संग-संग अपन शीतलता के परित्याग कर देथे अउ अपन जम्मो शक्ति ल ओखर तेजस्वी प्रभाव ल बढ़ाये म लगा देथे। इही बेरा म विषुवत् रेखा ऊपर सूर्य के किरण सीधा परथे। इही कारण ले धरती म अइसे लागथे जइसे आगी बरसत हावय। ये ह ग्रीष्म ऋतु के सबसे अधिक कष्टदायी दिन होथे। नौ दिन धरती के तपस्या के मानेगे हावय। ये समय म पानी के एक बूंद भी नइ गिरना चाही। यदि ये तपस्या पूरा हो गे त नौतपा के बाद के बरखा ह सुखदायी होथे। ओखर गर्भ धारण के शक्ति बाढ़ जाथे अऊ फसल अच्छा होथे केहे जाथे। हमर भारत देश कृषि प्रधान देश आये। इंहा वर्षा के बहुत महत्व हे। किसान मन ऋतु के मौसम के अनुसार बने-गिनहा के गणना पहिली ले कर लेथे। किसान बर नवतपा के बहुत महत्व हे। नवतपा के बीच म पानी बरस गे तब तो बाद म बारिश अच्छा नइ होवय अइसने अनुमान लगाये जाथे। येखर बर सबो प्राणी ईश्वर से प्रार्थना करथे कि - हे प्रभु धरती के तप ल पूरा होवन दो तभे ओखर आस पूरा होही। फसल के गर्भ धारण करे के क्षमता बाढ़ही। फसल ह खेत मन म हरिया के लहराही तभे किसान मन के इच्छा पूरा होही।

किसान पूरा जगत के अन्नदाता आये। अन्नदाता ही दुखी हो जही त सुखी कोन रहही?

**-सुधा वर्मा**

# छत्तीसगढ़ मं बिहाव के रीति-रिवाज

छत्तीसगढ़ के रीति-रिवाज ह खोज अउ शोध के बिसे आय। काबर कि इहां के जम्मो संस्कृति ह कृषि संस्कृति ले जुड़े हावे। यहू बात के परमान मिलथे कि, इहां के कतको संस्कृति, रीति रिवाज ह रामायण अउ महाभारत काल ले जुड़े हे।

कतको रीति-रिवाज अउ परम्परा जउन ह जनम ले लेके मरन तक गुंथाय हे वोमा सब ले बड़े हे बर-बिहाव। जिनगी के गाड़ी ल चलाय वर नर अउ नारी दुनो के होना जरुरी हे। नर-नारी के रुप म जिनगी भर एक बंधना म बंधाय के पक्का बंधना होथे बिहाव।

ये बिहाव के बंधना म बंधाय बर हमर छत्तीसगढ़ म अलग-अलग जात समाज म अलग-अलग रीति-रिवाज के चलन हे। सबो जात समाज म बिहाव के समे दुल्हा अउ दुलहिन बर ढेंड़हा अउ ढेंड़हीन राखे के परथा हे। दुल्हा बर ढेड़हा- ढेड़हिन दुल्हा कोती ले अउ दुलहिन बर दुलहिन कोती ले राखे जाथे। ढेंड़हा- ढेड़हिन के काम बर जादा करके दुल्हा-दुलहिन के फूफू फूफा या फेर दीदी भांटो मन ल नेमे जाथे। हमर छत्तीसगढ़ म बिहाव के कतको परकार हे, जइसे ठिका बिहाव, बड़े बिहाव, मंझली बिहाव, बरेंडी बिहाव अउ अब तो आदर्श बिहाव के चलन घलो होगे हे। पहिली ठिका बिहाव जादा होय, जेमा दुल्हा हा बिना मऊर बांधे बरात जाय अउ दुलहिन ल सगई करके अपन घर ले आनय तेकर पाछू हरदी तेल, लगिन, पानी गरहन, टिकावन के सबो नेंग जोग होय। ए सबो नेंग ह चार-पांच दिन म होय। जइसे एक दिन बरात, दूसर दिन तेल, तीसर दिन मैन, चौंथा दिन लगिन टिकान अउ पांचवा दिन दुलहिन ल वोकर मां बाप ह अपन संग म धर के ले आनय। तेकर पाछू पिंयर धोवाय के नेंग पूरा करे बर दुल्हा ह दुलहिन के घर जाय। पहिली जबाना म लईकुसहा उम्मर म जादा बिहाव होय, ते पाय के गवन पठौनी के नेंग घलो चले। काबर कि दुल्हा- दुलहिन ह छोटे उम्मर के राहय तेकर सेती बिहाव बखत दुलहिन ल तुरते ससुरार नइ भेजे। जब दू-चार साल म दुनो बाढ़ जतिन तब दुल्हा ह दुलहिन ल गवन पठौनी करा के लानय। अइसने मंझली बिहाव के परथा हे, येमा दुल्हा हा बारात लेके जाथे। दुलहिन घर ढेड़हा- ढेड़हिन मन सबो नेंग जोग ल पूरा करथे, लगिन टिकावन होथे, अउ दुलहिन दुल्हा संग बरात ल बिदा कर देथे। बिहान दिन लड़की वाला मन चौथिया जाथे, लड़का घर धरम टिकौवन के नेंग होथे, तेकर पाछू लड़की के दाई ददा अउ जतका चौथिया जाय रथे ते मन लड़की ल ले के वापिस घर आ जथे। तेकर पाछू जइसे समें दिखथे तइसे लड़का ह लड़की घर जाथे अउ बिदा करा के अपन घर ले लानथे।

> दुल्हा बर टेड़हा- टेड़हिन दुल्हा कोती ले अउ दुलहिन बर दुलहिन कोती ले राखे जाथे। टेंड़हा- टेड़हिन के काम बर जादा करके दुल्हा-दुलहिन के फूफू फूफा या फेर दीदी भांटो मन ल नेमे जाथे। हमर छत्तीसगढ़ म बिहाव के कतको परकार हे, जइसे ठिका बिहाव, बड़े बिहाव, मंझली बिहाव, बरेंडी बिहाव अउ अब तो आदर्श बिहाव के चलन घलो होगे हे।

अइसने किसम के बड़े बिहाव होथे। अब इहि बड़े बिहाव के परथा ह जादा चलन म हे। एमा सब ले पहिली सगई के नेंग होथे। लड़का वाला मन लड़की के घर जाके सगई के नेंग ल पूरा कराथे। पहिली लड़का के परिवार वाला मन चार पांच झन जाय अउ लड़की के घर सगई के नेंग करवा के आ जाय। अब तो जइसे बिहाव म बरात जाथे वोकरो ले जादा सगई म बरात जाये के चलन होगे हे। सगई म पंडित ह लड़की लड़का दुनो के नाव, राशि, गोत अउ फेर बिहाव के दिन तिथि मुहुरुत सबो के ऊपर बिचार करके बताथे। पहिली लड़का वाला मन लड़की ल कपड़ा लत्ता अउ चांदी के नइते सोन के छोटे कुन मुंदरी पहिरा के बंधना कर देय। जेला चिन्हा मुंदी के नेंग केहे जाय। अब तो लड़की बर कपड़ा लत्ता, सोन चांदी के गहना जेवर अउ सबो सिंगार लेगे के चलन होगे हे। लड़की लड़का मन एक दूसर ल सोन के मुंदरी पहिराही अउ जयमाला डारही। अइसने ढंग के बिहाव के आधा काम हो जथे सगई म अउ पइसा के खरचा घलो बहुत अकन होथे। सगई होय के बाद जउन तिथि बंधाय रथे तेकर मुताबिक बिहाव सुरु होथे। अपन-अपन जगा लड़की-लड़का के घर तेल मैन के नेंग होथे। तेकर पाछू दुल्हा ह मऊर बांध के बरात जाथे। लड़की घर लगिन, भांवर, पानी गरहन, टिकावन, साखोचार के सबो नेंग होथे, तेकर पाछू लड़की वाला मन दुलहिन दुल्हा अउ बरात ल बिदा कर देथे। पहिली करसा संग बिहाव होय के परथा घलो चलत रिहिस। लइकुसहा पन म बिहाव हो जाय ले पाछू लड़का के अल्पकाल कहूं मउत होगे तब बिहाव होय लड़की के जुग जोड़ी बनाय बर दूसर कुंवारा लड़का संग करसा बिहाव करे जाय। करसा ल साखी गवाही बना के बिहाव के सबो नेंग जोग ल पूरा करे अउ वो करसा ल बने जतन लगा के जिनगी भर राखे राहय।

अइसने बरेंडी बिहाव जउन लड़की के नान्हे पन म बिहाव होगे अउ गवन पठौनी जाय के। पहिली वोकर पति के अल्पकाल मउत होगे त अइसन म वो लड़की ह बरेंडी कहाय। बरेंडी लड़की के दुसर जुग जोड़ी बेवस्था बर जउन परथा रिहिस तेकर मुताबिक लड़का वाला मन लड़की बर नवा कपड़ा लत्ता, चुरी फुंदरी के सिंगार अउ अपन पूरत भर गहना जेवर धर के बरात के रुप म लड़की घर जाय अउ लड़की ल दुलहिन के सबो सिंगार करवा के ले लानय। आज घलो ए परथा ह कोनो कोनो जगा चलन म हे। अइसने बिधवा बिहाव के परथा हे। जेला हमर छत्तीसगढ़ म चुरी पहिरई परथा केहे जाथे। यहू म हाथ खाली होय बेवा लड़की बर नवा कपड़ा लत्ता, जेवर गहना लड़का वाला मन ले जथे अउ मांग म सेंदूर भर के, हांथ म चुरी पहिरा के ले लानथे। एकर छोड़ उड़हरिया बिहाव, पैटू बिहाव के घलो चलन हे। फेर ए बिहाव ल समाज अउ परिवार ह स्वीकार नई करे। एक परकार के ए हा परेम बिहाव आय। अपन जात समाज के होय या अलग-अलग जात समाज के होय, कोनो लड़की-लड़का ह एक दूसर ल चाहत हे, परेम करत हे तंह ले कोनो जगा उड़हरिया भगा के चल देथे अउ उही कोती मंदिर म या फेर कोट कछेरी म बिहाव कर लेथे। अइसने पैटू परथा म लड़की ह खुद लड़का के घर चल देथे, तेला पैठू कूदना केहे जाथे। एती समोहिक आदर्श बिहाव के परथा ह घलो अब खूब चलन म होगे हे। सरकार घलो अइसने बिहाव खातिर मदद करथे। कोनो जगा यज्ञ हवन या बड़का सभा सम्मेलन म समोहिक आदर्श बिहाव होथे, उहां दुल्हा-दुलहिन ल धर के परिवार वाला मन जाथे अउ बिहाव के बंधना म बंधईया जतका दुल्हा-दुलहिन जाय रथे उंकर सबके एके संग पानी गरहन जयमाला के सबो नेंग जोग हो जथे।

हमर छत्तीसगढ़ म बिहाव के परथा परम्परा जुन्ना रीति-रिवाज अउ नेंग जोग के बिस्तार ह अब्बड़ अकन हे। वोमा के कतको ह अब नंदागे अउ नंदावत जात हे। अब तो बराती संग बैलगाड़ी अउ गंड़वा बाजा गाजा घला नइ दिखे। कार मोटर, बेण्ड बाजा अउ डीजे के जबाना आ गेहे। कइसनो होय फेर ये बर बिहाव के काम ह सगा सोदर, नत्ता गोत्ता, समाज परिवार सबो ल एक जगा मिल भेंट के मउका देथे। आज वैश्वीकरण के दौर म तो मेल मिलाप होगे इही बहुत हे। पार्टी म खाना पहिली हो जथे। दुल्हा दुल्हन के दर्शन दुर्लभ रहिथे। परिवर्तन ही विकास आये।

**- चिन्ताराम सिन्हा 'पुजारी'**

# कोढ़ियानंद के गियान

बियंग

पाछु इतवार के बात आए। कागज कलम धर के कुछू लिखे बर नवा जीनिस के खोज म निकले रहेवं। तभे देखेवं कि गांव के बाहिर बुढ़ुवा बर तरी एक झिन दढ़ियल हर फोंय फोंय नाक बजावत सुतत रहीस। ओखर नाक- मुंह आंखी- कान म माछी मन हर फूल म भौंरा कस झूमरत रहीन।

तभे एक ठिन चितकबरा खसवहा कुकुर हर आइस अउ जइसे हवन कुंड के चारों मुड़ा भगत मन ह किंजरथे। ओसनेहे किंजर किंजर के ओहर दड़ियल ल सूंघिस। तहां ले फेर अपन पीछू के एक गोड़ ल ऊंचा के दढ़ियल ऊपर किसाब के धार पिचकारी कस मार के रेंग दीस।

मोर देखते देखत म अइसन होगे। में हर भक्क खा गेवं,काबर कि ओ दढ़ियल हर अतका होए के पाछु चिट करिस न पोट। मोला थोरिक दया लागिस। बिचारा हर कोना जबड़ बीमरहा,भइहा नहीं तो दरवहा होही। अइसन सोंचत-सोंचत अपन नाक ल चपक के ओखर तीर म गेवं अउ जोरहा चिचियायवं- ए गो,ए भइया। तोर ऊपर कुकुर हर किसाब करके चल दीस अउ तें हाले हस न डोले हस। जबड़ बीमरहा अस कि दरवहा जी?

मोर सवाल ल सुनके पहिली तो ओहर असदहा कुकुर कस अपन हाथ गोड़ ल अंइठिस तहां मोला कसके ठासंत बोलिस- कुकुर हर चुपेचाप मूते के काम करीस हे अउ में हर सुते के काम ल करत रहेवं। न तो में हर दरवहा आवं न बीमरहा। में हर कोढ़िया आवं। जबड़ कोढ़िया। कुकुर हर अपन करम ल अउ में हर अपन कोढ़ियाई धरम ल निभावत रहेवं। फेर तुंहरे कस दुनिया वाले मन ह अनदेखना होथें। दूसर के सुख ल देखे नी सकयं। ते पाए के तें हर बड़ा भारी दार-भात म मूसरचंद बन के आगे अउ मोला डिस्टर्ब कर देहे।

ओखर अइसन जवाब सुन के मोर दिमाग के बत्ती बरगे। मोर कलम हर कागज म चले बर ठाड़ होगिस अऊ कापी के कागज मन ह फड़फड़ाय लागिन। में हर अपन गमछा ल दढ़ियल कोढ़िया ल देवत बोलेवं-ले भाई ,ए गमछा म अपन हाथ-गोड़ ल पोंछ ले। कुकुर हर तोर ऊपर घिनासी करम करके गे हावय।

तब ओ दढ़ियल कोढ़िया हर बोलिस-धोय पोंछे कस मेहनत वाला काम कोढ़िया मन हर नी करयं। देखे तो होबे नासमझ लइका मन ह दाई ददा ऊपर मूत देथे। ओसनेहे बिचारा कुकुर हर नासमझ आए। फेर में हर तो समझदार आवं। धर तोर गमछा ल। कहत ओहर गमछा ल फेंक दीस।

> कोढ़िया मन ह सांति पसंद जगत ब्यापी जीव होथें। जादा गोठियाना बतियाना तको ओमन ला भावय नहीं। ओहू म उंखर मुहू पिराथे। मोरो मुंह हर पीरावत हे। फेर सुन दुनिया म लड़ाई- झगरा ल रोके बर,दया- मया ल बनाके राखे बर भगवान हर कोढ़िया मन ल बनाए हावय। कबूतर ल लोगन सांति के दूत कहिथें फेर असल सांति के दूत कबूतर नहीं कोढ़िया मन हर होथें।

दढ़ियल कोढ़िया के हाथ ले भुइयां म गिरे अपन गमछा ल ऊंचावत में हर बोलेवं-वाह भाई जी वाह,तोर समझदारी अउ तोर कोढ़िया धरम ल हाथ जोड़त हवं। तोर का नाव हे बताबे जी,कहेवं त ओहर अपन नाव 'करमबीर' बताइस।ओखर नाव ल सुनके में हर मने मन बुदबुदाएं। इही ल कहिथें-आंखी के अंधरा नाम नयनसुख।

बातचीत ल लमावत में हर कहेवं-तोर नाव करमबीर हे, फेर तें हर काहीं काम धाम करना छोड़ के निठल्ला,कामचोर बने परे हस जी।ए हर बने बात तो नोहे न। मोर ए बात ल सुन के कोढ़िया दढ़ियल बोलिस- ए सब मोला भगवान हर करावत हे। सुने तो होबे महराज मन ह कहिथें 'तेन विना तृणमपि न चलति' माने परभु के चाहे बिना एक ठिन पान हर तको नी डोलय। मैं तो ढेंकी बरोबर मनखे आवं। भगवान हर मनखे के देहें ल सुख भोगे खातिर बनाए हावय। तभे तो गारा (अंडा) ल कुकरी देथे तेला खाथे मनखे,गाय ह गोरस देथे तेला पीथे मनखे। मनखे के देहें हर काम बूता बर बने रहितिस त मनखे मन ह गारा - गोरस ल देतीन जेन ला कुकरी -गाय मन ह खातिन-पीतिन।

दढ़ियल कोढ़िया के गोठ म मजेदार मंधरस झरत रहीस। ते पाए के थोरिक अउ फोरत बोलेवं- तोर बात ल सुनके मोला अइसे लागत हे कि आज तक में हर निच्चट गोबरचोंता भोकवा रहेवं। तोर बात ल सुन-सुन के मोर आघू-पाछु के ज्ञान चक्षु खुलत जात हे। हे कोढ़ियानंद जी,अपन गियान के कोठी ले थोरिक अउ नवा-नवा बात बता के मोला तारव न।

मोर बिनती ल सुन के कोढ़ियानंद बोलिस- कोढ़िया मन ह सांति पसंद जगत ब्यापी जीव होथें। जादा गोठियाना बतियाना तको ओमन ला भावय नहीं। ओहू म उंखर मुहू पिराथे। मोरो मुंह हर पीरावत हे। फेर सुन दुनिया म लड़ाई- झगरा ल रोके बर,दया- मया ल बनाके राखे बर भगवान हर कोढ़िया मन ल बनाए हावय। कबूतर ल लोगन सांति के दूत कहिथें फेर असल सांति के दूत कबूतर नहीं कोढ़िया मन हर होथें। देखे तो हस सऊंहत कुकुर हर मोर ऊपर मूत दीस ।फेर में हर कोढ़ियाइपन म बूड़े-बूड़े कलेचुप सांतिपूर्वक सही गेवं। तूंहर असन करम के पूजेरी मन ह तो कुकुर बिचारा ल ठंठावत ओखर मुड़ी कान ल फोर डारतेव।

ओखर बात ल सुन के अपन मुंह ल गमछा म तोप के लटपट अपनी हांसी ल रोकेवं अउ बोलेवं- तोर बात में दम हे जी। फेर घोंघी कस एके जगह म कोढ़िया मन ह थीराए रहिथो, जादा चलव फिरव तको नहीं। बोरियाव नहीं का जी? मोर सवाल ल सुनके दढ़ियल कोढ़िया हर थोरिक मुसकाइस। तहां हमेरी झाड़त बोलिस - कोढ़िया कभी बोरियाता नहीं। कोढ़िया धरम कहता है कि- जो चलता है वही कुचलता है' ते पाए कि कोढ़िया मन ह 'गतिमान' नी रहयं। गाड़ी घोड़ा के सुविधा बाढ़गे हे, तभो ले कोढ़िया मन ल एके जगह म कुआं के पानी कस थिराए रहना जादा भाथे। ए हिसाब से दुनिया भर म डीजल, पेट्रोल, ईंधन ल बंचाय के काम म कोढ़िया समाज सबले आघु हावय।

अतका कहत कहत कोढ़िया हर बड़का मुंह फारत जम्हाई लेके बोलिस- बड़े भाग मानुस तन संग कोढ़िया गुन पावा। अब मोला सुते के मजा लेवन दे। तहूं अपन घर जा अउ लात तान के सुत जा। कोढ़ियानंद ले बिदा लेहे के पाछु घर म आके सुतेवं। तभे गुनेवं कि राज म न पाट म जेन मजा हे सुतत बेरा खाट म। कोढ़ियानंद बबा के जय हो।

**-विजय मिश्रा 'अमित',पोआ- सुंदर नगर रायपुर**

## गंजेड़िहा

अई दरुहा रोवय दारु भट्ठी म, दारु भट्ठी म या...
चोंगिहा रोवय अस्पताले म
मोर गंजेड़िहा ह या,मुड़ीधर के रोवय
मोर जुवड़िहा रोवय बीच खारे म
बीच खारे म बाई एदे जी...।
एकात पवुआ ल पी ली ही
तहां सुन तो दीदी
आनी बानी के तो बफलत हे,
धिर नइ धरै ओ, गारी देहि दीदी
हरिना के उचाट, ओतो कूदे दीदी
बनबैहा सरि,ओतो रुप दिखै
कोनो ल नै चिन्है ओ, कोनो ल नइ परखै या।
ओतो फुहरे फुहर ल तो बकथे
ओतो बकथे...बाई एदे जी
दरुहा रोवय दारु भट्ठी म...।
आगी अउ पानी ल जेब म, ओतो धरे दीदी
सुन तो नारी मोरे बाते ल
दारु गांजा म ओ, वो हा बुड़े दीदी
बीड़ी सिगरेट पी पी के ओ
तंबाकू खा खा के या, दांत झरगे दीदी
एकर अतड़ी ह ओ,सरीगे हे दीदी
डाकटरे ह ना,ओ तो कहे दीदी
ओतो हरके बरजे नै तो मानते नै तो मानते बाई ए दे जी।
अइ दरुहा रोवय दारु भट्ठी म,
अई दरुहा ह नरवा म परे हे सुन तो नारी मोर बात
जाके दीदी ओकर मुखे ल
तुमन देखौ तो ओ,जाके देखौ दीदी
उहि चिखला म ओ, ओतो गिरे दीदी
ओतो सोभा बरन नै तो जाते ओ
नै तो जाते ओ बाई एदे जी...।
अइ दरुहा रोवय दारु भट्ठी म।।
अई होंस अउ जोस ह उड़िगे ओकर हंसा ह ओ
सुन तो दीदी कब उड़ही
तंबाकू जानलेवा हे ओ
जान ले के रइही
कुकुर गत दीदी,ओहर दिखथे ओ
बिघवा के सहीं,ओकर आंखी ह ओ
एदे छटके दीदी
मोला देखे रोवासी नै आवै ओ
नै आवै ओ बाई एदे जी।
एदे खेती अउ खार ल हार गे
ओतो जुवा म ओ
सुन तो दीदी मोर बाते ल
घर कुरिया ल ओ,बेंची डारे हे दीदी
एक हथेरी जमीन, जमीन बांचे नै हे
सिरतो कैथौं दीदी,गौकी कैथौं दीदी
ओतो दारु बीड़ी सिगरेट पी पी घुमथे
ओतो घुमथे बाई एदे जी
अइ दरुहा रोवय दारु भट्ठी म।
अई फाट जतीस धरती समा जतेंव
अइसन दुख के सेती
सुन तो दीदी मोर बाते ल
नान नान लैका हे ओ, मोर गोदी म न
ओ खवैया दीदी,ओ पढ़ैया दीदी
येही रोगहा ह ओ,मर जाहि दीदी
एदे लैका ल कोन ह पोंसही
एदे पालही बाई एदे जी।
अई दरुहा रोवय दारु भट्ठी म
दारु भट्ठी म या
चोंगिहा रोवय अस्पताले म
मोर गंजेड़िहा ह या मुड़ीधर के रोवय
मोर जुवड़िहा रोवय बीच खारे म
बीच खारे म बाई एदे जी।

**डॉ गोकुल बंजारे चंदन,**
**राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक साहित्यकार बेमेतरा**

# भैरा कका

कहिनी

लाम पहाड़ के तरी म एकठन गांव बिसारटेंवना हावे। गाँव ओतका जादा बड़का नि हे फेर सुम्मत के नांव दूरिहा-दूरिहा ले सोर बगरे हावे। गांव के छेदहा म पीपर रुख के तरी चरखी के घरर-घरर अऊ हथौड़ी ले लोहा कूचे के ठिनींग-ठानंग सोर दुरिहा ले रोजेच बारो महीना सुनावत रहिथे। उही जघा छोटकुन एकठन घर म झिटकू नांव के भैरा कका ओकर गोसाईन पंवारा ओमन के दू लइका एक झन बाबू अऊ दूसर नोनी सुग्घर नानचुक परिवार रहय।

झिटकू कका भैरा जरुर रहिस फेर गजब के कारीगरी करय। ओहर भारी मिहनती अऊ ईमानदारी के संगे-संग सुवाभिमानी घलो रहिस। कका गरीब रहिस फेर ईमानदारी ओकर रग-रग म समाय रहिस। ओहर 'सही काम के सही दाम' लेवय अऊ जांगर ओतहा नि रहिस। ओकर ईमानदारी के सोर दूरिहा-दूरिहा ले बगरे रहय।

ओहर लोहा-लंगड़ के गजब के जिनीस बनावय अऊ ओमा सुग्घर छपेरी घलो करय। नांगर लोहा, जेरु, हंसिया, कुदारी, कलारी, गैंती, रांपा, टांगी, तवा, लोहाटी तारा-कुंची अऊ आनी-बानी के सुग्घर जिनीस बनावे। जिनीस के संगे-संग टांगी, बउसला, हंसिया, परसुल, कुदारी अऊ कतको अकन जिनीस मन ल धार घलो करय। लोहा-लंगड़ के बनाय जिनीस ल बेच-भांज के अपन परिवार अऊ लोग लइका मन के भरन-पोसन करत जिनगी जियत रहिस।

झिटकू कका भैरा रहिस ते पाय के धीरे गोठ ल नि सुने त कभू-कभू आने जिनीस बनाय बर कहे त आने बना देवय त गोठ सुने बर पर जाय फेर भैरा ल कतको गोठियाव कि गारी देवौ ओला तो कोनों किसिम के फरक नि परे। ओला इशारा म बतावंय अऊ इशारा ले समझ के करय। भैरा मनखे मन के जिनगी जीए के अलगेच ढंग रहिथे।

काम बुता म ओकर गोसाईन पंवारा घलो संग देवै। कभू चरखी ल किंदारे लागे त कभू भट्ठी म कोइला डारे के बुता करय अऊ काहीं कुछू काम ल मदद करे लागे। लोहा म पानी देहे के अलगेच ढंग रहिस ते पाय के ओकर बनाय धार झटकुन भोथवा नि होवय। भैरा कका के बनाय जिनीस के दूरिहा-दूरिहा ले सोर बगरे रहिस। कुछू जिनीस बनवाय बर मनखे मन पन्दराही ले आघू कहे रहंय तभे बन पावय।

गांव पहाड़ तरी म रहे के सेथी जंगल म आनी-बानी के रुखराई के संगे-संग मउंहा, बगरंडा, अंडी, कोसम, लीम अऊ करंज के रुख जादा रहिस। खेत-खार म अरसी, सरसों, तिल अऊ सूरुजमुखी घलो उपजावंय। बीज ल पेर के तेल निकाले बर लकड़ी के बने तिरही अऊ घानी ल जादा बउरें। झिटकू कका तारा-कुची बनाबेच करे ते पाय के ओकर दिमाग म तेल पेरे बर भाप ले चलइया मशीन बनाय के उदीम घेरी-बेरी मन म आवत रहिस।

कका के दिमाग म मशीन बनाय के धुन सवार होगे रहिस ते पाय के ओकर सबो काम धीरे-धीरे छूटे लागिस। मनखे मन घलो हंसिया , कुदारी, टांगा, गैंती अऊ रांपा के काम करवाय आय बर धीरे-धीरे बंद होगिस, काबर के ओकर चेत काम कोती जादा नि रहे भलुक मशीन बनाय कोती जादा रहिस। काम छूटे ले पइसा कमतियाय के शुरु होगिस। जेकर ले परिवार के खरचा चलाना मुसकुल होगे।

> झिटकू कका भैरा जरुर रहिस फेर गजब के कारीगरी करय। ओहर भारी मिहनती अऊ ईमानदारी के संगे-संग सुवाभिमानी घलो रहिस। कका गरीब रहिस फेर ईमानदारी ओकर रग-रग म समाय रहिस। ओहर 'सही काम के सही दाम' लेवय अऊ जांगर ओतहा नि रहिस। ओकर ईमानदारी के सोर दूरिहा-दूरिहा ले बगरे रहय।

'घर के हालत देखत हौ अऊ मशीन बनाय के धुन म येती सबो काम बुता छूटगे। घर के हालत खराब होवत जावत हे'.... पंवारा गुस्सा म कहिस !

'थोरिक दिन अऊ रुक जा सब ठीक हो जाही' कका कहिस!

'पांच साल तो होगिस मशीन बनावत अऊ कतेक दिन लगही?' भरे गला ले पंवारा कहिस ।

'कमानी अऊ दांता बनावत हौं तहं ले मशीन बन जाही' धीरज धरावत कका कहिस।

'कब बबा मरही त कब बरा खाबो' हाना कस लागत हे तुहंर गोठ ह। पंवारा फेरेच कहिस। आज ले अपन मुंहू नि खोले रहेंव फेर अब मजबूर होगे हौं अइसन म घर नि चल सके। 'रोवत पंवारा कहिस।

'पूरा समे पाछू कोती नि देखत रहें,कभू अवइया समे ल देखना चाही' कका बीच म टोंकत कहिस। सियान मन कहें हावें जेन अतीत डहर ले सबक हासिल नि करे ओहर वर्तमान म अंधवा अऊ भविष्य म अंधवा बने रहिथे' पंवारा गुस्सा म कहिस।

'पांच साल म जतका पइसा कौड़ी रहिस तेन सिरा गिस अऊ जतका गहना रहिस तेनो बेचा गिस अब तो कुछू नि बाचिंस'... सुसकत पंवारा कहिस।

'मशीन एदे चालू होवत हे' देखावत कका कहिस! एसो के जाड़ा बिना कंबल के लइका मन जाड़ काटिन हे' आंसू पोछत पंवारा कहिस।

'आज एकझन बड़का इंजीनियर देखे अवइया हे' बात ल बीच म काटत कका कहिस! 'हा अऊ सुन न जी! गंवटिया ल कहे रहेंव काहीं-कुछू मदद करे बर ओहर दिही'। पंवारा ल भेजत कका कहिस।

थोरिक बेरा म इंजीनियर साहेब आइस।' राम-राम कका' जोहारत इंजीनियर कहिस!

'राम-राम साहेब आवव'... कका बइठे बर इशारा करत कहिस।

'तोर मशीन बनाय के सोर सुनावत रहिथे थोरिक जानकारी बतावौ ' इंजीनियर पूछिस।

' एदे भट्ठी म आगी बरही जेकर ले लोहा के चद्दर ले बने ड्राम म पानी गरम होही। ड्राम म लगे मीटर म भाप के रीडिंग दिखाही। एकर भाप ह कंप्रेशर पाइप ले भीतरे-भीतर जाही अऊ मोटर ल घुमाही अऊ लीवर ह खाल्हे ऊपर होही। मोटर म लगे पट्टा के सहारा ले खाल्हे ऊपर लगे दूनों चरखी चलही अऊ चरखी म पेरावत तेल नलकी ले बाहिर निकलही अऊ एकर पाछू कोती ओकर खरी अलग निकलही।' समझावत कका कहिस।

'वाह! गजब सुग्घर कका जी' पीठ थपथपावत किहिस।

'कब ले मशीन बन के तियार हो जाही'? इंजीनियर पूछिस!

'बने बर तो बन गे हावे फेर थोरिक रुक जावत हे, एला सुधार करे बर परही' बतावत कका कहिस। मशीन के कमानी अऊ लीवर ल देखते-देखत म ठीक करिस अऊ मशीन बन के तियार होगिस। अब भैरा कका के जीव म जीव आइस।

भैरा कका लोहा के सोज्झे काम करइया के दिमाग म भाप ले चलइया तेल पेरे के मशीन बनाय के सपना अऊ अपन जिनगी के जादा समे खपा देथे। गरीबी अऊ पारिवारिक तनाव ले जूझत किसिम-किसिम के विषम परिस्थिति ल झेलत सरलग पांच बछर के ठोसहा मिहनत के पाछू बिसारटेंवना गांव म भाप ले चलइया तेल पेरे के मशीन लगाय के सपना ल पूरा करथे।

चिभिक अऊ मिहनत ले भैरा कका के मशीन बन के तियार होगिस। तीर-तखार के गांव म सोर होगे कि भैरा कका भाप ले चलइया तेल पेरे के मशीन बनाए हावे। इंजीनियर मन आवत गिन अऊ कका के बनाय मशीन ल चला के देखत जावंय अऊ मशीन के बनइया कका ल सहरावंय। सरकार ओ मशीन ल मुंह मांगा खरीद लिस अऊ भैरा कका ल अइसने अऊ मशीन बनाए बर आडर मिलिस। कका के नवाचारी खोज के सेती सरकार डहर ले पुरस्कृत करे गिस। कहे गे हावे-'समे आय म घुरवा के घलो भाग बदल जाथे'। भैरा कका अऊ ओकर परिवार के जिनगी म नवा अंजोर बगरगे।

**-डोरेलाल कैवर्त 'हरसिंगार'**
**तिलकेजा, कोरबा**

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी,** 24 मई (एजेंसियां)। मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। शिनबाम ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रोकने का काम जारी रखा जा सके।

# देश विदेश

# पाकिस्तानी आतंकवादी नागरिक कवर का इस्तेमाल कर बच नहीं सकते : भारत

■ **भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिकों को निशाना बनाने के पाक के दावे को किया खारिज**



**संयुक्त राष्ट्र,** 24 मई (एजेंसियां)। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी यह दावा करके आतंकवाद विरोधी कार्रवाई से छूट का दावा नहीं कर सकते कि वे नागरिक हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि हमें स्पष्ट कर देना चाहिए नागरिकों की सुरक्षा का हवाला दे संयुक्त राष्ट्र की ओर से नामित आतंकवादियों को बचाने के तर्क के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बार-बार नागरिक कवर का इस्तेमाल किया है। नागरिकों के लिए उभरते खतरों और उनकी सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद की बहस में बोलते हुए राजदूत हरीश ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिकों को निशाना बनाया गया था। उन्होंने आतंकवादियों और पाकिस्तानी सरकार और सेना के बीच खुले गठजोड़ की ओर ध्यान आकर्षित किया।

**ऐसा देश जो आतंकवादियों व नागरिकों के बीच कोई अंतर नहीं करता, उसे नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बोलना शोभा नहीं देता है : पी. हरीश**

हरीश ने कहा कि एक ऐसा देश जो आतंकवादियों और नागरिकों के बीच कोई अंतर नहीं करता, उसे नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बोलना शोभा नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में वरिष्ठ सरकारी, पुलिस और सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर द्वारा लक्षित प्रसिद्ध आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि देते देखा। लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन शाह और मेजर जनरल राव इमरान और पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर सहित पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी ऑपरेशन सिंदूर हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में शामिल थे, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक वरिष्ठ नेता हाफिज अब्दुर रऊफ भी शामिल था, जिसे अमेरिकी सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत ने अपना पक्ष मजबूती से रखा : खुर्शीद



**टोक्यो।** टोक्यो पहुंचे भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया है कि दौरा सफल रहा है। पूर्व कानून मंत्री और प्रतिनिधिमंडल के अहम सदस्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि जापान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा दिखा।

सलमान खुर्शीद ने कहा कि दौरा बेहद सफल रहा। हम सभी एक साथ यहां हैं। यह अपने आप में एक बड़ी सफलता है। हमने जिनके सामने अपना पक्ष रखा उनसे बेहद अच्छा रिस्पांस मिला। विशेषकर आतंकवाद के मुद्दे पर जापान हमारे साथ मजबूती से खड़ा है। आंतकवाद के मुद्दे पर हम जिनसे भी मिले उनसे अभूतपूर्व समर्थन मिला। हम यहां से खुशी-खुशी लौट रहे हैं।

## बैजयंत पांडा का प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दिल्ली हवाई अड्डे से पश्चिम एशिया के चार देशों सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया की यात्रा पर शनिवार को रवाना हुआ। इस महत्वपूर्ण यात्रा का उद्देश्य वैश्विक मंच पर भारत के आतंकवाद विरोधी रुख को स्पष्ट करना और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन जुटाना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ सांसदों को शामिल किया गया है।

## सुडोकू 6923

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 25 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी। क्रोध पर संयम रखें।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## हार्वर्ड ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर प्रतिबंध को लेकर ट्रंप प्रशासन पर दायर किया मुकदमा



■ **अंतरराष्ट्रीय छात्रों को नामांकित करना एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं**

**वाशिंगटन,** 24 मई (एजेंसियां)। हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर दूसरी बार मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा ऐसे समय में किया गया है जब एक दिन पहले ही गृह सुरक्षा विभाग ने कहा था कि वह प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय छात्रों के नामांकन से रोक देगा।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन गार्बर ने शुक्रवार को हार्वर्ड समुदाय के सदस्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि यह निरस्तीकरण हार्वर्ड के खिलाफ हमारे द्वारा अपनी अकादमिक स्वतंत्रता को त्यागने से इनकार करने तथा हमारे पाठ्यक्रम, हमारे संकाय और हमारे छात्र निकाय पर संघीय सरकार के अवैध नियंत्रण के आगे झुकने के लिए सरकार की जवाबी कार्रवाई की श्रृंखला को आगे बढ़ाता है।

गार्बर ने कहा कि हम इस गैरकानूनी और अनुचित कार्रवाई की निंदा करते हैं। यह हार्वर्ड के हजारों छात्रों और विद्वानों के भविष्य को खतरे में डालता है और देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले उन अनगिनत लोगों के लिए चेतावनी है जो अपनी शिक्षा प्राप्त करने और अपने सपने पूरे करने के लिए अमेरिका आए हैं।

हार्वर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अभी शिकायत दर्ज की है और एक अस्थायी निरोधक आदेश के लिए प्रस्ताव भी दायर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब हम कानूनी उपायों की तलाश करेंगे, तो हम अपने छात्रों और विद्वानों का समर्थन करने के लिए अपनी पूरी शक्ति से काम करेंगे।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार को इस निर्णय की घोषणा की।

नोएम ने एक बयान में कहा कि इसे देश भर के सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को नामांकित करना एक विशेषाधिकार है अधिकार नहीं।

## रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ : हंगरी

**मास्को।** 24 मई (एजेंसियां)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है। श्री ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रोकने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा।

## वर्ग पहेली 6923

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. पतली कमर वाली
४. हारा हुआ
६. कमल
७. शाही दरबार या अगावक, आस्थान मंडल, राजा या बादशाह की बैठक, पुलिस, सिपाहियों का उपनायक, वह पुस्तक जिसमें गजलें संग्रहित हों (उर्दू)
८. घोर युद्ध, भयानक मार-काट
१०. धोखा, छल, बनावटी व्यवहार
११. आसानी
१३. पाठ, अध्याय, सीख(उर्दू)
१४. पेशगी, आगामी
१५. पूजा, अर्चना
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. दोस्ती
२१. कमल
२२. पैरों की धूल
२४. अपने नाम के अनुरूप

**ऊपर से नीचे:-**

१. परिवर्तित (उर्दू)
२. दृष्टिगत (उर्दू)
३. विशिष्ट ढंग या दृष्टिकोण से सोचने की आदत
४. पानी भरने का घाट
५. जानने की इच्छा
९. पदचिन्ह (उर्दू)
११. आस्त्रय, आलंब, टेक
१२. शरमाना
१३. काल, अवसर
१४. किसी और जगह, दूसरी जगह
१५. जोड़ना, इकट्ठा करना, प्रबंध, तैयारी
१६. अर्जुन
१८. सेवा-सुश्रुषा, हिफाजत
१९. मेल होना, मुलाकात होना
२०. गरमी, उष्णता
२३. विश्व, दुनिया, संसार

### वर्ग पहेली-6922

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न्म | २ दि | व | ३ स | ■ | ४ वि | डं | ५ ब | ना |
| म | ■ | शा | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | टो | ■ |
| ७ द | बा | व | ■ | झ | ■ | ८ ल | ज्जा | ही | ९ न |
| ग्नि | ■ | का | ■ | १० दा | स | ता | ■ | ■ | य |
| ■ | ११ अं | श | १२ ध | र | ■ | ■ | १३ दु | र्ज | न |
| ■ | ग | ■ | र | ■ | १४ जी | वा | श्म | ■ | ज |
| १५ कु | द | १६ र | ती | ■ | व | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| र्क | ■ | ज | ■ | १९ कं | ट | २० क | ■ | व | ■ |
| २१ ना | दा | नी | ■ | च | ■ | २२ ब | दौ | ल | २३ त |
| मा | ■ | २४ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## उत्तर कोरिया की रणनीतिक स्थिति हुई काफी मजबूत : अमेरिका

**वाशिंगटन,** 24 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया इस समय पिछले कई दशकों की तुलना में अपनी सबसे मजबूत स्थिति में है। इसकी वजह यह है कि उत्तर कोरिया लगातार उन्नत हथियार बना रहा है, जो उत्तर-पूर्व एशिया और अमेरिका की मुख्य भूमि में अमेरिकी सेना और उसके सहयोगी देशों के लिए खतरा बन सकते हैं। अमेरिका के रक्षा विभाग की खुफिया एजेंसी (डीआईए) ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट पेश की।



इस रिपोर्ट का नाम है 2025 वर्ल्डवाइड थ्रेट असेसमेंट यानी 2025 वैश्विक खतरे का आकलन। इसमें उत्तर कोरिया, चीन, रूस, ईरान और अन्य देशों या संगठनों से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरों के बारे में जानकारी दी गई है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु और मिसाइल खतरों को लेकर चिंता बढ़ रही है।

## ईरान-अमेरिका वार्ता का पांचवां दौर सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक : अराघची

**वाशिंगटन,** 24 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर सबसे पेशेवर दौरों में से एक था।

अराघची ने शुक्रवार को रोम में आयोजित पांचवें दौर की वार्ता के अंत में कहा कि मुझे लगता है कि वर्तमान में अमेरिकी पक्ष को हमारी स्थिति के बारे में बेहतर और अधिक स्पष्ट समझ है। उन्होंने कहा कि पांचवें दौर में विभिन्न विचारों पर चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि दोनों पक्ष विचारों की समीक्षा करेंगे तथा अगले दौर के लिए व्यवस्था करेंगे, जिसमें उम्मीद है कि कुछ हद तक विवरण शामिल हो जाएंगे यदि दोनों पक्ष नए समाधान स्वीकार करते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि अप्रत्यक्ष वार्ताएं अपनी जटिलता के कारण दो या तीन दौर में पूरी नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि यह तथ्य कि हम अब एक उचित रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। एक तरह की प्रगति है।



**यह तथ्य कि हम अब एक उचित रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। एक तरह की प्रगति है : सैयद अब्बास**

## आज का इतिहास

1611-मुगल शासक जहांगीर ने मेहरुन्निसा से निकाह किया जो इतिहास में नूरजहां के तौर पर जानी जाती है।
1831-प्रसिद्ध उर्दू शायर दाग देहलवी का जन्म।
1877-यात्रियों से भरा स्टीमर 'सर जॉन लारेंस उड़ीसा तट के पास डूब गया। स्टीमर में कुल 732 लोग सवार थे।
1886-प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का जन्म।
1924-बंगाल के ख्याति प्राप्त बैरिस्टर और शिक्षाविद सर आशुतोष मुखर्जी का निधन।
1961-अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ़ केनेडी ने देश के अंतरिक्ष अभियान की शुरुआत के लिए लाखों डॉलर की राशि की घोषणा की। उन्होंने वर्ष 1970 तक अमेरिका को चांद पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा था।
1963-अफ्रीकी देशों को एकजुट करने के इरादे से 32 देशों ने अफ्रीकी संघ का गठन किया।
1974-भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक कृष्ण चन्द्र गजपति का निधन।
1985-बंगलादेश में भारी तूफान के कारण लगभग 10 हजार लोगों की मौत।
1991-इजरायल ने 14 हजार यहूदियों को इथियोपिया से निकाला।
1995-अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डी.एन.ए. को डीकोड करने में सफलता मिली।
1998-परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए यूरोपीय संघ के सभी 15 सदस्य देश सहमत।
1998-हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार लक्ष्मीकांत का निधन।
2003-चिली ने पहली बार विश्व कप टेनिस ख़िताब जीता।
2005-हिन्दी फ़िल्म अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ सुनील दत्त का निधन।
2006-नासा ने जीओईएसएन नामक मौसम उपग्रह अंतरिक्ष में रवाना किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**विकास की रफ्तार ...**

कहा कि राज्यों को कम से कम एक वर्ल्ड क्लास पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। वहां सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराने चाहिए। एक राज्य-एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा।

140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना होगा

मोदी ने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक बड़ा मौका है। हमें एक टारगेट पर फोकस करना चाहिए-2047 तक या उससे पहले भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। अगर हम इन तर्ज पर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जहां, मोदी बैठक के दौरान काफी गंभीर दिखे तो वहीं, बैठक से पहले सभी मुख्यमंत्रियों के साथ पूरी तरह से मजाकिया मूड में दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ जोरदार ठहाका लगाते नजर आए। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी के चेहरे पर पहली बार ऐसी खिलखिलाहट भरी हंसी देखी गई है। प्रधानमंत्री मोदी के अंदाज के अब कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं। मोदी ने इसके अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सवाल किया कि ये किस तरह का विकसित भारत होगा, अगर जिन मूल्यों के लिए हमेशा भारत खड़ा रहा, उन्हें ही संस्थागत तरीके से खत्म किया जाएगा। यह किस तरह का विकसित भारत होगा, जहां आर्थिक असमानता होगी और धन सिर्फ कुछ लोगों तक ही सीमित रहेगा। अगर भारत की गौरवशाली विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाएगा और उन्हें खत्म करने की कोशिश होगी।

**पीएम मोदी के समक्ष ...**

वृद्धि का अनुमान है। इस रणनीति को 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजन डॉक्यूमेंट' नाम दिया गया है, जिसमें राज्य के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास की समग्र योजना निहित है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि, आईटी, पर्यटन और कौशल विकास जैसे 13 प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। इन सभी क्षेत्रों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु 10 विशिष्ट मिशन प्रारंभ किए गए हैं।

**परमाणु धमकी बर्दाश्त...**

बहुपक्षीय सहयोग सहित कई मुद्दों को शामिल किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की अनिवार्यता को रेखांकित किया, जिसमें आतंकवादी संस्थाओं को सुरक्षित पनाहगाह, वित्तपोषण और राजनीतिक औचित्य से वंचित करने के लिए विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय तंत्र की आवश्यकता शामिल है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संघ के उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको से मुलाकात की और बहुध्रुवीय और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए साझा प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर व्यापक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री मिखाइल फ्रैदकोव के साथ भी एक व्यावहारिक बातचीत की जो रूसी सामरिक अध्ययन संस्थान (आरआईएसएस) के प्रमुख हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कट्टरपंथ के मार्गों, आतंकवादी समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले गलत सूचना तंत्र और क्षेत्रीय शांति को कमजोर करने वाले देशों द्वारा प्रायोजित प्रचार पर विस्तृत चर्चा की।

ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान किया आकर्षित

भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।

**राजधानी में मिला ...**

इस मामले की पुष्टि की है। संक्रमित मरीज़ को रामकृष्ण नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहाँ उसका इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है। मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मीनगर, पचपेड़ी नाका निवासी यह व्यक्ति सर्दी-खाँसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुँचा था। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को कोरोना की आशंका हुई, जिसके बाद उसका सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉज़िटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू कर दिया गया।

अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज के संक्रमित होने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के परिजनों का सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, हाल के दिनों में मरीज़ के संपर्क में आए लोगों की ट्रैकिंग और स्क्रीनिंग की जा रही है।

गौर करने वाली बात यह है कि मरीज की किसी अन्य राज्य की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, जिससे यह संदेह गहरा रहा है कि संक्रमण स्थानीय स्तर पर फैला हो सकता है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सावधानी बरतें, भीड़-भाड़ से बचें और यदि कोई लक्षण दिखें तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाँच कराएँ।

**विधवा महिला ने ...**

है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद महिला ने अपील के दौरान वकील बदल दिया।

वंशिका ने वकील से कहा कि वह उसके खिलाफ स्टेट बार काउंसिल और कोंडागांव के अधिवक्ता संघ में व्यवसायिक कदाचरण की शिकायत करने जा रही है। वकील ने इसके बाद वंशिका और उसकी महिला मित्र के खिलाफ कोंडागांव थाने में एफआईआर करा दी। पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 294, 506, 500, 341, 34 के तहत अपराध दर्ज किया। इसके बाद याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। 28 मार्च 2024 को उन्हें जमानत पर रिहा किया गया।

जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिया है। मामला फिलहाल लंबित है। आरोप तय करने के लिए कोर्ट में बहस होनी है। इधर, वंशिका व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर वकील के खिलाफ कार्रवाई करने व पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने वकील व राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। इसके लिए चार सप्ताह की मोहलत दी है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिका ने परीक्षण की दुनिया की सबसे शक्तिशाली परमाणु मिसाइल

**वाशिंगटन,** 24 मई (एजेंसियां)। अमेरिका ने एक बार फिर मिनटमैन III मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इस बार सिंगल मार्क-21 हाई फिडेलिटी री-एंट्री व्हीकल से लैस मिनटमैन III अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल को लॉन्च किया गया है। अमेरिकी वायु सेना के मुताबिक, मिसाइल ने मार्शल द्वीप समूह के क्वाजालीन एटोल में अमेरिकी सेना के अंतरिक्ष और मिसाइल रक्षा कमान के रोनाल्ड रीगन बैलिस्टिक रक्षा परीक्षण स्थल तक 15,000 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से लगभग 4,200 मील की दूरी तय की। मिनटमैन-3 मिसाइल 24,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है।

मिनटमैन III की ताकत का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इसे किसी एयर डिफेंस सिस्टम से रोकना बेहद मुश्किल होगा। इस मिसाइल लॉन्च का एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है इस मिसाइल का पूरा नाम LGM-30G Minuteman-III है। मिसाइल को पॉवरफुल बनाने के लिए इसमें तीन सॉलिड प्रोपलैंड रॉकेट मोटर का इस्तेमाल हुआ है।

# खेल जगत

## बड़ी कमियों को भरना हमेशा मुश्किल होता है : अजीत अगरकर

मुंबई। भारतीय टेस्ट टीम आधिकारिक तौर पर अपने लंबे समय से प्रतीक्षित बदलाव के दौर में प्रवेश कर गई है, जब शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी पांच मैचों के दौरे के लिए कप्तान बनाया गया, जबकि ऋषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए माना कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने से होने वाली बड़ी कमियों को भरना हमेशा मुश्किल होता है। रोहित, कोहली और अश्विन के बिना आखिरी बार टेस्ट मैच 2011 में इंग्लैंड दौरे पर खेला गया था। अगरकर ने शनिवार को बीसीसीआई मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जब ऐसे खिलाड़ी संन्यास लेते हैं, तो हमेशा बड़ी कमियों को भरना पड़ता है। अश्विन ने भी संन्यास ले लिया। वे तीनों दिग्गज खिलाड़ी



# शुभमन होंगे भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम के नए कप्तान

■ ऋषभ पंत को ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उपकप्तान रह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



○ सुदर्शन और अर्शदीप पहली बार भारत की टेस्ट टीम में

○ इंग्लैंड दौरे के लिए करुण नायर व शार्दूल टीम में लौटे

○ हर्षित राणा और सरफराज खान की टेस्ट टीम से छुट्टी

**नई दिल्ली,** 24 मई (देशबन्धु)। शुभमन गिल को करीब एक पखवाड़े पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रोहित शर्मा की जगह भारत की इंग्लैंड के दौरे पर पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलने जाने वाली भारत की 18 सदस्यीय क्रिकेट टीम का नया कप्तान घोषित किया है। ऋषभ पंत को ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उपकप्तान रहे और रोहित की गैरमौजूदगी में शुरू के दो टेस्ट में भारत की कप्तानी कर वहां पहला टेस्ट जिताने वाले जसप्रीत बुमराह की जगह भारतीय टीम का नया उपकप्तान चुना गया है। देशबंधु ने शुभमन गिल के भारत के इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तान और जो 18 सदस्यीय संभावित टीम दी थी उसमें बस तेज गेंदबाज हर्षित राणा को बाहर रख कर उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को अपनी टीम में शामिल किया गया है। सही मायनों में हमारी खबर पर शानिवार का बस मुहर लग गई। जैसा की हमने शनिवार को ही खबर दे दी थी फिटनेस को लेकर मोहम्मद शमी पर सवाल के चलते उन्हें भी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है। शमी अपनी एड़ी के ऑपरेशन के चलते पूरी तरह फिट न होने के चलते ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी से भी बाहर रहे थे। भारत अब मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट मैच की सीरीज अपने तीन धुरंधरों रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीते एक पखवाड़े के बीच और अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के चलते उनके बिना खेलेगा और बेशक उसे इन तीनों धुरंधरों के लंबे अनुभव की कमी उसे इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में नम मौसम में पांच टेस्ट मैच की सीरीज में बुरी तरह अखेरगी। तमिलनाडु के बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन और पंजाब के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पहली बार भारत की टेस्ट टीम में चुना गया है। वहीं वीरेंद्र सहवाग के बाद भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज अब विदर्भ के लिए खेल रहे करुण नायर औरी शार्दूल ठाकुर ने लंबे समय बाद भारत की टेस्ट टीम में वापसी की है।

## गिल के रूप में सही शख्स को भारत का कप्तान चुना : अगरकर



सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर ने मुंबई में बीसीसीआई के मुख्यालय में शुभमन गिल को इंग्लैंड खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलने जाने वाली भारतीय टीम का कप्तान घोषित करते कहा, ' जब आप टेस्ट सीरीज के लिए टीम चुनते हैं तो आप अपने उपलब्ध हर विकल्प पर चर्चा करते हैं। हम बीते करीब एक बरस से ज्यादा से शुभमन गिल को भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में देख रहे थे। हमने भारत के ड्रेसिंग रूम यानी टीम इंडिया के खिलाड़ियों से भी शुभमन गिल की बाबत राय जानने की कोशिश की। हमें लगता है कि शुभमन गिल के रूप में सही शख्स को भारत के कप्तान के रूप में चुना है। जहा तक भविष्य और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकिल की बात है तो मैं इस बाबत बस यही कहूंगा कि आप किसी भी क्रिकेटर को एक या दो दौरों के लिए कप्तान नहीं चुनते हैं। हमने बीते दो बरस से अधिक में शुभमन गिल को परिपक्व होते देचखा है। बेशक इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज बतौर कप्तान मुश्किल और चुनौतीपखर्ण होगी और बहुत मुमकिन है वह इस टेस्ट में बतौर कप्तान बहुत कुछ सीखना होगा। हम शुभमन गिल को कप्तान नियुक्त किए जाने पर उनको लेकर खासे आश्वस्त है। जहां तक जसप्रीत बुमराह की बात है तो वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की पूरी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो ऐसे में उन पर दबाव डालने की बजाय हम चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट रहे। हम उन्हें पूरी शिद्दत से गेंदबाजी करते देखना चाहेंगे, जैसा कि वह करते हैं। हमने बुमराह से बात भी की है और उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। हमारे लिए बतौर गेदबाज उनके वर्कलोड प्रबंधन और उन्हें बतौर फिट परी तरह फिट देखने की जरूरत है।

## सबा करीम ने गिल को किया समथ



**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम ने भारत के अगले टेस्ट कप्तान के लिए शुभमन गिल का समर्थन किया है। दूसरी ओर, पूर्व मुख्य चयनकर्ता किरण मोरे ने कहा कि वह केएल राहुल को टीम का नया टेस्ट कप्तान बनाना पसंद करेंगे। जब से रोहित शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की है, गिल को पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका के लिए सबसे आगे देखा जा रहा है। राहुल ने इससे पहले तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है और हाल ही में उन्हें लंबे प्रारूप की योजना में एक निश्चित खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। टेस्ट कप्तानी की भूमिका के लिए अन्य उम्मीदवार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने पहले तीन मैचों में भारत की अगुआई की थी और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी एक दावेदार हैं। लेकिन बुमराह का इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट खेलना तय नहीं है, जबकि पंत, विदेशों में शानदार बल्लेबाजी रिकॉर्ड के बावजूद, उप-कप्तान की भूमिका की दौड़ में हो सकते हैं। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता करीम ने जियो हॉटस्टार पर फॉलो द ब्लूज-सेलेक्टर्स मीट एपिसोड में कह कि आपके पास शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत हैं। यह देखते हुए कि यह एक नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत है, मैं एक युवा, प्रतिभाशाली लीडर-शुभमन गिल के साथ जाऊंगा। हालांकि उन्हें अभी टेस्ट स्तर पर खुद को पूरी तरह से स्थापित करना बाकी है, मैं चयनकर्ताओं को एक साहसिक कदम उठाते देखना चाहूंगा। हमने जीटी के साथ छोटे प्रारूप में उनके नेतृत्व कौशल को देखा है और वह नेतृत्व करते समय बहुत खुश नजर आते हैं।

## गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान होंगे

**मुंबई।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान होंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण पांच मैचों के दौरे के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषणा की। गिल को कप्तान बनाए जाने पर अगरकर ने कहा किइ हमने पिछले एक साल में हर विकल्प पर चर्चा की, हमने कई बार शुभमन पर विचार किया है। ड्रेसिंग रूम से बहुत सारी प्रतिक्रियाएं ली हैं। बहुत युवा, लेकिन सुधार हुआ है। गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस की टीम मौजूदा आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। अगरकर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह ऐसा खिलाड़ी है। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है, उसे हमारी शुभकामनाएं । आप एक या दो दौरे के लिए कप्तान नहीं चुनते। हमने पिछले एक या दो साल में उसके साथ कुछ प्रगति देखी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह जितना मुश्किल हो सकता है, उतना मुश्किल होगा। गिल टेस्ट में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में खेल चुके हैं और अब रोहित शर्मा द्वारा इस महीने की शुरुआत में इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा के बाद वह नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम पर पांच शतक और सात अद्धशतक हैं।

## एसआरएच और केकेआर जीत के साथ समाप्त करना चाहेंगे अपना अभियान



■ आईपीएल 2025 में एसआरएच की पावर-पैक बैटिंग लाइन-अप से बहुत सारे धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 को समाप्त करने वाला मुकाबला अब चल रहे सीजन के अंतिम चरण में वापस आ गया है, लेकिन बहुत कम संदर्भ के साथ। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), जो पहले ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं, रविवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में आमने-सामने होने पर अपने-अपने बुरे अभियान को सांत्वना जीत के साथ समाप्त करने का लक्ष्य रखेंगे। आईपीएल 2025 में एसआरएच की पावर-पैक बैटिंग लाइन-अप से बहुत सारे धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, क्योंकि 2024 में उन्होंने रनर-अप फिनिश में नए बैटिंग स्टैंडर्ड स्थापित किए थे। लेकिन वे उन बुलंद बैटिंग ऊंचाइयों को छूने में विफल रहे, और गेंदबाजी अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ नहीं होने के कारण, आईपीएल 2025 में हैदराबाद स्थित टीम के लिए सूरज मुश्किल से उग पाया। लेकिन एसआरएच के पास अभी भी केकेआर पर बढ़त है, खासकर लखनऊ में 42 रन की जीत के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष दो में जगह बनाने की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की उम्मीदों पर पानी फेरने के बाद, जिसका श्रेय ईशान किशन और ईशान मलिंगा को जाता है। इसके अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 7 मई को हुए मुकाबले के बाद केकेआर के मैदान पर नहीं उतरने का मतलब है कि एसआरएच के पास खेलने के लिए और समय है।

### पाटीदार और कमिंस पर लगा जुर्माना

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर शुक्रवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2025 के मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पाटीदार पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

## गिल की कप्तानी में जायसवाल के लिए एक नए सफर की शुरुआत : ज्वाला सिंह



■ जायसवाल ने पांच टेस्ट में, 43.44 की औसत से 391 रन बनाए

■ शुभमन गिल के साथ यह उनके लिए एक नई यात्रा की शुरुआत होगी,

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह को लगता है कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलना बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए लाल गेंद के प्रारूप में एक नए सफर की शुरुआत होगी। 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण पांच टेस्ट के दौरे से पहले गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त होने के बाद जायसवाल ने दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। पांच टेस्ट में, उन्होंने 43.44 की औसत से 391 रन बनाए। उन्होंने कठिन विदेशी परिस्थितियों में अपनी क्षमता साबित करने के लिए एक शतक और दो अर्द्धशतक बनाए, जब अन्य भारतीय बल्लेबाज अपनी छाप छोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ज्वाला सिंह ने शनिवार को भारतीय टीम की घोषणा के तुरंत बाद आईएएनएस से कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद उनका चयन तय था, इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी, क्योंकि वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। शुभमन गिल के साथ यह उनके लिए एक नई यात्रा की शुरुआत होगी, क्योंकि वह पहली बार भारत के कप्तान बन रहे हैं। इंग्लैंड का दौरा करना चुनौतीपूर्ण होगा, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह को छोड़कर अधिकांश खिलाड़ी युवा हैं। इंग्लैंड में जायसवाल को किस स्थान पर खेलते हुए देखने के बारे में पूछे जाने पर, बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के बचपन के कोच ने उन्हें टेस्ट टीम में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में जारी रखने का समर्थन किया कि मुझे लगता है कि जायसवाल पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे।

### सार संक्षेप

#### वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती महिला टी20 सीरीज

**लंदन।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिये थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

#### नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया।

## लिवरपूल के मो सालाह को प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया

प्रीमियर लीग



**लिवरपूल,** 24 मई (एजेंसियां)। मोहम्मद सालाह को 2024/25 प्रीमियर लीग का प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत लिवरपूल ने लीग का खिताब जीता है। लिवरपूल के इस फॉरवर्ड ने अपने करियर में दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2017-18 में क्लब के साथ अपने सनसनीखेज डेब्यू अभियान के अंत में यह पुरस्कार जीता था। सालाह ने इस सत्र में रेड्स की खिताबी जीत में मदद करने के लिए अब तक के सबसे बेहतरीन व्यक्तिगत प्रीमियर लीग सत्रों में से एक का प्रदर्शन किया है, जिसे अप्रैल में चार मैच शेष रहते हासिल किया गया था। उन्होंने रविवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले अंतिम मुकाबले से पहले आर्ने स्लॉट की टीम के लिए शीर्ष पर पहुंचने में 28 गोल किये हैं और 18 असिस्ट किए हैं। मिस्र के इस खिलाड़ी ने इन आंकड़ों के दम पर डिवीजन के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी और क्रिएटर के रूप में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

## इस सीजन आखिरी बार मैदान पर उतरेंगे आईपीएल के धोनी



**अहमदाबाद,** 24 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में 25 मई को सीजन का अंतिम डबल हेडर खेला जाना है। इसमें पहला मैच टेबल टॉपर गुजरात टाइटंस (जीटी) और सबसे नीचे मौजूद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच खेला जाना है। इस मैच में जीटी के पास टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने का अच्छा मौका होगा। यदि जीटी ने जीत हासिल की तो उन्हें टॉप-2 से कोई नहीं हटा सकेगा। दूसरी ओर सीएसके के पास खुद को अंतिम स्थान पर सीजन समाप्त करने से बचाने का मौका होगा। चेन्नई के कप्तान और आईपीएल के शेर एम एस धोनी इस सत्र में आखिरी बार मैदान पर उतरेंगे। आइए एक नजर डालते हैं इस मैच से जुड़े कुछ अहम आंकड़ों पर जिनका मैच पर असर देखने को मिल सकता है। शुभमन गिल और साई सुदर्शन आईपीएल 2025 की सबसे कामयाब ओपनिंग जोड़ी के रूप में सामने आए हैं। दोनों ने मिलकर 13 पारियों में 885 रन बनाए हैं, जिसमें इनका औसत 73.8 और स्ट्राइक रेट 160 का रहा है। इस जोड़ी ने चार अर्धशतकीय और तीन शतकीय साझेदारियां की हैं। वे अब केवल 54 रन दूर हैं आईपीएल इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली जोड़ी बनने से। इससे पहले विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी ने 2023 में, जबकि कोहली और एबी डिविलियर्स ने 2016 में 939 रनों की साझेदारी की थी।

## टी-20 मुंबई लीग 2025 के टिकटों की बिक्री शुरू

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग 2025 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू की, जो 4 से 12 जून तक दो प्रतिष्ठित स्थानों - वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। टिकटें डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत लेवल 1 के लिए 100रुपये, लेवल 2 के लिए 300 रुपये और गरवारे पैवेलियन लेवल 2 के लिए 400 रुपये है। भारत के प्रमुख घरेलू फ्रेंचाइज-आधारित टी20 टूर्नामेंटों में से एक, टी20 मुंबई लीग, शहर की बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभाओं की भागीदारी के साथ छह साल के अंतराल के बाद अपनी वापसी पर एक शानदार शो का वादा करती है। प्रशंसक भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे और पृथ्वी शॉ सहित अंतरराष्ट्रीय सितारों को देखने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। सीजन 3 में मुंबई के उभरते हुए खिलाड़ी जैसे मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, एमसीए वंचित बच्चों और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) स्कूलों के छात्रों को भी आमंत्रित करेगा।

### सुडोकू 6923 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर



■ लिवरपूल के इस फॉरवर्ड ने अपने करियर में दूसरी बार यह पुरस्कार जीता

लिवरपूल, 24 मई (एजेंसियां। मोहम्मद सालाह को 2024/25 प्रीमियर लीग का प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत लिवरपूल ने लीग का खिताब जीता है। लिवरपूल के इस फॉरवर्ड ने अपने करियर में दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2017-18 में क्लब के साथ अपने सनसनीखेज डेब्यू अभियान के अंत में यह पुरस्कार जीता था। सालाह ने इस सत्र में रेड्स की खिताबी जीत में मदद करने के लिए अब तक के सबसे बेहतरीन व्यक्तिगत प्रीमियर लीग सत्रों में से एक का प्रदर्शन किया है, जिसे अप्रैल में चार मैच शेष रहते हासिल किया गया था। उन्होंने रविवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले अंतिम मुकाबले से पहले आर्ने स्लॉट की टीम के लिए शीर्ष पर पहुंचने में 28 गोल किये हैं और 18 असिस्ट किए हैं। मिस्र के इस खिलाड़ी ने इन आंकड़ों के दम पर डिवीजन के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी और क्रिएटर के रूप में शीर्ष स्थान हासिल किया है। 46 गोलों की भागीदारी के साथ उन्होंने 38 मैचों के सीजन में सबसे ज्यादा गोल और असिस्ट का रिकॉर्ड बनाया है, सालाह ओवरऑल प्रीमियर लीग रिकॉर्ड से सिर्फ एक पीछे हैं, जो एलन शियरर और एंड्रयू कोल के नाम है, दोनों ने 42 मैचों के अभियान में 47 गोल किए हैं। 32 की उम्र में, सालाह लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। इस सीजन में वे 244 गोल के साथ लिवरपूल के ऑल-टाइम स्कोरर की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस सीजन की शुरुआत प्रीमियर लीग के इतिहास में 11वें सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में की थी, लेकिन उसके बाद वे प्रतियोगिता में 185 गोल करके पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो केवल शियरर (260), हैरी केन (213), वायने रूनी (208) और कोल (187) से पीछे हैं। वे इस सीजन में प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 13 | 9 | 4 | 18 | +0.602 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 17 | +0.255 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 16 | +1.292 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 13 | 6 | 6 | 13 | - 0. 019 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 6 | 7 | 12 | - 0-337 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 | -0.737 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 3 | 10 | 4 | -1.030 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| इटरनल | 3.60 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.42 प्रतिशत |
| आईटीसी | 2.39 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.14 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.09 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बर्गर पेंट्स | 2.03 प्रतिशत |
| भारती हेक्साकम | 1.37 प्रतिशत |
| बीकॉन | 0.78 प्रतिशत |
| सीजी पावर | 0.10 प्रतिशत |
| चोला इन्वेस्ट | 0.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,530 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.25 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## भारत ने प्रतिकूलताओं के बावजूद ऊर्जा के क्षेत्र में अच्छा काम किया : पुरी

- सरकार ने दो बार उत्पाद शुल्क में की कटौती
- एलपीजी की खपत में शानदार वृद्धि दर्ज
- प्रतिदिन 56 लाख सिलेंडरों की हुई डिलीवरी

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने, एलपीजी कवरेज का विस्तार करने और देशभर में रिफाइनिंग और वितरण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी।

हरियाणा के मानेसर में मंत्रालय की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, केंद्रीय मंत्री पुरी ने विस्तार से बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं से पार पाते हुए नागरिकों के लिए बिना किसी कमी के ऊर्जा की वहनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में सफल रहा। विशेष रूप से, सरकार ने दो बार उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिसमें पहली कटौती 4 नवंबर, 2021 को और दूसरी कटौती 22 मई, 2022 को पेट्रोल पर 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 16 रुपए प्रति लीटर के रूप में की गई। अप्रैल 2025 में की गई हालिया बढ़ोतरी को तेल विपणन कंपनियों ने



वहन कर लिया, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बोझ से बचाया जा सके। एलपीजी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इसकी शुरुआत के बाद से, एलपीजी कवरेज 2014 में 55 प्रतिशत से बढ़कर आज लगभग सार्वभौमिक पहुंच तक पहुंच गया है। एलपीजी की खपत में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें प्रतिदिन 56 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी हुई है। अब देश भर में 25,000 से अधिक एलपीजी वितरक काम कर रहे हैं, जिनमें से 86 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जो अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करते हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि भारत में एलपीजी की कीमतें वैश्विक स्तर पर सबसे कम हैं।

## मार्च में ईएसआई योजना के तहत 16.33 लाख नए कर्मचारी जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के प्रोविजनल पेरोल डेटा के अनुसार, इस साल मार्च के दौरान कुल 16.33 लाख नए कर्मचारियों के जुड़ने की जानकारी प्राप्त हुई है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मार्च महीने में 31,514 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च महीने में जुड़ने वाले 16.33 लाख नए कर्मचारियों में से 7.96 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं, जो कि कुल जीकरण का लगभग 49 प्रतिशत हैं। मंत्रालय के अनुसार, पेरोल डेटा के जेंडर-वाइज विश्लेषण से पता चलता है कि मार्च में महिला सदस्यों का नेट एनरोलमेंट 3.61 लाख रहा है। इसके अलावा, कुल 100 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण करवाया है, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में कर की दरों को तर्कसंगत बनाने की संभावना

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। जीएसटी परिषद अपनी अगली बैठक में कर की दरों को तर्कसंगत बनाने और क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर विचार कर सकती है। इसके साथ ही अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने और मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर फ्रेमवर्क में विसंगतियों को दूर करने पर ध्यान दिया जा सकता है।

नई दिल्ली में होने वाली बैठक जल्द ही बुलाए जाने की उम्मीद है, जिसमें राज्य भी अगले फिस्कल प्लानिंग साइकल से पहले अपने रेवेन्यू आउटलुक पर स्पष्टता के लिए दबाव डाल रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व घाटे की भरपाई के लिए शुरू किए गए शुल्क, क्षतिपूर्ति उपकर का मुद्दा भी चर्चा में है, खासकर तब जब 2026 से आगे भी इसे जारी रखना बहस का विषय बन गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मार्च में कहा था कि जीएसटी दरों में और कमी की जाएगी क्योंकि कर स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के समय रेवेन्यू न्यूट्रल रेट (आरएनआर) 15.8 प्रतिशत थी, जो अब 2023 में घटकर 11.4 प्रतिशत हो गई है और इसमें



- सितम्बर 2021 में किया गया था मंत्री समूह का गठन

और कमी आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जीएसटी स्लैब को सरल बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और जीएसटी परिषद, जिसका नेतृत्व वित्त मंत्री करते हैं और जिसमें राज्य के वित्त मंत्री शामिल हैं, जल्द ही अंतिम निर्णय लेगी।

जीएसटी दरों और स्लैब में बदलाव का सुझाव देने के लिए सितंबर 2021 में मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया गया था। इस समिति में छह राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। यह समिति टैक्स सिस्टम को अधिक कुशल बनाने पर काम कर रही है। रेशनलाइजेशन प्रक्रिया में कर स्लैब की संख्या कम करना, दरों को सुव्यवस्थित करना और विभिन्न उद्योगों की उठाई गई प्रमुख चिंताओं का समाधान करना शामिल है।

## समर्थ योजना से अब तक 3.20 लाख लाभार्थियों को मिला रोजगार

- 88 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार समर्थ योजना के तहत अब तक 4.32 लाख लाभार्थियों को ट्रेनिंग दी गई है और 3.20 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी 88 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है।

कपड़ा उत्पादन, शिल्प कौशल और इनोवेशन में महिलाओं को सशक्त बनाकर, यह योजना लैंगिक-समावेशी विकास (जेंडर-इंक्लूसिव डेवलपमेंट) को बढ़ावा दे रही है। इस योजना का लाभ भारत भर में लिया जा रहा है, जिससे जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक कौशल विकास सुलभ हो गया है। सरकार का ध्यान कपड़ा निर्माण बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, कुशल लोगों के माध्यम से इनोवेशन को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी को एडवांस करने पर है, जिससे वैश्विक कपड़ा केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने समर्थ योजना के तहत उद्योग भागीदारों और लाभार्थियों के साथ बातचीत की और समर्थ योजना के तहत हथकरघा, हस्तशिल्प, जूट और रेशम सहित विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों से मुलाकात की। लाभार्थियों ने उन्हें दिए गए लाभों पर अपने अनुभव साझा किए।

## ड्रोन के जरिए पहुंचाई जाएगी दुर्गम इलाकों में मछली : केंद्र

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि दुर्गम इलाकों में एग्रीगेटर से वितरण बिंदु तक मछली ले जाने का काम बहुत जल्द ड्रोन के माध्यम से होता नजर आएगा।

मछली पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव (मत्स्य पालन) डॉ. अभिलक्ष लिखी के अनुसार, जीवित मछली परिवहन के लिए वर्तमान में ड्रोन तकनीक पर एक पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य 70 किलोग्राम पेलोड ड्रोन विकसित करना है, जो दुर्गम इलाकों में जीवित मछली ले जाने में सक्षम हो। एक कार्यक्रम में, डॉ. लिखी ने राज्यों से इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थागत तालमेल के जरिए मत्स्य



पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। मछुआरों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया, जिसमें रिसोर्स मैपिंग, बायोमेट्रिक पहचान और चेहरे की पहचान जैसे पहलू शामिल हैं। ग्रीन और ब्लू सस्टेनेबिलिटी सिद्धांतों से जुड़ी स्मार्ट, इंटीग्रेटेड मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मॉडर्न फिश मार्केट के विकास को

- मछुआरों की सुरक्षा व दक्षता बढ़ाने के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी पर जोर

भविष्य की प्रमुख प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया। उन्होंने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) और सपोर्टिव सब्सिडी स्ट्रक्चर के माध्यम से ड्रोन पहल को मजबूत करने का भी आह्वान किया। आईसीएआर संस्थानों के समर्थन से एडवांस मत्स्य पालन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, प्रॉसेसिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर विशेष रूप से क्लस्टर डेवलपमेंट और एक संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम के जरिए मजबूत फोकस को प्रोत्साहित किया गया।

### सार संक्षेप

## भारत में एंट्री को तैयार एलन मस्क की स्टारलिंक

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की स्टारलिंक सहित अन्य सैटेलाइट कम्युनिकेशन कंपनियां भारत में अपनी सेवाएं लांच करने की तैयारी में हैं और इसके लिए वे शुरुआती प्रमोशनल अनलिमिटेड डेटा प्लान .10 (लगभग 840) प्रति माह से कम कीमत पर पेश कर सकती हैं। इन कंपनियों का लक्ष्य है कि वे तेजी से अपने यूजर बेस का विस्तार करें और मिड-टू-लॉन्ग टर्म में 1 करोड़ तक ग्राहक जोड़ सकें। इससे वे स्पेक्ट्रम की ऊंची लागत की भरपाई इकोनॉमी ऑफ स्केल के जरिए कर सकेंगी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने शहरी क्षेत्रों में सैटेलाइट कम्युनिकेशन यूजर्स के लिए 500 मासिक शुल्क की सिफारिश की है, जिससे सैटेलाइट कम्युनिकेशन स्पेक्ट्रम पारंपरिक टेरेस्ट्रियल सेवाओं की तुलना में महंगा हो जाता है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का मानना है कि इतनी अधिक कीमत होने के बावजूद स्टारलिंक जैसी मजबूत फंडिंग वाली कंपनियों के लिए भारत के शहरी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल नहीं होगा।

## भारत में एफपीआई प्रवाह के लिए लॉन्ग-टर्म आउटलुक सकारात्मक

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण अल्पकालिक अनिश्चितताएं बनी रह सकती हैं। लेकिन, भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) प्रवाह के लिए लॉन्ग-टर्म आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। क्वेस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के रिसर्च हेड प्रमुख और पोर्टफोलियो मैनेजर सौरभ पटवा ने कहा कि ऐसा तभी होगा, जब कॉर्पोरेट आय मौजूदा बाजार मूल्यांकन के अनुरूप होगी, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और निरंतर पूंजी प्रवाह को उचित ठहराया जा सकेगा। इतिहास बताता है कि तीव्र एफपीआई बिकवाली के दौर के बाद अक्सर मजबूत उछाल आता है। हाल के हफ्तों में नए सिरे से रुचि के शुरुआती संकेत सामने आए हैं, जो संभावित आशावाद का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की स्थिति वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। आरबीआई के अनुसार, वैश्विक व्यापार पुनर्गठन और औद्योगिक नीति में बदलाव के बीच, भारत एक कनेक्टर देश के रूप में कार्य करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो टेक्नोलॉजी, डिजिटल सर्विस और फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेक्टर में एक प्रमुख मध्यस्थ बन सकता है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनाक 19/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिनेश सोलंकी पिता श्री बी.एस.सोलंकी निवासी डी-202 रेसीडेंसी कटोरा तालाब रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं.69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 28/29 रकबा 0.0370 हे. हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र.../ वाचक / अति. तह0 / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 13.05.25. के परिपालन में दिनांक 23.05.25 को समय 3 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनाक / समय तक पटवारी हल्का नबर 67 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अत: सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 11

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-08 (खमतराई) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनाक 16/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सलीम मेमन पिता श्री हाजी वली मोहम्मद निवासी-केसकाल छ.ग.द्वारा मोहम्मद जुल्फिकार पिता श्री मिनतुल्ला निवासी-गुढ़ियारी द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई प.ह.नं.38 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-06 (खमतराई) स्थित भूमि खसरा नंबर 211/1 रकबा 0.0970 हे. हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के मा. क्र 202505111500078/ वाचक / अति. तह0 / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 15.05.25. के परिपालन में दिनांक 29.05.25 को समय 3 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनाक / समय तक पटवारी हल्का नबर 38 के खमतराई स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अत: सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 06,खमतराई

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले का नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र./202505110800025/अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 23/05/2025
प्रति,
क्षेत्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर द्वारा अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया पिता राजकमल सिंघानिया निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है आवेदक श्री नेतराम डडसेना पिता रघुनंदन लाल डडसेना निवासी डब्ल्यू 14 जीवन विहार रविग्राम तेलीबांधा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-तेलीबांधा प.ह.न. 64 रा.नि.मं.-09 रायपुर तहसील जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 559 का भाग संविलियन पश्चात खसरा नंबर 15018/1 का भाग रकबा 1453 वर्गफूट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता क्षेत्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर द्वारा अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया पिता राजकमल सिंघानिया निवासी रायपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय-विलेख दिनांक 07.01.2005 के माध्यम से कय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विकय-विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/05/2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VARSHA JASWANI D/O LAXMAN JASWANI, resident of C-55, AVANTI VIHAR, BEHIND VINAYAK GARDEN, TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) have changed my old name VARSHA JASWANI D/O LAXMAN JASWANI, so in future I should be recognized by my new name that is SIYA GODWANI W/O RAVI GODWANI in all Government and other documents.

**SIYA GODWANI**
C-55, AVANTI VIHAR,
BEHIND VINAYAK GARDEN,
TELIBANDHA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH KUMAR GEHLOT S/O HARI BHAI GEHLOT resident of H. NO G68 GULMOHAR PARK RAM NAGAR KOTA ROAD RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MANISH KUMAR GEHLOT S/O HARI BHAI GEHLOT so in future I should be recognized by my new name that is MANISH GEHLOT S/O HARI BHAI GEHLOT in all Government and other documents.

**MANISH GEHLOT**
H. NO G68 GULMOHAR PARK
RAM NAGAR KOTA ROAD
RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MUKESH AGRAWAL S/O GHANSHYAM AGRAWAL resident of HOUSE NO. A 105, DAL DAL SEONI ROAD, BEFORE KOOL HOMES, DOLPHIN PLAZA MOWA, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MUKESH AGRAWAL S/O GHANSHYAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MUKESH KUMAR AGRAWAL S/O GHANSHYAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**MUKESH KUMAR AGRAWAL**
HOUSE NO. A 105, DAL DAL
SEONI ROAD, BEFORE KOOL
HOMES, DOLPHIN PLAZA
MOWA, RAIPUR (C.G.) 492001

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006

**उद्घोषणा**

क्रमांक. 2136/रा.शा./ इन्द्रप्रस्थ /वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 28.02.2025

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 रायपुरा योजना के अन्तर्गत श्रीमती नैना चौधरी पति श्री विजय चौधरी को विनिमय में भूखंड क्रमांक डी-45 रकबा 105 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्रीमती नैना चौधरी पति श्री विजय चौधरी द्वारा उक्त भूखंड क्रमांक डी-45 रकबा 105 वर्गमीटर दिनांक 27.03.2024 को श्री अतल शुक्ला पिता श्री देव कुमार शुक्ला को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री अतल शुक्ला पिता श्री देव कुमार शुक्ला के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .. को जारी ।

मुहर राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I, Manas Sahu, S/O Itwari Ram Sahu and a residend of House sanyasi para, Khamtarai, Raipur, Chhattisgarh, Wish to inform the public of my official name change to Manas Sahu, Which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Monu Sahu and, from this day forward, will be recognized by New Name: Manas Sahu, I Kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Manas Sahu.

I will now go by the name Manas Sahu in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

**Manas Sahu**
S/O Itwari Ram Sahu
House Sanyasi para,
Khamtarai,
Raipur,Chhattisgarh

**शपथ पत्र**

मै बंशी लाल वर्मा निवासी ग्राम कुर्रा पोष्ट-बंगोली तह.-खरोरा जिला-रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि मै निम्नलिखित कथन कर शपथ प्रस्तुत करता हूँ कि:-

1.यह कि मैं उक्त ग्राम की निवासी हूँ।
2. यह कि मुझे मेरी आर्मी सेवा अभिलेख में मेरी पुत्री का नाम सही दर्ज कराना है जिसके लिए सही जानकारी हेतु शपथ पत्र की आवश्यकता है।
3. यह कि मैं यह शपथ करता हूँ कि मेरी पुत्री का सही नाम साक्षी वर्मा **(SAKSHI VERMA)** है जो कि मेरे सेवा अभिलेख में त्रुटिवश कुमारी साक्षी वर्मा **(KUMARI SAKSHI VERMA)** दर्ज हो गया है जो कि गलत है, सही नाम साक्षी वर्मा **(SAKSHI VERMA)** है।

यह कि मैं उपरोक्त दी गयी जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर उसकी समस्त जिम्मेदारी शपथकर्ता की होगी अत: यह शपथ मेरे सेवा अभिलेख में सही नाम साक्षी वर्मा **(SAKSHI VERMA)** दर्ज करने सक्षम अधिकारी के समक्ष पेश है।

शपथकर्ता
**बंशी लाल वर्मा**
निवासी ग्राम कुर्रा पोष्ट-बंगोली तह.-खरोरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURENDRA PATNI S/O LATE N. M. PATNI resident of 402, Block B, Phase 1, Sunita Park, Labhandi, Raipur (C.G.), 492012 have changed my old name SURENDRA KUMAR PATNI S/O LATE N. M. PATNI So in future I should be recognized by my new name that is SURENDRA PATNI S/O LATE N. M. PATNI In all government & Other documents.

**SURENDRA PATNI**
402, Block B, Phase 1, Sunita
Park, Labhandi, Raipur (C.G.),
492012

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRATEEK PATEL S/O PRAKASH PATEL resident of A-103, JAINAM HEIGHTS, NEAR M M I HOSPITAL, LALPUR RAIPUR (C.G.) have changed my old name PRATEEK PATEL S/O PRAKASH PATEL so in future I should be recognized by my new name that is PRATIK PATEL S/O PRAKASH PATEL in all Government and other documents.

**PRATIK PATEL**
A-103, JAINAM HEIGHTS,
NEAR M M I HOSPITAL,
LALPUR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRERNA D/O NEMICHAND MAKHIJA resident of GOKUL NIWAS, NEAR JULE LAL MANDIR, IDGAH BHATA, RAIPUR (C.G.) have changed my old name PRERNA D/O NEMICHAND MAKHIJA so in future I should be recognized by my new name that is PRERNA MAKHIJA D/O NEMICHAND MAKHIJA in all Government and other documents.

**PRERNA MAKHIJA**
GOKUL NIWAS, NEAR JULE
LAL MANDIR, IDGAH BHATA,
RAIPUR (C.G.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुधाकर निनावे, पिता स्व. मानिक राव निनावे, निवासी बंगलो नंबर 25 बुड्स इस्टेट, ऐश्वर्या किंग्डम के पास, कचना खम्हारडीह रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम सुधाकर राव निनावे को त्याग कर अपना नया नाम सुधाकर निनावे रख लिया हूं तथा मुझे अब से नया नाम सुधाकर निनावे के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जावे तथा मेरे समस्त शासकीय अर्धशासकीय एवं अन्य समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम सुधाकर निनावे ही दर्ज किया जावे। निनावे ही

**सुधाकर निनावे**
निवासी बंगलो नंबर 25 बुड्स
इस्टेट, ऐश्वर्या किंग्डम के पास,
कचना खम्हारडीह रोड, रायपुर
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANIL GOENKA S/O PREM CHAND GOENKA resident of H.NO. 11/1116 NEAR MAHAVIR SCHOOL GUDHIYARI PADAV RAIPUR (C.G.) have changed my old name ANIL GOENKA S/O PREM CHAND GOENKA so in future I should be recognized by my new name that is ANIL KUMAR GOENKA S/O PREM CHAND GOENKA in all Government and other documents.

**ANIL KUMAR GOENKA**
H.NO. 11/1116 NEAR MAHAVIR
SCHOOL GUDHIYARI PADAV
RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र. क्रमांक / 202505114500014/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 14/05/2025
ग्राम गोगांव प.ह.नं.- 50,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका गीता रावत पति प्रमोद रावत निवासी प्रीतम नगर, बड़ा अशोक नगर, गुढियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गोगांव प.ह.नं. 50, तहसील व जिला रायपुर में स्थित व्यपरिवर्तित भूमि खसरा नंबर 425/67 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता वैभव पाठक पिता शुभनारायण पाठक निवासी देवनंदन नगर, बिलासपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 06/06/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 06/06/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक / 202505114500031/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 20/05/2025
ग्राम गोगांव प.ह.नं.- 50,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक राजेन्द्र पाण्डेय पिता श्री महेश प्रसाद पाण्डेय निवासी प्रीतम नगर, बड़ा अशोक नगर, गुढियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गोगांव प.ह.नं. 50, तहसील व जिला रायपुर में स्थित व्यपरिवर्तित भूमि खसरा नंबर 425/67 रकबा 400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता वैभव पाठक पिता शुभनारायण पाठक निवासी देवनंदन नगर, बिलासपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.06.2022 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 12/06/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 12/06/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

## 'लकड़बग्घा' की कॉमिक बुक लॉन्च करेंगे जॉन अब्राहम

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम को कॉमिक बुक 'लकड़बग्घा द प्रोलॉग' लॉन्च करने के लिए चुना गया है। यह 2023 की एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा' पर तैयार की गई है। इस फिल्म में अंशुमान झा लीड रोल में नजर आए थे। बता दें कि जॉन अब्राहम को एनिमल लवर कहा जाता है। वह खुद जानवरों के हक में आवाज उठाते रहते हैं, इसलिए इस प्रोजेक्ट से जुड़ना उनके लिए बेहद खास है। कॉमिक बुक को 26 मई को मुंबई में लॉन्च किया जाएगा। इस मौके पर क्रिएटर्स और फ्रेंचाइजी के खास कलाकार, जैसे ऋद्धि डोगरा भी मौजूद रहेंगी। इस कॉमिक बुक को ओम बुक्स इंटरनेशनल और फर्स्ट रे फिल्म्स ने मिलकर तैयार किया है।

### शोधकर्ताओं ने अध्ययन में किया खुलासा

# पिछले 30 वर्षों में वृद्ध पुरुषों में तेजी से बढ़ रहे हैं त्वचा कैंसर के मामले

- उम्र बढ़ने के अलावा, जनसंख्या वृद्धि का बड़ा कारण
- 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में दर्ज किए गए लगभग 4.4 मिलियन नए त्वचा कैंसर

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार पिछले तीन दशकों में त्वचा कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। खासकर वृद्धों में ऐसे कैंसर के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। चीन में चोंगकिंग मेडिकल यूनिवर्सिटी के फर्स्ट एफिलिएटेड हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने उम्र बढ़ने के अलावा, जनसंख्या वृद्धि को भी इसके लिए बड़ा कारण बताया। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि उच्च सामाजिक-जनसांख्यिकीय सूचकांक (एसडीआई) स्तर वाले देशों में त्वचा कैंसर का बोझ असमान रूप से अधिक है।जेएएमए डर्मेटोलॉजी में प्रकाशित शोधपत्र में टीम ने कहा कि वृद्ध आबादी (विशेष रूप से पुरुष और उच्च एसडीआई देशों में रहने वाले लोग) त्वचा कैंसर के बढ़ते मामलों का सामना कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि हमें ज्यादा जोखिम वाले लोगों को फोकस करते हुए प्लानिंग करनी होगी। साथ ही, कैंसर के इलाज और इसकी प्रभावी रोकथाम पर ध्यान देना अहम है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2021 में 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में दर्ज किए गए लगभग 4.4 मिलियन नए



त्वचा कैंसर के मामलों मेलेनोमा, स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा और बेसल सेल कार्सिनोमा का विश्लेषण किया। यह डेटा 204 देशों और क्षेत्रों को कवर करने वाले ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2021 पर आधारित हैनिष्कर्षों से पता चला है कि स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा की घटना जो त्वचा पर कोशिकाओं की वृद्धि के रूप में शुरू होती है 1990 से 2021 तक प्रति वर्ष लगभग 2 प्रतिशत बढ़ी है। बेसल सेल कार्सिनोमा और और मेलेनोमा में भी तेजी देखी गई। ये दोनों त्वचा कैंसर के अलग-अलग प्रकार हैं।न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में 2021 में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में मेलेनोमा की दर सबसे अधिक दर्ज की गई। पूर्वी एशिया ने 1990 से 2021 तक बेसल सेल कार्सिनोमा के बोझ में सबसे तेजी से वृद्धि का अनुभव किया।शोधकर्ताओं ने कहा कि ये निष्कर्ष वृद्ध आबादी के बीच त्वचा कैंसर की बढ़ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए रोकथाम रणनीतियों को सही जगह टारगेट करने और संसाधनों के उचित उपयोग की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# तेंदूफल आदिवासियों के लिए 'सोना'

- आमदनी व सेहत का है खजाना
- पेट के रोगों, दस्त व त्वचा की समस्याओं का इलाज

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। भारत के आदिवासी समुदायों के लिए तेंदूफल केवल एक जंगली फल नहीं, बल्कि उनकी संस्कृति, आजीविका और पहचान का प्रतीक है। 'हरा सोना' कहे जाने वाला तेंदूफल और इसके पत्ते आदिवासियों के जीवन में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से खास स्थान रखते हैं।

सरकार और गैर-सरकारी संगठनों की नई पहलों के साथ यह 'तेंदूफल' आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक मजबूत माध्यम बन रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों में तेंदूफल और इसके पत्तों के संग्रहण ने आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में इस साल तेंदूपत्ता संग्रहण से करीब 4,500 आदिवासी परिवारों को रोजगार मिला है। सरकार ने तेंदूपत्ता का मूल्य बढ़ाकर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए कर दिया है, जिससे एक परिवार को प्रतिदिन 1,500 रुपए तक की कमाई हो रही है। तेंदूफल और पत्तों का संग्रहण ज्यादातर महिलाएं करती हैं। इस साल मध्य प्रदेश में 60 फीसदी से अधिक संग्रहण कार्य में महिलाओं की भागीदारी रही, जो आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक बड़ा कदम है। आदिवासी समुदायों, जैसे



गोंड, बैगा और कोरकू में तेंदूफल को धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग किया जाता है। इसे 'वन देवता का आशीर्वाद' माना जाता है और कई त्योहारों में इसे प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। आदिवासियों का मानना है कि तेंदूपत्ता उनके लिए किसी पेड़ का सामान्य पत्ता भर नहीं है बल्कि उनके लिए भगवान का प्रसाद है। तेंदूफल में विटामिन सी, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो कुपोषण से लड़ने में सहायक होते हैं। स्थानीय वैद्य इसका उपयोग पेट के रोगों, दस्त और त्वचा की समस्याओं के इलाज में करते हैं। वहीं तेंदूफल को स्थानीय बाजारों में बेचा जाता है और इससे जूस, जैम और हर्बल उत्पाद बनाए जा रहे हैं। कुछ गैर-सरकारी संगठन अब आदिवासियों को तेंदूफल से जैम, जूस और हर्बल उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिससे उनकी आय दोगुनी हो रही है। आयुर्वेद में तेंदूफल को कई रोगों के इलाज में उपयोगी माना जाता है। इसके पत्तों और छाल का उपयोग दस्त, पेट दर्द और त्वचा रोगों के उपचार में किया जाता है।

# घरेलू खजाना है नारियल तेल, छिपे हैं सेहत के चमत्कारी फायदे

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। नारियल तेल हर घर में काम आने वाली एक खास चीज है। यह न सिर्फ खाने में इस्तेमाल होता है, बल्कि बालों, त्वचा और सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। पुराने समय से लोग इसे घरेलू इलाज, सुंदरता और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपनाते आए हैं। इस तेल में कुछ ऐसे खास तत्व होते हैं, जो इसे और भी उपयोगी बनाते हैं। यह त्वचा को नमी देता है, बालों को मजबूत करता है और



शरीर को अंदर से भी ताकत देता है। यही नहीं, नारियल तेल का इस्तेमाल कई छोटे-मोटे घरेलू नुस्खों में भी किया जाता है।

**नारियल तेल में छिपे चमत्कारिक तत्वों और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे**

जैव-संबंधित खाद्य अनुसंधान के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाली पत्रिका फूड बायोसाइंस के मुताबिक, नारियल तेल में फिनॉलिक तत्व मौजूद होता है, जो प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट होता है। यह शरीर में सूजन कम करने, कोशिकाओं की सुरक्षा करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। फिनॉलिक तत्व कैंसर और दिल की बीमारियों से भी बचाव कर सकता है। इसके अलावा, तेल में फाइटोस्ट्रोल्स तत्व पाया जाता है, जो पौधों से मिलने वाला प्राकृतिक यौगिक होता है। ये शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है और दिल की बीमारियों का खतरा घटाता है। फाइटोस्ट्रोल्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है और कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होता है।

इस तेल में पोलिकोसैनॉल नामक तत्व भी होता है, जो प्राकृतिक वसा से बनता है। यह तत्व दिल का ख्याल रखता है और रक्त प्रवाह को सामान्य रखने में मदद करता है। नारियल तेल में ट्रेटिनोइन जैसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की देखभाल में उपयोगी होते हैं। यह तत्व मृत त्वचा को हटाने, मुंहासे कम करने और त्वचा को नया रूप देने में मदद करता है। ट्रेटिनोइन त्वचा की झुर्रियों को कम करता है और त्वचा को मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनाता है। इससे त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमी होती है। नारियल तेल में मैलिक एसिड जैसे तत्व भी होते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है और पीएच बैलेंस बनाए रखता है। इससे त्वचा मुलायम, ताजगीभरी और स्वस्थ दिखाई देती है। इसमें विटामिन के और विटामिन ई के गुण भी होते हैं। फायदों की फेहरिस्त काफी लंबी है। ड्राई स्किन पर रोज रात को नारियल तेल लगाने से स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग बनती है। बालों की जड़ों में हल्के गर्म नारियल तेल से मसाज करें, तो बाल मजबूत और घने होते हैं। होठों पर नारियल तेल लगाने से होंठ नहीं फटते। शेव के बाद नारियल तेल लगाने से स्किन इरिटेशन नहीं होती। डार्क सर्कल पर रोज हल्के हाथों से नारियल तेल लगाएं, तो आंखों के नीचे की कालिमा कम होती है। स्ट्रेच मार्क्स पर रोजाना मालिश करने से निशान हल्के पड़ने लगते हैं। तेल में नींबू मिलाकर कोहनी व घुटनों पर रगड़ने से कालापन दूर होता है।

# भोजन के बीच में घूंट भर पानी अमृत और बाद में जहर के समान

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। आयुर्वेद में भोजन के बाद पानी पीने को जहर के समान बताया गया है, बचपन से हम सभी इस बात को सुनते आए हैं। लेकिन हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति ऐसा कहती है तो क्यों आइए ये जानने का प्रयास करते हैं। 'अजीर्णे भेषजं वारि, जीर्णे वारि बलप्रदम। भोजने चाऽमृतम् वारि, भोजनान्तें विषप्रदम।।' इस श्लोक के अनुसार अपच की स्थिति में जल ग्रहण करना औषधि के समान और भोजन पचने के बाद जल ग्रहण करना बल प्रदान करता है। वहीं, भोजन के बीच में घूंट भर पानी पीना अमृत के समान, जबकि भोजन के बाद पानी पीना जहर की भांति होता है। अगर इसके पीछे का विज्ञान की बात करें तो हमारे पेट में नाभि की बाईं ओर एक थैली नुमा छोटा सा अंग होता है, जिसे जठर कहते हैं। इसे हम आमाशय भी कहते हैं। इसमें भोजन के पचने की प्रक्रिया होती है। इसमें एक अग्नि होती है, जब हमें भूख लगती है, तो यह अग्नि ही हमें संकेत देती है कि शरीर को ऊर्जा की जरूरत है। हमारे बुजुर्ग और पुराने लोग इसे जठराग्नि भी बुलाते हैं। भूख में अगर भोजन किया जाए तो काफी मीठा लगता है और वह आसानी से पच भी जाता है। वहीं, जठर की अग्नि भोजन करने के एक घंटे बाद तक प्रदीप्त होती है। जठराग्नि अपनी प्रक्रिया में भोजन से प्राप्त आहार रस को हमारे शरीर के विभिन्न अंगों तक भेजता है। जबकि, भोजन के बाद पानी पीना जठराग्नि को बुझाने का कारण बनता है।व्यवहारिक जीवन में भी देखें तो आग में पानी डालने से वह बुझ जाता है, ठीक इसी तरह भोजन करने के बाद पानी पीने से जठराग्नि बुझ जाती है, जिसके चलते भोजन पचने की प्रक्रिया रुक जाती है। जब भोजन अपने नियत एक घंटे में नहीं पच पाएगा तो वह वहां पर रुका रहेगा और खराब होगा। इसके बाद अपचा भोजन शरीर में गैस की समस्या और दुर्गंध का कारक बनेगा।



# 7 वर्षीय बच्ची के लिए पीएम श्री एयर एंबुलेंस बनी संजीवनी

**भोपाल,** 24 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई पीएम श्री एयर एंबुलेंस योजना मरीज और उसके परिवार के लिए मददगार साबित हो रही है। राजधानी भोपाल की 7 वर्षीय राधा साहू के लिए तो यह योजना संजीवनी से कम नहीं है। राजधानी के वार्ड क्रमांक 40 में रहने वाले साहू परिवार की 7 साल की राधा साहू लीवर की गंभीर बीमारी एक्यूट हेपेटाइटिस विथ एपेंडिंग लिवर फेलियर से जूझ रही थी और उसे बेहतर उपचार की जरूरत थी। इस स्थिति में राधा के परिजनों ने राज्य सरकार के मंत्री विश्वास सारंग से संपर्क किया और बच्ची की समस्या को देखते हुए सारंग की ओर से प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप राधा को पीएम श्री एयर एंबुलेंस के जरिए एयरलिफ्ट किया गया और उसे उपचार के लिए गुड़गांव भेजा गया है। राज्य सरकार ने गरीब और आयुष्मान कार्ड धारी परिवारों के लिए आकस्मिक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इसके जरिए पीड़ित को विशेष परिस्थिति में एयरलिफ्ट कर उसे शहर के



अस्पताल तक ले जाया जाता है, जहां बेहतर से बेहतर उपचार मिलना संभव होता है। यह खर्च सरकार की ओर से वहन किया जाता है। बताया गया है कि 7 वर्षीय बच्ची राधा को पेट में बहुत ज्यादा दर्द था, त्वचा पीली पड़ने लगी थी, साथ ही लैट्रिन के साथ खून भी आ रहा था। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, मगर उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उसे बेहतर इलाज की जरूरत थी। ऐसी स्थिति में परिजनों ने मंत्री सारंग से संपर्क किया और उसी के चलते बच्ची को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव ले जाया गया है, जहां उसका उपचार शुरू हो गया है।

# 'सुंदर' मानुषी छिल्लर को 'मसल्स बनाना' पसंद है

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री और पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं। कोताही उन्हें बर्दाश्त नहीं! कम से कम उनकी दो तस्वीरें तो यही बयां करती हैं।

मानुषी ने इंस्टाग्राम पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उन्होंने योगा मैट पर बैठकर मिरर सेल्फी ली है, उनके बगल में डंबल और रेजिस्टेंस बैंड रखे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उनके प्रभावशाली कोर स्ट्रेंथ को दिखाया गया है, जिसमें उनके मिड-प्लैंक को परफेक्ट फॉर्म में दिखाया गया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि सुंदर छोटे बच्चे को मसल्स बनाना पसंद... आप कितनी देर तक प्लैंक कर सकते हैं? वहीं, मानुषी छिल्लर



इस साल दो बड़ी फिल्मों के साथ एक रोमांचक साल की तैयारी कर रही हैं। पहली फिल्म है 'मालिक', जो एक गैंगस्टर ड्रामा है जिसमें वह राजकुमार राव के साथ काम कर रही हैं। इस फिल्म में मानुषी बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रही हैं।पुलकित के निर्देशन में सजी और कुमार तौरानी तथा जय शेवक्रमणी द्वारा निर्मित, 'मालिक' 20 जून, 2025 को रिलीज होने वाली है। उनकी दूसरी फिल्म, 'तेहरान' वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक मनोरंजक भू-राजनीतिक थ्रिलर है। इसमें मानुषी के अपोजिट जॉन अब्राहम हैं। इसमें जबरदस्त एक्शन दृश्यों के साथ एक बोल्ड नए लुक में नजर आएंगी। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, यह फिल्म 2025 के अंत में सिनेमाघरों में लग सकती है। अभिनेत्री ने 19 मई को अपने असाधारण जन्मदिन समारोह की एक झलक साझा की, जो विभिन्न समय क्षेत्रों में 33 घंटे से अधिक समय तक चला। उन्होंने बताया कि जेट लैग ने उन्हें पीछे छोड़ दिया क्योंकि उन्होंने लगातार केक काटने का काम किया, जिसमें एक विशेष बकलवा और करीबी दोस्तों का सरप्राइज शामिल था।

# नीना गुप्ता का 'शेफ अवतार', आलू पनीर रेसिपी की पेश




**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। इन दिनों नातिन को कभी लोरी सुनाती हैं, कभी योग करती दिखती हैं तो कभी लौकी राइस बनाती दिखती हैं। एक बार फिर नीना इंस्टाग्राम पर नई रेसिपी के साथ हाजिर हैं। शुद्ध देसी अंदाज में आलू-पनीर की सब्जी बनाई है। खासियत ये कि इसमें लहसुन और प्याज नहीं मिलाया गया! नीना ने सबसे पहले पैन में थोड़ा घी डाला। जब घी गरम हो गया, तो उसमें थोड़ा जीरा डाला। फिर उन्होंने टमाटर और अदरक का पेस्ट मिलाया और उसे हल्का भूरा होने तक पकाया। जब पेस्ट तैयार हो गया, तो उसने उसमें थोड़ा लाल मिर्च पाउडर और कटे हुए उबले आलू डाल दिए। इसके बाद नीना ने इसमें थोड़ा घर का बना पनीर डाला और अच्छे से मिला दिया। फिर स्वाद के अनुसार नमक और थोड़ा पानी डाला। आखिर में गरम मसाला डालकर सब कुछ अच्छे से पकने दिया।पिछले हफ्ते नीना ने बचे हुए चावल से स्वादिष्ट टिक्की बनाकर अपनी खाना 'पाक कला' के दर्शन कराए थे।चावल टिक्की के लिए 'बधाई हो' फिल्म की एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने बचे हुए चावल लिए और उसमें थोड़ी सूजी, कटी हुई गाजर, अदरक, प्याज और थोड़ा दही मिलाया। फिर उन्होंने इस सबको अच्छे से मैश कर लिया। इसके बाद नीना ने उसमें बारीक कटी हरी मिर्च और धनिया डाला और इस मिश्रण को करीब 20 मिनट के लिए रख दिया।जब बैटर तैयार हो गया, तो नीना ने उससे छोटी-छोटी बॉल्स बनाईं और उन्हें कुरकुरी टिक्की की तरह तल लिया। उन्होंने यह भी बताया कि वह यह रेसिपी पहली बार आजमा रही थीं। काम की बात करें तो नीना गुप्ता जल्द ही मशहूर वेब सीरीज 'पंचायत' के चौथे सीजन में नजर आएंगी।

# 'आर राजकुमार' और 'जय हो' के एक्टर मुकुल देव का निधन

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। 'आर राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। मुकुल देव एक लोकप्रिय और मेहनती कलाकार थे, जिन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा से कई लोगों का दिल जीता था। उन्होंने न केवल मुख्य भूमिकाएं निभाई, बल्कि सहायक भूमिकाओं में भी अपनी छाप छोड़ी।

शुक्रवार रात को अभिनेता ने 54 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। खबर लिखे जाने तक अभिनेता के निधन के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उनकी करीबी दोस्त और एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की और इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'आरआईपी।'



उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'अंत द एंड' में देखा गया था। वह अभिनेता राहुल देव के भाई थे। मुकुल देव ने साल 1996 में तनुजा चंद्रा के धारावाहिक 'मुमकिन' के जरिए टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। उस समय महेश भट्ट ने उन्हें देखा और उन्हें साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'दस्तक' में सुष्मिता सेन और शरद कपूर के साथ कास्ट किया। उनके काम को लोगों ने काफी सराहा। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कई फिल्मों में नजर आए, जिनमें 'इसकी टोपी उसके सर', 'मेरे दो अनमोल रतन', 'किला', 'वजूद', 'कोहराम', 'इत्तेफाक' और 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' जैसी फिल्में शामिल हैं।

फिल्मों के साथ-साथ वह टीवी पर काम करते रहे। उन्होंने 'घरवाली ऊपरवाली', 'एक टुकड़ा चांद का', 'कहीं दिया जले कहीं जिया', 'कुटुंब', 'भाभी', 'कशिश', 'कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन' और 'शशश.. फिर कोई है' जैसे टीवी शोज का हिस्सा रहे। उन्होंने 'फियर फैक्टर इंडिया' के पहले सीजन को होस्ट भी किया था।

2003 में, मुकुल ने पंजाबी फिल्मों में कदम रखा और फिल्म 'हवाएं' में बब्बू मान और माही गिल के साथ काम किया। उन्होंने कई पंजाबी फिल्में की, जैसे 'बुर्राह', 'हीर एंड हीरो', 'बाज', 'शरीक', 'इश्क विच यू नेवर नो', 'साका द मार्टर्स ऑफ ननकाना साहिब', 'जोरावर', 'जोरा 10 नंबरिया', 'डाका', 'साक' और 'सराभा क्राई फॉर फ्रीडम'।

वह 'दस्तक', 'किला', 'वजूद', 'कोहराम', 'इत्तेफाक', 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ', 'यमला पगला दीवाना', 'सन ऑफ सरदार', 'आर.. राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में भी अपनी अभिनय के लिए जाने गए। उन्होंने हिंदी और पंजाबी के अलावा, बंगाली, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु सिनेमा में भी काम किया था।

उनके निधन की खबर के बाद से सोशल मीडिया पर उनके साथी और फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

**'आप रत्न थे भाई' मुकुल देव के निधन पर शोक में डूबा बॉलीवुड**

बॉलीवुड की दुनिया में अपनी खास पहचान बनाने वाले अभिनेता मुकुल देव अब इस दुनिया में नहीं रहे। 54 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, जिससे इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। इस कड़ी में अजय देवगन, सोनू सूद, नील नितिन मुकेश, अरशद वारसी, सुष्मिता सेन समेत कई कलाकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।



# थायराइड के प्रति रहें जागरुक, लक्षणों को नजर अंदाज न करें

- थकान, शरीर में सूजन, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन जैसे लक्षण
- रेडिएशन एक्सपोजर या आयोडीन-रहित आहार भी खतरनाक

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। थायराइड संबंधी समस्याएं दुनियाभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती हैं, लेकिन इसके बावजूद इसके कारणों, लक्षणों और बचाव के तरीकों को लेकर जागरूकता की कमी है। थायराइड ग्रंथि गर्दन के सामने स्थित एक तितली के आकार की ग्रंथि है, जो मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाती है। जब यह हार्मोन अधिक बनने लगता है, तो इसे हाइपरथायरायडिज्म कहते हैं और जब कम बनता है, तो हाइपोथायरायडिज्म कहलाता है। डॉ. प्रमिला रामनिस बैथा, डायरेक्टर इंटरनल मेडिसिन, फोर्टिस ग्रेटर नोएडा ने बताया कि थायराइड रोगों के प्रमुख कारणों में ऑटोइम्यून डिसऑर्डर (जैसे हाशिमोटो रोग या ग्रेव्स डिजीज), आयोडीन की कमी, आनुवंशिकी और कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट्स शामिल हैं। लक्षणों में वजन का अचानक बढ़ना या घटना, थकान, शरीर में सूजन, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन या अत्यधिक पसीना आना, खून की कमी (एनीमिया), मासिक धर्म-सम्बंधी अनियमितताएं, हाथ-पैरों में कंपन, कब्ज या दस्त, और गले के सामने गांठ (गॉइटर) जैसी समस्याएं देखी जाती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में पुरुषों की तुलना में थायराइड की समस्याएं अधिक होती हैं क्योंकि उनमें हार्मोनल उतार-चढ़ाव (जैसे गर्भावस्था, मेनोपॉज) और ऑटोइम्यून रोगों का खतरा अधिक होता है। परिवार में थायराइड रोग का इतिहास, रेडिएशन एक्सपोजर या आयोडीन-रहित आहार भी जोखिम बढ़ाते हैं। डॉक्टर प्रमिला ने बताया कि हाइपरथायरायडिज्म अधिक गंभीर माना जाता है क्योंकि इसमें मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ सकती है और थायराइड स्टॉर्म (जानलेवा जटिलता) का खतरा रहता है। वहीं, हाइपोथायरायडिज्म में लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं, जिससे इलाज का समय मिल जाता है, लेकिन गंभीर मामलों में माइक्सिडीमा कोमा हो सकता है। बचाव के लिए आयोडीन युक्त नमक, सी-फूड का सेवन, पत्तागोभी और सोयाबीन जैसे गॉइट्रोजनिक खाद्य पदार्थों से परहेज, और नियमित जांच (खासकर जिनके परिवार में थायराइड इतिहास है) जरूरी है। थायराइड रोगों का समय पर निदान और इलाज संभव है। जागरूकता और सावधानी से गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है।

# समाचार पत्र जनसंचार का एक सशक्त माध्यम : रामाधार पटेल

## शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में पत्रकारिता प्रशिक्षण समर कैंप प्रारंभ



**बिलाईगढ़/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ में आयोजित पत्रकार प्रशिक्षण समर कैंप में देशबन्धु के बलौदाबाजार ब्यूरो चीफ एवं छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में हिंदी विभाग के द्वारा पत्रकारिता प्रशिक्षण समर कैंप का आयोजन 19 मई से 29 मई तक आयोजित किया गया हैं। समर कैंप के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में ब्यूरो चीफ देशबंधु एवं जिला स्काउट एंड गाइड जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष रामाधार पटेल की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार देखा गया। अपने वक्तव्य में रामाधार पटेल ने समाचार पत्र के विविध आयामों को जमीनी स्तर पर व्यावहारिक रूप से छात्र-छात्राओं के बीच रखा। विज्ञापन की आवश्यकता पत्रकारिता का इतिहास और पत्रकारिता से संबंधित सेवा भाव व्यवसाय एवं व्यावसायिक पक्ष आदि पर उन्होंने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

पत्रकारिता प्रशिक्षण समर कैम्प में उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि समाचार पत्र जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है। समाचार पत्रों की निष्पक्षता, निर्भीकता एवं प्रामाणिकता के कारण इनकी विश्वसनीयता में तेजी से वृद्धी हुई है। यही कारण है कि संतुलित तरीके से समाचार पत्रों का प्रस्तुतीकरण कर रहे समाचार पत्रों की लोकप्रियता बढती जा रही हैं। इन्होने बताया कि भारत में पत्रकारिता की शुरुआत 18वी सदी में हुई थी। बंगाल गैजेट (हिक्की गैजेट) पहला मीडिया पब्लिकेशन था जो 1780 में शुरू हुआ था। 19वी शताब्दी आते आते इनके महत्व में तेजी से वृद्धी होने लगी। वहीं आज एक लोकप्रिय एवं शक्तिशाली माध्यम बनकर उभरा है। वहीं दूसरी ओर लोकमत का निर्माण, सूचनाओं का प्रसार, भ्रष्टाचार एवं घोटालों का पर्दाफाश तथा समाज की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए जाना जाता है। वर्तमान स्थिति में समाचार पत्रों में प्रत्येक वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए, समाचार, फीचर एवं अन्य जानकारी प्रकाशित की जाती है। श्री पटेल ने यह भी कहा कि समाचार पत्र सरकार एवं जनता के बीच एक सेतु का कार्य भी करते हैं। वहीं आम जनता समाचार पत्रों के माध्यम से अपनी समस्याओं से शासन प्रशासन को अवगत करा सकती है। इस तरह आधुनिक समाज में समाचार पत्र लोकतंत्र के प्रहरी का रूप ले चुके हैं।

द्वितीय वक्ता के रूप में शालीन साहू, शोध छात्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने पत्रकारिता में प्रूफरीडिंग एवं संपादकीय दायित्व को विवेचित एवं विश्लेषित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस प्रकार एक सेनापति जागरूक रहकर अपनी सेना और राष्ट्र के हितों की रक्षा करता है उसी प्रकार संपादक समाचार पत्र की गरिमा एवं प्रतिष्ठा गुणवत्ता आदि का ध्यान रखकर उसे समाज में स्थापित करता है। वह अपनी प्रतिभा से प्रभावशील किंतु सरल शब्दों का चयन कर पत्रकारिता के उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहता है। प्रूफरीडिंग के कारण समाचार पत्र में गुणवत्ता आती है। वहीं समाचार के संपादक को अनेक भाषाओं की जानकारी आवश्यक है। इस समर कैंप में शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ के अतिरिक्त शासकीय महाविद्यालय कसडोल और शासकीय महाविद्यालय भटगांव के लगभग 55 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों के उत्तर दोनों वक्ताओं द्वारा सटीक रूप से दिया गया। रामाधार पटेल के साथ उपस्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छेरकापुर के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य डॉ राधेश्याम पटेल ने छात्र जीवन के महत्व, दायित्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्रा ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए आयोजित कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन करते हुए विभाग अध्यक्ष सुनीता विक्रम कोसले ने दोनों वक्ताओं द्वारा दिए गए छात्र उपयोगी व्याख्यान की सराहना की और समस्त महाविद्यालयीन परिवार की ओर से आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण कैंप में शिक्षक शेषनारायण तिवारी बलौदाबाजार, पत्रिका समाचार के संवाददाता शैलेंद्र देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में कुमारी मनीषा, नीरज, नीलम, सुमन आदि की प्रश्नोत्तरी में सक्रियता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन जन भागीदारी शिक्षक रेशम चौहान ने किया।

# सुशासन तिहार जनता और प्रशासन के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी : रंजना



**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में नगर पंचायत आमदी में आयोजित समाधान शिविर के शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। इस दरमियान भारतीय जनता पार्टी कि प्रदेश सरकार द्वारा मनाई जा रही सुशासन तिहार के आयोजन में लगाए गए आवेदनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया जा रहा है एवं हितग्राही को लाभान्वित हो रहे हैं, रंजना साहू ने कहा कि निश्चित रूप से यह कार्यक्रम आम लोगो के समस्याओं को जानकर समाधान करने में एवं शासन की योजनाओं को लागू करने में सहायक सिद्ध हो रही है, सुशासन तिहार जनता और प्रशासन के बीच संवाद कि महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसमें जनता अपनी समस्याएं पहले ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रूप से आवेदन करके बताए हैं और उसका निराकरण विभिन्न चरणों में शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र वासियों की विभिन्न समस्याएं दूर हो रही है, छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के तहत नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में यहां पर राज्यभर में प्रभावी ढंग से चल रही है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य भारत में सुशासन को प्रोत्साहित करना और नागरिकों में इसके महत्व को प्रति जागरूकता बढ़ाना है, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना, जनभागीदारी से शासन को अधिक प्रभावी व उत्तरदाई बनाना, सरकारी योजनाओं और सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना, प्रौद्योगिकी के माध्यम से सेवाओं की दक्षता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ जन, नगर पंचायत आमदी के प्रबुद्ध जन, गण मान्य नागरिक व आसपास क्षेत्र के आवेदक गण उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर में दबने से 14 वर्षीय बालक की मौत

**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। ग्राम देवपुर में एक मासूम बालक की ट्रैक्टर में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची। शव पंचनामा के बाद रक्तदान एम्बुलेंस से शिवा प्रधान और पप्पू साहू ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 8.30 बजे जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र के देवपुर गांव में बुदेश साहू 14 वर्ष पिता भोलाराम साहू अपने घर में बन रहे प्रधानमंत्री आवास के लिए रेत लाने के लिए महानदी जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर में सवार होकर वह आगे बढ़ ही रहे थे। बुदेश साहू ट्रैक्टर के सामने मुंडी में बैठा हुआ था जो फिसल गया और सामने के चक्के में आ गया। जिससे उस बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर क्र. सीजी 05 एल 7927 को कुछ दिनों पहले किराए पर लिया गया था।


**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**
रा.प.क्र./202505104000102/ब-121/ 2024-25,
मौजा: खपरी, प.ह.न.-10
// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला दुर्ग का पृ.क्र./50/प्र.कले./2025 दुर्ग दिनॉक 28.03.2025 एवं न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला-दुर्ग के पृ.क्रमांक/ क्यू/2025 भिलाई-03, दिनॉक 25.04.2025 के अनुसार आवेदकगण पवन दास पिता स्व. विजय दास एवं अन्य, साकिन ग्राम 14/66, पाठक किराना दुकान के पीछे नायती मंदिर विनोबा नगर बिलासपुर के द्वारा ग्राम खपरी, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 429 रकबा 0.47 हे. कृषि भूमि शासन से आवेदक के पूर्वजों को प्राप्त शासकीय पट्टेदार की भूमि है, जो कि अहस्तांतरणीय है। जो कि फौती नामांतरण से आवेदकगण के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, अपनी पुत्र के विवाह हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण उक्त आवेदित भूमि को बिक्री करने की अनुमति प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला दुर्ग (छ.ग.) को प्रस्तुत किये जाने से, उक्त आवेदन के संबंध में नियमानुसार आवश्यक जॉच कार्यवाही कर जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत आपत्तियाँ रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 10.06.2025 को इस न्यायालय में स्वत: अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियों निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।
पेशी दिनांक-10.06.2025
जारी दिनांक- 21.05.2025

तहसीलदार
मुहर अहिवारा जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक दामाखेड़ा/सिमगा/हथबंद तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

**क्र./..तह./बा./2025, सिमगा**
**दिनांक 04.04.205**

1. बीना साहू पति ओमहरे, 2. तालिब हुसैन पिता आदील हुसैन, 3. शरद भृगु पिता शिवकुमार भृगु, 4. गीतू राम पिता लल्लू, 5. अरूण पिता चैतराम, 6. महेत्तर पिता राजाराम, 7. सुनील कारकंडेय पिता पंचराम, 8. अंजुल कुमार पिता अशोक, 9. परघनिया पिता भगेला, 11. मंते पिता चैतू, 12. अनति पति सनत, 13. राजेश्वरी देवी पति राजेन्द्र सिंह

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक कमलेश अग्रवाल पिता गनेश प्रसाद निवासी ग्राम बोदरी कास्तकार गुाम दरचुरा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का निवासी आवेदित भूमि स्वामी हक की ख.नं. 592, 594/1, 595, 596 1, 597/1, 597/2, 597/3, 597/4, 599, 600, 602, 603, 604, 605/1, 605/2, 608/1, 608/2, 608/3, 608/4, 609, 612/1, 614, 682, 683/2, 684, 686, 687/1 रकबा 0.061, 0.048, 0.061, 0.083, 0.006, 0.007, 0.008, 0.004, 0.032, 0.121, 0.142, 0.121, 0.077, 0.062, 0.093, 0.008, 0.008, 0.012, 0.008, 0.057, 0.088, 0.093,0.105, 0.049, 0.077, 0.105, 0.138 ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. दामाखेडा तहसील सिमगा के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार सिमगा के समक्ष आवेदन किया है। जिसका परिपालन में उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा मौके पर दिनांक 28.05.2025 समय 11 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

एतद द्वारा आम सभी को सूचित किया जाता है। कृपया नियत दिनांक को सीमांकन के समय अपने-अपने पक्ष के समर्थन में लेखी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। सूचना पत्र प्राप्ति होने के पश्चात उपस्थित नहीं रहने पर सीमांकन की कार्यवाही किया जावेगा।

सील राजस्व निरीक्षक
दामाखेड़ा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीखम जैन पिता मांगीलाल जैन एवं अन्य 02 निवासी ग्राम ठेलकाडीह तहसील खैरागढ जिला खैरागढ छुईखदान-गण्डई के द्वारा ग्राम ठेलकाडीह प.ह.नं. 19 रा.नि.सं. ठेलकाडीह तहसील खैरागढ स्थित भूमि ख.नं. 151/1 रकबा 0.121हे. भूमि में से 0.101हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 13.06.2025 को नियत किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
खैरागढ़

**(योगेश पारीक), न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.)**

**समंस**

**प्रोसेस क्र. 85/2025**
**प्रकरण क्र.- 03/2025**
**पक्षकार- लक्ष्मीनारायण**
**विरुद्ध**
**आम जनता**
**धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम**
**पेशी तिथि 27.06.2025**

आवेदक-01. लक्ष्मीनारायण, पिता स्व. भूखनलाल, जाति लोहार, उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, थाना बालोद तहसील व जिला बालोद (छ.ग.), 02. गुरूदीप, पिता स्व. बनवाली, जाति लोहार, उम्र 07 वर्षी नाबालिक वली पालक नाना लक्ष्मीनारायण, पिता स्व. भूखनलाल, जाति लोहार, दोनों निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.).

विरूद्ध

अनावेदिका- आम जनता (जिसका संबंध हो)
(गुरुदीप पिता स्व. बनवाली, उम्र 07 वर्ष, जाति लोहार, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरीद, तह. व जिला-बालोद (छ.ग.) जिसका आवेदक को संरक्षक घोषित किया जाना है।)

उपरोक्त आवेदक-लक्ष्मीनारायण, पिता स्व. भूखनलाल, जाति लोहार, उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, थाना बालोद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा गुरुदीप पिता स्व. बनवाली, उम्र 07 वर्ष, जाति लोहार, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, तह. व जिला-बालोद (छ.ग.) के लिए आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम वास्ते अवयस्क का संरक्षक नियुक्त करने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको इस संबंध में कोई हक या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो, आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 27.06.2025 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

आज दिनांक 09.05.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
स्थान- बालोद
दिनांक-09.05.2025

( योगेश पारीक )
सील न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय,
बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय श्रीमती शीतल निकुंज व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, पाटन, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**
प्रो. क्रमांक 355/2025पेशी दिनांक 24/06/2025
मुकदमें के फैसले के बारे में रामना
(व्यवहार प्रक्रिय संहित, आदेश 5 नियम ओर-5)
वाद क्रमांक 66/A सन् 2024
**आवेदक- श्रीमती ज्ञान्ती देवी**
**अनावेदक-ईश्वर वगैर**
**आकाश चन्द्राकर आत्मज यशवंत चन्दाकर निवासी -रायपुरा, सांई कालेज के सामने रायपुर तह जिला रायपुर ( छ.ग. )**

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरुद्ध का बाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस 24 माह 06 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता 2025 न्यायालय में पेशी दिनांक अधिवधता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्पक अनुवेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 09/05/2-25 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

( श्रीमती शीतल निकुंज )
सील व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
पाटन, जिला- दुर्ग ( छ.ग. )

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202505211100034**
**अ/20 ( 3 ) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदलाल पिता गुरुमुख दास एवं अन्य 01 निवासी भाटापारा, तहसील-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 11-डी, भू-खण्ड क्रमांक 157/2, क्षेत्रफल 48 वर्गमीटर, निर्धारण 5.30 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक गुरुमुख दास पिता पोपटमल सिन्धी सा. भाटापारा के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक गुरुमुख दास पिता पोपटमल सिन्धी की दिनांक 17.11.2020 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदकगण अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/06/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी
भाटापारा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202505211100007**
**अ/20( 3 ) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सावित्री यादव पति खिलावन यादवनिवासी सुभाष बार्ड भाटापारा ने नगर- भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 6-अ, प्लाट नंबर-52/1, क्षेत्रफल 198 वर्गमीटर भूमि जो भू-धारक परदेशी बल्द उदेराम के एकल नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भू-धारक उद्देराम का दिनांक 27-12-1991 को मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर आबेदित भूमि पर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 20/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी
भाटापारा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202505211100036**
**अ/20 ( 3 ) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयश्री क्षत्रे पिता संतोष कुमार क्षत्रे निवासी रेस्ट हाउस गली भाटापारा, तहसील-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 13-अ, प्लाट नं. 94, क्षेत्रफल 70 वर्गमीटर अर्थात 753 वर्गफुट भू-भाटक 5.05 रूपये भूमि आवासीय नजूल पक्का मकान जो कि अनावेदक संतोष कुमार क्षत्रे पिता डी. एन. क्षत्रे के एकल नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त नजूल भूमि को अनावेदक द्वारा पंजीकृत दानपत्र दिनांक 11/03/2025 को आवेदक के नाम से दानपत्र निष्पादित किया गया है। उक्त पंजीकृत दानपत्र के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक/दानदाता का नाम विलोपित कर आवेदक अपने नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ दानपत्र की छायाप्रति एवं शपथपत्र संलग्न किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/06/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी
भाटापारा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202505211100031**
**अ/20 ( 1 ) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीना वर्मा पिता बल्दू राम (पति गणेश प्रसाद वर्मा), निवासी दीपक नगर दुर्ग तहसील दूर्ग ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 06-डी भूखंड नं 172 क्षेत्रफल 79 वर्गमीटर निर्धारण 11.45 रुपये भूमि जो कि नजूल अभिलेख में रेखा आडिल, मीना वर्मा, भारती चंद्रवंशी पिता बल्दूराम के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त पट्टे की नीज / अबधि वर्ष 2012 में समाप्त होने का उल्लेख करते हुए पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, पट्टे की छायाप्रति, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति संलग्न किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 19.06.2025तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी
भाटापारा

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PAWAN KUMAR S/O RAJA RAM JOTWANI, resident of H.NO. 965, WARD NO. 12, SADAR BAZAR, CHARAMA, KNAKER (C.G.) have changed my old name PAWAN KUMAR S/O RAJA RAM JOTWANI, so in future I should be recognized by my new name that is PAWAN KUMAR JOTWANI S/O RAJA RAM JOTWANI, in all Government and other documents.

**PAWAN KUMAR JOTWANI**
H.NO. 965, WARD NO. 12,
SADAR BAZAR, CHARAMA,
KNAKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAKHI GOLCHA W/O RAMESH KUMAR GOLCHHA resident of HOUSE NO. 1033, WARD NO. 11, NAGRI, NAGRI (NP) DHAMTARI (C.G.) 493778 have changed my old name RAKHI GOLCHA W/O RAMESH KUMAR GOLCHHA so in future I should be recognized by my new name that is RAKHI GOLCHHA W/O RAMESH KUMAR GOLCHHA in all Government and other documents.

**RAKHI GOLCHHA**
HOUSE NO. 1033,
WARD NO. 11, NAGRI, NAGRI
(NP) DHAMTARI (C.G.) 493778

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAMESH KUMAR GOLCHA S/O GULAB CHAND GOLCHHA resident of HOUSE NO. 18, WARD NO. 11, NAGRI (NP) DHAMTARI (C.G.) 493778 have changed my old name RAMESH KUMAR GOLCHA S/O GULAB CHAND GOLCHHA so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH KUMAR GOLCHHA S/O GULAB CHAND GOLCHHA in all Government and other documents.

**RAMESH KUMAR GOLCHHA**
HOUSE NO. 18, WARD NO. 11,
NAGRI (NP) DHAMTARI (C.G.)
493778

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAULIK S/O RAMESH KUMAR GOLCHHA resident of WARD NO. 11, NEAR DENA BANK, NAGRI (NP) , PO NAGRI, DIST- DHAMTARI (C.G.) 493778 have changed my old name MAULIK S/O RAMESH KUMAR GOLCHHA so in future I should be recognized by my new name that is MOULICK GOLCHHA S/O RAMESH KUMAR GOLCHHA in all Government and other documents.

**MOULICK GOLCHHA**
WARD NO. 11, NEAR DENA
BANK, NAGRI (NP) , PO
NAGRI, DIST- DHAMTARI
(C.G.) 493778

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANDEEP SHRIVASTAVA S/O RAJENDRA LAL SHRIVASTAVA resident of HOUSE NO. 20/2 NORTH VASUNDHARA NAGAR NEAR SAI TEMPLE BHILAI-3 DIST-DURG (C.G.) 490021 have changed my old name SANDEEP SHRIVASTAVA S/O RAJENDRA LAL SHRIVASTAVA so in future I should be recognized by my new name that is SANDEEP KUMAR SHRIVASTAVA S/O RAJENDRA LAL SHRIVASTAVA in all Government and other documents.

**SANDEEP KUMAR SHRIVASTAVA**
HOUSE NO. 20/2 NORTH
VASUNDHARA NAGAR NEAR
SAI TEMPLE BHILAI-3 DIST-
DURG (C.G.) 490021

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY KUMAR S/O S P SHRIVASTAVA resident of QR. NO.-9/A, STREET-34, SECTOR-4, BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490001 have changed my old name VIJAY KUMAR S/O S P SHRIVASTAVA so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR SHRIVASTAVA S/O S P SHRIVASTAVA in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR SHRIVASTAVA**
QR.NO.-9/A,STREET-34,
SECTOR-4, BHILAI,DURG,
(C.G.) PIN-490001

**कार्यालय, नगर पंचायत डौण्डी, जिला - बालोद ( छ.ग. )**

क्रमांक/516/ राजस्व/न.पंचा./2025 डौण्डी, दिनांक 23.05.25

**टेक्स पंजी में नाम परिवर्तन हेतु सूचना**

एतद द्वारा नगर पंचायत डौण्डी को प्राप्त नामांतरण आवेदनों के सक्षम स्वीकृक्ति प्राप्ति उपरात छ.ग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति आहूत किया जाता है। किसी भी सम्पतिकर पर हक रखने वाला व्यक्ति मय प्रमाणक दस्तावेज के साथ अपना आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | संपति जिसके नाम से है नाम/पिता/पति | संपतिकर जिसके नाम से करना है नाम/पिता/पति का नाम | संपत्तिकर का विवरण | संपति नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेवती बाई/बीर सिंह जाति हल्बा वार्ड क्रमांक 10 डौण्डी | श्रीमती कशर बाई/सेवक राम जाति हल्बा वार्ड क्रमाक 10 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/70 का टुकडा रकबा 1860 वर्ग फीट में 930 वर्ग फीट पर स्थित मकान बाडी | रेवती का मृत्यु उपरात एवं परिवार के सहमति पत्र के आधार पर |
| 2 | श्री जेठू राम/सुखराम जाति हल्बा वार्ड क्रं. 14 डौण्डी | श्री निर्मल/जेठूराम जाति हल्बा वार्ड क्रमाक 14 डौण्डी | लगानी भूमि खसरा नंबर 181, 824 रकबा 0.04, 0.36 हेक्टेयर भूमि पर स्थित कच्चा मकान | जेठू राम की मृत्यु उपरात एवं परिवार की सहमति पत्र के आधार पर |
| 3 | श्री दसरु राम/चरण सिंह जाति गड़रिया वार्ड क्रमांक 13 डौण्डी | श्री विदेशी राम/दसरू राम, जाति गड़रिया, वार्ड क्रमांक 13 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/130 रकबा 2457 वर्ग फीट बटवारा हिस्सा 1229 वर्ग फीट भूमि पर मकान बाडी | दसरू राम की मृत्यु उपरांत एवं परिवार की सहमति पत्र के आधार पर |
| 4 | श्री दसरू राम/चरण सिंह जाति गड़रिया वार्ड क्रमांक 13 डौण्डी | श्री दुर्जन/दसरू राम जाति गडरिया वार्ड क्रमाक 13 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/130 रकया 2457 वर्ग फीट बटवारा हिस्सा 1229 वर्ग फीट भूमि स्थित मकान बाडी | दसरू राम की मृत्यु उपरात एवं परिवार की सहमति पत्र के आधार पर |
| 5 | श्री शम्भू राम/रघु राम जाति हल्बा वार्ड क्रमाक 01 डौण्डी | कुमारी/ शम्भू जाति हल्बा वार्ड क्रमांक 01. डोण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 1016/11 रकबा 2448 वर्ग फीट भूमि स्थित मकान बाड़ी | शम्भू राम की मृत्यु उपरात एव परिवार की सहमति पत्र के आधार पर |
| 6 | श्रीमती ललिता बाई /अर्जुन सिंह, जाति कुम्हार वार्ड क्रमाक 10 डौण्डी | श्री गोविन्द कुमार/अर्जुन सिह जाति कुम्हार वार्ड कमाक 10 डौण्डी | आबादी भूगि खसरा नदर 587 रकबा 3045 वर्ग फीट भूमि में से 550 वर्ग फीट भूमि में बटवारा हिस्सा में मकान बाडी | श्रीमती ललिता बाई के सहमति पत्र के आधार पर |
| 7 | श्री प्रेम लाल धनकर/शिवप्रसाद, जाति गडरिया वार्ड क्रमाक 13 डौण्डी | श्री हरख राम धनकर/प्रेम लाल, जाति गडरिया गार्ड कमांक 13 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/114 रकबा 3149 वर्ग फीट का 1000 वर्ग फीट में स्थित मकान बाडी | प्रेमलाल धनकर के सहमति पत्र के आधार पर |
| 8 | श्री देवलाल धनकर/तिलोचन, जाति गडरिया, वार्ड क्रमाक 13 डौण्डी | श्री अशोक कुमार धनकर / देवलाल धनकर जाति गडरिया वार्ड क्रमाक 13 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/117 रकबा 2106 का 700 वर्ग फीट भूमि का बटवारा हिस्सा | देवलाल की सहमति पत्र के आधार पर |
| 9 | श्रीमती सोनकुबर / माखन धुर्वे जाति गोड वार्ड क्रमाक 10 डौण्डी | श्रीमती यमुना बाई/दानू राम जाति गोड, वार्ड क्रमांक 10 डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 857/77 का टुकडा रकबा 2220 वर्ग फीट पर स्थित मकान बाडी | सोनकुबर एवं दानू राम के सहमति पत्र के आधार पर |
| 10 | श्री अमरचंद जैन/अन्नराज जैन, वार्ड क्रमाक 12 डौण्डी | श्री दीपक जैन, अशोक जैन/नवरत्नमल जैन, वार्ड क्रमांक 26 दल्लीराजहरा | आबादी भूमि खसरा नंवर 857/232 रकबा 454 वर्ग फीट भूमि पर स्थित मकान बाडी | मलमा विकय की इकरार नाम की आधार पर |
| 11 | श्री महेन्द्र कुमार सार्वा/रूप लाल सार्वा, जाति गाडा, वार्ड क्रमांक 06 डौण्डी | श्रीमती रत्ना हिरवानी/प्रद्युम्न कुमार हिरवानी, जाति तेली, ग्राम पटेली डौण्डी | आबादी भूमि खसरा नंबर 1145 का टुकडा रकबा 1215 वर्ग फीट पर स्थित मकान | विक्रय इकरारनामा/टेक्स नामांतरण सहमति पत्र के आधार पर |

**टीप** - उपरोक्तानुसार निकाय में टेक्स वसूली हेतू नाम परिवर्तन किया जा रहा है, टेक्स पंजी में नाम दर्ज होने से भूमि स्वामित्व प्रमाणित नहीं होता।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डौण्डी, जिला - बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक- 202505104500013**

**ईश्तहार**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**विषय:-अ-19( 1 ) सन- 2024-2025**
**पाहंद्रा ( पं.हं.नं. 00002 ),**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- चेतनलाल देवांगन,**
**अनावेदक पक्षकार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चेतनलाल देवांगन पिता कोदू देवांगन निवासी ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा पंडवानी के पितामह झाडूराम देवांगन की स्मृति में पंडवानी भवन निर्माण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के लिए ग्राम पाहंदा स्थित भूमि खसरा नंबर 2055 रकबा 2.26 है. का भाग रकबा 0.20 है. भूमि का मांग किया गया है प्रस्तुत आधार पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अत: उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 06.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/05/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
सील तहसील पाटन

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म - अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**( नियम-6 देखिये )**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक तिलकराम पिता श्री हेमलाल, उम्र 24 वर्ष, जाति गोंड़, ग्राम हरणसिंधी, थाना रनचिरई, तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका साक्षी आ. श्री महेन्द्रपाल नेताम, जाति गोंड़, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम अंगारी, थाना व तह. व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29/05/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 29/05/2025**

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
सील जिला- बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म - अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**( नियम-6 देखिये )**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक ईमानवेल मसीह आ. श्री अरविन्द सिंह, उम्र 25 वर्ष, जाति ईसाई, निवासी ग्राम फुण्डा, थाना रनचिरई, तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका सरिता यादव आ. श्री प्रेमलाल यादव, जाति राऊत, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम चंदेली, पंचायत गंजाईभौना, पो. भाड़ीसार, थाना केडार, तह. सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29/05/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 29/05/2025**

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
सील जिला- बालोद ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वी. श्रीनिवास राव आ. स्व. वी. सुब्बा राब, निवासी- जूनि.एम.आई.जी.-626 'ए', वैशाली नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक जूनि.एम.आई.जी.-626 'ए', वैशाली नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों 1) श्री वडलामानी वेंकटा सुब्रहमण्यम आ. स्व. वी. श्रीनिवास राव 2) श्री वडलामानी वेंकटा सूर्या सुब्राहमण्यम आ. स्व. वी. श्रीनिवास राव एवं 3) सुश्री विश्वनाथ राजलक्ष्मी पिता स्व. वी श्रीनिवास ने आबंटित भवन को संयुक्त नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक जूनि.एम.आई.जी.-626 'ए', वैशाली नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को 1) श्री वडलामानी वेंकटा सुब्रहमण्यम 2) श्री वडलामानी वेंकटा सूर्या सुब्राहमण्यम एवं 3) सुश्री विश्वनाथ राजलक्ष्मी के संयुक्त नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. वी. श्रीनिवास राव के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: 1) श्री वडलामानी वेंकटा सुब्रहमण्यम 2) श्री वडलामानी वेंकटा सूर्या सुब्राहमण्यम एवं 3) सुश्री विश्वनाथ राजलक्ष्मी के संयुक्त नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 23/5/25 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
सील छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202505211100035**
**अ/20 ( 3 ) वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीराम पिता कुंवरसिंग साहू साहू जाति तेली निवासी हथनीपारा वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भााटापारा स्थित नजूल भूमि शीट नम्बर 2-डी, प्लाट नंबर 178/4 क्षेत्रफल 60 एवं 84 वर्ग मीटर कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग मीटर निर्धारण 50.80 रूपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक कुंवर सिंग पिता लेडगा के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक की मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान कांशीराम, श्रीराम, निर्मल, बलराम, अनुसईया, कुमारी रूखमीन पिता कुंवर सिंग वो राघव, जिवराखन, ईष्वर गायत्री, सावित्री तरूणा वल्द बेदराम के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/06/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी
भाटापारा

# रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला आयोजित

## रजिस्ट्री के साथ-साथ अब नामांतरण भी होगा आसान: मंत्री देवांगन




**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया में किए गए दस नई क्रांतियों पर आज खैरागढ़ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन रहें।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा है कि शासन व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु उन्होंने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, जिससे समस्त प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित हों और फर्जीवाड़ा जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

प्रधानमंत्री जी की इस दूरदर्शी सोच के अनुरूप, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश में च्रजिस्ट्री की 10 क्रांतियाँज् प्रारंभ की गई हैं, जिससे आमजन विशेषकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा।

पूर्व में रजिस्ट्री और नामांतरण से जुड़ी जो समस्याएं नागरिकों को झेलनी पड़ती थीं, उन्हें दूर करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। यह पहल सरलता, पारदर्शिता एवं दक्षता को सुनिश्चित करती है, जिससे नागरिकों को अब अपने भूमि से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण और कार्यशालाएं जनसमुदाय को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से आम लोगों को न केवल जानकारी मिलती है, बल्कि वे नई व्यवस्थाओं और बदलावों को भी समझ पाते हैं।

सांसद संतोष पाण्डेय आज यहां एक विशेष कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, च्कार्यशालाएं केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह परिवर्तन का पहला चरण होती हैं। आज की कार्यशाला जनहित के लिए अत्यंत लाभकारी है।

श्री पाण्डेय ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए व्यापक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बीते वर्षों में निर्णायक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा, च्भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर उसे न्यायोचित बनाया गया है। वहीं, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना एक ऐतिहासिक निर्णय था, जिससे देश की एकता और अखंडता को बल मिला।

डिजिटलीकरण के लाभों का उल्लेख करते हुए सांसद पांडे ने कहा कि इससे सरकारी प्रक्रियाएं तेज और पारदर्शी हुई हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल किए गए 10 प्रमुख बिंदुओं को उन्होंने क्रांतिकारी परिवर्तनज्ज बताया। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों को जनसामान्य तक पहुंचाने और अधिकतम लोगों को इनका लाभ दिलाने की आवश्यकता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, भुनेश्वरी देवांगन, दिनेश वर्मा, श्रीमती अरुणा बनाफर, श्रीमती हेमलता मांडवी, जमुना महेश कुर्रे ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजना सराहनीय है। 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन जनप्रतिनिधियों के पास आमलोग पहुंच कर जमीन से संबंधित विवादों की शिकायत करते है लेकिन अब इन सभी समस्याओं से आम नागरिकों को निजात मिलेगा।

कार्यशाला में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बताया कि 03 मई 2025 को माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा जी एवं पंजीयन विभाग के मंत्री ओ.पी. चौधरी जी की उपस्थिति में च्रजिस्ट्री में 10 क्रांतियांज् कार्यक्रम के अन्तर्गत पंजीयन विभाग की 10 जन उपयोगी पहलों का शुभारंभ किया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य पंजीयन संबंधी सेवाओं का अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल एवं नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाना है। आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण-पत्र, व्हाट्सअप सूचना सेवा, घर बैठे रजिस्ट्री और स्वत: नामांतरण जैसी सुविधाओं के माध्यम से आम जनता को पंजीयन सेवाओं का लाभ अब कही अधिक सहजता से प्राप्त हो सकेंगे।

इन सुधारों से आम नागरिकों को पंजीयन से जुड़े कार्यों हेतु कार्यालयों में बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी और साथ ही सम्पत्ति पंजीयन में होने वाले फर्जीवाड़े की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण होगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर , संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित पंजीयन, राजस्व विभाग अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा का उद्देश्य संस्कार और सेवा होना चाहिए: राज्यपाल डेका



**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। विप्र पब्लिक स्कूल, रायपुर के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व को संवारने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने की प्रक्रिया है।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल डेका ने विप्र शिक्षा समिति और विप्र कॉलेज के 30 वर्षों की शिक्षायात्रा को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह ज्ञान, सेवा और संस्कृति का संगम है।

राज्यपाल डेका ने कहा कि च्आज जब पूरा विश्व डिजिटल क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब ऐसी शिक्षा की जरूरत है जो आधुनिकता के साथ-साथ हमें हमारी जड़ों और भारतीय जीवन मूल्यों से भी जोड़े रखे।

राज्यपाल ने डेका कहा कि भवन कैसा है यह न देख हुए वहां कैसी शिक्षा मिल रही है यह देखा जाए। हमे ऐसी शिक्षा देना है जो स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक समझ के साथ-साथ विज्ञान, गणित और तकनीकी शिक्षा को समन्वित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-निर्मित भवन आने वाले वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता का प्रतीक बनेगा।

श्री डेका ने कहा कि देश में गुरूकुल परंपरा को स्थापित करने में ब्राह्मण समाज का बहुत बड़ा योगदान है। ब्राह्मण समाज ने सदैव शिक्षा और नैतिकता तथा सामाजिक मार्गदर्शन को अपना कर्त्तव्य माना है।

इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपना आर्शीवचन दिया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व मंत्री रवींद्र चौबे ने भी अपना संबोधन दिया।

इस अवसर पर संतगण सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी और विप्र समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा नहीं चाहती झीरम का सच सामने आये: दीपक बैज

■ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राज्य की एसआईटी ने झीरम की जांच क्यों शुरू नहीं किया?



**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। झीरम कांड की बरसी पर कांग्रेस ने अपने शहीद नेताओं का स्मरण करते हुए अनेकों सवाल खड़ा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि झीरम घाटी कांड एक ऐसा कांड था जिसने कांग्रेस के नेतृत्व की एक पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर दिया था। स्वतंत्र भारत में हुई दुर्दान्त और हृदय विदारक घटना भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में डॉ. रमन सिंह के राज में घटित हुई थी इसके गुनाहगारों को सजा जरूर मिलनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि भाजपा डरती है झीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी। रमन सिंह से बड़ा क्रूर शासक आजाद भारत में आज तक नहीं हुआ। एक साथ विपक्ष के 32 नेताओं की हत्या हो गयी और तत्कालीन सरकार सच सामने आने देन से रोकने में पूरी ताकत लगा रखी थी। भाजपा के बड़े नेता जीरम की जांच को रोकने लगातार कोशिशें करते रहे उसमें साफ है झीरम के पीछे तत्कालीन भाजपा सरकार की भूमिका संदिग्ध थी।

तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार की नाकामी, उनके द्वारा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा मुहैया करवाने में बरती गई घोर लापरवाही सामने आ जाएगी? भाजपा किस बात से डर रही है? क्या धरमलाल कौशिक इस बात से डरते हैं कि इस नक्सली घटना के पीछे की किसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो जायेगा जिसका प्रभाव इनकी पूरी पार्टी पर पड़ सकता है? आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं, भाजपा और भाजपा के लोग। कांग्रेस पार्टी झीरम के षड्यंत्र को उजागर होने का पूरा प्रयास करेगी। इस षड्यंत्र को उजागर होने में कितनी भी बाधाएं पैदा की जाए कांग्रेस उनका डट कर मुकाबला करेगी।

# प्रदेश में मेदांता अस्पताल और वरुण बेवरेजेस संयंत्र की स्थापना का प्रस्ताव

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बड़े निवेश की दिशा में अहम कदम बढ़ते हुए आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से दो प्रमुख उद्योग समूहों ने मुलाकात की।



■ मुख्यमंत्री से निवेशकों ने की मुलाकात

मेदांता अस्पताल के संस्थापक और प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन ने रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि वे इस परियोजना में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं। यह अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों, रिसर्च और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस होगा।

वहीं, वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने रायपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और फ्रूट जूस आधारित संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें 250 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोज़गार सृजन को गति देगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में ऐसे गुणवत्तापूर्ण निवेश के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाओं पर राज्य शासन विचार कर इसे हर संभव मदद देगी। इस प्रकार की परियोजनाओं से जनता को लाभ और युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी सुलभ होंगे।

### एनटीपीसी लारा पावर प्रोजेक्ट में भूअर्जन घोटाला

# तत्कालीन एमडीएम तीर्थराज अग्रवाल को कोर्ट ने दी बड़ी राहत



**बिलासपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। हाईकोर्ट से रायगढ़ के तत्कालीन एसडीएम तीर्थराज अग्रवाल को बड़ी राहत मिली है. एनटीपीसी लारा पावर प्रोजेक्ट के लिए भूअर्जन घोटाले में रायगढ़ के तत्कालीन एसडीएम तीर्थराज अग्रवाल पर भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण में करोड़ों रुपये के वारा-न्यारा का आरोप था. पुलिस ने चारसौबीसी के अलावा 467, 468, 471, 120बी, 34, 506बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था. कोर्ट ने तत्कालीन एसडीएम को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए तत्कालीन एसडीएम व याचिकाकर्ता के खिलाफ रायगढ़ कोर्ट द्वारा 13 जनवरी 2016 को आरोप तय करने के आदेश और 2 दिसंबर 2024 को दाखिल चार्जशीट को भी खारिज कर दिया है. मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की कोर्ट में हुई. जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने याचिका पर सुनवाई के बाद अपने फैसले में लिखा है कि याचिकाकर्ता द्वारा पारित आदेश राजस्व अधिकारी के न्यायिक कर्तव्यों का हिस्सा था. लिहाजा उन्हें न्यायिक संरक्षण अधिनियम, 1985 के तहत पूर्ण सुरक्षा प्राप्त है.

बता दें, कि जशपुर निवासी तीर्थराज अग्रवाल वर्ष 2013ङ्14 में रायगढ़ में एसडीएम थे. इस दौरान ग्राम झिलगीतर में एनटीपीसी लारा परियोजना के लिए 160 हेक्टेयर भूअर्जन व मुआवता वितरण की प्रक्रिया को पूरा कराया था. जिसमें मुआवजा वितरण में बडे पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिली. जिसमें कहा गया, कि वास्तविक भूमि स्वामियों को मुआवजा देने के बजाय कागजों में फर्जी किसान बनाकर मुआवजा राशि हड़प ली गई है. यह भी आरोप था, कि फर्जी खाता विभाजन, कर्ज पुस्तिकाएं और फर्जी खातों के जरिए सात लोगों को लाखों रुपये की राशि बांट दी गई है. मामले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर भूअर्जन और मुआवजा घोटाले में तत्कालीन एसडीएम तीर्थराज अग्रवाल व अन्य को आरोपी बनाते हुए पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी.

इधर पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए तीर्थराज अग्रवाल ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया, कि याचिकाकर्ता का नाम पुलिस ने एफआईआर में बाद में जोड़ा है. पहले दर्ज एफआईआर में याचिकाकर्ता का नाम नहीं था. बाद में पुलिस ने बिना किसी पुख्ता प्रमाण के जोड़ दिया. जांच रिपोर्ट या गवाहों के बयान में भी याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं है. उन्होंने केवल राजस्व रिकार्ड के आधार पर कानूनी प्रक्रिया के तहत मुआवजा आदेश पारित किया था.

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि एक राजस्व अधिकारी जब विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत आदेश पारित करता है, तो वह न्यायिक कार्य कहलाता है और उस पर आपराधिक कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती. जजेज प्रोटेक्शन एक्ट, 1985 की धारा 3 के तहत ऐसे अधिकारियों को पूर्ण संरक्षण प्राप्त है. कोर्ट ने यह भी नोट किया कि राज्य शासन ने पहले ही विभागीय जांच नस्तीबद्ध कर दी थी और विभाग ने तीर्थराज अग्रवाल को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था.

**NECC**

| 25.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 495 | 75 | 150 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 175 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# महिलाओं के सिंदूर का मान रखने वाले भारतीय सेना के सम्मान में निकली गौरव यात्रा



**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला स्वाभिमान मंच ने शहर के माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में शौर्य संगोष्ठी व गौरव यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान जहां ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा करते हुए महिलाओं व पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया। वहीं शहर में गौरव यात्रा निकालकर महिलाओं ने सिंदूर पर आस्था कायम रखने भारतीय सेना के शौर्य को गौरव बताकर आभार भी माना। दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित शौर्य संगोष्ठी की बतौर मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि जिस तरह से पूरे विश्व में भारतीय सेना के वीर जवानों ने अपने शौर्य का लोहा मनवाया है। और ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया है। इन वीर जवानों की बदौलत ही भारतवर्ष विश्वगुरू बनने की ओर लगातार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सिंदूर अनमोल है, क्योंकि ये सिंदूर उनके सुहाग की निशानी होती है। भारतीय सेना के वीर जवानों ने उस सिंदूर का मान रखते हुए देश के असंख्य वीरांगनाओं के सुहाग की रक्षा की है। भारत माता की रक्षा के लिए जिस तरह से विषम परिस्थितियों में भी अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं, वो सर्वोच्च बलिदान सदा स्मरण रखना चाहिए। इसके अलावा मुख्य अतिथि विंग कमांडर जेपी पात्रो ने भारतीय सेना के शौर्य के कुछ उदाहरण दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लेफ्टिनेंट कांधीलाल कोस्टा ने भी अपनी बात रखते हुए भारतीय सेना में सेवारत होने के दौरान के अनुभव साझा किए। विशिष्ट अतिथियों में मरणोपरांत शौर्य चक्र स्व. नीलेश नयन की धर्मपत्नी मिन्शा नयन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामता नायक, स्वच्छता दूत लच्छनी कश्यप, मितानीन चमेली देवांगन उपस्थित थे।

देशभर में सैन्य बलों का उत्साह बढ़ाने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की मांग

महिलाओं ने भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैन्य बलों का उत्साह बढ़ाने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम तहसीलदार रूपेश मरकाम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गौरवांवित होने की बात कही है। वहीं उन्होने सभी स्कूलों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान रैली-संगोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करने, समाज के नागरिकों को सेना के प्रति कृतज्ञता व राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण अभियान में शामिल होने, प्रशासनिक स्तर पर भी ऐसे आयोजनों में सहयोग देकर सैनिकों का उत्साहवर्धन करने की मांग की है। इस दौरान कल्पना वर्मा, शुबला दास, हेना विश्वास, प्राची, सतरूपा मिश्रा, अलका अग्रवाल, किरण दीवान, माधवी मंडल, रीना घोष, दंतेश्वरी, शालिनी गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# जगदलपुर को स्वच्छ करने के लिए सभी एकजुट हो करें प्रयास : महापौर





## लक्ष्मी नारायण मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। देवी अहिल्या बाईई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहर के विभिन्न इलाकों में नगर निगम द्वारा 10 दिनों तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में शनिवार सुबह पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। 2 घंटे तक चले इस स्वच्छता अभियान में मंदिर के आसपास सफाई किया गया। मंदिर के सामने स्थित पार्क में पसरी गंदगी को सभी ने मिलकर साफ किया। स्वच्छ जगदलपुर- सुंदर जगदलपुर, हमने यह ठाना है- जगदलपुर स्वच्छ बनाना है जैसे नारे भी लगाए गए।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर यह अभियान चलाया गया है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य न केवल सफाई को बढ़ावा देना है बल्कि स्वच्छता को हर नागरिक की जिम्मेदारी बनाना है। स्वछता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। मालूम हो कि इससे पहले शुक्रवार को लालबाग हाउसिंग बोर्ड के पास ऐतिहासिक भूतहा तालाब में सफाई अभियान चलाया गया था। इसमें भी जन प्रतिनिधियो के साथ नगर निगम के कर्मचारी, ब्रांड एंबेसडर व शहरवासी उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान में महापौर संजय पाण्डे के अलावा स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, पार्षद रोशन सिसोदिया, श्वेता बघेल, आशा यादव, उर्मिला यादव, उमा मिश्रा, यशवर्धन राव, योगेश ठाकुर, राजपाल कसेर, गिरजा गुप्ता, महेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, मनोज ठाकुर, अनिल लुक्कड़, विधु शेखर झा, गंगोत्री चंद्रवंशी, नरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, सोनसिंह पटेल, सुखलाल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा आदि शामिल हुए।

# जगदलपुर विधानसभा के कलचा वार्षिक मंड़ई में शामिल हुए किरण देव



**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के कलचा में प्रतिवर्ष वार्षिक (मेला) मंडई का आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने परदेशीन माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं कलचा के ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। वार्षिक मंडई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि कलचा मे माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है, जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। वहीं मेला में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, संरपंच जोगेश बधेल, आरेयद्र सिंह, मनोहर तिवारी, हरि साहू, दयाराम बधेल, राजेश शर्मा, राधे पर्न्दे, माता पुजारी, व देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

# तोकापाल और जगदलपुर विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन




**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत शनिवार को जिले तोकापाल और जगदलपुर विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम पंचायत तोकापाल के बेड़ागुड़ा बाजार स्थल में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम बड़ेपाराकोट, छोटेपाराकोट, ईरिकपाल, एर्राकोट, भेजरीपदर, कोयपाल, राजूर, छोटे राजूर, बेडागुडा, परपा, तोकापाल, मेटावाड़ा, एरण्डवाल, दुगनपाल, बड़ेआरापुर, तेलंगाआरापुर ग्राम पंचायत को सम्मिलित किया गया था। इस कलस्टर में सुशासन तिहार के तहत 6432 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें सभी का निराकरण किया गया। इस शिविर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत तोकापाल के अध्यक्ष,6432 उपाध्यक्ष, जिला और जनपद के सदस्य, क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक विनायक गोयल ने कहा कि जिले में आयोजित समाधान शिविर का बहुत अच्छा प्रतिसाद जनता से मिल रहा है। सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का समाधान शिविर में जनता की समस्या और मांग का त्वरित समाधान हो रहा है। सरकार का जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम सुशासन तिहार व समाधान शिविर रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया। विकासखण्ड- जगदलपुर के ग्राम पंचायत साड़गुड़ में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - नियानार, सरगीपाल (ग्रामीण), तुसेल, कोरपाल, कुलगांव, जाटम, डोगांम, साड़गुड़, मांझीगुड़ा, हाटपदमूर, सिडमुड़, अलनार को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में सुशासन तिहार में 4889 आवेदन प्राप्त हुए थे जिससे से सभी आवेदनों। का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित जिला और जनपद के सदस्य, सम्बंधित ग्राम क्षेत्र के सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन किया, साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, योजनाओं से संबंधित कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के लिए शपथ भी ली गई।

# ड्राप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने करें सार्थक प्रयास : कलेक्टर



## कलेक्टर ने ली आकांक्षी जिला बस्तर और विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में ड्रॉप आउट बच्चों को पुन: स्कूल से जोड़ने के लिए सार्थक पहल करें। साथ ही शाला अप्रवेशी सभी बच्चों को स्कूल में दर्ज करवाएं। इस दिशा में घर-घर सम्पर्क कर बच्चों तथा अभिभावकों की काउंसलिंग करें और पंचायत पदाधिकारियों का भी सहयोग लिया जाए। कलेक्टर हरिस शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आकांक्षी जिला बस्तर और आकांक्षी विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में जिले के अंतर्गत 10 वीं एवं 12 वीं के 80 प्रतिशत परीक्षार्थियों को 60 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट लाने के लिए ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया और प्रत्येक स्कूल के लिए एक्शन प्लान तैयार कर कार्यान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आकांक्षी क्षेत्र में चिन्हांकित योजनाओं की समीक्षा करने के दौरान स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं में एडीपी रिपोर्ट में एएनसी हेतु पंजीयन, गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व उपचार, गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट, लिंगानुपात की स्थिति, टीकाकरण, टीबी का टेस्टिंग और उपचार, संस्थागत प्रसव, जन्म से कमजोर बच्चों के बेहतरी करने पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण के लिए छूटे हुए बच्चों को लक्षित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का रेण्डम जांच विशेषकर दरभा, बास्तानार, तोकापाल एवं लोहण्डीगुड़ा विकासखण्डों में किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रेकर ऐप में एंट्री, 6 साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को पूरक पोषण आहार देना, पेयजल की व्यवस्था, सेम और मम के आधारित बच्चों को पूरक आहार के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने, आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय की स्थिति की समीक्षा कर उसका नियमित तौर पर उपयोग करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के प्राथमिक स्तर से अपर प्राथमिक शाला में ट्रांजिक्शन रेट, बालक और बालिका का हाईस्कूल में एडमिशन की स्थिति, ड्रॉप आऊट की स्थिति, स्कूलों में शौचालय की स्थिति और उपयोग की समीक्षा किए। उन्होंने कृषि विभाग के माइक्रो एरिगेशन की स्थिति, हार्टिकल्चर का क्रॉपिंग एरिया, पीएम फसल बीमा योजना की स्थिति, हाई लेवल वेल्यू क्रॉप, खरीफ एवं रबी फसल के प्रमुख क्रॉप सहित मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदाय स्थिति की समीक्षा किए।

कलेक्टर ने जिले में पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशु टीकाकरण एवं गौवंशीय पशुओं में उन्नत नस्ल के कृत्रिम गर्भाधान सुनिश्चित करने हेतु गौसेवकों का चयन कर ट्रेनिंग देने के लिए तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने कहा। साथ ही इस कार्य में पशु सखियों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी के साथ-साथ फसल बीमा का लाभ लक्ष्य से अधिक लोगों को देने के निर्देश दिए। वहीं अन्य विभागों से संबंधित बेसिक अधोसंरचना भारत नेट से ग्राम पंचायतों का कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य, वित्तीय समावेशन के तहत महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक सहायता, मुद्रा ऋण प्रदाय, बैंकिंग आउटलेट की स्थिति सहित अन्य कार्यों की समीक्षा किया गया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित संबंधित विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा आकांक्षी जिला और ब्लॉक से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय मानवविज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



**जगदलपुर** 24 मई (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, के मानवविज्ञान विभाग द्वारा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को बस्तर संभाग स्थित पुरातत्व संग्रहालय (जिला बस्तर) ले जाया गया। संग्रहालय में बस्तर अंचल के विभिन्न हिस्सों से संकलित पुरातात्विक सामग्री, प्राचीन मूर्तियाँ, शिलालेख, औजार, स्थापत्य खंड एवं सांस्कृतिक महत्व की वस्तुएँ प्रदर्शित थीं, जिनका अवलोकन कर छात्राओं को क्षेत्रीय इतिहास और संस्कृति की गहराइयों से परिचित होने का अवसर मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन विभागाध्यक्ष भुवनेश्वर कुमार, डॉ. श्यामाचरण एवं शबाना बेगम के निर्देशन में किया गया। उन्होंने मानव समाज में पुरातत्व की भूमिका, अतीत और वर्तमान को जोड़ने वाले स्त्रोतों की व्याख्या तथा संरक्षण की आवश्यकता पर छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। विभागाध्यक्ष ने कहा शैक्षणिक भ्रमण न केवल पाठ्य ज्ञान को जीवंत बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक विरासत के प्रति सरोकार और जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करते हैं। संग्रहालय के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी कक्षों में उपलब्ध प्रत्येक सामग्री का वैज्ञानिक विवरण और ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रमण अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। यह आयोजन नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के संग्रहालय विज्ञान विषय से संबद्ध था। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# खेलो इंडिया एकेडमी की आवासीय स्टेट एकेडमी में चयनित खिलाड़ियों से कलेक्टर ने की मुलाकात, दी शुभकामनाएं



**सुकमा,** 24 मई (देशबन्धु)। सुकमा जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षणों में से एक क्षण उस समय सामने आया जब जिले के होनहार खिलाड़ी खेलो इंडिया एकेडमी की आवासीय स्टेट एकेडमी में चयनित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इन प्रतिभाशाली बच्चों से मुलाकात की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री ध्रुव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह चयन सिर्फ बच्चों की मेहनत का नहीं, बल्कि पूरे सुकमा जिले की उपलब्धि है। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करे। इस दौरान कलेक्टर ने खिलाड़ियों को जरूरी खेल सामग्री जैसे स्पोर्ट्स शूज, जर्सी, ट्रैकसूट एवं अन्य आवश्यक किट प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी विरुपाक्ष पुराणिक, खेलो इंडिया के कोच शिवेंद्र ठाकुर तथा गर्ल्स टीम की असिस्टेंट कोच कविता साहू भी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम कोण्डरे में समाधान शिविर का आयोजन

## ग्रामीणों को प्रमाण पत्र किया गया वितरित, महिलाओं के गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में हुए शामिल



**सुकमा,** 24 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन की मंशा के अनुसार सुकमा विकासखंड के ग्राम कोण्डरे में 6 ग्राम पंचायतों के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। ग्राम कोण्डरे कलस्टर में ग्राम पंचायत कोण्डरे, बोड़को, गुफड़ी, गोन्दपल्ली, गोंडेरास और पोरदेम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी और भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित किया।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्या एवं मांगों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को बारी-बारी से गंभीरतापूर्वक सुनकर नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्यारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण अपनी समस्या तथा मांग के संबंध में आवेदन जमा कर सकते हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों के हित में सरकार ने पीएम आवास, महतारी वंदन योजना जैसे हितग्राहीमूलक योजना लाकर लोगों को सीधा फ़ायदा पहुंचाया है। आप सभी स्टालों में जाकर शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। समाधान शिविर में श्रम विभाग के संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिकों द्वारा श्रमिक पंजीयन कराया गया और त्वरित श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह परिवहन विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण का वाचन किया। शिविर में श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, वय वंदन आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति पत्र, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष इड़ो, जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, दिलीप पेद्दी, शोभन गंदामी सहित जिला अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान माओवादी के एरिया कमेटी मेंबर के रूप में हुई

**बीजापुर,** 24 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण द्वारा बताया गया कि जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति के आसूचना पर 22 मई को जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा /छत्रक्क की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 22 मई के शाम 6 बजे से पेसलपाड़ क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई। मुठभेड़ स्थल से 1 पुरूष वर्दीधारी हार्डकोर माओवादी का शव हथियार सहित बरामद हुआ हैं। पेसलपाड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की प्रारंभिक पहचान एरिया कमेटी मेंबर माड़वी माडा के रूप में हुई है, जो साउथ सब ज़ोनल ब्यूरो की डिप्टी कमांडर थे।



पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर एवं सुकमा के सरहदी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी सुकमा, एसटीएफ एवं कोबरा 210, 208 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।

अभियान के दौरान [22 मई के प्रात: थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत तुमरेल के जंगल में क्क्व बटालियन नम्बर 01 के माओवादियों एवं पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल सर्च करने पर 01 हार्डकोर माओवादी का शव हथियार एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ हैं।

तुमरेल मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की प्रारंभिक पहचान साउथ बस्तर डिवीजन कमेटी के एरिया कमेटी मेंबर संदेश उर्फ सन्नू के रूप में हुई है। तुमरेल मुठभेड़ मुठभेड़ स्थल में सर्च कार्यवाही के दौरान 12 बोर बंदूक- जिंदा राउण्ड, एसएलआर के मेग्जीन- जिंदा राउण्ड- खाली खोखे, हेंड ग्रेनेड, रेडियो सेट विस्फोटक, माओवादी वर्दी, बैनर, पाम्पलेट, नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। तुमरेल में हुई मुठभेड़ में कोबरा 210 का जवान सोलंकी मेहुलभाई पिता स्व0नंनदलाल भाई निवासी देवगाना, तहसील सिहोर जिला भावनगर, गुजरात को पार्थिव शरीर को दिनांक 22/05/2025 को माना, रायपुर में राजकीय सम्मान के साथ च्गार्ड आफ ऑनरज्ज (श्रद्धांजली) दी गई । शहीद जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ गृह ग्राम देवगाना, जिला भावनगर, गुजरात में किया गया।

**प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को चेतावनी**

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पाटलिंगम ने बताया कि 21 मई को अबूझमाड़ के जंगलों में हुई ऐतिहासिक एंटी-नक्सल कार्रवाई, जिसमें सीपीआई माओवादी के शीर्ष कमांडर बावाराजू उर्फ क्क्र दादा का अंत हुआ द्य उस मुठभेड़ के बाद माओवादी संगठन ताश के पत्तों की तरह बिखरने लगा है। अनेक नक्सली कैडर अपने छिपने के ठिकानों से भागकर आत्मसमर्पण के लिए आगे आ रहे हैं।

आईजीपी बस्तर रेंज ने प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं, अन्यथा अपने शीर्ष कमांडर बसाराजू की तरह

# राज्य संचालक ने बिहान की गतिविधियों को सराहा



**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की राज्य मिशन संचालक श्रीमती जयश्री जैन द्वारा एक वृहद समीक्षा बैठक अन्तर्गत दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों में बिहान मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

- दक्षिण बस्तर के तीनों जिलों की समीक्षा बैठक
- धुरली में स्व सहायता समूह की दीदियों से भेंट
- गामावाड़ा एवं भांसी में लखपति दीदियों की तारीफ

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित जिला सुकमा, बीजापुर के अधिकारी सहित उप संचालक पंचायत मिथिलेश किसान उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नियद नेल्लानार गांव में प्रत्येक स्व-सहायता समूह सदस्य के लखपति आजीविका योजना हेतु विस्तृत सर्वेक्षण एवं समूहों से जोड़ने की प्रक्रिया की समीक्षा, इसके अतिरिक्त सखी योजना, महिला किसान उत्पादक कंपनियां, इंटीग्रेटेड फार्म क्लस्टर, कस्टम हायरिंग सेंटर, समूह संतृप्ति (सैचुरेशन), बैंक लिंकेज इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राज्य मिशन संचालक द्वारा जिले एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उन्होंने नियद नेल्लानार के धुरली गांव में स्व सहायता समूह की दीदियों से भेंट की और उनके अनुभव सुने। साथ ही, गामावाड़ा एवं भांसी गांवों में लखपति दीदियों से भी मिलकर उनके कार्यों की सराहना की। राज्य मिशन संचालक ने जिले में चल रही विभिन्न आजीविका गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए जिला टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में जिले में वृहद स्तर पर नवीन आजीविका गतिविधियों की शुरुआत के निर्देश भी दिए। यह समीक्षा बैठक न केवल वर्तमान कार्यों की दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को और सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी।

# प्रोजेक्ट वर्क के लिए शमक विवि में हुआ इंटरव्यू




**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें विवि के यूटीडी से उत्तीर्ण और वर्तमान में स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अतिरिक्त विभिन्न महाविद्यालयों के पासआउट 176 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह इंटरव्यू असेसमेंट एंड वैलिडेशन ऑफ बेनिफिट ऑफ सोशल वेलफेयर स्कीम नामक प्रोजेक्ट के लिए इंडियन सोसाइटी फॉर अप्लॉयड रिसर्च एंड डेव्लपमेंट, नई दिल्ली इकाई द्वारा लिया गया। इंटरव्यू के माध्यम से इन्वेस्टिगेटर(सर्वे स्टॉफ) के 60 और सुपरवाइजर के सात पदों पर सीमित समय के लिए भर्ती की जानी है।

इंटरव्यू से शार्ट लिस्टेड स्टूडेंट को जिला कार्यालय के आस्था हॉल में रविवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंटरव्यू और प्रशिक्षण के बाद चयनित विद्यार्थियों की लिस्ट तैयार की जाएगी। बताया गया कि विद्यार्थी प्रति माह स्टॉयफंड एवं यात्रा भत्ता के साथ बस्तर के विभिन्न ब्लॉक में सरकार की विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर सर्वे करेंगे। इस अवसर पर मानव विज्ञान अध्ययनशाला के अध्यक्ष प्रो. स्वपन कुमार कोले, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अजीत प्रसाद, डॉ. रश्मि देवांगन, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. भेनू, डॉ. गुरप्रीत सिंह एवं सलील दास उपस्थित थे।

# अस्पतालों में एंटी-स्नेक वेनम बेहद जरूरी : नंदलाल



**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने बिंजाम और समलूर ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर सीधी चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने राशन दुकान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान राशन दुकान में नेटवर्क की समस्या की जानकारी पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को नेटवर्क सुधार हेतु निर्देशित किया, जिससे राशन वितरण की प्रक्रिया बाधित न हो। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने खासतौर पर आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए एंटी-स्नेक वेनम (सांप के जहर की दवा) की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में किसी ग्रामीण की जान बचाई जा सके।

- बिंजाम-समलूर के प्रवास पर जिपं अध्यक्ष
- ग्रामीणों ने बताई राशन, दवाई और बिजली की समस्या
- अफसरों को बारिश पूर्व व्यवस्था सुधारने कड़े निर्देश

बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या पर फोकस करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बीजापुर जिले के नेलसनार से लंबी विद्युत लाइन आने के कारण बार-बार बिजली बाधित होती है। इस पर श्री मुड़ामी ने समलूर क्षेत्र के लिए अलग फीडर की मांग को उचित बताते हुए जल्द समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री मुड़ामी का यह दौरा ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनी हकीकत जानने और त्वरित समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य पवन कर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती रुचिका क्षत्रिय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुशीला ठाकुर , समलूर सरपंच मोतिराम पोडियम, उपसरपंच लोकेंद्र ठाकुर, बिंजाम सरपंच महादेव नेताम, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती अनिता नेताम, लक्ष्मीनाथ यादव, रामराज ठाकुर, समस्त पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष पद पर अंजली दुबे नियुक्त

**कोहका, नेवरा,** 24 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिला के पिरदा चौक निवासी श्रीमति अंजली आलोक दुबे को भारत माता के सेवा के अवसर प्रदान करते हुये , उन्हें राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम , संबंध शाखा नरेन्द्र मोदी विचार मंच / मिशन न्यू इंडिया के रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष , महिला मोर्चा बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा के आदेश पर प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला के प्रभारी जिला अध्यक्ष दास जी साहू ने नियुक्ति आदेश जारी किया है। इसकी सूचना मुख्य शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाण्क्य जी को भेज दिया गया है। अंजली दुबे के नियुक्ति पर दास जी साहू ने कहा की भारत माता के सेवा के साथ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारों एवं संकल्प को जन जन तक पहुंचायेगे और भारत को सनातनी देश का दर्जा दिलवाने के लिये कार्य आगामी आदेश तक करते रहेंगें।



# इग्नू की टर्म एण्ड परीक्षाएं 12 जून से

**दुर्ग,** 24 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी (इग्नू) की टर्म एण्ड परीक्षा 12 जून से आरंभ होगी। पूर्व में ये परीक्षाऐं 2 जून से आरंभ होने वाली थी। यह जानकारी देते हुए इग्नू अध्ययन केन्द्र साईंस कालेज, दुर्ग के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि इग्नू की परीक्षाऐं 2 पालियों में प्रात: 10 से 1 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। इस वर्ष इस परीक्षा में लगभग 500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होगें। इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस.ठाकुर तथा डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जानकारी दी।

# ट्रैक्टर से बिजली दफ्तर घेरने पहुंचे ग्रामीण



**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी और आंधी-तूफान के बाद बिजली की आंख मिचौली से दंतेवाड़ा शहर के साथ ही गांव भी हलाकान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हफ्ते-हफ्ते भर से बिजली बंद है। ग्रामीणों की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंप कर एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

- पोंदूम-चितालूर में हफ्ते भर से बिजली बंद
- अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- समझाइश के बाद लौटे ग्रामीण, आंदोलन करेगी कांग्रेस

बिजली गुल रहने से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने आज ट्रेक्टर से जिला मुख्यालय पहुंचकर बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने साफ चेताया कि अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के करीबी पोंदुम व चितालूर में सप्ताह भर से बिजली गुल रहने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। आज सभी ग्रामीण बिजली विभाग के दफ्तर पहुंचे। ट्रैक्टरों पर सवार होकर आए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि सप्ताह भर पहले आई अंधड़ के बाद दोनों गांवों की बिजली बंद है।

शिकायत दर्ज करने के बाद भी बिजली लाइन को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। कंट्रोल रूम में फोन ही नहीं लगता है। बड़ी मुश्किल से फोन लग भी गया तो कर्मचारी रिसीव नहीं करते हैं। मजबूरन यहां 10-12 किमी दूर आकर शिकायत लिखवाना पड़ता है। बिजली विभाग के अफसरों ने किसी तरह मामला शांत करवाया और जल्द से जल्द लाइन सुधारने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण अपने गांव लौटे। मानसून आगमन के पहले बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। हाल ही में दंतेवाड़ा के नया पारा वासियों ने भी लगातार 5 दिन तक बिजली बंद रहने पर बिजली दफ्तर पहुंचकर घेराव किया था।

# मणिकंचन केंद्र में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान



**गंडई पंडरिया,** 24 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन की मंशानुसार दिनांक 31 मई 2025 को देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में दिनांक 21 मई से 31 मई 2025 के मध्य विशेष कार्यक्रम का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में 22 मई दिन गुरुवार को गंडई नगर के मणिकंचन केंद्र सम्मान समारोह आयोजित कर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया गया। साथ ही स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट दिया गया। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होलकर की विरासत, प्रशासनिक कुशलता और सामाजिक सुधारों, सड़क एवं जल व्यवस्था, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता, महिला सशक्तीकरण के संबंध में योगदान को विस्तृत रूप से व्याख्यान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि नारी सम्मान के रूप में अहिल्या बाई होलकर के स्मरण में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है। स्वच्छता दीदीयों नगर की सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा संग्रहण करते हैं जिससे नगर का वातावरण स्वच्छता बना हुआ है इसलिए आज अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान कर उन्हें स्वच्छता किट वितरण किया गया है। इस अवसर पर सीएमओ अविनाश देवांगन, पार्षद दिलीप ओगरे, सुनम पाटले, अमन सोनी, सुरेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान, मणिकंचन केंद्र सुपरवाइजर राखी खान और सभी स्वच्छता दीदीयों उपस्थित रही।

# भाजपाजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## श्री जगन्नाथ मंदिर की की गई साफ-सफाई



**पिथौरा,** 24 मई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 300 वी जयंती के अवसर पर भाजपा नेताओ ने मंदिर चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के उपरांत वरिष्ठ जनों ने महाप्रभु जगन्नाथ भगवान की पूजा अर्चना की जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शंकर अग्रवाल मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, शशि डड़सेना रैदास गोयल ,सीताराम सिंहा सेतराम पटेल ,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, आलोक त्रिपाठी महामंत्री जतिन ठक्कर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक , पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, पुष्पकांत पटेल, कौशल मानिकपुरी ,संदीप सेन ,संतोष डड़सेना, रामकुंवर सिंहा विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, बबलू सोनी ,मंडल उपाध्यक्ष पंचराम मटियारा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री सौरभ अग्रवाल, दुर्गेश सिंहा, राजा खनूजा देवा डड़सेना एवं भाजपा के कार्यकर्ता शामिल थे।

# हमर अस्पताल आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 'सियान जतन' कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कवर्धा,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को "सियान जतन" कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 21 मई 2025 को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर क्लब एसोसिएशन एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस विशेष शिविर में 21 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए, वहीं 97 वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, 49 का शुगर, 33 का हीमोग्लोबिन, 4 का मोतियाबिंद, 17 का ईएनटी (नाक, कान, गला), तथा 6 व्यक्तियों का गठिया एवं जोड़ संबंधी जांच किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को नि:शुल्क उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।



हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सभी सेवाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। यहां किसी भी जांच अथवा पर्ची हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता। अस्पताल में सामान्य रोगों का उपचार प्रथम पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में शाम 5:00 बजे से रात 7:00 बजे तक किया जाता है। दोनों पालियों में प्रतिदिन औसतन 120 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज ने बताया कि "सियान जतन" जैसे कार्यक्रमों से हितग्राहियों में विश्वास एवं उत्साह बढ़ता है, जिससे वे शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा पाते हैं। इस पहल से बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा रही है। सियान जतन कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के समर्पित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नि:स्वार्थ सेवा का परिचय देते हुए सभी हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कीं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों ने जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कुनाल झा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एन. के. यदू (सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा) एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों से परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं हितग्राहियों के लिए वेलनेस गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंशनर क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह ने अस्पताल की सेवाओं की सराहना करते हुए इसे निजी अस्पतालों के समकक्ष बताया और कहा कि क्लब के सदस्य हर माह के प्रथम बुधवार को यहां उपस्थित रहकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. वर्षा (मेडिकल ऑफिसर), डॉ. राजीव ठाकुर (मेडिकल ऑफिसर), अंशुल थुद्गर (शहरी कार्यक्रम प्रबंधक), दुर्गेश गुप्ता (लेखापाल) तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय कैंटीन का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को कैंटीन का शुभारंभ हुआ। विधायक किरण देव, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी, डॉ. सजीवन कुमार एवं कार्यपरिषद् के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में फीता काटकर कैंटीन की शुरूआत हुई। विवि ने विद्यार्थियों को शुलभ और किफायती दरों में गुणवत्तापूर्ण ब्रेकफास्ट और लंच उपलब्ध कराने के निर्देश कैंटीन प्रबंधक को दिए हैं। एडमिन बिल्डिंग के दूसरे गेट के नजदीक स्थित इस कैंटीन में स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

# दंतेवाड़ा का जीवन बदल रही सरकार की योजनाएं

**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत आज माँ दंतेश्वरी परिसर स्थल मेंढका डोबरा मैदान में जनसंपर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, हितग्राहियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, साथ ही इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को अपने अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में विभिन्न जनपद पंचायतों से आए हितग्राहियों ने जानकारी दी कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका आर्थिक, सामाजिक स्तर में बदलाव आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं माँ दंतेश्वरी की वंदना से हुई। इसके उपरांत हल्बी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने माहौल में और भी उत्साह भर दिया।

स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि, और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन केंद्रों में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं के पंजीयन, पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। मंच से कई




- जन संपर्क विभाग के आयोजन में हितग्राहियों के विचार
- पीएम आवास, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि से मिल रहा फायदा
- हितग्राहियों के साथ जन प्रतिनिधियों की भी भागीदारी

हितग्राहियों ने अपनी जीवन यात्रा और शासन की योजनाओं से हुए लाभ को साझा किया। किसी ने स्वरोजगार योजना के माध्यम से छोटी इकाई स्थापित की तो किसी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा का लाभ लिया। इन अनुभवों ने अन्य लोगों को भी योजनाओं से जुड़ने की प्रेरणा दी। पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में खेलकूद, प्रश्नोत्तरी, जैसे गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, संचालनालय रायपुर से आई इवेंट टीम, आर. जे नमित, उप संचालक रजित पुजारी, जिला समन्वयक सुश्री रेणुका सिंह, सहायक अमित शर्मा, सहायक ग्रेड-2 सत्यनारायण नाग, सहायक ग्रेड-3 जालंधर गोयल, वाहन चालक तोपेश्वर सेठिया, फोटोग्राफर रामचंद्र, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुश्री सविता कराटिया, सहित गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा, से बिहान और स्व सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों, हितग्राहियों, कलाकारों एवं आयोजन टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और सुशासन तिहार को जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। दंतेवाड़ा में आयोजित यह जिला स्तरीय इवेंट न केवल शासन की योजनाओं की जानकारी का केंद्र रहा, बल्कि यह लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का भी जीवंत दस्तावेज बन गया। सुशासन तिहार जैसे आयोजनों से सरकार और जनता के बीच की दूरी घटती है तथा जनहितकारी योजनाओं की पहुँच व्यापक स्तर तक सुनिश्चित होती है।

# धान की जगह वैकल्पिक फसल भी जरूरी : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कलेक्टर द्वारा कृषि विभाग से संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मैदानी अधिकारियों को जून माह तक केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के शत-प्रतिशत प्रकरण तैयार करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों का शीघ्र पंजीयन पूर्ण, मृदा नमूना संग्रहण में गति लाने, जैविक खेती के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार तेज करना, किसानों को धान की पारंपरिक खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलें अपनाने हेतु शिविर आयोजित कर प्रोत्साहित करने को कहा गया। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि 1 हजार हेक्टेयर रकबे में ऑयल पाम के लिए सही हितग्राहियों का क्लस्टर स्तर पर चयन किया जाए, साथ ही केसीसी लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने हेतु अभियान चलाया जाए।



- शिविरों में अन्य फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें
- कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन व कृषि विज्ञान केंद्र की समीक्षा

इस क्रम में पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि किसानों को मौसमी बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा हेतु जागरुकता अभियान चलाए जाएं। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान लक्ष्य की पूर्ति, सुनिश्चित करने, पशुपालकों के लिए केसीसी लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। मछली पालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि तालाब पट्टा आबंटन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। साथ ही विभागीय केसीसी लक्ष्य को बढ़ाते हुए उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि यह आवश्यक है कि कृषि आधारित योजनाएं सही हितग्राहियों तक पहुंचे और जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बने। बैठक में उप संचालक कृषि सुरज पंसारी, सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती मीना मंडावी, पशुपालन से डॉ. श्रीमती श्यामा मालवीय, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# तेंदुपत्ता का पानी में बह जाना वन विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम : बसंत ताटी

**बीजापुर,** 24 मई (देशबन्धु)। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि बे मौसम हुई बारिश मे चिंतावागु नदी किनारे फड़ो मे सुखाये गए तेंदूपत्ता की हजारों गड्डियां पानी में बह जाने से शासन को लाखों रुपया का नुकसान हुआ है। मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी करने के बावजूद भी वन विभाग की लापरवाही के कारण सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं करने की वजह से शासन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ताटी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि नदी किनारे बसे ग्राम पोषडपल्ली,करकावाया,बामनपुर एवं गोरगुण्डा के फड़ो में सुखाए गए तेंदूपत्ता की हजारों गड्डियां पानी में बह जाने से शासन को लाखों रुपए का जो नुकसान हुआ है अब इसकी भरपाई कैसे और कौन करेगा? पूर्व जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि इस वर्ष प्रदेश सरकार ने ठेकेदारी प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए तेंदूपत्ता संग्रहण करने की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को बड़े पैमाने पर आर्थिक छति होने से साय सरकार की इस नयी नीति का तेंदुपत्ता श्रमिकों पर विपरीत असर पड़ा है उन्होंने ने कहा कि जिले के गरीब आदिवासीयों का वनोपज ही एक मात्र प्रमुख आय का स्रोत होता है लेकिन इन अधिकारियो को वनोपज संग्रहण कार्य मे किसी प्रकार की कोई रूचि नहीं है इनका पूरा ध्यान निर्माण कार्यों पर केंद्रित होता है ताकि इन कार्यों मे भ्रष्टाचार को अंजाम देते हुए मोटी रकम कमाई जा सके।



# समाधान शिविर में बालिका शिक्षा पर रैली

**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग, दंतेवाड़ा के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) कुआकोंडा द्वारा आज नकुलनार पंचायत में सुशासन तिहार समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। रैली का उद्देश्य समाज में बालिका शिक्षा के महत्व को उजागर करना और बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अनिल कुमार लोनिया ने बेटियों के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। समाधान शिविर के दौरान किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच एवं बॉडी मास इंडेक्स मापन का आयोजन भी किया गया। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें किशोरियों में एनीमिया की पहचान की जा सके। इस पहल से न केवल किशोरियों के स्वास्थ्य की स्थिति स्पष्ट होगी, बल्कि उनके लिए पोषण और चिकित्सा पर उचित मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जाएगा। समाधान शिविर में 13 गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न की गई। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच द्वारा माताओं को उचित पोषण, स्वास्थ्य जांच और नवजात की देखभाल के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया, जो विभाग की कुपोषण मुक्त दंतेवाड़ा की दिशा में एक अहम कदम है। यह कार्यक्रम सही पोषण-देश रोशन के उद्देश्य को साकार करने की एक प्रभावी पहल रही। इस समाधान शिविर के माध्यम से क्षेत्र की 6 पंचायतों से प्राप्त कुल 46 मांगों, आवेदनों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा त्वरित रूप से निराकृत किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, दंतेवाड़ा, सभी पर्यवेक्षकगण एवं आईसीडीएस कुआकोंडा की पूरी टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। आयोजन की सराहना करते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की।




- महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन
- किशोरी बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच

## 27 को राजस्व अधिकारियों की बैठक

**दंतेवाड़ा,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 27 मई दिन मंगलवार को समय-सीमा बैठक के पश्चात् संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में आयोजित की गई है। इस संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिया गया है।

## राज्य सभा सांसद संजय सिंह का कुरुद में भव्य स्वागत



**कुरूद,** 24 मई। आम आदमी पार्टी के राष्टीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन 24 मई को कुरुद मे सुबह 9 बजे सांसद का बस स्टैंड कुरूद में सभी कार्यकर्ताओ ने भव्य रूप से स्वागत किया सांसद महोदय के आने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी में जान आ गई ।सभी कार्यकर्ता जोस से भर गए सांसद महोदय 23 मई को शाम 8 बजे रायपुर एयरपोर्ट में पहुंचे वहां से 9 बजे निकलकर 9.30 बजे कुरुद पहुँचे जहाँ कुरुद के कार्यकर्ताओ ने बाजे गाजे व आटीशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया सांसद महोदय ने चरमुड़िया सरपंच श्रीमती नीतू तोड़ेकार को बधाई दी और जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव की प्रसंसा करते हुवे कार्यकर्ताओ से कहाँ की छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिला में पार्टी को मजबूत करेंगे हमारी पार्टी एक ईमानदार पार्टी हैं, सभी जानते हैं दिल्ली में कितना विकास हुवा हैं उसी के तर्ज पर यहां भी विकास होगा। आने वाला समय केवल आम आदमी पार्टी का हैं स्वास्थ और शिक्षा को प्रमुखता से रखा जायेगा। कालेज स्तर पर भी विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगा।

# मर्दापाल समाधान शिविर में सुदूर गांवों के ग्रामीणों तक पहुंचा योजनाओं का लाभ

**कोण्डागांव,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव विकास खंड के दूरस्थ अंचल मर्दापाल में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर अंतर्गत हसलनार, बड़ेकुरूषनार, मर्दापाल, चांगेर, हथकली, पुसपाल, जोड़ेगा, खड़पड़ी, कोरमेल, मटवाल, पदनार, टेकापाल, कुधूर, तुमड़ीवाल, कांगा और बादालूर सहित कुल 16 गांवों के ग्रामीण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में का अवलोकन कर सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। शिविर में मर्दापाल क्षेत्र के सुदूर गांवों के ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।




**माओवाद प्रभावित परिवारों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ**

मर्दापाल में आयोजित समाधान शिविर में कोण्डागांव विकास खण्ड के सुदूर ग्राम कुधुर के माओवाद हितग्राही रमेश कश्यप, लिम्सु कश्यप एवं गोविन्द कश्यप को ग्राम कुधुर के ग्राम तालाब में सामूहिक रूप से मछली पालन कार्य में मत्स्य आखेट हेतु मत्स्य विभाग के मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत 01 नग जाल प्रदाय किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 आयुष्मान कार्ड, 04 जन्म प्रमाण पत्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 गोद भराई, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत नक्सल प्रभावित परिवार को 01 नग मछली जाल वितरण, खाद्य विभाग द्वारा 14 नग राशन कार्ड वितरण, राजस्व विभाग द्वारा 12 जाति प्रमाण पत्र 03 आय प्रमाण पत्र एवं 02 ऋण पुस्तिका का वितरण, उद्यान विभाग द्वारा 20 नग सब्जी बीच का वितरण, कृषि विभाग के माध्यम से 07 नग धान बीज एवं केसीसी वितरण किया गया। समाधान शिविर में जल संरक्षण हेतु प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने और पारंपरिक जल स्त्रोत्रों की साफ-सफाई और संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, एसडीएम अजय उरांव तथा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सर्व सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# जुगानीकलार समाधान शिविर में 154 ग्रामीणों को मिली हितग्राहीमूलक सामग्री

**कोण्डागांव,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकास खण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत जुगानीकलार में शुक्रवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्षा मानकराम नेताम एवं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 8 पंचायतों को दिया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकराम नेताम, जनपद सदस्य विजय मरकाम, श्रीमती मनीषा नेताम व सुकडूराम मण्डावी सहित 08 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, गांयता पुजारी के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 205 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 29 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। शिविर में जनप्रतिनिधियों के करकमलों से 15 हितग्राहियों को सब्जी मिनी कीट, 13 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 15 हितग्राहियों को केसीसी किसान कार्ड, 12 हितग्राहियों को मच्छर दानी, 08 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 65 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 20 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग के द्वारा किया गया। अतिथियों के द्वारा 03 गर्भवती माताओं का गोदभराई एवं 03 बालकों का अन्नप्रासन कराया गया। शिविर में शिविर प्रभारी अश्वन कुमार पुसाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव, जनपद सीइओ रूपेन्द्र नेताम, डॉ.जय कुमार नाग तहसीलदार फरसगांव जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण सरपंच, पंच आम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# बहीगांव में समाधान शिविर आयोजित

**कोण्डागांव,** 24 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहीगांव में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों के द्वारा निराकरण किया गया तथा शासन की महत्वपूर्ण हितग्राहीमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 10 ग्राम पंचायत को कलस्टर स्तर पर सम्मिलित करते हुए बहीगांव में शिविर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती नंदनी पोटाई उपस्थित थे। बहीगांव समाधान शिविर में 39 हितग्राहियों को राशन कार्ड, पंचायत विभाग द्वारा 26 को मनरेगा जॉब कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 20 को निवास प्रमाण, 20 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र और 14 किसान किताब, उद्यान विभाग द्वारा 15 किसानों को सब्जी बीज, सहकारिता विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज और 09 किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों का गोद भराई कार्यक्रम संपन्न कराया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य कपिल नाग, श्रीमती चरनतीन राजेश नेताम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकित चौहान, सीईओ जनपद केशकाल, तहसीलदार केशकाल, सभी सरपंचगण उपस्थित थे।

**166 हितग्राहियों को मिला राशन कार्ड, जॉब कार्ड, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का लाभ**

# कांग्रेस पार्टी की संविधान बचाओ यात्रा संपन्न

**कोण्डागांव,** 24 मई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पलारी से डोंगरीगुडा तक जिले भर से मौजूद हजारों की संख्या में कांग्रेस जनों एवं आमजनों की मौजूदगी में संविधान बचाओ रैली निकाली गयी। पदयात्रा के माध्यम से पलारी से डोंगरीगुडा पहुंचकर डोंगरीगुडा में सभा का आयोजन किया गया। जहां पर सम्पूर्ण जिले से आये कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी, बापू महात्मा गाँधी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभा में पार्टी प्रोटोकॉल के अनुसार संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में किसी प्रकार के स्वागत सम्मान कार्यक्रम नहीं करके सीधे मुल कार्यक्रम की ओर जाकर स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और सभी वक्ताओं ने सभा को सम्बोधित करने के क्रम में कार्यक्रम के उद्देश्य को साझा किया, मोदी सरकार की कुरीतियों को उजागर किया तथा अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा एवं आरएसएस देश के आपसी भाईचारे को तोड़ने का काम कर रही है। कांग्रेस आपसी भाईचारे और सौहार्द को बरकरार बनाए रखते हुए, धर्म निरपेक्ष राष्ट्र की पहचान को बरकरार रखते हुए हिन्दू मुश्लिम सिख ईसाई आपस में सब भाई-भाई के नारे को जीवित रखकर सभी जाति धर्म समुदाय को सम्भाव मानते हुए चाहे सत्ता में रहें या विपक्ष में गरीब किसान आदिवासी मजदूर की आवाज को बुलंद करते आई है, सदैव इनकी आवाज को बुलंद करने का काम करते रहेंगे। वहीं भाजपा ने आजादी की लड़ाई से लेकर आज दिनांक तक केवल आपसी भाईचारे को तोड़ते हुए भेदभाव की राजनीति की है। पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा भाजपा की विचारधारा तोड़ने की विचारधारा है। कांग्रेस सदैव जोड़ने का कार्य करती है, आजादी के आंदोलन से लेकर आज तक सदैव हम जनता की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। देश की आजादी में किन्हीं भाजपाई ने अपना बलिदान दिया हो तो बता सकते हैं। ये लोग सिर्फ राजनीतिक रोटी सेकने का मकसद लेकर कार्य करते हैं, आएसएस और भाजपा के लोग देश की आजादी के समय अंग्रेजों की गुलामी कर रहे थे, उनकी तनख्वाह ले रहे थे। तब से लेकर आज तक केवल ये लोग दलालों की भूमिका में कार्य कर रहे हैं। संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, प्रदेश सचिव बिरस साहू, सकुर खान, श्रीमति रमिला मरकाम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल मरकाम, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान, योगेंद्र राठौर, बुधराम सागर, जेठू मंडावी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, सहित सेक्टर अध्यक्ष, बुथ अध्यक्ष, कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**पलारी से डोंगरीगुडा तक पदयात्रा कर डोंगरीगुडा में हुआ सभा का आयोजन**

# समय सीमा में कार्य नहीं होने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा

**समीक्षा बैठक में दी गई चेतावनी**



**कोण्डागांव,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद कोंडागांव के सभा कक्ष में नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेष डे, सहायक अभियंता की उपस्थिति में ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में नगर पालिका कोण्डागांव क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं समय सीमा में कार्य नहीं होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

उल्टा पुल्टा

पति- जरा पानी पिला दो
पत्नी- क्या हुआ प्यास लगी है?
पति- नहीं गला चेक करना है कहीं लीक तो नहीं है!!

# प्रदेश में 6 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना



**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। भारत में आमतौर पर 1 जून तक दस्तक देने वाले मानसून ने 16 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अपने तय समय से लगभग 1 सप्ताह पहले केरल में आज मानसून स्थापित हो गया है पिछले साल 30 मई को मानसून की एंट्री हुई थी वहीं छत्तीसगढ़ में आज सुबह से बारिश की गतिविधि जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मानसून आज 24 मई 2025 को केरल में प्रवेश कर गया है जबकि सामान्यत: यह 1 जून को प्रवेश करता है दक्षिण–पश्चिम मानसून सामान्य तिथि से 8 दिन पहले केरल में आया है। वर्ष 2009 के बाद केरल में मानसून के आगमन की यह सबसे प्रारंभिक तिथि है जब 23 मई 2009 को केरल में मानसून आया था।

मानसून के निर्धारित समय से 8 दिन पहले केरल में दस्तक देने को लेकर मौसम वैज्ञानिक एच पी चंद्रा ने जानकारी दी कि सामान्य तौर पर छत्तीसगढ़ में मानसून 13 जून तक पहुंचता है जगदलपुर में आमतौर पर 13 जून रायपुर में 16 जून और अंबिकापुर में 21 जून तक मानसून सक्रिय हो जाता है इस बार चूंकि दक्षिण–पश्चिमी मानसून एक सप्ताह पहले ही केरल में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में सामान्य हवाओं की स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भी मानसून के समय से पहले पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान है कि इस वर्ष राज्य में मानसून 6 जून तक दस्तक दे सकता है जो किसानों और गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है।

**छत्तीसगढ़ में कई सिस्टम एक्टिव**

इस वक्त अलग–अलग साइक्लोनिक सर्क्युलेशन निम्न दाब और ट्रफ के कारण प्रदेश के कई इलाकों में बारिश तेज हवाओं और गरज–चमक हो रही है। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में झमाझम बारिश और बिजली गिरने की संभावना लगातार बने रहेगी दक्षिण इलाकों में भारी बारिश की गतिविधि जारी है।

## कुछ घंटों की बारिश ने बिगाड़ी राजधानी रायपुर की सूरत

**सड़कें बनी तालाब, कॉलोनियों में पानी भरने से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त**



राजधानी रायपुर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा था और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इस अचानक हुई बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी है। कुछ घंटों की बारिश ने रायपुर की कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कों को पानी से लबालब कर दिया। सिविल लाइन मोतीबाग, प्रोफेसर कॉलोनी, तुलसी नगर, शीतला कॉलोनी, कैलाशपुर और सड्डू जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जगह.जगह पानी भर जाने के कारण सड़कें नजर नहीं आ रही हैं जिससे वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या हर साल बरसात के पहले ही झलकने लगती है लेकिन नगर निगम समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से यह स्थिति उत्पन्न होती है। बरसात के पानी के साथ नालियों का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ सकते हैं। छोटी गाड़ियों में पानी घुसने की शिकायतें भी सामने आई हैं। लोग अपनी गाड़ियों को धक्का लगाकर जलभराव से बाहर निकालते नजर आए। कई इलाकों में बच्चों और बुजुर्गों को पैदल चलने में भी काफी परेशानी हुई। शहरवासियों का कहना है कि जब कुछ घंटों की बारिश में यह हाल है तो आने वाले मानसून में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही नालियों की सफाईए जल निकासी की व्यवस्था और सड़कों की मरम्मत जैसे जरूरी कदम उठाए ताकि लोगों को हर साल इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## मई में बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम, नौ तपा का डर भागा

मई के महीने में बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है आमतौर पर भीषण गर्मी के लिए जाना जाता है यह महीना लेकिन मौसम ऐसा बना हुआ है कि वो असर नहीं दिख रहा है। कल से नौ तपा को लेकर लोग डरे सहमे हुए थे कि कितनी गर्मी का सामना करना पड़ेगा लेकिन अब वह डर भी भाग गया हैएयदि गर्मी पड़ेगी की भी तो उतनी नहीं रहेगी। जून में मानसून आ जायेगा। आज भी सुबह से रूक.रूक कर लगातार बारिश हो रही है।

देश के अन्य हिस्सों की तरह छत्तीसगढ़ में भी पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए होने के साथ.साथ लगातार बारिश भी हो रही है। बारिश होने के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शनिवार को भी सुबह से ही प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश होने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में आज भी दिनभर बादल छाए रहेंगे। इतना ही प्रदेश में तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना मौसम विभाग की तरफसे जताई गई है।

मौसम विभाग से मिली जानकरी के अनुसारए रायपुर बिलासपुर दुर्ग राजनांदगांव भिलाई बलौदाबाजार समेत बस्तर संभाग के जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होगी। बता दें कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। मौसम में हो रहे बदलाव के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है।



## कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रायपुर, दुर्ग की फ्री वाहनों का रास्ता है वहाँ पर लगाये गए कैमरे को विकास ने काले पेंट से पोतकर किया बंद**






**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आज कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किये जाने की मांग को लेकर कुम्हारी टोल प्लाजा में सुबह 11 बजे से "हस्ताक्षर अभियान" चलाकर आम जनता से हस्ताक्षर लिए। उपाध्याय सहित कांग्रेसजनों ने कुम्हारी टोल प्लाजा में हर एक व्यक्ति जो इस अवैध टोल टैक्स का भुगतान करके निकल रहे थे उनसे चर्चा कर एवं उन्हें इस टोल प्लाजा में चल रहे अवैध टोल वसूली से अवगत् कराकर समस्त लोगों से हस्ताक्षर लिएए। इस हस्ताक्षर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण और अनियमितताओं में संलिप्त एजेंसी अथवा व्यक्तियों पर विधिसम्मत कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर विकास उपाध्याय के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजन न्यायालय पहुँचेगी।

विकास उपाध्याय ने आज इस कुम्हारी टोल प्लाजा में फ्री वाहनों की एंट्री के लिए जो ओपन रास्ता है वहाँ पर लगाये गए स्कैनिंग कैमरे को काले पेंट से पोतकर उसे बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि जब इस रास्ते से सभी को नि:शुल्क एंट्री देना ही है तो यहाँ स्कैनिंग कैमरे की आवश्यकता ही क्यों है। वीआईपी एंट्री से गुजरने वाले वाहनों से भले ही उस समय पैसा नहीं काटा जाता लेकिन स्कैनिंग कैमरा यहाँ लगाकर बाद में उन्हीं वाहनों के फास्टटैग से भी पैसा काटा जा रहा था, इसलिए उपाध्याय ने उस स्कैनिंग कैमरे में काला पेंट पोतकर उसे बंद कर दिया है। विकास ने बताया कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर लगातार चरणबद्ध आंदोलन किये जा रहे हैं। आज इस अभियान में बबीता नत्थानी, अशोक ठाकुर, प्रकाश जगत, कमलेश मिश्रा, कमलाकांत शुक्ला, अमनदीप शर्मा, हरीश साहू, पप्पू खैरा, पम्मी चोपड़ा, भूपेन्दर शेरगिल, मनप्रीत सिंह मुल्तानी, मन्नू गिल, लोकेश वशिष्ठ, अभय ठाकुर, शानू दीवान, सूरज साहू, हैप्पी बाजवा, रूपेश कुमार साहू, अभिषेक ठाकुर, निर्वयार सिंह, पुष्पेन्दर सिंह,, कृष्णा नायक, बाकर अब्बास, कुलदीप मठरू, दिलीप गुप्ता, मोहसिन खान, कुमकुम झा, भानुप्रताप सिंह, दाऊलाल साहू, सितेन्द्र ठाकुर, राजू चंदेल, संदीप तिवारी, हर्षित जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## रायपुर के 28 परीक्षा केंद्रों में आज होगी यूपीएससी की परीक्षा

**सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतज़ाम, प्रशासन ने जारी किए निर्देश**

**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। संघ लोक सेवा आयोग की बहुप्रतीक्षित प्रारंभिक परीक्षा कल 25 मई को रायपुर जिले के 28 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए हैं और स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए हैं, जिनका परीक्षार्थियों को कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

**दो पालियों में होगी परीक्षा**

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से पहुंचें, क्योंकि निर्धारित समय के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में केवल काले रंग की बॉल पॉइंट पेन का उपयोग मान्य होगा। जेल पेन या अन्य रंग की पेन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इससे प्रश्न पत्रों की स्कैनिंग और मूल्यांकन में एकरूपता बनी रहेगी। परीक्षा की दोनों पालियों के बीच उम्मीदवारों को परिसर के भीतर ही रुकना होगा।

**परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और निगरानी के कड़े प्रबंध**

प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कम से कम 5 पुलिसकर्मी, मेटल डिटेक्टर या फ्रिस्किंग की व्यवस्था, और मोबाइल नेटवर्क जैमर की स्थापना परीक्षा से एक दिन पूर्व ही सुनिश्चित कर दी गई है।

प्रशासन द्वारा परीक्षा सामग्री का वितरण, निगरानी एवं संकलन की प्रक्रिया को विशेष निगरानी में संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन की टीम लगातार निरीक्षण में जुटी रहेगी।

## एनएमडीसी भर्ती में प्रदेश के युवाओं को रोकने का षड़यंत्र

**किरंदुल और बचेली के संयंत्रों के लिए हैदराबाद से की जा रही है भर्ती प्रक्रिया**

**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया हितों की विरोधी होने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि हाल ही में एनएमडीसी भर्ती के विज्ञापन से स्पष्ट है कि भाजपा सरकारों की मंशा छत्तीसगढ़िया हित में नहीं है। कुल विज्ञापित 995 पदों में से 745, अर्थात लगभग 75 प्रतिशत पद छत्तीसगढ़ के किरंदुल और बचेली के खदानों के लिए है, लेकिन हैदराबाद से शुरू किए गए इस भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए कोई प्राथमिकता तय नहीं है। ज़मीन हमारी, खनिज हमारा और हमारे ही प्रदेश के युवाओं को नौकरी देने में उपेक्षा?

श्री वर्मा वर्मा ने कहा है कि सरकारी उपक्रम एनएमडीसी, बैलाडीला क्षेत्र के लौह अयस्क का दोहन करती है। सर्वाधिक सक्रिय माइंस छत्तीसगढ़ में ही संचालित है, एनएमडीसी के कुल मुनाफे का 80 प्रतिशत भाग केवल छत्तीसगढ़ से आता है, फिर भी मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है, जो तर्कसंगत नहीं है। मुख्यालय छत्तीसगढ़ में नहीं होने की वजह से ही कॉरपोरेट टैक्स में राज्य सरकार का हिस्सा, जीएसटी से राज्यांश जैसे अनेकों लाभ तेलंगाना को मिल रहा है। पूर्व में परिस्थितियों अलग थी।

हवाई, होटल और परिवहन सुविधाओं की वजह से मुख्यालय हैदराबाद में बनाया गया था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ में वे सभी सुविधाएं विद्यमान है। खदान छत्तीसगढ़ में है तो अब मुख्यालय भी प्रदेश में ही होना चाहिए।

1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश की विधानसभा में रायपुर में एनएमडीसी मुख्यालय स्थानांतरित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया था। इस प्रस्ताव की अनुशंसा केंद्र को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। इसके लिए छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय भी तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार प्रयास किए, एनएमडीसी की भर्ती परीक्षा नागपुर के स्थान पर जगदलपुर और दंतेवाड़ा में लेने की शुरुआत हुई। मुख्यालय स्थानांतरित करने के लिए प्रधानमंत्री से मुलाकात और अनेकों पत्राचार किए, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की केवल आश्वासन ही देते रहे।

बैलाडीला क्षेत्र में भांसी, किरंदुल और बचेली में न केवल एनएमडीसी की लौह अयस्क की सभी प्रमुख खदानें हैं। बल्कि अब तो जगदलपुर के पास नगरनार में एनएमडीसी का सबसे बड़ा संयंत्र भी स्थापित हो चुका है, वहां उत्पादन भी शुरू हो गया है, लेकिन मुख्यालय अभी भी तेलंगाना में ही स्थित है। हैदराबाद में बैठे अधिकारियों के दिशा निर्देश से छत्तीसगढ़ के पूरे ऑपरेशन का संचालन हो रहा है। डबल इंजन की सरकार है। एनएमडीसी का मुख्यालय छत्तीसगढ़ स्थानांतरित करवाने केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाना चाहिए और भर्ती परीक्षा में छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्राथमिकता का प्रावधान किया जाना चाहिए।

**भारतमाला मुआवजा घोटाला**

## शिकायतों की जांच के लिए बनेगी कमेटी

**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाले की पड़ताल चल रही है। रायपुर कमिश्नर ने परियोजना से जुड़ी शिकायत–आपत्ति, दावों की जांच के लिए एक टीम बनाने का फैसला लिया है। ये कमेटी करीब डेढ़ सौ से अधिक आवेदनों की जांच करेगी।

■ **डेढ़ सौ से अधिक आवेदन मिले**



रायपुर–विशाखापट्टनम सडक् निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन के एवज में मुआवजा घोटाले की ईओडब्ल्यू–एसीबी पड़ताल कर रही है। इससे परे राज्य शासन ने मुआवजा से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करने के लिए रायपुर कमिश्नर को निर्देशित किया था।

रायपुर कमिश्नर महादेव कांवरे ने मुआवजा से जुड़े शिकायतों के लिए आवेदन बुलाए थे। कमिश्नर के यहां करीब साठ आवेदन आए हैं। इसी तरह कलेक्टर व एसडीएम के यहां भी मुआवजे से जुड़ी आपत्तियां आई है। कुल मिलाकर डेढ़ सौ से अधिक आपत्ति–दावे, और शिकायतें मिली है।

रायपुर कमिश्नर कांवरे ने बताया कि कलेक्टर और एसडीएम के यहां भी आए आवेदनों को बुलाया गया है। कुल मिलाकर डेढ़ सौ से अधिक आपत्ति–दावे और शिकायतें आई हैं। उन्होंने बताया कि शिकायतों की जांच के लिए ग्रामवार कमेटी के गठन पर विचार चल रहा है जिसमें सीनियर अफसर रहेंगे।

कमेटी मौके पर जाकर जांच करेगी, और रिपोर्ट देगी। फिलहाल आवेदनों का परीक्षण चल रहा है। बताया गया कि कुछ आवेदन ऐसे भी हैं जिनमें ग्रामीणों की तरफ से यह कहा गया है कि उनकी जमीन अधिग्रहित नहीं की गई, लेकिन जमीन से होकर सडक् गुजर रही है। कुछ ने मुआवजा कम मिलने की बात भी कही है। एक–दो शिकायतें ऐसी भी है जिसमें कहा गया कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। अगले एक हफ्ते में आवेदनों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# चार महीने में हुए 5322 सड़क हादसों में 2591 लोगों की गई जान

**सड़क हादसे रोकने अफसरों ने ली बैठक, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की अब खैर नही**

**रायपुर**, 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे। बीते चार महीने में 5322 सड़क हादसे हुए हैं जिसमें 2591 लोगों की जान गई है इन घटनाओं में अधिकतर मौतें हेलमेट नहीं लगाने से हुई है। सड़क हादसे पर लगाम लगाने आज अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें कई निर्देश दिए गए।

बैठक में एसीएस पिंगुआ ने कहा कि सड़क सुरक्षा उपायों का सबकी सहभागिता से बेहतर क्रियान्वयन हो साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास किया जाए। बैठक में एसीएस पिंगुआ ने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सड़कों में मिलने वाली ग्रामीण सड़कों के जंक्शन, दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों ब्लैक स्पॉट्स में प्राथमिकता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय समय.सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने विभागीय गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले चार महीनों में 5322 सड़क दुर्घटनाओं में 2591 व्यक्ति की मृत्यु हुई और 4825 घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है सचिव एस प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2019.2025 तक चिन्हाकित लंबित ब्लैक स्पॉट्स में से 69 और 101 जंक्शन सुधार



■ **हेलमेट नहीं लगाने से हुई अधिकतर मौतें**

किया गया है यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग ने 3 लाख 06 हजार 106 प्रकरणों में 11.92 करोड़ और परिवहन विभाग ने 2 लाख 80 हजार 568 प्रकरणों में 58.35 करोड़ रुपए की शमन शुल्क वसूल किए हैं।

बैठक में बताया कि जिलों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों सांसदए विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी समीक्षा बैठकों के माध्यम से आवश्यक दिशा.निर्देश एवं सुझाव दिए गए हैं सड़क दुर्घटनाओं पर सभी जिला अस्पतालों में सातों दिन चौबीसों घंटे एक्सरे लेबोट्री जांच इमरजेंसी संबंधित आवश्यक दवाइयां इन्जेक्शन उपलब्ध कराने के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकोंए स्टाफनर्सों और पैरामेडिकल स्टाफको प्रशिक्षण दिया गया है बैठक में बताया गया कि इस वर्ष शाला सुरक्षा प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात जागरूकता के 1234 कार्यक्रमों में 7,19,000 लाभान्वित हुए हैण् अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा में स्वास्थ्य सेवाएं, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग शिक्षाए परिवहन, सामान्य प्रशासन विभागों में कार्यरत योग्य व सेवानिवृत अधिकारियों की भी सहभागिता पर विचार किया गया समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में 3,72,406 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं।

इसके अलावा 1,02,410 अतिरिक्त लाइट्स की भी स्वीकृति प्रदान की गई है सड़के पशु मुक्त न होने से, अवैध साईन बोडर्स के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही न होने से हो रही सड़क दुर्घटनाएं पर नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावितों के धनरहित उपचार के लिए निर्दिष्ट चिकित्सालयों, घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्तियोंगुड सेमेरिटन को यथाशीघ्र सम्मान राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए गए 5388 अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी;सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने पावर पाइंट माध्यम से प्रस्तुतीकरण के दौरान अवगत कराया कि शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के पाठ्यक्रमों मे सड़क सुरक्षा विषयक पाठों के परिमार्जन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसे आगामी शिक्षा सत्र से लागू करने सहित प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में रोड़ क्लब गठित कर नियमित गतिविधियों से सड़क सुरक्षा का वातावरण तैयार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में दोपहर 03 बजे से लेकर रात्रि 09 बजे के मध्य शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रही है। इन दुर्घटनाओं में सर्वाधिक दोपहिया वाहन चालकध्सवारों की मृत्यु की प्रमुख वजह बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना है।

CMYK

## एक राष्ट्र-एक चुनाव पर कल सेमिनार

**रायपुर,** 24 मई। सोमवार को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर संगोष्ठी, सम्मेलन, संवाद कार्यक्रम का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में शाम 4 बजे से किया जायेगा। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम मंत्री छग़ शासन कृषि, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्रालय होंगे।

# चंदनडीह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 18 मिलियन लीटर उपचारित पानी का पुन: उपयोग करेगा एनएसपीसीएल

## एनएसपीसीएल भिलाई और रायपुर नगर निगम के बीच हुआ एमओयू



**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। एनएसपीसीएल भिलाई और रायपुर नगर निगम ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत के साथ चंदनडीह स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से प्रतिदिन 18 मिलियन लीटर उपचारित जल एनएसपीसीएल उपयोग में लेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे के दिशा-निर्देशों और निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसका उद्देश्य उपचारित जल का औद्योगिक उपयोग कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। शनिवार को एनएसपीसीएल के भिलाई कार्यालय में इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। नगर निगम के अपर आयुक्त श्री विनोद पांडे, कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता श्री योगेश कड्डु, एनएसपीसीएल के बिजनेस यूनिट हेड श्री नील कुमार शर्मा और जीएम श्री आलोक सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान हुआ। उल्लेखनीय है कि एनएसपीसीएल, नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) का संयुक्त उपक्रम है।

**जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

जल्द ही इस प्रोजेक्ट की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके बाद पाइप लाइन बिछाने का कार्य आरंभ होगा जिसका खर्च एनएसपीसीएल वहन करेगा। अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) और पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से एनएसपीसीएल की ताजे व मीठे पाने के स्रोतों और भू-जल पर निर्भरता कम होगी। गौरतलब है कि चंदनडीह स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता 75 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। नाले-नदियों से होकर बहने वाले गंदे पानी को उपचारित कर औद्योगिक इकाइयों को प्रदान करने की दिशा में यह निगम का बड़ा कदम है। इससे नदी-नालों का जल दूषित होने से बचेगा।

# सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में लगी भीषण आग



**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी मेकाहरा अस्पताल में आधी रात को भीषण आग लग गई.आधी रात को लगी इस आगजनी की घटना के बाद हड़कंप मच गया है. मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया. मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है. आगजनी के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**रात 2 बजे की है घटना**

जानकारी के मुताबिक मेकाहरा अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर कमरा नंबर 152 में बनी क्लिनिकल पैथोलॉजी में अचानक आग लग गई. ये घटना शुक्रवार की रात को 2 बजे के आसपास हुई. आग लगने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई. इसकी सूचना मौजूद कर्मचारियों ने पुलिस और दमकल टीम को दी. मौके पर फायरब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया जा सका. इसके बाद प्रबंधन और भर्ती मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।


**अफरा-तफरी का माहौल**

**कारणों की हो रही जांच**

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. इससे किसी तरह का बड़ा हादसा होने से बच गया. बता दें कि मेकाहरा प्रदेश के सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है. यहां प्रदेश के कई इलाकों के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं. अस्पताल प्रबंधन का कहना आग लगी थी लेकिन काबू पा लिया गया है. आगजनी के कारणों की जांच की जा रही है।

# वट सावित्री पर माताओं और बहनों को 101 लीटर शरबत का करेंगे वितरण : देवांगन

**रायपुर,** 24 मई। वट सावित्री के अवसर पर देवांगन समाज के धर्म प्रचार समिति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन के द्वारा वट सावित्री की उपवास रहने वाली माता और बहनों को वट वृक्ष के नीचे पूजा स्थल पर जाकर शरबत का वितरण किया जाएगा। शरबत वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए देवांगन समाज के धर्म प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि वट सावित्री के दिन माताएं और बहाने सुबह से उपवास रखती है यहां तक कि वह पूजा के पूर्व पानी भी नहीं पीते। इसलिए बिरगांव नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर जाकर 101 लीटर शरबत का वितरण माताओ और बहनों के बीच किया जाएगा ।सोमवार(कल) 26 मई को दोपहर में वट सावित्री की पूजन अर्चन और कथा के बाद बरगद वृक्ष के नीचे ही माताओ और बहनों को शरबत का वितरण किया जाएगा। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार प्रचलित इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज के चंगुल से जीवित किया था। सत्यवान का शव वट वृक्ष के नीचे रखकर सावित्री ने पूजन अर्चन की थी, इसलिए इस पर्व को वट सावित्री कहा जाता है। इसमें विवाहित महिलाएं अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। देवांगन समाज के धर्म प्रचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने आगे कहा कि बरगद के पेड़ में त्रिदेवों का वास होता है। जड़ में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु जी और शाखाओं में तथा ऊपर पत्तों में भगवान शिव का वास है। इसमें त्रिदेवों का वास होने के कारण इसे देववृक्ष भी कहा जाता है। इस अवसर पर उन्होंने संकल्प भी लिया है कि वट वृक्ष के साथ अन्य जितने भी देव वृक्ष हैं उनकी सेवा और देखरेख उनके समिति के सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। वट वृक्ष में कई औषधीय गुण होते हैं और इसे ऑक्सीजन का खजाना माना जाता है। इस पेड़ से निकलने वाली कलियों को खाकर महिलाएं अपना व्रत पूरा करती हैं। इस कली में एंटीऑक्सीडेंट के साथ-साथ अद्भुत रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है।



# रायपुर में बनेंगे फ्लाईओवर और अंडरपास

**रायपुर,** 24 मई। राज्य शासन ने शहरों में विकास कार्य के लिए नगरोत्थान योजना शुरू की है। इसके अनुसार निकायों के शहरी क्षेत्र में जरूरत के अनुसार मुख्य सड़क निर्माण एवं मुख्य सड़क चौड़ीकरण कार्य बायपास रोडए फ्लाईओवर मुख्य सड़क में सर्विस रोड निर्माणए अंडर पास सड़क निर्माण सहित अधोसंरचना के अन्य कार्य कराए जाएंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी संबंधितों को दिशा. निर्देश जारी किए हैं।

**नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश**

**पहले नगर निगमों में फिर पालिका में होगा लागू**

जारी दिशा निर्देश में कहा है कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना का क्रियान्वयन प्रथम चरण में प्रदेश की सभी नगर निगमों में लागू होगा। आगामी चरणों में चरणबद्ध रूप से प्रदेश की नगर पालिका परिषदों को भी शामिल किया जाएंगा। नगरीय निकायों द्वारा राज्य शासन के बजट में शामिल कार्यों को तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर डीपीआर संचालनालय को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की होगी।

**योजना की मॉनिटरिंग के लिए कमेटी**

उक्त योजना की मॉनटरिंग एवं निगरानी के लिए स्वीकृत कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिल स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर अध्यक्ष कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सदस्यए कार्यपालन अभियंता पीएचई सदस्य और आयुक्त नगर पालिका निगम सदस्य सह सचिव होंगे।

**ये कार्य शामिल हैं नगरोत्थान योजना में**

मुख्य सड़क निर्माण एवं मुख्य सड़क चौड़ीकरण बायपास रोड निर्माणए मुख्य सड़क में सर्विस रोड निर्माण फ्लाई ओवरए अंडरपास सड़क निर्माण जल प्रदाय योजना के कार्य सीवरेज नेटवर्क निर्माण एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य मुख्य सड़कों में रोटरी चौक निर्माण स्पोर्ट काम्प्लेक्स निर्माण नवीन हाईटेक बस स्टैंड निर्माण ऑडिटोरियम निर्माणए भव्य उद्यान विकास एवं रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यए पर्यटन स्थल विकास के कार्य शामिल हैं।

# छग के पेंशनरों की समस्याओं व मांगों को लेकर आज बड़ी बैठक

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पेंशनरों की समस्याओं और मांगों को लेकर पेंशनरों की रविवार को बड़ी बैठक होगी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम (सेवा के साथ भी, सेवा के बाद भी) की प्रथम प्रांतीय बैठक 25 मई, दिन रविवार, समय दोपहर एक बजे से कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, शंकर नगर, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास के सामने आयोजित है। पेंशनर्स फोरम के प्रांताध्यक्ष बीपी शर्मा ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण पर चर्चा की जावेगी। साथ ही पेंशनर्स के कल्याण हेतु योजनाओं पर चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा। बैठक में श्री कमल वर्मा, प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय पदाधिकारी एवं जिला संयोजक उपस्थित रहेंगे।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

## निधन

### चिंतामणि गढ़वाल



**रायपुर** 24 मई । आज रात्रि 8 बजे अंबेडकर अस्पताल में वरिष्ठ पत्रकार चिंतामणि (चिंटू ) गढ़वाल का दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 मई रविवार को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान श्रीनगर से खमतराई मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### रिज़वान खान पाशा



**बागबाहरा,** 24 मई। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अनवरपुर निवासी युवा कांग्रेस नेता रिज़वान खान पाशा का आज शनिवार की सुबह 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. पाशा लगभग 50 वर्ष के थे। वे ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सईद खान पाशा के पुत्र एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि यजदान पाशा के बड़े भ्राता थे। जिनका अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में आज शनिवार की शाम सुपूर्दे ए खाक किया गया। जिसमें समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ कांस्टेबल



**रायपुर,** 24 मई। राजभवन में पदस्थ एक सिपाही साइबर ठगी का शिकार हो गए। बैंक से क्रेडिट कार्ड जारी होना बताकर उनसे 50 हजार से अधिक ठग लिए गए। इसकी शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**क्रेडिट कार्ड लेने पर सहमति**

पुलिस के मुताबिक सीएएफके सिपाही किशोर कुमार राजभवन में पदस्थ हैं। उनके पास एक व्यक्ति ने फोन किया और खुद को एचडीएफसी बैंक का मैनेजर बताया। उन्होंने उनका बैंक खाता नंबर सहित अन्य जानकारी दी और बताया कि उनके लिए क्रेडिट कार्ड का ऑफर है। बैंक खाते और अन्य जानकारी सही बताने के कारण सिपाही ने भी उन्हें बैंक अधिकारी मान लिया और क्रेडिट कार्ड लेने पर सहमति दे दी। इसके बाद क्रेडिट कार्ड उनके पते पर पहुंचा। इसके बाद उन्हें कॉल आया और कार्ड की लिमिट चालू करने के लिए ओटीपी भेजा गया। इसके बाद ओटीपी नंबर पूछा गया। सिपाही ने ओटीपी बता दिया। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से लगातार रकम निकलने लगी। दो दिन में कुल 50 हजार 428 रुपए निकल गए। अज्ञात आरोपी ने क्रेडिट कार्ड देकर उनसे ऑनलाइन ठगी की। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बस्तर के जल, जंगल, जमीन बचाने बैज करेंगे पदयात्रा

**रायपुर,** 24 मई। छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, खनिज संसाधनों को बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 26 से 29 मई तक किरंदुल से दंतेवाड़ा तक 40 किमी. की न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी। अंतिम दिन दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट घेराव कर यात्रा का समापन किया जाएगा। भाजपा सरकार की आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं और इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है इन्हीं मुद्दों को लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा।

**26 मई किरन्दुल से शुरू होकर 29 को दंतेवाड़ा कलेक्ट्रट घेराव के साथ खत्म होगी यात्रा**

# सिए फॉर छत्तीसगढ़ ग्रोथ की थीम के अंतर्गत केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ सब्सिडी योजनाओं पर सेमिनर का आयोजन

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर ब्रांच द्वारा, समिति ऑन एमएसएमई एंड स्टार्टअप, आईसीएआई एवं सीएसआईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में 23 मई को केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ सब्सिडी योजनाओं पर हाफ-डे सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



आईसीएआई रायपुर शाखा के अध्यक्ष सिए विकास गोलछा ने बताया की यह कार्यक्रम उनकी वार्षिक थीम 'सिए फॉर सीजी ग्रोथ' के अंतर्गत किया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप म राजीव अग्रवाल, चेयरमैन सीएसआईडीसी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए ग्यान चंद्र मिश्रा, चेयरमैन समिति ऑन एमएसएमई एंड स्टार्टअप, आईसीएआई की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं सीएसआईडीसी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आलोक त्रिवेदी जी एवं आईडीबीआई बैंक के श्री आशीष त्रिपाठी (जनरल मैनेजर एवं सीनियर रीजनल हेड) विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट वक्ताओं में अमेय त्रिपाठी (उप निदेशक, उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़) एवं सीए रुचि गुप्ता (रीजनल काउंसिल सदस्य, जयपुर) द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-30 पर गहन और व्यावहारिक जानकारी दी गई, सिए संकेत जैन ने प्रोग्राम को शानदार तरीके से कोऑर्डिनेट किया एवं सिए मेघा जैन ने सफल मंच संचालन किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक सदस्यों एवं उद्योग प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। आईसीएआई रायपुर की तरफ से सिए विकास गोलछा - चेयरमैन, सीए रश्मि वर्मा - वाइस चेयरमैन, सीए रवि जैन - सचिव, सीए ऋषिकेश यादव - सीआईसीएएसए चेयरमैन मौजद रहे, सिए रवि जैन ने संस्था की तरफ से सभी अतिथि, वक्ताओ, मौजूद सदस्ययो एवं बैंकिंग पार्टनर आईडीबीआई बैंक को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# समाधान शिविर में शिकायत के बाद नारा का आरोपी कोचिया 36 पौव्वा शराब के साथ पकड़ाया

**रायपुर,** 24 मई। बीते 19 मई को मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में आयोजित सुशासन तिहार ( समाधान शिविर ) में शिकायत के बाद ग्राम नारा के आरोपी अवैध शराब विक्रेता ओमप्रकाश साहू को 36 पौव्वा शराब के साथ पुलिस अमले ने पकड़ा है। पुलिस की टीम ने बीते 22 मई को आरोपी को ग्राम नारा में धान मंडी के पास बरगद पेड़ के नीचे एक सफेद प्लास्टिक की बोरी के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी के पास रखी बोरी से 36 पौव्वा शराब जप्त की गई है। समाधान शिविर में भानसोज के सफल शराब विरोधी आंदोलन से जुड़े करीबन 35 ग्रामों में से अधिकतर में अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियां बिकने सहित, जुआ के मामले बढने की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए जिलाधीश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम पुलिस विभाग का कोई स्टाल न होने के कारण आबकारी विभाग के स्टाल में ज्ञापन सौंपा गया था । नारा के ग्रामीण सूत्रों के अनुसार ग्राम में 6- 7 शराब कोचिये व एक गांजा विक्रेता सक्रिय है । इधर सफल भानसोज शराब विरोधी आंदोलन की अगुवाई कर चुके व क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने बताया है कि सौंपे गये ज्ञापन की प्रति उन्हें भी उपलब्ध करायी गयी है । उल्लेखित ग्रामों के ग्रामीणों से संपर्क व चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी । अभी तक ग्रामीणों से मिली जानकारी के हवाले से उन्होंने बताया है कि फिलहाल सुशासन तिहार के चलते ग्रामों में लग रहे शिविरों में शिकायतों के दौर के चलते असामाजिक तत्वों की गतिविधियां कम हो गई हैं। मगर सुशासन तिहार के समाप्त होते ही 31 मई के बाद इनके अपने राजनैतिक व प्रशासनिक आकाओं के संरक्षण में एक बार फिर बेखौफ हो जाने की संभावना ग्रामीण व्यक्त कर रहे हैं ।

# बख्शी जी देश के पहले समालोचक हैं : प्रो. चंद्रशेखर

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। साहित्य अकादमी के द्वारा नवीन विश्राम गृह में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जयंती के अवसर पर परिचर्चा और संभागीय साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में बख्शी जी और हिन्दी समालोचना विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता डॉ चंद्रशेखर ने कहा, बख्शी जी हिंदी साहित्य के बड़े समालोचक हुए, साहित्य जगत में उनकी इस महत्ता पर कम चर्चा होती है। उन्होंने कहा बख्शी जी पाश्चात्य और भारतीय साहित्य के पत्रों की तुलनात्मक समालोचना करने वाले देशंके पहले साहित्यकार हुए। उन्होंने शेक्सपियर के नाटक टेम्पेस्ट के पात्र मिरान्डा और कालिदास रचित अभिज्ञान शकुंतलम की पात्र शकुंतला के चरित्रों की तुलनात्मक समीक्षा की है। डॉ. शर्मा ने बख्शी जी के साहित्यिक अवदान पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे डॉ सुशील त्रिवेदी ने बख्शी जी की हिंदी समालोचना के विषय में बताया कि देश के मूर्धन्य साहित्यकारों ने उन्हें निबंधकार से कहीं बड़े समालोचक के रूप में प्रस्तुत किया है। सरकारें में पदुमलाल पुन्नालाल जी की पौत्री श्रीमती नलिनी श्रीवास्तव ने अपने साथ के अनेक संस्मरणों को सुनाया।



**पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जयंती समारोह का आयोजन**

संभागीय साहित्यकार सम्मेलन में राजधानी सहित महासमुंद , धनती, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद जिले के साहित्यकार सम्मिलित हुए। श्री बख्शी की कृतित्व का स्मरण करते हुए किस तरह से साहित्य सृजन में साहित्य अकादमी की भूमिका भविष्य में सक्रिय रुप से हो इस पर मंथन किया गया। आयोजन का आरंभ माता सरस्वती व पदुलाल पुन्नालाल बख्शी के चित्र पर माल्यार्ण कर दीप प्रज्वलित किया गया। श्री बख्शी के साहित्य सेवा का स्मरण करते हुए साहित्यकारों ने राज्य में साहित्य को बढ़ावा देने को लेकर अपने विचारों को साझा किया। किस तरह से श्री बख्शी विपरित स्थिति में भी साहित्य सेवा का जो उदाहरण स्थापित किया है। उससे प्रेरणा लेकर आगे हिन्दी साहित्य के विशाल धरोहर को किस तरह से आगे बढ़ाया जाए इस पर चार सत्रों में संभाग के साहित्यकारों ने मंथन किया। रायपुर संभाग के सभी जिलों से आये साहित्यकारों ने स्थानीय साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा की और आगे किस तरह से उनके जिलों में साहित्य के प्रति लोगों को जोड़ा जा सके इस पर अपने विचार व्यक्त किए। साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा, 'छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी का लक्ष्य साहित्य को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। इस सम्मेलन में सामने आए विचारों को लागू करने के लिए हम तत्पर हैं।' इस अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसका विषय था हिंदी साहित्यिक पत्रकारिता की यात्रा। इस परिचर्चा में वरिष्ठ5 क्रूरु साहित्यकार गिरीश पंकज, रिटायर्ड आईईएस सुशील त्रिवेदी, सुधीर शर्मा, डॉ. चितरंजन कर, मीर अली मीर, माणिकलाल विश्वकर्मा, डुमनलाल ध्रुव, श्रीमती एस. चंद्रसेन और रामेश्वर शर्मा सहित संभाग के अन्य गणमान्य साहित्यकार शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य साहित्य अकादमी के हितों को सशक्त करना और छत्तीसगढ़ में साहित्य के विकास के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। साहित्यकारों ने साहित्य को स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने, भाषा को संरक्षित करने, तथा युवा पीढ़ी को साहित्यिक रचनात्मकता से जोड़ने के लिए अपने विचार साझा किए।

# रायपुर लोस सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पितारामजी लाल अग्रवाल के आकस्मिक अवसान पर महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षदों ने गहन शोक जताया

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाज सेवक रामजी लाल अग्रवाल के 96 वर्ष की अवस्था में आकस्मिक निधन पर राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान हेतु विनम्र प्रार्थना की है. इसके साथ ही सर्वशक्तिमान ईश्वर से दिवंगत आत्मा के सभी परिवारजनों, इष्टगणों, मित्रगणों, सहयोगियों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु विनम्र प्रार्थना की गयी है. महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षदों ने कहा कि वरिष्ठ समाज सेवक स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल का जीवन में किये गए समस्त समाजसेवी कार्यों हेतु सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा और उनके जीवन से नागरिकों को समाजसेवी कार्य करने हेतु सदैव सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्राप्त होती रहेगी।

# बीएसएनएल की फ्रेंचाइजी लेकर फर्जीवाड़ा

## किसी और के सिम दूसरे को दिए

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। किसी और के नाम से जारी मोबाइल सिम को दूसरे को दे दिया। इसकी जानकारी मिलने पर टेलीकॉम कंपनी ने फ्रेंचाइजी संचालक के खिलाफअपराध दर्ज कराया है। आरोपी ने 25 से अधिक मोबाइल सिम उत्तरप्रदेश के व्यक्ति को बेच दिया है। इन सिम के दुरुपयोग के बारे में फिलहाल पुलिस को पता नहीं चला है।



### आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला

पुलिस के मुताबिक महासमुंद जिले के सरायपाली निवासी साहिल साहू ने जीएस मार्केटिंग के नाम से बीएसएनएल की फ्रेंचाइजी ली है। 2 से 16 मई 2025 के बीच साहिल ने जिन लोगों को बीएसएनएल का सिम अलॉट हुआ था उन्हें सिम नहीं दिया। उनके स्थान पर किसी दूसरे को सिम दे दिया। ऐसे 25 से अधिक मोबाइल सिम बदले गए हैं। सभी सिम उत्तरप्रदेश में लखनऊ के एक व्यक्ति को दिए गए। सिम नहीं मिलने पर लोगों ने इसकी शिकायत बीएसएनएल के अधिकारियों से की। विभागीय जांच के बाद कंपनी ने तेलीबांधा थाने में साहिल के खिलाफशिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

### दुरुपयोग की ले रहे जानकारी

बताया जाता है कि मोबाइल सिम जिन लोगों को बेचा गया हैए उसकी जानकारी भी बीएसएनएल ने टेलीकॉम मिनिस्ट्री में दी है। इन सिम के दुरुपयोग संबंधी जानकारी निकाली जा रही है। बताया जाता है कि लखनऊ में जिन लोगों को सिम दिया गया हैए उनमें से कई लोगों ने इसे दूसरी कंपनी में पोर्ट करा दिया है।

### सट्टे और साइबर ठगी में होता है इस्तेमाल

इस तरह के मोबाइल सिम का सबसे ज्यादा ऑनलाइन सट्टा और साइबर ठगी में इस्तेमाल किया जा रहा है। म्यूल बैंक खातों में भी इसका इस्तेमाल हो रहा है। फिलहाल तेलीबांधा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परिवार के 3 सदस्यों की दुर्घटना होने पर 4.50 लाख तक कैशलेस इलाज

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटना में अगर एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं तो उन्हें डेढ़.डेढ़ लाख के हिसाब से साढ़े 4 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। प्रदेश के सभी आयुष्मान भारत योजना पंजीकृत सरकारी व निजी अस्पतालों पर यह इलाज किया जाएगा। 23 मई से यह योजना लागू हो गई है। प्रदेश में करीब एक हजार अस्पताल हैए जो आयुष्मान योजना में पंजीकृत हैं।

**पंजीकृत अस्पतालों में मिलेगा लाभ**

### तीन लोगों को कैशलेस इलाज का मिलेगा लाभ

प्रदेश में भी केंद्र सरकार की सड़क दुर्घटना नकदी रहित उपचार स्कीम.2025 लागू कर दी गई है। इसमें पीड़ित परिवार को 7 दिनों तक डेढ़ लाख रुपए तक कैशलेस इलाज दिया जाएगा। एक व्यक्ति के लिए डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज किया जाएगा। एक परिवार के अधिकतम तीन लोगों को कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अगर किसी की दुर्घटना होती है और उसे नजदीकी आयुष्मान संबद्ध हास्पिटल में ले जाया जाता हैए लेकिन वहां भी इलाज के संसाधन नहीं हैं या स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं हैंए तो वह हॉस्पिटल तुरंत दूसरे अस्पताल में केस रेफर करेगा। यही नहीं पोर्टल में इसे अपडेट करेगा ताकि विशेषज्ञ वाले अस्पताल में तुरंत इलाज शुरू हो सके।

### योजना गरीब-अमीर सभी के लिए

सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए कोई आय सीमा है। इसमें गरीब व अमीर कैशलेस इलाज करवा सकेंगे। यही नहीं बीमा पॉलिसी या एडवांस पेमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी। योजना का संचालन नेशनल हैल्थ अथॉरिटी की विशेष कमेटी करेगी। राज्य सड़क सुरक्षा समिति नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगी। इलाज की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। पुलिस की ई.डीएआर एप्लीकेशन पर दुर्घटना का रेकॉर्ड बनेगा। अस्पताल ऑनलाइन क्लेम अपलोड करेगा। बिलिंग की पूरी जांच के बाद राज्य स्वास्थ्य एजेंसी या कलेक्टर स्तर पर क्लेम अप्रूव किया जाएगा। भुगतान सीधे अस्पतालों के बैंक खाते में होगा।

# देसी शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। नशे के कारोबारों पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध से शराब रखकर बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि भाटा गांव बी एस यू पी कॉलोनी दर्री तालाब पार एक व्यक्ति दुबला पतला हरा रंग का फूल बांहए टी शर्ट व काले रंग का फुल पैंट पहना है। जो अपने पास प्लास्टिक की बोरी में अवैध रूप से मंदिरा रखकर बिक्री करने के लिए खड़ा हैं मुखबिर से सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम बनाकर गवाहो एवं सम्पूर्ण विवेचना कीट के घटना स्थल पर पहूंचा जहां मुखबिर द्वारा बताए व्यक्ति खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की किंतु पुलिस के तत्परता से भागने में असफल रहा। तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से देशी मदिरा प्लेन रखे मिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



# साइलेंट अटैक या हार्ट अटैक, खेलने के बाद दम तोड़ रहे युवा

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। देश के दो राज्यों छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से चिंताजनक खबरें सामने आई हैं। एक तरह से खेलने के बाद युवा दम तोड़ रहे हैं। मध्य प्रदेश के गुना में छात्र की जान चली गई। वह टेबल टेनिस खेलकर लौटा और औंधे मुंह गिर पड़ा तथा सांस थम गई। बीना निवासी शोभित जैन 20 जेपी यूनिवर्सिटी में कम्प्यूटर साइंस विभाग का छात्र था।

### अचानक बेचैनी महसूस हुई और गिर पड़ा

रायपुर के मामले में पुलिस ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है। घटना सप्रे शाला परिसर स्थित बैडमिंटन एकेडमी में हुई। युवक बैडमिंटन खेलने के बाद कोर्ट के पास ही बैठा। अचानक उसे बेचैनी हुई और वह औंधे मुंह गिर गया। थोड़ी देर बाद उसकी सांस थम गई। पुलिस के मुताबिक अमलीडीह के खुशी इंक्लेव में रहने वाला हिमांशु श्रीवास्तव ;35 शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे बैडमिंटन खेलने सप्रे शाला पहुंचा।

### खेलने के बाद आराम करने बैठा

कोर्ट में कुछ देर बैडमिंटन खेलने के बाद वह आराम करने किनारे में बैठा। अचानक उन्हें बेचैनी महसूस हुई और वह गिर पड़ा। आसपास मौजूद खिलाड़ियों को कुछ समझ नहीं आया। बेसुध हिमांशु को अंबेडकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। मृतक मूलतरू भिलाई का रहने वाला था। अपने परिवार के साथ अमलीडीह में रहता था। शंकर नगर की प्राइवेट कंपनी में काम करता था। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक नहीं आई है।

### कम उम्र में मौत के आ रहे मामले

मामले में पुलिस ने हार्ट अटैक की वजह से मौत की आशंका जताई है। हालांकि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। इससे पहले भी कम उम्र में मौत के कई मामले सामने आ चुके हैं। नवा रायपुर में मैराथन में दौड़ते हुए एक सब इंजीनियर की मौत हो गई थी। इसी तरह खमतराई के एक जिम में ट्रेडमिल में दौड़ते एक नाबालिग की जान चली गई थी।

इसी तरह जगदलपुर में कपिल ठाकुर नाम के 29 वर्ष के युवक की अस्पताल में बैठे.बैठे मृत्यु हो गई। कोरबा के विक्रम कुमार की प्रयागराज में कुंभ के दौरान घूमते हुए मौत गई।

# डिपो से बिना जांच के सीधे घरों में भेज रहे सिलेंडर

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। गैस एजेंसी द्वारा सप्लाई हुए सिलेंडर से गैस लीक होनाए सिलेंडर में गैस कम होने जैसी कई शिकायतें कंपनी को मिल चुकी है। बताया जाता है कि इसकी बड़ी वजह गैस एजेंसी वालों का सीधे सप्लाई करना है। गैस एजेंसी वाले अपना खर्च बचाने के चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रह हैं। डिपो से सिलेंडर लेकर सीधे ग्राहकों को सप्लाई कर रहे हैं। गैस सिलेंडरों की जांच नहीं करते हैं। नियमानुसार डिपो से निकले गैस सिलेंडरों को गैस एजेंसी वालों को पहले अपने गोदाम में रखना हैए इसके बाद ऑर्डर पर संबंधित ग्राहकों को आपूर्ति करना है। इसके विपरीत कई गैस एजेंसी वाले डिपो से सिलेंडर लाकर ग्राहकों को दे रहे हैं। इससे गैस सिलेंडर में वजन कमए गैस लीक खराब सिलेंडर जैसी समस्याएं आ रही हैं। साथ ही खतरा भी बढ़ गया है।

**कई बार हो चुकी है शिकायत:** गैस एजेंसी द्वारा सप्लाई हुए सिलेंडर से गैस लीक होनाए सिलेंडर में गैस कम होने जैसी कई शिकायतें कंपनी को मिल चुकी है। बताया जाता है कि इसकी बड़ी वजह गैस एजेंसी वालों का सीधे सप्लाई करना है। अगर गैस सिलेंडर को अपने गोदाम में रखने के बाद सप्लाई करेंगे तो खराबी की जानकारी उन को मिल जाती है। इसे सुधार सकते हैं लेकिन डिपो से सीधे घरों तक भेजना काफी जोखिमभरा है।



**खर्च बचाने के चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़**

**गोदाम छोड़ रोड पर ही वितरण करते हैं सिलेंडर:** कई गैस एजेंसियां अपना गोदाम छोड़ सड़क पर ही गैस सिलेंडर का वितरण कर रही हैं। इस दौरान कोई घटना हो जाए तो आसपास के लोगों को भारी नुकसान होगा। साथ उस समय सुरक्षा का कोई इंतजाम भी नहीं रहता है। गैस कंपनियां भी ऐसी एजेंसियों के खिलाफकिसी तरह का एक्शन नहीं लेती है। इसके चलते गैस एजेंसियां मनमानी कर रही हैं। अधिकांश गैस एजेंसियों का गोदाम और ऑफिस शहर भीतर है जबकि आबादी काफी फैल गई है। शहर का दायरा भी बढ़ गया है। इस कारण अधिकांश गैस एजेंसियां डिपो से गैस सिलेंडर लाने के बाद अपने गोदाम में नहीं जाती हैंए बल्कि किसी सार्वजनिक स्थान या रोड किनारे ट्रक खड़े कर देते हैं और ग्राहकों को वहीं बुलाकर वितरण करने लगते हैं। इससे उनका अपने गोदाम आने.जाने के वाहनों के खर्च की बचत हो जाती है।

> **150 ट्रकें वितरण में**
>
> गैस सिलेंडरों को अपने ऑफिस गोदाम से ही सप्लाई करना है। डिपो से लाकर सीधे ग्राहकों को वितरण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **– भूपेंद्र मिश्रा कंट्रोलर खाद्य विभाग रायपुर**

# धारदार चाकू के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बंजारी मंदिर के सामने रावांभाठा में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा बंजारी मंदिर के सामने रावांभाठा पहुंचकर आरोपी कुलजीत उर्फझोल्टू सोनी पिता जोगी सोनी उम्र 20 साल साकिन आरटीओ कार्यालय के पीछे डेरापारा रावाभांठा, जिला रायपुर के कब्जे से एक बटनदार धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। एक अन्य मामले में महाराजबंध तालाब सुलभ के पास एक लड़का लंबा पतला दुबला हरा सफेद लाइनिंग वाले शर्ट एवं सफेद पजामा पहना है। जो अपने पास अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहा है। की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़का घटना स्थल पर खड़ा था पुलिस को देख भागने की कोशिश की किंतु पुलिस के तत्परता से आरोपी भागने में असफल रहा ।आरोपी का तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से एक स्टील का धार दार चाकु रखे मिला

# दुकान खाली करने व्यापारियों को मिल रही धमकियां

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। आमानाका चौक में सालों से दुकान बनाकर अपना जीवनयापन चला रहे कारोबारियों को अचानक दुकान खाली करने की धमकियां मिलने लगी हैं। एक पक्ष पूरी जमीन को अपना बताते हुए अपने गुर्गों के जरिए व्यापारियों को दुकान खाली करने की धमकियां दे रहा है।

**बिजली बंद करने और बुलडोजर चलाने की दी गई चेतावनी**

**दुकानदारों की समस्या दूर नहीं:** कभी बिजली काटने तो कभी प्रत्यक्ष रूप में आकर दबाव बना रहा है। कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत करके बिजली आपूर्ति भी बाधित करवा चुका है। पीड़ित व्यापारियों ने इसकी शिकायत सरस्वती नगर थाने में की है। इसके बाद भी दुकानदारों की समस्या दूर नहीं हुई है। अलग.अलग तरीके से व्यापारियों को दुकान छोड़ने के लिए कहा जा रहा है।

**50.50 साल से काबिज:** आमानाका चौक के आसपास की जमीन पर दुकानदार 50.50 साल से काबिज हैं। पिछले कुछ दिनों से विकास उर्फ विजयकांत दुबे उन्हें दुकान खाली कराने के नाम पर धमकी दे रहे हैं। दुकान खाली नहीं करने पर बुलडोजर चलानेए मीटर बंद करवाने की चेतावनी दे रहे हैं। इसकी शिकायत पीड़ित व्यापारियों ने सरस्वती नगर थाने में की है। बताया जाता है कि जहां दुकान हैए वो सरकारी जमीन का हिस्सा है।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ 2 अंतर्राज्यीय सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत पारस नगर स्थित ओव्हरब्रीज के पास आरोपी सोनू उर्फसंजय सूर्यवंशी राजपूत पिता कैलाश सिंह उम्र 32 वर्ष पता साधु गैस एजेंसी साई मंदिर के पास दीपक कालोनी न्यु राजेन्द्र नगर थाना राजेन्द्र नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 152 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस कीमती लगभग 2,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में धारा 22;सी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस को कालाहांडी उड़ीसा निवासी वासुदेव पांडे से लाना बताये जाने पर टीम के सदस्यों द्वारा उडीसा रवाना होकर आरोपी वासुदेव पांडे की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में वासुदेव पांडे द्वारा उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट को केसिंगा उडीसा निवासी कृष्णा मेडिकल दुकान के संचालक पूर्ण चंद्र साहू से लाना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा पूर्ण चंद्र साहू को पकड़कर उससे उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तोवज प्रस्तुत न कर टेबलेट को अवैध रूप से बिक्री करना बताया गया। जिस पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 1800 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस तथा प्रकरण से संबंधित 02 नग मोबाईल फोन जप्त किया गया।



इस प्रकार प्रकरण में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1952 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस एवं 02 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 52,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से टकराई

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। रायपुर में एक तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है।

पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकए दो युवक बाइक से टाटीबंध से भाटागांव की ओर आ रहे थे। भाटागांव चौक के पहले सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में बाइक जा घुसी। जिससे दोनों युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई। इनमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक संतराम घृतलहरे निवासी बलौदा बाजार है। दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**ट्रक ड्राइवर ने की गलत तरीके से पार्किंग:** पुलिस ने बताया कि ट्रक खराब हो गई थी। ड्राइवर ने बिना किसी संकेत के गाड़ी को लापरवाही पूर्वक सड़क के किनारे खड़े कर दिया था। युवक भी तेज रफ्तार में थे। अंधेरे में उन्हें ट्रक नहीं दिखी और बाइक जाकर टकरा गई। फिलहाल पुलिस ने एक युवक की लाश का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। वही ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

## महिला की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। वार्ड क्रमांक 13 में एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। महिला का खून से लथपथ शव उसके ही घर के पास मिला है सिर को पत्थर से कुचल कर हत्या की गई है। पुलिस को शक है कि हत्या के पीछे महिला का पड़ोसी हो सकता है जिससे उसका विवाद हुआ था। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार मृतका का अपने पड़ोसी से दोपहर के समय किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी के कुछ घंटों बाद यह दर्दनाक घटना सामने आई। जब मोहल्ले के लोगों ने महिला को खून से सना हुआ पड़ा देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में चाईल्ड हेल्प लाईन डेस्क की शुरूआत

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। आज रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर रेलवे चाईल्ड हेल्प लाईन हेतु चाईल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। एसपी रेल श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री शैल ठाकुर द्वारा फीता काटकर चाईल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया और बाल मित्र रेलवे विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी रेल एस एन अख्तर डीएसपी पुलिस कंट्रोल रूम रायपुर से नंदिनी ठाकुर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रश्मि बाला तिवारी जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जीआरपी आर पी एफके अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में रेलवे स्टेशन के सफाई कर्मी ऑटो चालक कुली और अन्य रेल्वे के कर्मचारीगण उपस्थित हुए। उपस्थित प्रतिभागियों को एस पी रेल श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा द्वारा बाल तस्करी के माध्यम पहचान और सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गईए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री शैल ठाकुर द्वारा मिशन वात्सल्य द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के साथ.साथ चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 महिला हेल्प लाईन 181 एवं देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले बालकों की प्रकृति के संबंध में जानकारी दी गई। डीएसपी पुलिस कंट्रोल रूम नंदिनी ठाकुर द्वारा बालकों में बढ़ते अपराध के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। स्टेशन डायरेक्टर आर पी मंडल चौरसिया द्वारा रेलवे स्टेशन में विचरण करने वाले बालकों के संबंध में सुरक्षा उपाय बताए गए। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के स्टेट कोऑर्डिनेटर विपिन ठाकुर द्वारा बाल तस्करी बाल श्रम भिक्षावृत्ति में संलग्न बालक घुमंतू बालक नशे से पीड़ित बालकों के पहचान व सहयोग के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन रश्मि बाला तिवारी जिला बाल संरक्षण अधिकारीए जिला बाल संरक्षण इकाईए महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया गया।



# अस्पताल की लचर व्यवस्था से पेंशनर्स परेशान

**रायपुर,** 24 मई (देशबन्धु)। अंबेडकर अस्पताल की लचर व्यवस्था से पेंशनर्स परेशान हैं। पर्ची जमा करने के 13 से 15 दिनों के बाद दवा मिलने से समस्या बढ़ जाती है। ज्यादातर पेंशनर्स हाइपरटेंशन व डायबिटीज के मरीज होते हैं। ऐसे मरीजों को लंबे समय बाद दवा देने का तुक नजर नहीं आता।

**पर्ची जमा करने के 13 दिनों बाद मिल रही दवा**

**सभी दवाएं जेनेरिक होती हैं:** पेंशनरों का आरोप है कि अप्रोच वाले लोगों को 2.3 दिन में दवा दे जाती है जबकि बाकी पेंशनर को बाद में बुलाया जाता है। पेंशनरों ने बताया कि सभी दवाएं जेनेरिक होती हैं। इसके बाद भी दवा बांटने वाले फार्मासिस्ट की मनमानी चल रही है। वे पेंशनर से सीधे मुंह बात नहीं करते।

**गार्ड बड़े अधिकारियों से मिलने नहीं देते:** कहते हैं कि पर्ची जमा कर दिया है तो 13 से 15 दिनों बाद आना। कई बुजुर्ग बहस करते भी देखे जा सकते हैं। पेंशनरों का कहना है कि लचर व्यवस्था पर आला अधिकारियों का भी ध्यान नहीं है। जब शिकायत करने की बात आती है तो गार्ड बड़े अधिकारियों से मिलने नहीं देते। सरकारी नियम के अनुसार पर्ची जमा करने के 2 से 3 दिनों बाद दवा मिल जानी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। पेंशनरों का कहना है कि दवा वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिएए ताकि दूरदराज से आने वाले पेंशनरों को समस्याओं का सामना करना न पड़े।

**उल्टा पुल्टा**

पति- जरा पानी पिला दो
पत्नी- क्या हुआ प्यास लगी है?
पति- नहीं गला चेक करना है कहीं लीक तो नहीं है!!

# बार-बार बिजली बंद होने से पेयजल आपूर्ति में आने वाली बाधा दूर करने साढ़े 3 करोड़ की लागत से खरीदे जाएगें नए मोटर पंप

## महापौर ने जल आपूर्ति विभाग तथा विद्युत मंडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। रायपुर नाका स्थित 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट के मोटर पंप की क्षमता को बढ़ाने की दृष्टि से 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नया मोटर पंप खरीदने का प्रस्ताव नगर निगम द्वारा तैयार किया गया है। इसके तहत उक्त प्लांट में 120 एचपी के तीन नये मोटर तथा शिवनाथ नदी इंटकवेल में 4 नये पंप लगाने का प्रस्ताव बनाया गया है। इसके लग जाने से आंधी तूफान के कारण जो बिजली गुल हो जाती है तथा टंकियों में पानी नहीं भर पाता जिसके लिये विद्युत अधिकारियों द्वारा पुलगांव में फिल्टर प्लांट तक लगभग 10 किलोमीटर दूरी के सेपरेट फीडर से विद्युत प्रदाय करने की बात कही गई है। इस नयी व्यवस्था में विद्युत प्रदाय व पेयजल संबंधित समस्या पूरी तरह हल हो जायेगी।



उक्त निर्णय महापौर अलका बाघमार द्वारा डाटा सेंटर में जल कार्य से संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पेयजल आपूर्ति में आये दिनों आने वाली समस्या को लेकर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को इसेस निपटने जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये गये। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। बैठक में विद्युत अधिकारियों से बैमौसम आंधी तूफान व बारिश के चलते बार बार बिजली बंद होने से फिल्टर प्लांट में विद्युत अवरोध की समस्या से निजात दिलाने वैकल्पिक व्यवस्था बनाये जाने को कहा गया।

बैठक में जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित सहित इलेक्ट्री सिटी बोर्ड के ई राजेंद्र गिरी गोस्वामी आलोक साहू व जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे।

बैठक में महापौर अलका बाघमार को जल प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अपने विभाग की ओर से गर्मी और बेमौसम बारिश के चलते नियमित पेयजल आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओ से अवगत कराया।

इस दौरान विभाग की अधिकारियो द्वारा बताया गया कि गर्मी में या बिजली बंद होने पर जिन क्षेत्रों में लो प्रेशर की शिकायत सामने आ रही है इसकी 2 मुख्य कारण है जिसमे पहला फिल्टर प्लांट से टंकी भरने की लाईन में वाल का बड़ा लिकेज है जिसे जल्द बदला जाना है और दूसरा कारण रायपुर नाका स्थित 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में मोटर पम्प की क्षमता कमजोर होना है चूंकि अमृत मिशन के तहत अनेक नई टंकिया बनी है जिन्हे भरने वर्तमान में चल रही पंप की क्षमता कमजोर हो गई है इसके लिए 3करोड़ 50 लाख की लागत से नए मोटर पम्प की खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसमे उक्त प्लांट में 120 एचपी के तीन नए मोटर तथा शिवनाथ नदी इंटवेल में 4 नए पंप लगाने प्रपोजल तैयार किए गए है इसके लगने से स्थिति पूरी तरह सुधर जाएगी वही आंधी तूफान के कारण जो बिजली चली जाती है व टंकियों में पानी नही भर पाता इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलगांव से फिल्टर प्लांट तक लगभग 10 किलोमीटर दूरी की सेपरेट फीडर से विद्युत प्रदाय करने करने का सुझाव दिया गया।

जिस पर महापौर अलका बाघमार ने दोनो महत्वपूर्ण प्रस्ताव के स्वीकृति राशि के लिए शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में महापौर अल्का बाघमार ने जल कार्य विभाग से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरे करने निर्देशित करते हुए कहा की पाईप लाईन लिकेज तत्काल मरम्मत किया जाए और लिकेज के कारण टंकी भरने में दिक्कत हो रही वाल को भी शीघ्रता से बदला जाए ताकि शहर में पानी सप्लाई सुचारू रूप से जारी रह सके।

# आठ वर्षो से नाम बदलकर दुर्ग में रहने वाली 2 बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। दुर्ग एसटीएफ पुलिस ने विगत 8 वर्षो से जयंती नगर थाना मोहन नगर क्षेत्र में फर्जी परिचय पत्र के भरोसे रहते आ रही दो बांग्लादेशी व रोहिग्यां महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। ये महिलाएं यहां एक अन्य व्यक्ति को पति बताकर फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं फर्जी मतदाता परिचय पत्र बनाकर यहां रहकर नागरिक सुविधाओं का लाभ उठा रही थी। पुलिस के अनुसार ये दोनों महिलाएं लगभग 15 वर्ष पूर्व बगैर किसी वैद्य दस्तावेज के बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर यहां रह रही थी।



■ **बिना किसी वैद्य दस्तावेज के किया भारत प्रवेश, बनवाये यहीं सारे फर्जी दस्तावेज**

बता दें छत्ती सगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें वापस भेजे जाने की कार्यवाही के लिए एसटीएफ का गठन किया गया है। इनेक व्दारा लगातार दुर्ग में अवैध रूप रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए कार्रवार्र की जा रही है।

इस बीच 24 मई को पुलिस को जानकारी मिली कि जयंती नगर मोहन नगर में दो संदिग्ध बांग्लादेशी महिलाएं अपनी पहचान छिपाते हुए सपना शर्मा एवं रानी पासवान के नाम से रह रहे हैं। एसटीएफटीम एवं मोहन नगर टीम द्वारा दोनों महिलाओं से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम सपना शर्मा उर्फ सपना मंडल एवं खुशबू उर्फरानी पासवान बताया गया। दोनो महिलाओं के कब्जे से प्राप्त दस्तावेज एवं मोबाईल डाटा का विस्तृत विश्लेषण जांच किया गया। जांच पर पाया गया कि सपना शर्मा उर्फसपना मंडल का वास्तविक नाम सनाया नूर है जो मूलत: जोरहाट जिला दीनाजपुर बाग्ला देश की रहने वाली है तथा लगभग 15 वर्ष पूर्व भारत बाग्लादेश सीमा को अवैध रूप से पारकर बिना वैध दस्तावेज के विगत 8 वर्षों से चंगोरा भाठा में रह रही है। सनाया नूर ने बाग्लादेशी नागरिक के मूल पहचान को छिपाते हुए स्वयं को भारतीय नागारिक सिद्ध करने के लिए वर्ष 2019 में कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अभय शर्मा नाम के व्यक्ति को अपना पति बता कर फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र तैयार की है, जांच पर सनाया नूर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से बाग्लदेश के कई नंबरों से लगातार सम्पर्क में रहना पाया गया।

इसी प्रकार बाग्ला देशी महिला रानी पासवान उर्फखुशबू से पूछताछ पर उसका नाम खुशबू बेगम पिता जेर मोहम्मद निवासी जो बरहाट जिला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एक ट्रक शराब तस्करी का फरार आरोपी 1 साल के बाद भिलाई से पकड़ाया

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। धमधा पुलिस के द्वारा एक साल से अधिक समय से फरार शराब तस्कर को पकड़ कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एक ट्रक शराब एवं तीन वाहन कुल मशरूका 50 लाख जप्त किया गया था। जिला पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि 11 जनवरी 2023 को जरिए मुखबिर सूचना के एक ट्रक टाटा कंपनी का 12 चक्का क्रमांक सीजी 07 डी डब्ल्यूब्ल्यू 3630 फुल बॉडी व टाटा सफारी क्रमांक सीजी 07 एडी 7300 एवं कार डटसन गो प्लस क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूएफ 2516 की गाड़ियों में मध्य प्रदेश की तरफसे अवैध शराब लेकर साल्हेवारा गंडई मेन रोड होते हुए धमधा की ओर आ रही है। धमधा पुलिस एवं क्राइम टीम द्वारा नाका बंदी के दौरान ट्रक एवं दोनों कार को पकड़ा गया था। जिसमें 530 कार्टून के प्रत्येक कार्टून में 50-50 पौव्वा अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब सील बंद हालत में प्रत्येक पौव्वा में 180 एमएल शराब भरी हुई लिखा हुआ। कुल 4770 बल्क लीटर प्रत्येक पौव्वा की मती 107 रुपए जुमला 28 लाख 35 हजार 500 रुपए एवं टाटा कंपनी का 12 चक्का क्रमांक सीजी 07 बी डब्ल्यू3630 फुल बॉडी पुरानी इस्तेमाल कीमती 15 लाख रुपए जुमला 43 लाख 35 हजार 500 रुपए तथा डटसन गो प्लस में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सफाई महाअभियान, सड़क किनारे पड़े कंडम वाहन हटाये जाएं : आयुक्त

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहा महासफाई अभियान आज वार्ड 46 पद्मनाभपुर पूर्व में चलाया गया। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड की गलियों व सड़कों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ चल रहे अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने सड़कों के किनारे पड़े कबाड़ के कंडम वाहनों को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड की छोटी व टूटी नालियों का मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।




भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने सुआ चौक के पास बनने जा रहे अटल परिसर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को क्षेत्र की पूरी तरह सफाई कराकर कार्य के शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने नाले नालियों की तल्ले से सफाई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि काम में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर आयुक्त के साथ एमआईसी प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, लीलाधर पाल, पार्षद संजय अग्रवाल, सरिता विनोद चंद्राकर, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेन्द्र साहू, प्रेरणा दुबे, शोएब अहमद, गौतम साहू, कुणाल, राहुल सहित नगर निगम अमल था।

# जेठ में भी आषाढ़ का नजारा दिखा गई आज की बारिश

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। लगातार कुछ दिनों से हो रही बारिश ने आज सुबह लगभग 5 घंटे लगातार बरसकर जेठ में भी आषाढ़ का असर दिखा दिया। इस वर्षा से शहर का जनजीवन काफी हद तक प्रभावित हुआ और बाजार भी देरी से खुले। लोगों को रूटीन कार्यो में भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। दोपहर बाद मौसम खुला और धूप निकल गया।

आज सुबह 6 बजे से ही बारिश शुरू हो गई था जो कभी कम कभी तेज रूप से सुबह 11 बजे तक होती रही। इससे सुबह सुबह मंदिर जाने वाली महिलाओं व मार्निंग वाक पर निकले लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी। गलियों में पानी भर गया था।

हालांकि पानी कुछ देर के भीतर निकल भी रहा था। गली मोहल्लों की किराना इत्यादि की दूकानें जो सुबह 6 से 7 बजे के बीच खुल जाती है वे भी आधा से एक घंटे देर से खुली। इससे सुबह सुबह दूध ब्रेड, बिस्किट व सुबह के जरूरी सामान की खरीदी करने वालों को छाता व रेनकेट के सहारे बाजार जाना पड़ा। विशेष रूप से उन महिलाओं को परेशान देखा गया जो पूजन सामग्रियां लेकर नित्य प्रति मंदिर जाती है आज शनिवार की वजह से मंदिरों में ज्यादा भीड़ रहती है। उन्हें भींगते हुए अथवा अपने नाती पोतों को छाते के साथ लेकर मंदिर जाते देखा गया। बारिश की वजह से सब्जी बाजार भी देर से खुले।

# नाले-नालियों की सफाई जरूरी, स्लेब हटाने में सावधानी रखनी चाहिए : नारमदेव

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। पूर्व एल्डरमेन और कांग्रेस की शहर जिला उपाध्यक्ष रत्ना नारमदेव ने वर्तमान महापौर अलका बाघमार की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा है कि वे लगातार मेहनत कर रही है मगर उन्हें सावधानी भी रखनी होगी। सफाई महाअभियान चलाया जाना समय की मांग है मगर नाले नालियों को एकदम खुला छोड़ दिया जाना जानलेवा भी हो सकता है। इसके लिये विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।



श्रीमती नारमदेव ने कहा कि महापौर श्रीमती बाघमार पद सम्हालने के साथ ही लगातार सक्रिय है वार्डो में दौरा कर रही है जो प्रशंसनीय है किंतु इसके साथ ही कुछ सवाल भी उठ रहे है। उन्होंने कहा कि महापौर जहां भी जा रही है नाली सफाई पर जोर देते हुए नालियों पर रखे स्लेब को तोड़ने का निर्देश दे रही है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में बड़े बड़े व चौड़े चौड़े नाले व नालियां है। इनके स्लेब तोड़ देने से घरों में छोटे छोटे बच्चें जो खेलते व दौड़ते है उनके नाले नालियों में गिर जाने से बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। कई बार बड़े लोग भी दुर्घटना का शिकार हो जाते है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम की नालियों की डिजाईन इस तरह की जानी चाहिए कि उनमें बांस, ब्रश वगैरह से अच्छी तरह सफाई की जा सके और ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सॉफ्टबॉल खिलाड़ी कोमल पाटिल का पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025 के लिए चयन

**बेमेतरा**, 24 मई (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा की कक्षा 9वीं की छात्रा कोमल पाटिल का चयन च्पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025ज्के लिए हुआ है। कोमल एक प्रतिभाशाली सॉफ्टबॉल खिलाड़ी हैं और उन्होंने जिले तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। जेवरा ग्राम को सॉफ्टबॉल की नर्सरी कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि यहां से हर वर्ष कई मेडल विजेता खिलाड़ी निकलते हैं। इस गौरवपूर्ण परंपरा के पीछे विद्यालय के व्यायाम शिक्षक एवं राष्ट्रीय कोच मृत्युंजय शर्मा का अथक योगदान है।



कोमल पाटिल ने कबीरधाम और औरंगाबाद में आयोजित दो स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और एक स्वर्ण पदक भी जीता। साथ ही उन्होंने सब जूनियर ओपन नेशनल टूर्नामेंट में भी अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। वे जेवरा ग्राम के किसान केजराम पाटिल की पुत्री हैं। जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कोमल को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पिंकी मनहर ने भी कोमल को बधाई दी और उनके खेल जीवन की सराहना की।

# गीतांजली संगीत महाविद्यालय ने किया कुलपति डॉ.लवली शर्मा का सम्मान

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के नये कुलपति एवं सुप्रसिद्ध सितार वादक डॉ. लवली शर्मा का स्थानीय गीतांजली संगीत महाविद्यालय द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।



इस अवसर पर कुलपति डॉ. शर्मा ने संगीत के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गीतांजली संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य व्ही.एन.भोले, वरिष्ठ सदस्य कल्याण ठाकुर, प्रबंधक दिलीप इंगले, तबलावादक महेश देवांगन, छन्नू सेन उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के सचिव एन.विश्वनाथ राव ने दी।

# स्कूटी से गांजा बेचने जा रहे युवक से 1 किलो से ज्यादा गांजा बरामद

**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। नशे के सौदागारों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में एंटी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग तथा थाना पुलगांव ने संयुक्त कार्रवाई कर एक्टीवा में गांजा रखकर बेचने जा रहे एक युवक नितेश कुर्रे (23) को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 360 ग्राम गांजी कीमती 9 हजार रूपये बरामद किया। युवक की एक्टीवा एवं बरामद किये गये 1 किलो 360 ग्राम गांजा पुलिस ने जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलगांव पुलिस के अनुसार उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि नितेश कुर्रे पिता जागृत दास (23) अपनी एक्टीवा में गांजा रखकर बेचने जा रहा है। सूचना पाकर पुलिस ने एक्टीवा चालक का पीछा कर उसे घेराबंदी कर पकड़ा। उसे पकड़कर जब पुलिस ने एक्टीवा की तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 360 ग्राम गांजा कीमत 9 हजार रूपये बरामद हुआ। पुलगांव पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# भाजपा ने लगाई रानी अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी



**दुर्ग**, 24 मई (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर स्थानीय राजेन्द्र पार्क में रानी अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित एक फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में रानी अहिल्या बाई द्वारा किये गये सुशासन के कार्यो एवं आम जनमानस को दी गई उनकी सेवाओं का चित्रों के माध्यम से प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने भारत माता तथा रानी अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

इस कार्यक्रम में तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, रानी अहिल्या बाई होल्कर कार्यक्रम के प्रभारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिल्या कलिहारी, व वरिष्ठ नेता प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहें। इस मौके पर वक्ताओं ने रानी अहिल्या बाई होल्कर के जीवनी पर प्रकाश डालकर उनसे प्रेरणा करके कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समिति के सदस्य शैलेन्द्र शैल्डे ने किया। आभार प्रदर्शन दिव्या कलिहारी ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, अरविंदर खुराना, कांतिलाल जैनए मंत्री दीपक चोपड़ा, आशीष निमजे, सह ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान : जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**बेमेतरा**, 24 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग जिला चिकित्सालय बेमेतरा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है. जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है। जिससे उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित संदर्भन सुनिश्चित कर राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस समस्त जिलों के जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के सफल कियान्वयन हेतु राज्य स्वास्थ्य विभाग माध्यम से समस्त जिलों को दिशा-निर्देश जारी किये गये है।



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस सुनियोजित रूप से आयोजित हो. इस हेतु निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान केन्द्रीत करते हुये सतत निरीक्षण व्यवस्था किया गया है। शतप्रतिशत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की त्वरित पहचान, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पलो चार्ट अनुसार हितग्राही को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी। विशेषज्ञ (ओबीजी)/ निजी चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी। गर्भवती महिलाओं को पोषण, संस्थागत प्रसव तथा खतरे के लक्षणों पर परामर्श। आज आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# डायल 112 की तत्परता और युवकों की सजगता से बची युवती की जान

**कवर्धा**, 24 मई (देशबन्धु)। थाना कुकदूर द्वारा हत्या का प्रयास व बंधक बनाए जाने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

**प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या का प्रयास**

21 मई को युवती अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुनमुना, थाना कुकदूर क्षेत्र में आई थी। 22 मई की शाम वह अपने पुराने परिचित रवि मरकाम के घर चली गई, जहां उस समय रवि मौजूद नहीं था। रवि ने बाद में उसे कॉल कर अपनी गाड़ी में अपने साथी अजीत मरकाम के साथ बिठाया और उसे बदौरा जंगल की ओर ले गया।

जंगल में दोनों के बीच शादी कर साथ रहने की बात को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान रवि ने युवती से मारपीट की और दुपट्टे से गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। मरा हुआ समझकर युवती को जंगल के एक पत्थरनुमा खोह (गुफा) में छुपाकर भाग गए।



23 मई की शाम को पंडरिया क्षेत्र के कुछ युवक पिकनिक मनाने बदौरा जंगल पहुंचे, जहां उन्हें युवती की हल्की आवाज सुनाई दी। युवकों ने साहस और सजगता दिखाते हुए उसे बाहर निकाला और तत्काल 112 को सूचना दी। 112 की टीम द्वारा युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया ले जाया गया जहां से युवती को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। फिलहाल युवती विस्तृत बयान देने की स्थिति में नहीं है परन्तु प्रारंभिक पूछताछ में युवती द्वारा उक्त घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। विस्तृत पूछताछ और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

घटना में दोनों आरोपी रवि मरकाम पिता बुद्ध सिंह मरकाम उम्र 20 वर्ष निवासी मुनमुना एवं अजीत मरकाम को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर थाना कुकदूर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 140(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पृथक से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# यूटिलिटी जोन के कर्मियों को मिला शिरोमणि सम्मान



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के यूटिलिटी ज़ोन के चार कर्मियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी यूटिलिटी अनिल कुमार जोशी ने की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में दिसंबर 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट शुक्ला प्रसाद खरे, जनवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियर मिलिंद कुमार श्याम कुवर, फरवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट पियूष यादव एवं मार्च 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट हरतोष कुमार पाण्डेय को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार जोशी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनके कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे पुरस्कार न केवल कर्मियों के योगदान को मान्यता देते हैं, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य महाप्रबंधक ए. बनर्जी, महाप्रबंधक एस. के. बेहरा, महाप्रबंधक एम. वी. बाबू, महाप्रबंधक पी सी बाग, उप प्रबंधक अरुण शेंडे, उप प्रबंधक मुरली मनोहर पांडेय, महाप्रबंधक मो. नदीम खान, एवं महाप्रबंधक श्रीमती एच. प्रतिभा उपस्थित रहे। समारोह में पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया तथा उनके कार्यस्थल में दिए गए योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक श्रीमती नवनीता चौहान द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक मिहिर मनोहर सेक्शन एसोसिएट कन्हैया लाल सोनी एवं एचआर शक्ति एवं विद्युत विभाग की टीम द्वारा किया

# कर्मचारियों की समस्या को लेकर प्रबंधन से बैठक



**भिलाईनगर,** 25 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों के मुद्दों का त्वरित निराकरण की मांग को लेकर शनिवार को भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस) और संयंत्र प्रबंधन के साथ बैठक संयंत्र भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समस्याओं को संघ ने खुल कर प्रबंधन के सामने रखा और तत्काल निराकरण करने की मांग की। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार के साथ यूनियन के प्रतिनिधि मंडल की बैठक संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय और महामंत्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, सुधीर गडेवाल, जगजीत सिंह, विनोद उपाध्याय संयुक्त महामन्त्री अनिल गजभिये, वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप कुमार पाल, गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी आदि उपस्थित रहे। महामंत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि बैठक में 10 प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई है। बीएसपी प्रबंधन को संघ ने यह भी बताया है कि बीएसपी के अंदर में संयंत्र में ट्रांसपोर्टर की मनमानी चरम सीमा पर है। संयंत्र में चल रही ट्रांसपोर्टरों की अधिकांश वाहन सयंत्र के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। संयंत्र के अंदर एक ही नंबर की अनेक ट्रक एवं ट्रेलर चलने का आरोप लगाया उन्होनें कहा कि इससे चोरी की घटना हो सकती है। चोरी की घटना संयंत्र राजस्व की हानि हो रही है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। इंसेंटिव 2007 में बनाई गई स्कीम से मिलता है, जबकि वर्तमान में भिलाई स्टील प्लांट का प्रोडक्शन एवं प्रोडक्टिविटी में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। अतः नई इंसेंटिव स्कीम बनाई जाए। 2022 से नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के अंतर्गत उत्पादकता के अनुरूप उपहार मिलता था जो की इसे 2025 में बिना किसी सूचना के बंद कर दिया गया। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। संयंत्र में सुरक्षा के नाम पर सालाना करोडों रुपये खर्च किया जाता है, फिर भी संयंत्र प्रबंधन द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। इस पर सक्त कदम उठाने की आवश्यकता है। संयंत्र में बंद पड़े अनेक जर्जर यूनिट एवं स्ट्रक्चर को सर्वे आफ घोषित कर पुनः निर्माण करवाया जाए। सिंटर प्लांट 2 एवं 3 से रिटर्न सिंटर से निकलने वाले डस्ट से कर्मचारियों स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। लगातार विभाग प्रमुख एवं सेन्ट्रल सेफ्टी विभाग को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। अतः डस्ट की समस्या का तत्काल निवारण किया जाए। धमन भट्टी स्टाक हाउस हाई लाइन फर्नेस 4 एवं 5 में डस्ट की समस्या से कर्मचारियों को निजात दिलाई जाए। 6 ठेकेदारों द्वारा बनाए गए गेटपास कर्मियों का 50 प्रतिशत ही कार्य स्थल में इस्तेमाल कर ज्यादा हाजिरी आपरेटिंग आथारिटी से प्राप्त कर ले रहे है। कर्मियों का कार्ड एवं बीमा की कापी ठेकेदार अपने पास रख कर ठेका श्रमिकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। आज ठेका श्रमिकों में असुरक्षा का वातावरण है एवं वह अत्याधिक मानसिक दबाव में कार्य कर रहे है मैन गेट एवं बोरिया गेट में ड्यूटी आते एवं जाते वक्त गेट पर भारी भीड़ का दबाव रहता है अतः दोनों गेट में डोम शेड अविलम्ब निर्माण करवाया जाए। ट्रक एवं ट्रेलर के लिए अलग से गेट का निर्माण कर कर्मचारियों को गंभीर दुर्घटनाओं से जान बचाया जा सके। संयंत्र के भीतर अधिकतर पम्प हाउसों में एग्ज़्हौस्ट सिस्टम कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। शिकायत करने के बावजूद भी इसका निराकरण नहीं हो पा रहा है।

# अहिवारा में तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु) ।नगर पालिका परिषद अहिवारा के तत्वाधान में नगर की महिलाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कार्यालय नगर पालिका अहिवारा से तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना पूर्व संसदीय सचिव ने रैली को संबोधित किया तत्पश्चात पूर्व विधायक लाभचंद, नगर पालिका अहिवारा अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा एवं महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली का शुभारंभ किया। रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वार्ड-8 गौठान पहुंची 3 किलोमीटर का सफर करते हुए वापस नगर पालिका कार्यालय पहुंची इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक बाफना, पीआईसी सदस्य इंद्रजीत राउत, श्रीमती कीर्ति शिवाल, श्रीमती संत कुमारी ठाकुर, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती इंदिरा बंजारे, पार्षद श्रीमती मीना जोशी, प्रदीप कोचर, मुकुंद पटेल सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे। यह तिरंगा रैली छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साहू के निर्देश पर आयोजित की गई थी।

# शादी से पहले युवती ने लगाई फांसी

**भिलाईनगर।** बलिया से बिहार पहुंचे एक परिवार की बेटी ने सुबह भिलाई पावर हाउस स्थित एक लॉज में फांसी लगा ली। खास बात यह है कि लड़की की शादी शुक्रवार को ही होनी थी और इसकी सभी तैयारियां कर ली गई थी। घटना की सूचना के बाद सुबह छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आधुनिक लॉज में एक लड़की ने फांसी लगा ली। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि लड़की का नाम पूजा है। पूजा का पूरा परिवार बलिया का रहने वाला है। भिलाई में लड़की की शादी तय होने के बाद पूरा परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ पावार हाउस के आधुनिक लॉज में टहरा हुआ था।

# सप्रे ने देश को जोड़ा भारतीय ज्ञान परम्परा से



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। साहित्याकार डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने प. माधव राव सप्रे संग्रहालय भोपाल के सांस्कृतिक भ्रमण किया। इस दौरान डॉ. शर्मा का सप्रे संग्रहालय के संस्थापक संयोजक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर के साथ विस्तृत संवाद भी हुआ। साहित्य वाचस्पति विजय दत्त श्रीधर ने डॉ. शर्मा को संग्रहालय का विस्तृत तथा प्रत्यक्ष अवलोकन कराने के साथ भाषा सत्याग्रह आदि पुस्तकें भी भेंट कीं। इस दौरान डॉ. शर्मा ने बताया कि अच्छे मित्र के गुण बताने वाले एक लोक से प्रेरित होकर पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ मित्र नाम से प्रथम हिन्दी मासिक पत्रिका के प्रकाशन का श्रीगणेश किया। यद्यपि ये तब बीच में बंद भी हो गई तथापि विगत अनेक वर्षों से आज तक इसका सफल पुनर्प्रकाशन रायपुर से हो रहा है। डॉ. सुशील त्रिवेदी, डॉ.सुधीर शर्मा और गिरीश पंकज आदि की टीम ज्ञानगंगा के इस भगीरथ प्रयास में लगे हैं। देश विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक और साहित्यिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉणशर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा को लेकर पूरे देश की उच्च शिक्षा संस्थानों में चल रहे विमर्शों के सन्दर्भ में बताया कि पं. माधव सप्रे छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के साथ पूरे भारत वर्ष को भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्पन्न करते हैं। उन्होंने लोकमान्य पं. बालगंगाधर तिलक के गीता रहस्य और केसरी के हिन्दी संस्करण निकाले। सप्रे की प्रेरणा से पं.माखनलाल चतुर्वेदी ने जबलपुर से कर्मवीर का प्रकाशन किया। हिन्दी की पहली कहानी एक टोकरी भर मिट्टी, के लेखक भी सप्रे हैं। महाभारत मीमांसा के रचयिता पं.सप्रे के अनुसार समर्थ रामदास के दासबोधष् और तुलसी साहित्य में अद्भुत साम्य है। डॉ. शर्मा ने बताया कि इधर छत्तीसगढ़ में सप्रे पर लगातार वैचारिक आयोजन होते रहे हैं।


# अपहृत युवक को बोकारो झारखण्ड से किया गया बरामद



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु) । वैशालीनगर पुलिस ने फिरौती प्रकरण में आरोपी को गिफ्तार किया है। थाना वैशाली नगर पुलिस ने धारा 351 (4) बीएनएस के प्रकरण में प्रार्थी प्रहलाद शाह के भतीजे भतीजा रजत शाह का अपरहण कर फिरौती की रकम 5,00,000 रुपये मांगन का आरोप है। जिस पर प्रकरण में धारा 140 (ए) 61(2) बीएनएस जोड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता से आरोपियों का लोकेशन बोकारो का मिलने से थाना वैशाली नगर पुलिस टीम एवं एसीसीयु की टीम को तत्काल बोकारो झारखण्ड रवाना किया गया जहां पता तलाश के दौरान संदेही राहुल को पकड़ा गया। रजत शाह के बारे में पूछताछ करने पर अपने दोस्त सिमरन एवं अन्य के द्वारा मिलकर रेड्डी अन्ना क्रिकेट सट्टे में पैसा हार जाने से रजत शाह को बंधक बनाकर उसके घर वालो को पैसा मांगने की बात बतायी और जहाँ रजत शाह को रखे थे।आरोपियों की पतासाजी के दौरान पतरातु स्टेशन में होना पता चलने पर आरोपी राहुल को लेकर पतरातु स्टेशनश् पहुँचे जहाँ से अपहृत रजत शाह को छुड़वाया गया तथा घेराबंदी कर आरोपिया सिमरन को पकड़ा गया।

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यक्रम आयोजित

**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)।शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला का विषय था बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट एवं डिज़ाइन फाइलिंग, जिसमें मुख्य वक्ता कुमार राजू, सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं डिज़ाइन, नागपुर ने तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर जानकारी देते हुए उसके प्रकार, ट्रायल डिजाइन, विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही किस प्रकार अपने विचारों, नवाचारों और रचनात्मक कार्यों को पेटेंट, डिज़ाइन, और



कॉपीराइट के माध्यम से कानूनी सुरक्षा दी जा सकती है। कुमार राजू ने विशेष रूप से यह समझाया कि पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया कैसे शुरू की जाती है और इसमें किन दस्तावेज़ों की आवश्यकता होती है। बेसिक ऑनलाइन फाइलिंग मिनिमम डॉक्यूमेंट फाइलिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर किसी उत्पाद के सौंदर्यात्मक स्वरूप की सुरक्षा की जा सकती है। कॉपीराइट के अंतर्गत साहित्य, कला, संगीत, और सॉफ्टवेयर जैसे रचनात्मक कार्यों पर अधिकार प्राप्त कर कैसे क्लेम किया जा सकता है। उन्होंने पेटेंट ग्रांट प्रोसीजर इसमें आने वाले खर्च उसके नियम स्पेसिमेन रिप्रेजेंटेशन शीट बनाना, इससे संबंधित सुझाव एवं इंडियन पोर्टल, ऑनलाइन फाइलिंग सिस्टम और आईपीआर की वैधता अवधि जैसे विषयों पर भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में तमिलनाडु, झारखंड, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र कर्नाटक, पश्चिम बंगाल एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालय के 200 से अधिक प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी दिखाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ अर्चना झा ने कहा कि बौद्धिक संपदा का अधिकार, पेटेंट और डिजाइन फाइलिंग का ज्ञान हम सभी के लिए आवश्यक है। हम जिस युग में जी रहे हैं वहां हर क्षेत्र में कड़ी प्रतियोगिता और चुनौती है ऐसे में हमें अपना अस्तित्व और स्थान बनाए रखने के लिए आधुनिक डिजाइन और उसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्य करना होगा, डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि किसी चीज को हम बेहतर रूप से कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं इसके लिए हमें डिजाइन के बारे में बारीकी से जानना होगा। कार्यक्रम के डॉ. राहुल मेने एवं डॉ गायत्री जय मिश्रा ने संचालन किया। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय की प्राध्यापिका रचना चौधरी ने आभार प्रदर्शनकिया गया।

# कांट्रैक्टर कालोनी में 1 जून तक निःशुल्क योग शिविर

**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के मार्गदर्शन, सहयोग एवं पतंजली योग समिति दुर्ग के द्वारा सुधीर एक्सरे के पास हरा मैदान कांट्रैक्टर कालोनी सुपेला में 1 जून तक योगा प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का विधिवत उदघाटन कॉन्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला वार्ड-18 के पार्षद लालचंद वर्मा, पतंजली योग सेवा समिति के राजेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र पटेल, शत्रुहन साहू, तीजऊ राम साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर के सहायक प्रबंध ट्रस्टी मोहन उमरे, संस्थान के कार्यकर्ता पेखन लाल साहू, दयाराम रौउतरे, बारेलाल चंद्रवंशी एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद लालचंद वर्मा ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा आयोजित योग और प्राणायाम का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है । यहाँ लोग तन मन से स्वस्थ रहने के गुर सीखेंगें। पतंजली के योगाचार्य राजेश तिवारी एवं नरेन्द्र पटेल ने कहा कि योग और प्राणायाम प्राचीन विधा है, हमारे शरीर के आतंरिक एवं बाहरी भाग का पुर्णतः चिकित्सा उपचार हो जाता है। गायत्री परिवार के मोहन उमरे ने बताया कि योग एवं प्राणायाम शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं शांत रखने के लिए है। इस तरह के शिविर में लोगो को योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकी से परिचित कराया जाता है जो कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद करते हैं। यज्ञ एवं अन्य धार्मिक आयोजन के प्रारंभ में स्वस्तिवाचन के रूप में योग.मुद्रा में प्राणायाम की क्रिया कराया जाता जिससे हमारी जीवनी शक्ति बढ़ती है। 1 जून तक चलने वाले शिविर पूर्णतः निःशुल्क है जो कि प्रतिदिन 2 घंटे सुबह 5 से 7 बजे तक होगा। योग शिविर व्यवस्था में चंद्रप्रकाश शालीक राम साहू, श्रीमती उमा रौउतरे, श्रीमती योगेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, पेखन लाल साहू, पुरुषोत्तम जंघेल, बी आर श्रीवास, श्रीमती यशोदा साहू, विनाथ दिलेश्वर साहू सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# सोसायटी ने अपने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी बिदाई



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर-4 ने माह अप्रैल में प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। मर्चेंट मिल से रिटायर सुधीर कुमार खिचरिया ने कहा कि सेक्टर 4 सोसायटी का कामकाज हमेशा निष्पक्ष व पारदर्शी रहा है। सिंटर प्लांट.3 से रिटायर रोहित राजपूत ने कहा कि यहां इंश्योरेंस का भुगतान बहुत कम समय में मिल जाता है। स्टील मेल्टिंग शॉप.2 से रिटायर चितरंजन डी देशमुख ने कहा कि सोसायटी में लोन, डिविडेंड, इंश्योरेंस क्लैंप की राशि आसानी से और जल्द मिलती रही। मो. खुर्शीद कुरैशी ने कहा कि वर्तमान निदेशक मंडल और कार्यकारिणी का कामकाज बेहद शानदार रहा है। वित्त एवं लेखा विभाग से रिटायर अशोक कुमार आनंद ने कहा कि पूरे सेवाकाल के दौरान घर परिवार की जरूरतों में सोसायटी का पूरा योगदान रहा है। नरेंद्र कुमार ने कहा कि. सेल ने एक कर्मी के तौर पर जो सम्मान दिया, ठीक वैसा ही सम्मान सोसयटी से भी मिला। उन्होंने बताया कि उनकी तीन बेटियां डॉक्टर बनी, उसमें सोसायटी का विशेष योगदान रहा है। राजेश कुमार देवांगन, प्रदीप कुमार सिंह, एन.अजय कुमार, तरूण कुमार वर्मा, एस.एम वजी अहमद, सी वेणुगोपाल नायर, टेकेन्द्र बाबू कौमाया, गोपाल चोपकर, दलपत नायक. वेंकटेश्वरलू. के पी कृष्णन, गिरधारी प्रसाद, नंद कुमार निषाद, अशोक कुमार यदु इस आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, संचालक, विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, नितिशा साहू , मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार उपस्थित थे। मंच संचालन शशि भूषण ठाकुर ने और आभार प्रदर्शन संचालक पुरुषोत्तम सिंह कंवर ने किया।

# कार्यक्रम को ध्यान में रख किया मार्ग डायवर्ट



**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। यातायात विभाग द्वारा वीति रात्रि यानि 23 मई को रात्रि 9 बजे सें 24 मई तक सुबह 8 बजे तक नेशनल हाइवे-53 में डबरापारा एवं सिरसा गेट सें वाहनों को डायवर्ट किया गया। भिलाई 3 मजार में आयोजित उर्स मेला कार्यक्रम में आने वाली भीड़ भाड़ को देखते हुवे वाहनों को डायवर्ट किया गया। भिलाई सें रायपुर जाने वाले वाहनों को डबरापारा तिराहा सें हाथखोज, उमदा सें सिरसा गेट चौक सें रायपुर मार्ग में डायवर्ट किया गया। इसी प्रकार रायपुर सें दुर्ग की ओर आने वाले वाहनों को सिरसा गेट चौक सें उमदा, हाथखोज, डबरापारा सें खुर्सीपार की ओर डायवर्ट किया गया। यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया चार पहिया वाहन वाहन चालकों जिन्हे अति आवश्यक कार्य होने पर रायपुर से भिलाई तथा भिलाई से रायपुर आन जाने के लिए रायपुर. अमलेश्वर,मोतीपुर, फूंडा, उतई, भिलाई मार्ग उपयोग किया गया।

# दल्ली राजहरा में गीष्मकालीन प्रशिक्षण शुरु

**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के मानव संसाधन विभाग लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उदाघाटन मुख्य महाप्रबंधक माइन्स आर.बी.गहरवार ने सिटीजन क्लब राजहरा में किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर10 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। इस वर्ष शिविर में 12 खेलों को शामिल किया गया है। जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, जूडो, कराटे, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी शामिल हैं। इन सभी खेलों में सैकड़ों बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस



अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में महाप्रबंधक प्रभारी दल्ली खदान विपिन कुमार, महाप्रबंधक महामाया दुलकी कलवर खदान अरुण कुमार, महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं सेवाएं एन. के. साहू, सहायक महाप्रबंधक नगर प्रशासन अतुल कॉलेश, सहायक महाप्रबंधक नगर प्रशासन रमेश हेडाऊ, सहायक महाप्रबंधक सचिवालय नितेश छत्री, लखन लाल चौधरी, तिलक मानकर एवं श्रीनिवासुलू सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री गहरवार ने बीएसपी द्वारा खेल गतिविधियों को दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक राजहरा माइन्स जयप्रकाश ने इस प्रशिक्षण का भरपूर लाभ लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र राजहरा माइन्स, राज्य और देश का नाम रौशन करें। शिविर में प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों में बालमुकुंद सिंह, सुदर्शन कुमार सिंह, सुश्री दामिनी सिंह, सुश्री तेजेश्वरी साहू, कृष्णमूर्ति, सुश्री अनीता शिंदे, सुश्री तामिन साहू एवं कुशाल रजक प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी पूर्व में राष्ट्रीय मंच पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। खेल आयोजन समिति के प्रमुख सलाहकार एस.के. व्यास ने विभिन्न खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार जताया तथा खेल क्लबों की वर्तमान स्थिति से प्रबंधन को अवगत कराया। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग की ओर से उप प्रबंधक गिरीश मढ़रिया ने स्वागत भाषण में शिविर की रूपरेखा, उद्देश्य तथा आयोजन में सहयोग हेतु मुख्य अतिथि और सभी विभागों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह शिविर वर्ष 1971 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रतीश मिश्रा द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों, सहायक प्रबंधक के. शशांक राव, आनंद कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साह, घनश्याम पारकर तथा सहयोगियों श्री हरकराम, भोजराम एवं महेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

# स्टेडियम का आनंद लोग घर बैठे ले रहे है

**भिलाईनगर,** 24 मई (देशबन्धु)। जो लोग स्टेडियम में जाकर क्रिकेट का आनंद नहीं ले सकते उन लोगों के लिए बीसीसीआई ने हर वर्ष की तरह टाटा आईपीएल फैन पार्क का आयोजन दो दिवसीय 24-25मई को भिलाई के दिव्यांग स्टेडियम में किया जा रहा है। इस बार सारा धमाल फैन्स करेंगे सीटियों बजाना, चीयर करना, फेस पेंटिंग, शोर मचाना, पागलपंथी, क्रेजी स्टंट। सबसे क्रेजी फैन्स क्रिकेट के खेलए खिलाड़ियों, पसंदीदा टीमों पर प्यार लुटाएंगे और भी बहुत कुछ होने वाला है जब आईपीएल 2025 लेकर आएगा फैन पार्क के फैन्स को। ये फैन पार्क्स 50 शहरों के फैन्स के साथ मिल कर पूरे देश में आईपीएल फीवर पैदा करने के लिए तैयार है। जायंट स्क्रीन पर हर रोमांचक पल कैप्चर करने के साथ प्रत्येक वेन्यू लाइव एक्शन दिखाएगा ताकि फैन्स को स्टेडियम की तरह मैच देखने का आनंद मिले। इंट्री फ्री है इसलिए एक भी फैन मिस नहीं करने वाला है। और फिर म्युजिक, मर्चेंडाइज, फूड स्टाल, मजेदार पेय और आईपीएल के ऑफिशिल स्पांसर भी कुछ मजेदार एक्टिविटी करेंगेए तो मरती और एक्साइटमेंट दोगुना हो जाएगा। एक साथ इतनी मस्ती होगीए तो फैन्स को लगेगा कि वे स्टेडियम में बैठ कर अपनी.अपनी टीमों को चीयर कर रहे हैं। रोमांच और एक्साइटमेंट का तड़का लगाने के लिए फैन पार्क के विजिटर अपनी फेवरीट टीमए खिलाड़ी या क्रिकेट के खेल पर सच्चा प्यार लुटा कर यह दिखा सकते हैं। बीसीसीआई से जुड़े सुमित ने बताया की चौथी बार 24-25मई को दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड भिलाई में होगा तीन मैच, शनिवार को एक मैच रविवार को दो मैच होगा।

# युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन व वेतन विसंगति पर 28 को मगरलोड के शिक्षक भी भरेंगे हुंकार

**मगरलोड,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भर के शिक्षक अब सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलने के मूड में हैं। शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन ,वेतन विसंगति और पदोन्नति में क्वश्वष्ठ की अनिवार्यता जैसे मुद्दों को लेकर 28 मई को नया रायपुर स्थित मंत्रालय ( महानदी भवन ) का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन का आयोजन सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आंदोलन की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक प्रांत एवं जिला के निर्देश पर ब्लॉक इकाई मगरलोड की बैठक 24 मई को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू ने की। इस दौरान संघ के जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू की मौजूदगी में आंदोलन की रणनीति तय की गई।



बैठक में वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण नीति को प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया। उनका कहना था कि हश्वक्क 2020 को आधे अधूरे तरीके से लागू किया जा रहा है और शिक्षकों को जबरन समायोजित कर कोल्हू का बैल बना दिया गया है। मगरलोड ब्लॉक में कई शिक्षक अतिशेष हो जाएंगे ऐसी ही स्थिति अन्य ब्लाक और जिलों की भी उत्पन्न होगी। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की च्च्गारंटीज्ज् के अनुसार बंद हुए स्कूलों को खोलने और 57,000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया गया था, लेकिन युक्तियुक्तकरण

## जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू की मौजूदगी में संयुक्त शिक्षक संघ की रणनीति तैयार

के नाम पर हजारों स्कूल बंद हो रहे हैं और शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं। यह 2008 में स्वीकृत सेटअप के बिल्कुल विपरीत है।

सोना साहू प्रकरण का उल्लेख करते हुए जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने कहा कि शासन सभी शिक्षकों के लिए जनरल आदेश जारी करे। शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना,पुरानी पेंशन और अन्य सेवा लाभ दिये जाएं। साथ ही पदोन्नति में क्क श्वष्ठ की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग भी दोहराई गई।

बैठक में ब्लॉक मगरलोड से आए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी शिक्षकों से 28 मई को मंत्रालय घेराव में 100 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक के माध्यम से ब्लॉक के सभी शिक्षकों से आह्वान किया गया कि मंत्रालय घेराव में सभी शिक्षक शत् प्रतिशत शामिल होकर युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने और शिक्षकों को कोल्हू का बैल बनाने के इस अन्याय के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करें। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, ब्लॉक सचिव उदय भान पाल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, दिलीप कोठारी, प्रवीण साहू, ब्लॉक संगठन मंत्री गुलाप राम साहू, शेखन साहू, ब्लॉक सह सचिव दुष्यंत साहू, गजेन्द्र साहू, प्रचार मंत्री गैंदराम धीवर, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, प्रमोद डड़सेना, दुलेश्वर डहरे, चन्द्रहास सिन्हा, रश्मि निर्वाण, धनेश्वरी साहू,भामेश्वरी साहू, कामना केरकेट्टा, शैलेन्द्री नेताम आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# कलेक्टर ने किया प्राचीन नर्मदा मंदिर का निरीक्षण



**गंडई पंडरिया,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत तहसील गंडई ग्राम पंचायत चकनार के आश्रित ग्राम नर्मदा स्थित ऐतिहासिक नर्मदा मंदिर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक महत्व एवं परिसर में स्थित कुंड में सदैव जल उपलब्ध रहने की विशेषता के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## मंदिर विकास हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रति वर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। इस मेले में हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजन हेतु आते हैं। समिति ने बताया कि मेले के आयोजन में अत्यधिक व्यय होता है, परंतु मंदिर के पास आय के सीमित स्रोत हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए स्थायी आमदनी के स्रोत विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर की नियमित देखरेख और विकास कार्यों के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु प्रस्ताव तैयार करें।

मंदिर समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंदिर की महत्ता को रेखांकित करते हुए कलेक्टर से अनुरोध किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन मंदिर के विकास एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, संसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश सिंह ठाकुर सहित ग्रामीणजन तथा मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे।

# साल्हेवारा के बाढ़ पीड़ितों को 6 माह बाद भी नहीं मिल पाई मुआवजा राशि

## कलेक्ट्रेट पहुंच कर लगाई मदद की गुहार



**खैरागढ़,** 24 मई (देशबन्धु)। केसीजी जिले के वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम साल्हेवारा में विगत वर्ष 2024 में बांध टूटने के कारण बाढ़ आ गई थी और लोगो के घरो मे पानी घुस गया था। बाढ़ में कई लोगो के मकान ढह गये थे तो कई के राशन सहित अन्य सामग्री बह गया था। प्रशासनिक टीम ने जैसे तैसे राहत कार्य शुरु कर पीड़ितों की मदद की थी किन्तु बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने का जो वादा किया गया था वह राशि आज दिनांक तक पूरा नही किया गया है। बाढ़ पीड़ित परिवार झोपड़ी बनाकर अपना गुजारा कर रहे हैं जिन्हे मानसून मे फ़िर काफ़ी दिक्कत का सामना करना पडेगा जिसे लेकर बाढ़ पीड़ित परिवार कलेक्टर कार्यालय पहुचे और अपर कलेक्टर से मिलकर मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। बता दे कि लगभग सालभर बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को मुआवजा राशि नहीं दी गई है जो प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही व लचरता को दर्शाता है। साल्हेवारा बाढ़ पीड़ित परिवार के लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

# राज्य सभा सांसद संजय सिंह का कुरुद में स्वागत

**कुरूद,** 24 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन 24 मई को कुरुद मे सुबह 9ः00 बजे सांसद महोदय का बस स्टैंड कुरूद में सभी कार्यकर्ताओ ने भव्य रूप से स्वागत किया सांसद के आने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी में जान आ गई ।सभी कार्यकर्ता जोस से भर गए सांसद महोदय 23 मई को शाम 8ः00 बजे रायपुर एयरपोर्ट में पहुँचे वहा से 9 बजे निकलकर 9ः30 बजे कुरुद पहुँचे जहाँ कुरुद के कार्यकर्ताओ ने बाजे गाजे व आटीशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया सांसद महोदय ने चरमुड़िया सरपंच श्रीमती नीतू तोड़ेकार को बधाई दी और जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव की प्रसंसा करते हुवे कार्यकर्ताओ से कहाँ की छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिला में पार्टी को मजबूत करेंगे हमारी पार्टी एक ईमानदार पार्टी हैं, सभी जानते हैं दिल्ली में कितना विकास हुवा हैं उसी के तर्ज पर यहां भी विकास होगा। आने वाला समय केवल आम आदमी पार्टी क़ा हैं स्वास्थ और शिक्षा को प्रमुखता से रखा जायेगा। कालेज स्तर पर भी विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगा और युवाओं को विद्यार्थि जीवन में होने वाली तकलीफो से निजाद दिलाया जायेगा कुरुद से निकलकर वे धमतरी के सिहावा अंचल अंतर्गत उमरादेहान गांव के लिए जायेंगे उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू , प्रदेश महासचिव वददू आलम , प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह , प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय , प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी , प्रदेश संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़कर व प्रदेश के सभी नेता साथ रहेंगे धमतरी जिला के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सांसद महोदय संजय सिंह , सुदूर अंचल क्षेत्र उमरादेहान (कौहाबाहरा) में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा क़ा अनावरण करेंगे तथा आदिवासी समाज के लोगों से गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। तथा साथ ही अंचल के पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे ।स्वागत में पार्टी के सभी कार्यकर्ता व जिला के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।



# वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ



**डोंगरगढ़,** 24 मई। नगर पालिका परिषद के वार्ड नं 23 शिवाजी वार्ड के वार्डवासियों की बहुत महत्वपूर्ण मांग सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवम राजस्व सभापति सुमित ताम्रकार के संघर्षरत प्रयासों से सड़क डामरीकरण कार्य आज प्रारंभ कर सड़क की साफ सफाई एवम अतिक्रमणकरियो की नोटिस दिया गया अध्यक्ष रमन डोंगरे ने ठेकेदार को रोड की जल्द सफाई कर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने कहा रोड के कार्य प्रारंभ से वार्डवासियों में खुशी की लहर है वार्डवासियों ने बताया कि हमारे वार्ड की सबसे प्रमुख समस्या है जिसके कारण आने जाने में बहुत दिक्कत महसूस होती है लोग सड़क खराब होने के कारण दूसरे रोड से घूम कर जाते है अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बताया कि इस कार्य के लिए वार्ड पार्षद सुमित ताम्रकार द्वारा पिछले कई सालों से संघर्ष किया है जिसके फलस्वरूप आज कार्य प्रारंभ हुआ है इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी संतोष देवांगन,अमित यादव,राजेश कन्द्रा,बापी सान्याल आदि उपस्थित थे।

# एंटी पोचिंग टीम ने मॉनिटर लिजार्ड के शिकारी को किया गिरफ्तार



**गरियाबंद,** 24 मई। उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एंटी पोचिंग टीम ने शनिवार को मॉनिटर लिजार्ड का अवैध शिकार करते एक आरोपी सूनाराम वल्द समारू कमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिर्नासिल्ली परिसर में शिकार करते हुए पकड़ा गया है। आरोपी के पास से उपयोग में लाए कुल्हाड़ी एवं अन्य सामग्रियों को भी जप्त किया है। इसके पहले 22 मई को सीतानदी कोर क्षेत्र में ही बाघ की ट्रैकिंग कर रही एंटी पोचिंग टीम ने 3 शिकारियों को उनके कुत्तो के साथ इंटरसेप्ट किया था किन्तु वे घने जंगल में फरार हो गये। टीम द्वारा मौके पर शिकार के प्रयोजन से बनाये गये तीन हाईडआउट को ध्वस्त कर दिया था। इस दौरान टीम ने 3 हाईड आउट भी ध्वस्त किये है। साथ ही थर्मल ड्रोन के जरिए एरिया सैनीटाईज किया था। इसके ठीक दो दिन बाद 24 मई शनिवार को एंटी पोचिंग टीम बाघ ट्रैकिंग के लिए निकली थी। इस दौरान बिर्नासिल्ली परिसर में सूनाराम शिकार करते पकड़ में आ गया। जिसके बाद तत्काल कार्यवाही करते हुए टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# चरौदा एवं बम्हनी में संध्या चौपाल कार्यक्रम संपन्न

**पलारी,** 24 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के समस्याओं के निदान एवं सरकार की योजनाओं से अवगत कराने हेतु चलाये जा रहे सुशासन तिहार के तहत चरौदा एवं बम्हनी के संध्या चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुये पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर आम जनता की जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही हैं ।प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना जैसे अनेक योजनाओं से आम लोगों को मजबूत एवं सशक्त बना रही हैं । उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं की निदान त्वरित होना चाहिये । उनको इधर उधर भटकने का आवश्कता ना पड़े । महेन्द्र साहू ने पहलगाम में हुये आतंकवादी हमलों पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुये शहीद हुए परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को घुटने टेकने मजबूर करने एवं विश्व मे भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की ।



उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग की जानकारी भी प्रदान किये ।कार्यक्रम को रोहांसी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, जनपद सदस्य उमेश यदु एवं जनपद सदस्य नीलिमा कोसले ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर सरपंच चरौदा लकेश्वरी जायसवाल, मिथलेश जायसवाल, चरणदास कोसले, नेतराम जायसवाल, भानसिंह ध्रुव, मोहन साहू, लखन साहू, महेन्द्र यदु, बृजलाल साहू, विजय ध्रुव, लोभान जायसवाल, लता डहरिया, नेहा उपाध्याय, मनीराम कुर्रे, सीताराम साहू, बम्हनी सरपंच भूपेन्द्र देवांगन, रमेश धृतलहरे, प्यारेलाल कोसले, ओमप्रकाश पटेल, यशवंत चेलक, प्रीति देवांगन, पार्वती पटेल, कमलेश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

# पीएमश्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन

## प्रदेश पीएमश्री नोडल ने सराहा



**डोंगरगढ़,** 24 मई। ब्लॉक अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला ढूंढेरा में राज्य शासन समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार दिनांक 12 मई से 21 ममई 2025 तक 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन विद्या विशेषज्ञों के द्वारा प्रतिदिवस नृत्य नाटक, वाद्य यंत्रों के साथ संगीत, जुंबा डांस, कबाड़ से जुगाड़, कलात्मक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कराया गया। पीएमश्री स्कूल में प्रति दिवस भोजन व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई समर कैंप सुबह 7ः00 से 10ः00 तक कराया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन 21 मई को किया गया। कार्यक्रम में राज्य पीएमश्री नोडल श्री आशीष गौतम ने पीएमश्री स्कूल ढूंढेरा की क्रियाकलापों को बच्चों में कला सीखने की ललक को खूब सराहा। जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, बीईओ, बीआरसी समन्वयक एमसी, अध्यक्ष, प्रधान पाठक भीकम दास साहू एवं समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## निधन

### रिज़वान खान पाशा



**बागबाहरा,** 24 मई। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अनवरपुर निवासी युवा कांग्रेस नेता रिज़वान खान पाशा का आज शनिवार की सुबह 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. पाशा लगभग 50 वर्ष के थे। वे ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सईद खान पाशा के पुत्र एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि यजदान पाशा के बड़े भ्राता थे। जिनका अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में आज शनिवार की शाम सुपूर्दे ए खाक किया गया। जिसमें समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आठ वर्षों से नाम बदलकर ...

दिनाजपुर बाग्लादेश का मूल निवासी होना पाया गया । साथ ही उसके द्वारा लगभग 15 वर्ष पूर्व अवैध रूप से बिना वैध दस्तावेज के बाग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रहना पाया गया । इस दौरान उसके द्वारा उत्तरी दीनाजपुर पश्चिम बंगाल एवं आसनसोल जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल में अलग.अलग जन्म तिथि एवं स्वयं को मूल निवासी होना बताते हुए फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर आधार कार्ड तैयार किया गया ।

इस प्रकार दोनो बाग्ला देशी महिलाओं के विरूद्ध बिना कि सी वैध दस्ता वेज के अवैध रूप से भारत में निवासरत हो कर बाग्ला देशी नागरिक की मूल पहचान छिपाते हुए एवं स्वयं को भारतीय नागरिक सिद्ध करने के उदेश्य से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनका दुरूपयोग करना अपराध धारा 318(4), 319(2), 336 (3), 3(5) बीएनएस, 14 विदेशी विषयक अधि.1946, 12 पासपोर्ट अधि. 1967 एवं 3 पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधि. 1920 का घटित पाये जाने से थाना मोहन नगर में अपराध कमां क 219/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में दोनो बाग्लादेशी नागरिको के द्वारा तैयार किये गये फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज बनाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियो कि पहचान कर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। सम्पर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहन नगर उनकी टीम एवं एसटीएफ टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### एक ट्रक शराब तस्करी का ...

लदे हुए 10 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब जुमला 53 हजार 500 रुपए एवं कार डटसन गो प्लस क्रमां क एमपी 09 डब्ल्यूएफ2516 पुरानी इस्तेमाल कीमती 5 लाख रूपय जुमला 5 लाख 53 हजार 500 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था । पकड़े गए दो आरोपियों को गिरफ्तार का विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था । प्रकरण में टाटा सफारी क्रमांक सी जी 07 ए डी 7300 जिसमें 10 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब रखा हुआ था जिसका ड्राइवर मौके से घटना दिनांक से फरार हो गया था । जो गिरफ्तारी की डर से लुक छिप रहा था । जिसे 23 मई 2025 को उसके सकुनत से फरार आरोपी हरपाल सिंह उर्फ गब्बर सिंह पिता उत्तम सिंह उम्र 28 साल निवासी चाटर नंबर 33 सेक्टर 2 भिलाई थाना भिलाई भट्टी जिला दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर जेल भेजा गया है । उक्त कार्रवाई में निरीक्षक युवराज साहू थाना प्रभारी धमधा, उपनिरीक्षक श्रीराम पेड्रो, प्रधान आरक्षक छोटे लाल यादव आरक्षक प्रशांत कुमार साहू आरक्षक जितेंद्र धीवर, आरक्षक आलोक जेना का सराहनीय भूमिका रही ।

### नाले-नालियों की सफाई ...

जाली वगैरह से उन्हें ढंका भी जा सके। इससे बड़ी व गंभीर दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है ऐसे भी नाले नालियों में पानी भर जाता है विद्युत अवरोध से अंधेरा हो जाता है। इसे भी नालियों की सफाई में ध्यान में रखते हुए नालियों में जालियां फिट करी जा सकती है।

### भाजपा ने लगाई ...

कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, मीसा बंदी गोवर्धन जायसवाल, राम पाटणकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष धमधा लीमन साहू, उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष कौशल साहू, मनमोहन शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ विजय ताम्रकार, डॉ सुनील साहू, कुमुद बघेल सहित आम जनमानस उपस्थित रहें।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान...

दिवस में मॉनिटरिंग हेतु चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं का मॉनिटरिंग एवं सपोर्टीव सुपरविजन हेतु राज्य से उपसंचालक डॉ खेमराज सोनवानी एवं प्रोग्राम मैनेजर आनंद कुमार साहू द्वारा जिला चिकित्सालय बेमेतरा का निर्देशानुसार निरीक्षण किया। निरीक्षण तहत गर्भवती महिलाओं को प्रदाय करने वाली सुविधा का जायजा सीधे उपस्थित गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर डॉ सोनवानी ने लिया फिर विशेषज्ञ डॉ कोसरिया, डॉ खुशबू देवांगन, डॉ बुद्धेश्वर वर्मा से संबंधित जानकारी लेते हुए जांच ,परामर्श,दवाई वितरण व्यवस्था को देखते हुए जिला अधिकारियों का बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए, और उक्त अभियान तहत व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा व्यवस्था जिला के सभी गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में भी मिले इसके लिए निर्देश दिए।

उक्त कार्यक्रम तहत निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत ध्रुव, सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू,डीपीएम सुश्री लता बंजारे, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, कार्यक्रम समन्वयक हिना सिन्हा मेट्रन, जिला मीडिया प्रभारी स्वास्थ्य विभाग संजय तिवारी, मितानिन,के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दर्श भावुका अमावस्या पर शनि जयंती का होगा आयोजन



**डोंगरगढ़,** 24 मई। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में महावीर पारा स्थित शनि देव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शनी सिंगनापुर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तों के कल्याण के लिए व मनोकामना पूर्ति हेतु 26 मई सोमवार को सुबह से शनि मूर्ति का रुद्राभिषेक किया जाएगा ।इसमें भक्त शामिल हो सकते हैं। सोमवार को सोमवती अमावस्या भी है वट सावित्री का पूजन दिवस भी है इसका व्रत भी रखा जाता है। इस दिन दर्श भावुका अमावस्या शनेश्वर जयंती के रूप में संपूर्ण महाराष्ट्र सहित पूरे भारतवर्ष में मनाई जाती है। देश के प्रत्येक शनि मंदिर में यह दिन खास रूप में मनाया जाता है। नगर में भी इस उत्सव को मनाने शनिदेव के भक्त जुटेंगे। श्री शर्मा ने रुद्राभिषेक में भाग लेने वाले भक्तों से अग्रिम पंजीयन करने की अपील की है। साथ ही शनि भक्तों से बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन लाभ लेने शनि पूजन करने की अपील भी उन्होंने की है।

# अंचलों में इस भीषण गर्मी में पानी की भारी किल्लत, लोग परेशान

**छुईखदान,** 24 मई (देशबन्धु)। छुईखदान नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचलों में इस भीषण गर्मी में लोगों का पानी का भारी किल्लातों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के अधिकांश वार्डो में नलों में सीधा बोर से पानी सप्लाई किया जाता है। अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह से ही बोर का वाटर लेबल गिरने व जलस्तर कम होने से कई बोर से पानी निकलना बेहद कम हो गया जिससे नलों में पानी आना बंद हो गया या काम हो गया जिससे नगर पंचायत के कई वार्डों के निवासियों को प्रतिदिन पानी का किलातों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पंचायत द्वारा पानी का टैंकर भेज कर लोगों को पानी की किल्लत से निजात दिलाया जा रहा है ।फिर भी इस भिषङ गर्मी में नगर पंचायत के निवासियों को पानी की किल्लत का भारी सामना करना पड़ रहा है ।यही हाल ग्रामीण क्षेत्र के बोरो का है किसानों द्वारा दिन-रात खेतों में बोर से पानी सप्लाई के कारण एवं अत्यधिक गहराई से बोर खन्न के कारण जल स्तर का वाटर लेवल इतना नीचे चला गया है कि बोर से पानी ही निकलना बंद हो गया है ।इससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एवं कृषक काफी परेशान है ।नगर पंचायत के निवासियों द्वारा बार-बार हर स्तर पर यह मांग किया जा रहा है की छिंदारी बांध के नजदीक निर्माण कार्य हो रहे वाटर फिल्टर प्लांट का पाइप कनेक्शन को नगर पंचायत में जोड़ा जाए ज्ञात हो कि वाटर फिल्टर प्लांट का पानी नगर पंचायत छुईखदान से होते हुए 32 ग्रामों में स्वच्छ पेयजल का सप्लाई करेगा। इसके जल पाइप लाइन को नगर पंचायत के वार्ड में जोड़ा जाए ताकि भविष्य में ऐसे ही भीषण गर्मी में होने वाले पानी की किल्लत हो से तो छुईखदान निवासियों को निजात मिल सके इस दिशा में यहां के जन प्रतिनिधि एवं जागरूक नागरिक का दायित्व बनता है कि वाटर फिल्टर के कार्यों को करवाने हेतु पहल करे तो सबका भला होता नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में गिरता हुआ जलस्तर वाटर लेवल हम सबके लिए चिंता का विषय बना हुआ है। एवं मनन करने का समय है हम सबको मिलकर जल संरक्षण के उपाय हेतु हर स्तर पर गंभीर चिन्तन और मेहनत करना होगा जिससे जल संकट का सामना न करना पड़े।

# बेमेतरा के खुड़मुड़ा में आयोजित समाधान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

- मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने किया शिविर का शुभारंभ,
- मेघावी छात्र छात्राओं को किया सम्मान




**बेमेतरा,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम खुड़मुड़ा के स्कुल प्रांगण में आज भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने माँ सरस्वती की छवि पर पूजा-अर्चना कर किया। 10 ग्राम पंचायतों की भागीदारी, ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह द्य खुड़मुड़ा क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायतों ङ्कआंनदगांव, चेटुवा, अछोली, बारगांव, जमघट, बलौदीकला, तेलगा, भरदा, मुड़पारकला, खुडमुड़ा, लावातरा दा, सिलघट (भी), गुरहोली ङ्क से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन इस समाधान शिविर में पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रखा और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर मे कक्षा 5वी कक्षा 8वी कक्षा 10 वी एवं कक्षा 12 वी द्यद्द मेघावी छात्र छात्राओं को प्रसस्ती पत्र भेटकर मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने सम्मान किया द्य और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समाधान शिविर में कुल 6129 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6104 आवेदन का शिविर मे तत्काल निराकरण किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू ने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन की भावना को गाँव-गाँव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन के लिए न केवल संवाद का सशक्त मंच है, बल्कि यह त्वरित समस्या समाधान और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। सुशासन तिहार जैसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को नजदीक से साझा किया और कई समस्याओं का निराकरण हुआ।

# बेसहारा बच्चों की पहचान करने और उनके आधार नामांकन व कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु किया गया 'साथी' समिति का गठन



**बेमेतरा,** 24 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित च्च्साथीज्ज अभियान के तहत पहचान और गरिमा, आधार पंजीकरण और निराश्रित बच्चों का कानूनी सशक्तिकरण के संबंध में साथी समिति का गठन किया गया। श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में व श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की द्वारा साथी समिति के क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि नालसा द्वारा देशभर में बेसहारा बच्चों की पहचान करना और उन्हें आधार नामांकन, कानूनी सहायता प्रदान करना और कल्याणकारी योजना से जोड़ना है ताकि कोई भी बच्चा कानूनी हक एवं न्याय से वंचित न रहे। इस सबंध में नालसा साथी अभियान के अंतर्गत यदि कोई बेसहारा बच्चा सड़कों पर या देख-भाल गृहों में रहने वाले ऐसे बच्चें जिनके पास आधार नहीं है, सरकारी लाभ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न बाल कल्याण कानूनों के तहत सुरक्षा प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता बतायी है। साथी अभियान का लक्ष्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में एक मिशन-मोड के दृष्टिकोण में सर्वेक्षण, आधार पंजीकरण और कानूनी सहायता के माध्यम से इस अंतर को पाटना है। साथी समिति में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में नामित सदस्य महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, यूआईडीएआई के प्रतिनिधि ई-प्रबंधक, किशोर इकाई से पुलिस अधिकारी, बाल देखभाल संस्थान के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला में साथी समिति के सदस्यगणों को उनके कार्यों व साथी अभियान के सफलतापूर्वक कियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनाओं से नगर वासियों को मिल रहा है लाभ

**थानखम्हरिया,** 24 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के जरिए जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है इस योजना का उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। नगर वासियों को काफी लंबे समय से इसका लाभ मिल रहा है। नगर में बुधवार और शनिवार सप्ताह में दो दिन अपनी सेवा दे रहे हैं। बुधवार को 84 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।जिससे सैकड़ो लोगों को लाभ मिल रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट की जानकारी देते हुए डॉक्टर ने बताया की शहर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगभग लाखों मरीजों का इलाज किया गया है इनमें से हजारों से अधिक मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई है साथ ही लैब जांच मुफ्त में की जाती है उन्होंने बताया शिविरों में डॉक्टर,




फार्मासिस्ट, नर्स, प्रशिक्षित टेब टेक्नीशियन जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लगभग 41 प्रकार के टेब जांच निशुल्क प्रदान की जाती है। इसके अलावा नगर के सफाई मित्रो की स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जाती है योजना के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को उनके घर के पास ही उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श मुक्त शिक्षा सेवा उपलब्ध होती है। इस मौके पर मोबाइल मेडिकल यूनिट स्टाफ - डॉ. संदीप कुमार, फार्मासिस्ट - भुवन साहू, लैब टेक्नीशियन - विजय साहू, नर्स - चंद्रकिरण, जीतेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने खम्हरिया थाना प्रभारी सहित सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक को किया निलंबित

**बेमेतरा,** 24 मई (देशबन्धु)। थाना खम्हरिया क्षेत्र के एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में आरोपी के फरार हो जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि आरोपी की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण गंभीर प्रकरण का आरोपी देवेन्द्र यादव पिता रामलाल यादव उम्र 32 साल निवासी देवरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा फरार हो गया। यह स्थिति संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं संदिग्ध आचरण को दर्शाती है।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल प्रभाव से खम्हरिया थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्र देव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक भानू प्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद साहू, आरक्षक कुसुम लाल कोसले एवं आरक्षक गौकरण मंडावी को निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बेमेतरा में आगामी आदेश तक संबद्ध कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि पुलिस कस्टडी में आरोपियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रकरण की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए फरार आरोपी* देवेन्द्र यादव उम्र 32 साल निवासी देवरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा के विरूद्ध पृथक से भारतीय न्याय सहिता की धारा 262 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण का आरोपी देवेन्द्र यादव उम्र 32 साल निवासी देवरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा फरार है। लगातार प्रयासों के बावजूद अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा* प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस रेगुलेशन के पैरा 80(ए) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत यह घोषणा की जाती है कि जो व्यक्ति आरोपी के संबंध में विश्वसनीय जानकारी देगा, जिससे उसकी विधिपूर्वक गिरफ्तारी संभव हो सकेगी, उसे 5,000/- की नगद इनामी राशि प्रदान की जाएगी।

# नारायण निषाद जाएंगे सिंगापुर फिजी देश

**बेमेतरा,** 24 मई (देशबन्धु)। भारत फिजी देश में 25 मई से 7 जून 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण, रामलीला एवं छत्तीसगढ के लोक रामायण विधा में विभिन्न प्रसंगानुसार फिजी देश का दस जिला पर अपनी गायन ,वादन के माध्यम से साहित्यिक, सांस्कृतिक शोध संस्थान मुम्बई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमो में शिरकत करेगे। भारतीय सांस्कृतिक यात्रा के रूप में ग्राम- कटई, विकास खंड नवागढ, जिला- बेमेतरा (छत्तीसगढ) भारतवासी ने



छत्तीसगढ लोक रामायण विधा के आधार पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ वासियों को गौरवान्वित है नारायण निषाद तीन बार दुबई कार्यक्रम में हिस्सा ले चुके है श्री रामचरितमानस क्षेत्र के अंचल में हर्ष व्याप्त है, इस अवसर पर श्री रामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक, आडिटर डा. रिझन सिंह सेन ,सचिव दिनेंद्र साहू , कोषाध्यक्ष दालचंद साहू, बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू, बेरला तहसील अध्यक्ष पंचराम साहू,लोकनाथ साहू, कलाराम निषाद, हनुमान प्रसाद तिवारी, तुलसी राम वर्मा, भागवत निर्मलकर, डॉ रामसनेही वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अशोक वर्मा, रविशंकर लोहार, नरेन्द्र जायसवाल, महेश साहू, रामकुमार साहू, गणपत सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश वर्मा, डुम्मन सिंह साहू, हेमलाल निषाद , छत्रपाल वर्मा, सेवक राम वर्मा , पप्पू सेन सहित अनेक पदाधिकारीयों ने नारायण निषाद को बधाई दी उक्त जानकारी ललित सिंह ठाकुर ने दी।

# पैलपार में श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत कृष्ण-सुदामा की मित्रता ने भावविभोर किया

**थानखम्हरिया,** 24 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पैलपार में स्वर्गीय नरोत्तम सिन्हा की वार्षिक पुण्यतिथि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुजन उस समय भावविभोर हो उठे, जब भागवत आचार्य पंडित ऋषि कुमार तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का अद्भुत प्रसंग सुनाया। कथा में रासलीला, कर्म के महत्व और सुदामा चरित्र की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया।





पंडित तिवारी ने बताया कि रासलीला भगवान के साथ जीवात्मा के मिलन की प्रतीक कथा है, जो काम पर विजय प्राप्त करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा, यह कथा आत्मा के परमात्मा से मिलन और जीवन के परम सत्य को पाने की ओर प्रेरित करती है।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग निस्वार्थ मित्रता, समर्पण और विनम्रता की मिसाल है। जब सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका पहुंचे और द्वारपालों द्वारा रोके गए, तब उन्होंने स्वयं को कृष्ण का मित्र बताया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, वे भावुक होकर 'सुदामा! सुदामा!' कहते हुए महल के द्वार की ओर दौड़े और अपने मित्र को गले लगाकर महल में ससम्मान ले गए। इस भावनात्मक दृश्य ने समूचे वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया।

कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष और सुखदेव विदाई का वर्णन भी किया गया। झांकी प्रस्तुतियों के दौरान भगवान कृष्ण और सुदामा के मिलन पर फूलों की वर्षा की गई।

कार्यक्रम में परायण कर्ता मनोज शर्मा ने विशेष सेवा दी। प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा, रोशन सिन्हा, अनिल सिंघानिया, कृष्ण कुमार, भुआल, अनीस बिंदल, लाला राम साहू, सत्तू सिन्हा सहित सैकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# खैरागढ़ नपा अध्यक्ष की गाड़ी पलटी, मौके पर ड्राइवर की मौत

**खैरागढ़,** 24 मई (देशबन्धु)। 24 मई शनिवार की सुबह खैरागढ़-दुर्ग मार्ग में खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसके चलते ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार सहसपुर निवासी सुनील सिंह उम्र 32 वर्ष नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर का ड्राइवर था। सुनील सिंह श्री चंद्राकर के भतीजी को छोड़ने रायपुर गया हुआ था। महेंद्रा एक्सयूवी कार क्रमांक सीजी 08 एयू 7935 से खैरागढ़ लौट रहा था। रायपुर से खैरागढ़ लौटते समय ड्राइवर कुम्हारी में बुरी तरह जाम में फंस गया था जिसके कारण ड्राइवर सुनील को दूसरे दिन सुबह 4 बजे वापस लौटा, गाड़ियों का जाम खुलने के बाद जैसे ही वह दुर्ग-खैरागढ़ मार्ग के ग्राम सेवती के पास पहुंचा कार की गति अत्यधिक तेज होने के कारण सुनील गाड़ी का नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए वहीं ड्राइवर सुनील सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।



# शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल

**कवर्धा,** 24 मई (देशबन्धु)। प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी के गतिशील नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने शिक्षा, संस्कृति और खेल के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहा है। विद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। शैक्षणिक मोर्चे पर, छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई। विद्यालय ने दसवीं के बोर्ड परीक्षा में होप-85 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सीखने के माहौल के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यालय में आयोजित समूह कार्य, शैक्षणिक भ्रमण, प्रयोगशाला कार्य, चित्रकला, मूर्तिकला, काष्ठकला, चिज प्रतियोगिता, पुस्तकालय गतिविधियाँ, समाचार पत्र, प्रौद्योगिकी का प्रयोग, सामुदायिक सेवा, कैरियर मार्गदर्शन, छात्र परिषद, बागवानी आदि शैक्षिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती प्रदान किया है। सांस्कृतिक क्षेत्र में विद्यालय ने छात्रों को अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जीवंत मंच प्रदान किया है। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, हस्त व शिल्प कलाएँ, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिताएं, कला व शिल्प प्रदर्शनी, निबंध लेखन, पारंपरिक त्यौहार, सांस्कृतिक क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत छत्तीसगढ़ के साझा राज्य गुजरात के लोकनृत्य आदि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। खेल के मैदान में भी विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विभिन्न खेल विधाओं में छात्रों ने ब्लॉक, जिला व संभाग स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है, जिससे विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। खेलकूद से छात्रों को अपनी शारीरिक क्षमता को निखारने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने में मदद मिली है। प्राचार्य डॉ. चंद्रवंशी ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण पर भी जोर दिया है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। यह सफलता विद्यालय के समर्पित स्टाफ, छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।



### पर्यटन विकास से मिलेगी कबीरधाम जिले को नई पहचान

# भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण की रूपरेखा के लिए उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया

**कवर्धा,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव की सरकार ने प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरात्तव,पर्यटन एवं जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर से लेकर पुरातत्व महत्व के स्थल मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश योजना के तहत भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण,एतिहासिक मंदिरों के सरंरक्षण एवं संवर्धन और पर्यटन विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पर्यटन, पुरात्तव विभाग एवं कबीरधाम जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से पर्यटन विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है।

उपमुख्यमंत्रीं विजय शर्मा ने आज शनिवार को दिल्ली जाने से पहले सुबह छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों कलेक्टर एवं जनप्रतिनधियों के साथ छत्तीसगढ़ के एतिहासिक भोरमदेव मंदिर परिसर में बैठक लेकर स्वदेश योजना के तहत विकसित होने वाले भोरमेदव कॉरिडोर विकास कार्यों के संबंध में गहन समीक्षा की एवं ग्रामीण और जनप्रतिनधियों के साथ बैठक लेकर विचार-विमर्श भी किया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के संचालक एवं प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर सहित महोत्सव स्थल, प्राचीन सरोवर एवं अन्य



स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण एवं बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री आचार्य ने स्वदेश योजना के तहत पर्यटन विकास के लिए विकसित होने वाले कार्यों को विस्तार ने जानकारी भी दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों एंव जनप्रतिनधियों के साथ भोरमदेव मंदिर परिसर में जमीन पर बैठक में स्वदेश योजना के तहत कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होने कहा कि स्वदेश योजना के पर्यटन विकास के मानचित्र में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले को राष्ट्रीय पहचान मिलने वाली है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी है। स्वदेश योजना के तहत भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। जिससे भोरमदेव मंदिर सहित आसपास के मंदिर और पर्यटन क्षेत्र कनेक्ट होंगे। पर्यटन मंडल के अधिकारियों द्वारा प्रारंभ स्थल से लेकर अंतिम स्थल तक की विस्तृत कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की व्यापक कार्य योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र का पर्यटन विकास तेज़ी से आगे बढ़ सके।

बैठक में बताया गया बाबा भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार एक हजार वर्षों में वाटर ट्रीटमेंट की ऐतिहासिक पहल की गई है। अब इस पुरातात्विक और धार्मिक धरोहर को नया जीवन देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'भोरमदेव कॉरिडोर' विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मुख्य मंदिर परिसर समेत क्षेत्र के अनेक ऐतिहासिक स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा। भारत दर्शन योजना के तहत मुख्य मंदिर का भव्य रूप से विकास किया जाएगा, जिसमें 6 शानदार प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें नागद्वार, पार्क, संग्रहालय, और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष द्वार स्थापित किए जाएंगे। पूरे मंदिर परिसर को एकीकृत स्वरूप देने के लिए परिधि दीवारों का संवर्धन किया जाएगा।

भोरमदेव मंदिर, जो एक विशाल प्राकृतिक चट्टान पर स्थित है, उसके समीप एक अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है, जो वर्तमान संग्रहालय की तुलना में चार से पाँच गुना बड़ा होगा। इसके तहत गार्डन तक पहुँचने के लिए नई सीढ़ियों का निर्माण, बैठने के लिए पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप (रसोई सहित), अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल एवं सार्वजनिक शौचालय, नागद्वार तक रैंप और सीढ़ियों की सुविधा, मुख्य प्रवेश द्वार और मेला ग्राउंड की ओर से पार्किंग सहित प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए हजारों जोड़ी जूते रखने की व्यवस्था की जाएगी। तालाब क्षेत्र को भी सौंदर्यीकरण कर विकसित किया जाएगा। चारों ओर एकसमान पत्थरों से बैठने की सुविधा, म्यूजिकल फाउंटेन, और कैचमेंट क्षेत्र का पानी संचित करने की व्यवस्था भी की जाएगी। परिसर में भंडारा भवन, कांवड़ियों के लिए डोम, सीढ़ियों पर छायायुक्त डोम, स्टेज और पार्किंग की व्यवस्था, अनेक स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू,प्रतिनिधि लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, रामकुमार भट्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, प्रबंध संचालक पर्यटन विभाग विवेक आचार्य वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, पुरातत्व विभाग के सदस्य श्री आदित्य श्रीवासतव सहित बोड़ला क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नगर पालिका कवर्धा के पार्षदगण, जिला-जनपद पंचायत के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सार्वजनिक स्थानों में उपद्रव करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर हुई कार्यवाही

### उपद्रवियों का निकाला गया नगर में जुलूस

**खैरागढ़,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 23 मई को थाना खैरागढ़ पुलिस के द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पिलाने वालों के संस्थान पर रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी अमित पिता सरजू कंडारा निवासी धरमपुरा, चेतन पिता रामकुमार सारथी निवासी तुरकारीपारा, गणेश पिता लालटू निषाद दाऊचौरा, संजय पिता होरी लाल ढीमर निवासी धरमपुरा व मनीष पिता अशोक यादव बरेठपारा खैरागढ़ को सार्वजनिक स्थान में शराब पिलाने का सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 36 (सी) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरी ओर बढ़ती अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने थाना क्षेत्रांतर्गत सार्वजिनक स्थानों में उपद्रव कर आम जन को परेशान करने वाले आरोपी फ़नीश उर्फ अमन रजक पिता अजीत रजक ठाकुरपारा खैरागढ़, भोजराज उर्फ बुटीक रजक पिता ईश्वरी रजक बाजार अतरिया व त्रिभुवन ध्रुव पिता सगुन धुर्वे के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



# बुजुर्ग लोक कलाकारों का मानदेय वृद्धि पर डॉ रमन सिंह का किया गया आभार ज्ञापन

## मानदेय बढ़ने से बुजुर्ग लोक कलाकारों ने हर्ष की लहर

**राजनांदगांव,** 24 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा व अन्य लोक रंग कर्म सहित कला संस्कृति से संबंधित बुजुर्ग लोक कलाकारों का शासन द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कलाकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह का आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ी लोक कला व साहित्य के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ साहित्य समिति – ?जिला ईकाई के अध्यक्ष आत्माराम कोशा च्अमात्यज्द्वारा इस संबंध में जब– तब शासन ? का ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। कांग्रेस शासन काल में संस्कृति मंत्री व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष ? ? भी कलाकारों के ? ? साथ बात उठाई गई थी किंतु बुजुर्ग कलाकारों के मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह को उनके राजनांदगांव आगमन पर तत्संबंधित ज्ञापन सौंपा गया और बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय वृद्धि की मांग की गई थी। साथ ही श्री कोशा द्वारा



बुजुर्ग लोक कलाकारों के निधन पर उनकी धर्मपत्नी को पात्र मानते हुए उन्हें उक्त मानदेय दिए जाने की भी मांग की गई थी।

### लोक कलाकारों में निर्मित हर्ष की लहर

प्रदेश में भाजपा सरकार के काबिज होने पश्चात छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बने डॉ रमनसिंह को पुन: स्मरण पत्र देकर उनसे बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि की मांग की गई। डा0 सिंह द्वारा उक्त मांग की अनुशंसा किए जाने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संज्ञान में आने पश्चात आखिरकार बुजुर्ग एवं वयोवृद्ध लोक कलाकारों की सुन ली गई और प्रदेश के 162 बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया गया। इससे लोक कलाकारों में हर्ष का माहौल है। लोक कलाकारों के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए लिए बुजुर्ग नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, नत्थन दास साहू, छन्नु साहू महादेव हिरवानी,सूफी,बी एस चौहान, मनोहर यादव, फगवा राम यादव,चैत राम, मानसिंह मौलिक,प्रेमलाल साव ,बिसराम साहू, मोहन साहू, दिनेश साहू ,लारेल फ्रांसीस, आदि लोक कलाकारो की ओर से लोक कला एवं साहित्य धर्मी / गीतकार संगीतकार आत्माराम कोशा अमात्य ने डा0 रमन सिंह से मिलकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उनका आभार ज्ञापन किया है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र जैन बंटू पूर्व पार्षद राधेश्याम गुप्ता व अन्य जन उपस्थित थे।

# आरक्षक पर प्राण घातक हमला करने वाला अज्ञात हमलावर को पुलिस ने धर दबोचा

- अज्ञात आरोपी को पकड़ने में सी सी टी वी की अहम भूमिका
- मामूली विवाद बना घटना का मुख्य कारण।

**राजनांदगांव,** 24 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 21.05.2025 के 02:45 बजे के लगभग पुलिस लाइन स्थित आइटीबीपी कैंप में बचाओ–बचाओ की अवाज सुनकर गया तो देखा कि प्र0आर0 किशन कुमार साहू खून से लतपथ जी0डी0 रूम के बाहर खडा था। जिसे पूछताछ करने पर बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से इसके गर्दन , हाथ ,सिर पर वार कर भाग गया कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 215/25 धारा 109 ,331बी एन एस का अपराध अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र




नायक के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू एवं सायबर प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी के जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु अलग अलग टीम तैयार किया गया। गठित टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घटना स्थल एवं आसपास तथा शहर के अलग अलग चौक चौराहे में लगे 100 से भी अधिक सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाले जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि आहत् किशन कुमार साहू का साथी ही उसे जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया है। आरोपी की पतासाजी हेतु थाना बसंतपुर पुलिस एवं सायबर टीम को आरोपी प्रतीक जगदल्ले के सकुनत ग्राम मामुर जिला सतारा (महाराष्ट्र) रवाना किया गया। उपरोक्त गठित टीम द्वारा आरोपी प्रतीक जगदल्ले को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो बताया कि किशन कुमार साहू जो की खाना खाने व मेस कटिग का पैसा देने के नाम पर हमेशा किसी भी जगह टोका, टोकी करते रहता था, इसी बात को लेकर रंजिश वंश शराब पीने के बाद मारने की नीयत से नारियल काटने के धारदार हथियार से आहत किशन साहू पर वार कर घटना कारित करना व उसके बाद माँ गम्भीर रूप से बीमार है बोलकर छुट्टी लेकर अपने घर सातारा महाराष्ट्र चले जाना बताया।

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नरियल कांटने का धारदार हथियार, खून से सने कपडे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया , जहाँ आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, विनय परमार ,उनि देवादास भारती, कैलाश मरई सउनि. गोवर्धन देशमुख, सउनि. जीवराज रावटे, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, प्रख्यात जैन , मोसीन खान ,आशीष मानिकपुरी एवं सायबर टीम की विशेष भूमिका रही।

# कलार समाज ने किया अपने समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**राजनांदगांव,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कलार समाज मंडल अभनपुर द्वारा खण्ड महासभा जनप्रतिनिधि सम्मान का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के गणमान्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए थे बड़ी संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम के साक्षी रहे। कलार समाज के द्वारा अभनपुर में खंड महासभा का आयोजन किया गया इस दो दिवसीय महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कलार समाज से ताल्लुक रखने वाले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा इस खंड महासभा में कलार समाज के समस्त जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह प्रथम सत्र में रखा गया था जिसमें राजनांदगांव से पार्षद एवं शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा छुरिया पहुंचे यहां पर इन जनप्रतिनिधियों का सम्मान भगवान सहस्त्रबाहु के तैल्य चित्र देकर एवं समाज का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।समाज अब राजनीतिक क्षेत्र में काफी आगे बढ़ रहा है इस बात का प्रत्यक्षा उदाहरण यह है कि समाज से एक मंत्री एवं तीन विधायक और सैकड़ो जनप्रतिनिधियों ने



अपना स्थान प्राप्त किया है। राजनांदगांव नगर निगम में ही कलार समाज के चार पार्षद हैं। समाज शिक्षा, व्यवसाय के साथ कृषि क्षेत्र में भी अग्रणी है राजनीती के क्षेत्र मे समाज के लोगो को अग्रसर और एकता के साथ आगे बढ़ना है तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव होगा यह उद्गार भाजपा नेता रवि सिन्हा ने दिए।

# जैन धर्म सिद्धांत जियो और जीने दो के पथगामी स्वाधीन जैन किये रक्तदान

- टेकाडोढ़ा के बलराम चुरेंद्र व और भी युवा शिविर में पहुंच कर किया रक्तदान
- रक्तदान सबसे बड़ा महादान,यह दान मरीज को नया जीवन देता: टी कौशिक

**दल्लीराजहरा/कुसुमकसा,**24 मई (देशबन्धु) ।नगर के युवा समाजसेवी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मिडिया सेल इंचार्ज स्वाधीन जैन ने जनसेवा के क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। वहीं ग्राम पंचायत टेकाडोढ़ा बलराम चुरेंद्र जो की ग्राम पंचायत टेकाडोढ़ा कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद में स्थित





है इन्होंने भी कई बार रक्तदान कर बहुत से मरीजों की जान बचाने में योगदान दिये है। इनके साथ इस छोटे से गांव के ओम प्रकाश उमेंद्र गोर पंकज भुआर्य नोहर सिंह कुंजाम धनेश भुआर्य ने भी कुसुम कसा के रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान किया। वहीं स्वाधीन जैन 11 बार रक्तदान कर चुके हैं।जैन धर्म के चौबीस वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को आत्मसात कर जीवनचर्या व्यतीतकरने वाले स्वाधीन जैन जैन धर्म के प्रथम सूत्र जियो और जीने दो के पथगामी हैं। जनसेवा की राह पर उनके कदम हमेशा अग्रसर रहते हैं। रक्तदान महादान को फलीभूत करते हुए युवा समाजसेवी स्वाधीन जैन लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने हेतु हर पल तत्पर रहते हैं। अब तक वे 11 बार रक्तदान कर चुके हैं।रक्तदान पश्चात मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निजी सहायक टी. कौशिक द्वारा स्वाधीन जैन व सभी रक्त दान करने वाल व्यक्तियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्यमंत्री के निजी सहायक टी कौशिक ने कहा की रक्त दान सबसे बड़ा महादान होता है। किसी की जान बचाना यही मानवता है। उन्होंने कहा की 18 से 60 साल के स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकामवरिष्ठ पत्रकार झुनमुन गुप्ता, भाजपा के युवा नेता जयदीप गुप्ता, नितिन जैन, अनिल सुथार, सरपंच संघ अध्यक्ष ममता मांडवी, अशोक लोहिया, हितेश कुमार डोंगरे, संतोष जैन, डीबी रक्तदान ग्रुप के दीपक साहू, सुमीत जैन, अंकित टाटिया व पंचायत की पूरी टीम द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित रह कर सहयोग किया ।

# नपं डौण्डी में संपन्न समाधान शिविर,366 आवेदनों का हुआ निराकरण

- छ.ग तभी बढ़ेगा आगे जब नगर गांव बढ़ेगा आगे जनता की जागरूकता शासन प्रशासन को देगी दिशा: सांसद नाग

**डौण्डी,**24 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौण्डी में सुशासन तिहार 8 से 11 अप्रैल तक नगर पंचायत भवन में शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का आवेदन प्राप्त किया गया था। जिसमें नगर पंचायत में 126 मांग एवं 23 शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 149 आवेदनों का निराकरण किया गया साथ ही अन्य विभाग जिसमें राजस्व विभाग 113 ,महिला बाल विकास के 25, विद्युत विभाग के 28, श्रम विभाग 08, कृषि विभाग को 8, जिला रोजगार कार्यालय 06, परिवहन कार्यालय 05, स्कूल शिक्षा विभाग 04, स्वास्थ्य विभाग 03, जिलापंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 03, खाद्य विभाग 03, लो.नि.वि. 02, समाज कल्याण विभाग 01, वाणिज्य एवं उद्योग 01, लाईवलीहुड कॉलेज 01, चिप्स 01, पशुपालन 01, जल संशाधन 01, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक 01, पुलिस विभाग 01, नजुल शाखा



01 को 1, इस प्रकार कुल 366 आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसका आज निराकरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग उपस्थित हुए तथा नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये समाधान स्टालों का जायजा लिया तथा आवेदनो के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई। सांसद के सौजन्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा महिलाओं को पोषण कीट एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया गया ।साथ ही हितग्राहियों को नगर पंचायत के द्वारा 5 राशन कार्ड, 05 प्रधानमंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग के द्वारा 01 नग श्रवण यंत्र एवं 02 छड़ी, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राविण्य सूंची में स्थान बनाने वाले 02 छात्रों को प्रशस्त्रि पत्र, राजस्व विभाग डौण्डी द्वारा रूखमनी बाई को 15000.00 रू. का स्वेच्छानुदान एवं 02 आय प्रमाण पत्र वितरीत किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने नरेन्द्र मोदी को विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा की छत्तीसगढ़ तभी आगे बढ़ेगा जब नगर गांव आगे बढ़ेगा उन्होंने समाधान शिविर में उपस्थित जनता से कहा की आप सभी की जागरूकता ही शासन प्रशासन को दिशा देगी ।इस अवसर पर नगर पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मोहंतीन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, जनपद उपाध्यक्ष मुकेश कौड़ो, नपा दल्लीराजहरा अध्यक्ष तोरण साहू चिखलाकसा नपं अध्यक्ष कुंती देवांगन जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी साधना सोरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ.रूपेश नायक, जिला प्रतिनिधि श्मनीष झा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामनारायण धनकर, नगर पंचायत डौण्डी पार्षदगण श् अमरीका ठाकुर, भुनेश्वरी कुंभकार, ममता जैन, यदुनंदन देवहारी, रेखा चौहान, प्रशांत नेताम, माधुरी रावटे, राजेन्द्र मानकर, किरण बंजारे, सुशील अमला, सौरभ चौरका, श्री हितेन्द्र धनकर,अनिल निर्मलकर, अनिता कुमेटी विशाल जैन, उपाध्यक्ष पिंटू नाहर, रजनी जायसवाल व पूर्व एल्डरमेंन राधिका भारद्वाज , जिला प्रशासन के चंद्रेश ठाकुर जन संपर्क अधिकारी, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन लेखापाल रत्नभूषण वाहने निकाय के समस्त कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे।

# वार्डवासियों मांग पर नपं अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रयास से 1 किलोमीटर सड़क में लगा ट्यूबलर पोल



- यह सड़क जंगल से घिरा,रात के अंधेरे में लोगों को आने जाने में मिली राहत
- अध्यक्ष देवांगन उपाध्यक्ष रावटे वार्ड पार्षद का वार्डवासियों ने माना आभार

**चिखलाकसा/दल्लीराजहरा,**24 मई(देशबन्धु))। नगर पंचायत चिखलाकसा के वार्ड क्र.8 बारसाटोला जाने वाली सड़क पर 1 किलोमीटर तक वार्डवासियो के मांग पर नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष कुंती देवांगन,उपाध्यक्ष राजू रावटे एवं समस्त पार्षदों के प्रयास से जंगली जानवरो से प्रभावित क्षेत्र मे 50 नग ट्यूबलर पोल लगाए गए है ! इससे रात के अंधेरे में आने जाने वाले को राहत मिली है! यह इलाक़ा सुनसान और जंगल से घिरा हुआ है! यहां से शताब्दी नगर होकर गुजरने वाली यह सड़क साल्हे, चिखली, घोटिया, पटेली, बोरगांव और डोंडी ब्लॉक के कई गांवो को जोड़ती है ! इस मार्ग पर हमेशा लोगों की आवाजाही बनी रहती है! रात के समय अंधेरा होने से लोगों को डर के साए में आना–जाना पड़ता था! आसपास जंगल होने से जंगली जानवरो का खतरा बना रहता है! वार्ड वासी लम्बे समय से ट्यूबलर पोल की मांग कर रहे थे! ऊक्त मांग पूर्ण करने हेतु शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कुन्ती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, ने स्विच ऑन कर लाइट का शुभारंभ किया! इस अवसर पर वार्ड के पार्षद लल्लू टेकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश पाठक, नगर पंचायत चिखलाकसा के कर्मचारी वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। वहीं इस मार्ग के आस पास रहने वाले वार्ड के नागरिकों ने अध्यक्ष कुंती देवांगन उपाध्यक्ष राजू रावटे व वार्ड पार्षद का आभार व्यक्त किया है।

# सहकार भारती ने अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर चर्चा एवं गोष्ठी का किया आयोजन

**खैरागढ़,** 24 मई (देशबन्धु)। अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती अवसर पर उनके अद्वितीय योगदान और प्रेरणादायक जीवन पर आधारित विशेष चर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ.पदुम लाल पुन्नालाल बक्शी हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अहिल्या बाई होलकर के तैलचित्र पर सहकार भारती के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्र सोनी ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर एक नाम नहीं है बल्कि वह लोकमाता के साथ सामाजिक न्याय की देवी है। इंदौर जैसे शहर की निर्माण करने वाली और मालवा प्रदेश की प्रशासिका बतौर रानी के रूप में अनेक धार्मिक और न्यायिक निर्णय उनके द्वारा लिए गये जो आज भी प्रासंगिक है। आगे श्री सोनी ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर ने अपने निर्देशों के पालन के लिए जो पत्र उस समय उपयोग करती थी। उसमें सदैव शंकर आज्ञा वाक्य का उल्लेख अनिवार्य रूप से करती थी जिसका मतलब मैं शिव भक्त हूं और यह सत्ता मेरी नहीं है, संपत्ति मेरी नहीं है यह लोगों के लिए है जनता के लिए है इसलिए वह लोकमाता कहलाई। महिला प्रमुख पिंकी ठाकुर ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर समस्त नारी जगत का स्वाभिमान है और और उन्हीं से ही प्रेरणा लेकर सबको कार्य करनी चाहिए। उन्होंने ही भगवान विश्वनाथ और सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों का निर्माण कराया था। विकासखंड प्रमुख सुभाष सिंह ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर महिला जगत की सूर्य है जो कभी अस्त नहीं हो सकती, उनका हर निर्णय आज भी अनुकरणीय है। उनका व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में सहकार भारती के जिला प्रमुख नरेंद्र सोनी, महिला जिला प्रमुख पिंकी सिंह ठाकुर, त्रिवेणी पटेल, प्रमिला यादव, तान्या सिंह, करुणा सोनी, नारायणी साहू सहित विकासखंड प्रमुख सुभाष सिंह गहरवार, सुरेंद्र सिंह सेगर, खंड सहप्रमुख अभिषेक गुप्ता सहित कर्तव्यनिष्ठ ऊर्जावान साथीगण उपस्थित रहे।




# पंडरिया विधायक बोहरा ने 70 लाख से अधिक के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**कवर्धा,** 24 मई (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में जनता की सुविधाओं और विकास हेतु विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कुम्ही बोड़तरा खुर्द और छीतापार कला में 70 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले चेक डेम सीसी रोड, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान ग्राम कुम्ही में 15 लाख 72 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र व शौचालय, ग्राम बोड़तरा खुर्द में 20 लाख की लागत से चेकडेम और ग्राम छीतापार कला में 20 लाख की लागत से चेकडेम, 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड एवं 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण कार्य, इस प्रकार कुल 70 लाख 32 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग कुम्ही से



बोड़तरा मार्ग का 3 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपए की लगात से होने वाला नवीनीकरण कार्य भी प्रगति पर है।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की उन्नति तभी हो सकती है जब वहां के गाँव में सुविधाओं और संसधानों का निरंतर विकास होता है। समय के साथ कदम से कदम मिलाकर जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, सुगम आवागमन, मूलभूत सुविधाएँ, सामाजिक व सांस्कृतिक योजनाओं के लिए भवन व मंच, पक्के आवास, स्वच्छ पेयजल एवं बिजली जैसे आवश्यक सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो यही हमारा लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन–जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार हमारी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहा है। आज गाँव–गाँव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुँच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गाँव रोशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं डबल इंजन सरकार में ही सार्थक हो रहें हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार से सरकार सीधे जनता के घर व गाँव पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहें हैं। सेवा और सुशासन यही छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य और लक्ष्य है। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

सीता- मेरे पास गाड़ी है, बंगला है, बैंक बैलेंस है, तेरे पास क्या है... ?
गीता- मेरे पास 20 साल पहले अपनी शादी में सिलवाया हुआ सूट है, जो अभी तक मुझे फिट आता है..
उसके बाद से चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है...

# रेत परिवहन करते 6 हाईवा और तीन ट्रैक्टर ट्राली जप्त

## राजिम क्षेत्र में 3 अलग-अलग स्थानों पर खनिज विभाग की कार्रवाई

**राजिम,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर के निर्देश पर 23 मई दिन शनिवार को सुबह माइनिंग विभाग की टीम ने पीतईबंद बकली और चौबेबांधा में दबिश दी। इन गाड़ियों से वैध कागजात प्रस्तुत करने कहा गया। लेकिन इनके पास किसी भी तरह का वैध कागजात नहीं पाया गया। जिससे परिवहन कर रहे छह नग हाईवा राजिम थाना और तीन नग ट्रैक्टर ट्राली पांडुका थाना के अभिरक्षा में खड़ी किया गया। आगे की कार्यवाही जारी है माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन पर कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय कि पीतईबंद की पूरी पंचायत के सदस्यगण जिसमें सरपंच से लेकर वार्ड पंच गण जिला कलेक्टर गरियाबंद, एसडीएम राजिम, तहसीलदार राजिम को आवेदन देकर अवैध रेत खनन को बंद करने की मांग किया था। उसके दूसरे दिन जिला प्रशासन कार्यवाही शुरू कर दी। इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि माइनिंग विभाग जब कभी भी रेड मारने के लिए आते हैं। उससे पहले रेत माफियाओं को पता चल जाता है और अपनी सारी गाड़ियां व्यवस्थित कर लेते हैं। इस तरह की



कार्यवाही सिर्फऔपचारिकता है। जिला प्रशासन की नासमझी के चलते लगातार रेत का उठाव जिले के कई जगह जारी है। जिसके चलते वाटर लेवल तेजी के साथ नीचे गिरा है और अब तो नदी में नहाने के लिए भी पानी नहीं है। इस और ना जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और नहीं प्रशासन नतीजा आम जनता को ही खामयाजा भुगतना पड़ रहा है।

खनिज अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि इन गांवों में अवैध रेत परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी जिसके बाद छापामार कार्रवाई कर मौके से 9 वाहनों को जब्त किया गया है। गाड़ियों को पुलिस थाना राजिम और पांडुका की अभिरक्षा में रखा गया है। सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। आगे की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

**नहीं रुक रहा अवैध खनन और परिवहन:** विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने तथा बरसात से पूर्व निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारु संचालन हेतु रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों के कलेक्टरों एवं खनिज अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर खनिज संचालक रजत बंसल भी उपस्थित थे।

लेकिन इन अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती से रोक नहीं लग पाया है। क्षेत्र में अवैध खदानों की तो संख्या बढ़ती ही जा रही है वहीं वैध रेत खदानों में भी रेत का काला कारोबार कर शासन को चुना लगाया जा रहा है। 20 में 1 गाड़ी को पीट पास जारी किया जाता है। साथ ही जारी पीट पास से दो गुना रेत भर कर राजस्व की चोरी की जाती है। जारी भू भाग से ज्यादा की खुदाई कर दी जाती है। इन्हे विभागीय कार्रवाई का भी डर नहीं है।

# संकरी में 25 लाख की लागत से बनेगा सीसी रोड, राजस्व मंत्री ने किया भूमिपूजन



**सिमगा/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत संकरी के भारत माता चौक में सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्राम संकरी में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड सह नाली का निर्माण होगा।

कार्यकम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजना लागू किया है और योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है जिससे लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में पंजीयन के लिये फिर से पोर्टल खुलेगा जिससे छूटे हुए हितग्राहियो को लाभ मिलेगा। हमारी सरकार जनसुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहन लाल वर्मा, जनपद सदस्य नर्मदा साहु, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सरपंच कविता वर्मा, सुनीता वर्मा, हेमंत बघमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष ने कराया बोर की सफाई

**महासमुंद,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओंए सफाई, पानी आदि का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को वे शासकीय बृजराज पाठशाला तथा सुभाष नगर बर पारा स्थित बोर का मरम्मत कराया। उन्होंने बताया कि वार्ड वासियों को जल समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए उन्होंने बरपारा तथा बृजराज पाठशाला के बोर की सफाई कराकर व्यवस्था सुदृढ़ कराया। उन्होंने बताया कि बोर की सफाई होने से स्थानीय निवासियों को पानी की कमी नहीं होगी। बर पारा स्थित बोर से क्षेत्र के लोगों को टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है। इसके अलावा दिनभर यहां आसपास के रहवासियों को इन्हीं बोर से पानी मिलता है। इसके लिए बोर की सफाई कराना अनिवार्य था। सफाई होने से बोर में भरपूर पानी आ रहा है। पानी की समस्या अब नहीं होगी। इस अवसर पर वार्डवासी व पालिका कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के निरीक्षण हेतु कलेक्टर पहुंचे सीएचसी पलारी

■ गर्भवती महिलाओं की जांच एवं अन्य व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि
■ पुराने लैब भवन के स्थान पर बनेगा एमसीएच बिल्डिंग

**पलारी/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की जांच सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल आई हुई गर्भवती महिलाओं से बात कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा जांच की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया।



अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु प्राइवेट गायनिकोलॉजिस्ट सोनोग्राफी, लैब से समय पर मिल रही रिपोर्ट, डाइटीशियन द्वारा पोषण सलाह की भी कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने भीड़ के प्रबंधन हेतु अगली बार के लिए टाइम स्लॉट की व्यवस्था अपनाने तथा जलपान व्यवस्था को हर बार के पीएम एसएम में देने कहा। कलेक्टर ने पलारी अस्पताल में एक दिन पूर्व प्रसव हुई महिलाओं को बेबी किट तथा टीबी का उपचार ले रहे मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पुराने लैब भवन को डिसमेंटल कर उसके स्थान पर मातृ शिशु भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी. एस. ध्रुव भी उपस्थित रहे।

# महिलाएं अपने अधिकार और कर्तव्यों को जाने : पार्षद जानकी पटेल

**राजिम,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर के आंगनवाड़ी केंद्र एक मे शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग जिला गरियाबंद के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी मनीषा वर्मा जिला मिशनसमन्वयक महिला सशक्तिकरण केंद्र गरियाबंद एवं कुमारी रूपमती वर्मा पैरा मेडिकल सखी वन स्टाफसेंटर गरियाबंद महिला बाल विकास के द्वारा विभाग के द्वारा चलने वाली योजनाओं जैसे महतारी वंदन, सुकन्या मुख्यमंत्री कन्या विवाहएवं सखी सेंटर से मिलने वाली सहायता टोल फ्री नंबर 181 महिला हेल्पलाइन घरेलू हिंसा 2005 अधिनियम चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 टोनही प्रताड़ना कार्य स्थल पर महिलाओं एवं लैंगिक उत्पीड़न बाल विवाह निषेध मिशन आदि विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में महिलाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं मितानिन पार्षद गण समूह की महिलाएं किशोरी बालिकाएं शामिल हुए।। उक्त अवसर पर पार्षद जानकी पटेल ने कहा की सरकार के द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं निकाली जा रही है।



**पटेल पारा वार्ड 3 के आँगनबाड़ी में महिला जागरूकता कार्यक्रम**

किंतु जानकारी के अभाव में महिलाएं शोषित और पीड़ित हो रही है, महिला बाल विकास विभाग गरियाबंद द्वारा वार्ड के महिलाओं को जागरूक करने के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी दिया गया, इसके लिए नगर के समस्त नागरिकों की ओर से धन्यवाद करती हूं।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी गायत्री साहू ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है, यदि महिलाओं को अपने अधिकार और कर्तव्य की जानकारी हो जाएगा तो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है, और कोई भी समस्याओं और मुसीबतो का सामना कर सकती है।

उक्त अवसर पर आँगन बाड़ी कार्यकर्ताओ मे सुनीता धीवर, शांति यादव, आहिल्या यादव, लक्ष्मी शर्मा, कौशल्या शर्मा, मीणा योगी, ममता नवरेंगे, सहायिका ममता नागर्ची तथा मितानिन मे किरण निर्मलकर, दयावती, फुलेशवरी धीवर आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# अर्जुनी वन परिक्षेत्र में 28 हाथियों का दल कर रहा विचरण

**कटगी/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। उपवनमंडल कसडोल अन्तर्गत अर्जुनी-महराजी वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 370,71,72, अर्जुनी दलदली, खोसडा, गिंडोला, सीरमाल, महाकोनी, में 27 हाथियों का झुण्ड देखा गया है। बीते एक सप्ताह से यह झुंड वन क्षेत्र में सक्रिय है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र वासियो को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।



**हाथियों का डेरा डालने से क्षेत्र के गांव मे दहशत का माहौल**

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात ग्राम महराजी में हाथियों का एक दल ने दो किसानों की धान की फसल को रौंदते हुए भारी नुकसान पहुंचाया। खेतों की फसल को चौपट कर दिया है, वर्तमान में हाथियों का यह झुंड गिधौरी पठार और छातापहाड़ के आसपास घूमते देखा जा रहा है। वन विभाग की ओर से मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर न जाने की सख्त समझाइश दी गई है। विभाग ने सावधानी बरतने की अपील करते हुए लोगों को घरों के आसपास सतर्क रहने को कहा है। वहीं एक दतैल हाथी देवपुर पहुंच गया है। वन विभाग रेंज से हाथी मित्र टीम मौके पर पहुंच चुकी है और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगलों में सर्चिंग की जा रही हैं।

# भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ की बैठक



**बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार की आवश्यक बैठक पंडित चक्रपाणि शुक्ला आत्मानंद स्कूल बलौदाबाजार में रखा गया। जिसमें जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, स्थानीय संघ के अध्यक्ष नरेश केसरवानी एवं जिला संगठन आयुक्त सूरज कसर की उपस्थिति में विकासखंड में भारतीय स्काउट गाइड की सदस्यता, विकास खंड समिति का पुनर्गठन एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउटर गंगाराम वर्मा, तिलक वर्मा, नरेंद्र साहू, पारस वर्मा, लहरम्मन हरे, धनेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, के.एस. तिवारी आदि उपस्थित थे।

# धार्मिक नगरी के अनुरूप होगा नगर का विकास : नपं अध्यक्ष

**राजिम,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर की सबसे बहु चर्चित मांग आमापारा मे शिवाजी चौक से लेकर हनुमान मंदिर तक अनुमानित लागत 34 लाख नाला निर्माण का कार्यारंभ करने पूजन नगर अध्यक्ष महेश यादव ने किया। पूजन में उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़, इंजिनियर नीलेश भवर, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकार, पार्षद गणो मे अजय पटेल, भारत यादव, तुसार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, कुलेश्वर साहू, तथा ठेकेदार विशाल लालवानी आदि शामिल थे।



नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया की नगर के शिवाजी चौक के पास जल भराव के कारण आम नागरिक एवं चौक के पास के सभी व्यापारियों को विगत कई सालों से बरसात के समय पानी भर जाने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था, क्योंकि बरसात का पानी हमेशा दुकान में चल जाता था जिसे राजिम विधायक रोहित साहू को अवगत कराने पर इसे गंभीरता से लेते हुए शिवाजी चौक से पितईबंद नाला तक नाली निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करवाया गया। इसका लाभ निश्चित ही नगर वासियो को मिलेगा, उन्होंने आगे कहा की नाली निर्माण के समय लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। लोगों से सहयोग की अपील है। राजिम धार्मिक और पौराणिक नगरी है, जिस प्रकार राजिम नगर की प्रसिद्ध है, उसके अनुरूप राजिम का विकास होगा।

# बारिश से नालियों की गंदगी सड़क पर



**महासमुंद,** 24 मई (देशबन्धु)। शनिवार की सुबह 1 घंटे की बारिश से शहर की नालियों से गंदगी रोड में आने लगी। शहर के हृदय स्थल बग्गा स्टोर्स चौक में पानी गन्दगी सड़क पर आ जाने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने सफाई प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, सफाई मैट जीतू सोनी को सफाई टीम के साथ बुलाकर नालियों में फंसे कचरे को बाहर निकलवाया गया। जेसीबी मशीन का उपयोग करना पड़ा। श्री राठी ने बताया कि नाली से ऐसे कचरे निकले जो डस्टबिन के द्वारा सफाई मित्रों को कलेक्शन में देना चाहिए। जनता को जागृत होने की जरूरत है, नालियों में चटाई, झिल्ली, बोरियां न डाले घर दुकान के कचरे डस्टबिन में एकत्र कर रखे तथा सफाई मित्रों को दे। स्वच्छ भारत मिशन की टीम काम कर रही है उन्हे सहयोग करे। सीएमओ. से भी फोन पर कहा गया कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये बड़ी नालियों की सफाई, सब्जी बाजार, बस स्टैण्ड की सफाई के साथ पुरे 30 वार्डो में बड़े पैमाने पर सफाई करने की आवश्यकता है। इसके लिए सफाई कमाण्डो टीम गठन करे। खासकर बाजार की सफाई सुबह शाम दो बार करायी जाये। मौसमी बीमारी से बचाव के लिए सफाई आवश्यक है। सफाई के दौरान भाजपा नेतागण शरद मराठा, पार्षद पति धनीराम यदु, गौरव राठी आदि उपस्थित थे।

# विधायक रोहित साहू का जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को



**राजिम,** 24 मई (देशबन्धु)। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय में प्रतिदिन लगने वाला जनदर्शन कार्यक्रम में कुछ संशोधन किया गया है। अब विधायक कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगा। इसी प्रकार माह में एक दिन जिला मुख्यालय गरियाबंद एवं ब्लॉक मुख्यालय छुरा में भी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक रोहित साहू के स्वास्थ्यगत कारणों से जनदर्शन कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है जिसमें में उपरोक्त दिनों में जनता के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। उक्त जानकारी उनके निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

# दिव्यांगजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष कांवड़िया पहुंचे धमतरी

**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। दिव्यांगजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया आज धमतरी जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साथी समूह के सदस्यों से बातचीत की और समाज कल्याण विभाग के कार्यों की भी चर्चा की। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जिले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल और विभाग के आग्रह पर साथी समूह के सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग से वाद्य यंत्र हारमोनियम उपलब्ध कराया गया है।



**साथी समूह के सदस्यों से की मुलाकात, जिले के दो दिव्यांगों को प्रदाय किया वाद्य यंत्र**

आज इस वाद्य यंत्र हारमोनियम को दिव्यांगजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्री कांवड़िया ने नगरी के उमरगांव निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग श्री चन्द्रभान कुलदीप एवं अस्थिबाधित दिव्यांग भीषम कुमार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत 29 से

- किसान रथ से किसानों को किया जाएगा जागरूक ,तीन टीम बनाकर 78 स्थानों पर लगेगा शिविर
- कलेक्टर ने दिए आवश्यक तैयारी के निर्देश



**महासमुंद,** 24 मई (देशबन्धु)। शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान जिले में 29 मई से शुरू होगा जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि विभाग एवं वैज्ञानिक गांव.गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को इस अभियान के संबंध में कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप, आईजीकेवी के वैज्ञानिक, कृषि, पशुपालन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि अभियान के तहत किसानों को खरीफमौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिए जागरूक एवं जानकारी दी जायेगी। साथ ही अभियान के तहत किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किये गए नवाचार के संबंध में वैज्ञानिक नवीन जानकारी प्राप्त करेंगे एवं अनुसंधान में आवश्यक दिशा निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विभाग गंभीरता से लेते हुए किसानों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करें एवं सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना सुनिश्चित करें। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में तीन टीम गठित की गई हैए जो प्रत्येक दिन 7.8 पंचायतों के बीच क्लस्टर बनाकर शिविर लगाएगी। जो प्रतिदिन 7.8 ग्राम पंचायतों में जाकर लगभग डे? हजार से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिक दल का सीधा संवाद किया जायेगा। टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि पशुपालन उद्यानिकी मतस्य के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी एफपीओए एफआईजी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। श्री कश्यप ने बताया कि वैज्ञानिक दल द्वारा किसानों के साथ संवाद में उक्त तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित, कृषि.ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, केवीके, आईसीएआर संस्थान और इफको, कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग पर प्रदर्शन किसानों के बीच जागरूक पैदा करने के लिए आईसीटी का उपयोगए धान की सीधी बुवाई डीएसआर, सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी अन्य उन्नत फसल तकनीकों का प्रसार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज उर्वरक दिलाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जायेगी। अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापित किया गया है। इसके लिए भू संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़सवार ;मो नण्90092.29778 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने उक्त अभियान में अधिक से अधिक किसानों को शामिल होकर अपने खेती.किसानी के कार्य में आधुनिकता को शामिल करने एवं शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# शिविर में 6210 आवेदनों का स्थल पर ही निराकरण

## झलप में आयोजित समाधान शिविर में 15 ग्राम पंचायतों की समस्याओं का हुआ समाधान



**महासमुंद** 24 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन 30 मई तक जारी रहेगा। यह शिविर न केवल समस्याओं के निराकरण का मंच बनाए बल्कि शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलप में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, राशन कार्ड, आवास अभिनन्दन पत्र प्रदान किया गया। शिविर में बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, प्रमुख सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती निहारिका बारिक विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती डेमिन पटेल, जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सिद्धू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप समाधान शिविर के माध्यम से आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे शासन की प्राथमिकता है। प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से भी बातचीत की। उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। झलप समाधान शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किए। सुशासन तिहार में कुल 6218 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 6210 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शेष आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही लोगों को संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 22 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 4 लाभार्थियों को अभिनन्दन पत्र, 8 लोगों को जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा खुशबू महिला स्व सहायता समूह को पौध वितरण किया गया। शिविर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बहुउद्देशीय एवं ज्ञान व योजना परख जनमन पत्रिका का वितरण किया गया।

# पार्षद की मांग पर वार्ड नं 7 और 3 में खुलेगा राशन दुकान

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। बीते दिवस नगर पंचायत कसडोल के पार्षद भानु प्रताप साहू और नीरज साहू ने खाद्य अधिकारी सहित एसडीएम कसडोल को ज्ञापन सौंपकर राशन दुकान खोलने की मांग किया था जिस पर अब प्रशासनिक कार्रवाई के बाद कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल रामरतन दुबे द्वारा ईश्तहार जारी किया गया है।

आपको बता दे कि एसडीएम कसडोल द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत नगर पंचायत कसडोल के वार्ड नं 03 और 07 हड़हापारा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 16 जून 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक स्थानिय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉ एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल में 16 जून 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इधर राशन दुकान खुलने की जानकारी के बाद वार्डवासियों ने पार्षद भानु प्रताप साहू और नीरज साहू को धन्यवाद देकर आभार जताया है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गरियाबंद में तिरंगा यात्रा, बरसते पानी में हाथों में तिरंगा लेकर निकल नगरवासी

**गरियाबंद,** 24 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तेज बारिश के बावजूद सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू हुई। बस स्टैंड, तिरंगा चौक, बाजार मार्ग, सुभाष चौक, शीतला मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर समाप्त हुई।



जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता का संदेश दिया। भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। जरूरत पड़ी तो निर्णायक कार्रवाई करेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारा। पाकिस्तान को भी सबक सिखाया। यह देश के लिए गर्व का क्षण है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान, संप्रभुता और सामरिक क्षमता का प्रतीक है। यह दुनिया को संदेश देता है कि भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में सक्षम है। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा। यह याद दिलाएगा कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं हो सकता।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, अनूप भोसले, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, टीकम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, सूरज सिन्हा, रिकेश साहू, हेमंत सिन्हा, जगमोहन पटेल, भोजलाल सिन्हा, संतोष यादव, भगवानों बेहरा, नवीन मांझी, संदीप पाण्डेय, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, विकास रोहरा, वीरेंद्र साहू, खेम सिंह बघेल, प्रकाश सोनी, नूतन देवांगन, अज्जू दासवानी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

# अत्याचार पीड़ित 13 व्यक्तियों के लिए सहायता राशि 17.5 लाख स्वीकृत

**बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अत्याचार से पीड़ित 13 व्यक्तियों को कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा राहत राशि 17 लाख 50 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।राशि का भुगतान सम्बंधितों को पीएफएमएस माध्यम से किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश बांधे पिता बालचंद ग्राम पहन्दा स्वीकृत राशि 25000 रुपये, रामकुमार पैकरा पिता माया राम पैकरा ग्राम जोगीडीपा राशि 50000, बिंदिया ध्रुव पिता राजेंद्र ध्रुव ग्राम हथबंध राशि एक लाख रुपये, दीपक कुमार बर्मन पिता राम सिंह बर्मन, ग्राम मोहतरा राशि 412500, सुनीता जांगड़े पिता बसंत लाल जांगड़े, ग्राम खैरा राशि एक लाख, संतोषी बर्मन पति राम सिंह बर्मन, ग्राम मोहतरा राशि 412500, रागिनी सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी, ग्राम अमेरा राशि 200000, राजेश्वरी चौहान निवासी शिवरीनारायण राशि 300000, अमीर कुमार राय पिता ताराचंद राय ग्राम गिधौरी राशि 25000, चंद्रशेखर महिलांग पिता बेनु महिलांग ग्राम मोहभट्ठा राशि 25000, बिसौहा सारथी पिता रविशंकर सारथी ग्राम सोनाडीह राशि 50000, हेम लाल सेवाय पिता बिसनु सेवाय ग्राम बोहारडीह राशि 25000, बृजमोहन सिंह ठाकुर पिता दयाल सिंह ठाकुर ग्राम मानाकोनी राशि 25000 शामिल हैं।

# सामान्य सभा की बैठक में ली गई जल संरक्षण की शपथ




**बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा की सभाकक्ष में गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिए गये। इस दौरान जिला पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण का शपथ लिया।

सामान्य सभा की बैठक में पानी के हर बूंद का संचयन करने, पानी को एक अनमोल संपदा मानने एवं पानी के समुचित उपयोग के संबंध में शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के दौरान जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों तथा ग्रामीणजनों को पानी के समुचित उपयोग करने के संबंध में प्रेरित करने एवं अपने भविष्य को सुरक्षित कराने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में 1308 आवेदन का निराकरण

**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में निराकरण शिविर आयोजित किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी नगरी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी एवं समस्त शासकीय विभाग प्रमुख के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त 2983 आवेदनों में से 1308 आवेदन नगर पंचायत नगरी से संबंधित था, समस्त आवेदनों का निराकरण करते हुए राशन कार्ड के 12 आवेदकों को शिविर स्थल पर राशन कार्ड प्रदाय किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 24 हितग्रहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया सांथ ही 5 आवेदकों का नाम डी.पी.आर. में शामिल करते हुए स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया एवं 02 हितग्राहियों का किशत भुगतान किया गया, विभिन्न पेंशन योजना अंतर्गत 28 हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत करते हुए सूची में सम्मलित किया गया। शिविर स्थल पर विधायक। महोदया श्रीमती अंबिका मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबडा, पार्षदगण राजा पवार, देवचरण ध्रुव, श्रीमती मिक्की गुप्ता, नरेश कुमार पटेल, श्रीमती विनिता कोठारी, श्रीमती चेलेश्वरी साहू, श्रीमती टुकेश्वरी साहू, श्रीमती अल्का साव, श्रीमती डागेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, श्रीमती अंबिका ध्रुव, यशकरण पटेल, शंकर देव, हरीश साहू, श्री प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा नगर पंचायत एवं समस्त विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति में समस्त कार्यक्रम आयोजित किया।

# सही सोचें,सभी सोचें,कल नहीं आज अभी सोचें

## सेजेस सिंगपुर का ध्येय वाक्य बना सत्र 2026 के लिये

**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। सेजेस सिंगपुर मगरलोड के एस एम डी सी एवम पालक शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर अत्यंत प्रसन्न हैं। अब एस एम डी सी एवम पालकों के साथ साथ शिक्षकों ने भी आगामी सत्र में कुछ और अच्छा करने के लिए सही सोचें, सभी सोचें, कल नहीं आज अभी सोचें को सत्र 2026 के लिए ध्येय वाक्य बनाते हुए दिनांक 24 मई को बड़ी बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में आगामी शैक्षिक सत्र के लिए शैक्षिक योजना का निर्माण कर शैक्षिक कैलेंडर का निर्माण किया जाएगा। एस एम डी सी के अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा एवम सदस्यों में अयूब खान, विष्णु निर्मलकर, सरपंच लोमेश्वर साहू, उप सरपंच ज्योति तिवारी, डॉ हेमंत साहू, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, जनपद सदस्य गजेंद्र दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में एस एम डी सी सदस्यों के अतिरिक्त विभिन्न समाज के प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों, महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में विभिन्न समितियों का गठन कर विद्यालय एवम बच्चों के विकास हेतु जिम्मेदारी तय की जाएगी। पालकों के उत्साह को देखते हुए शिक्षकों में भी अत्यंत उत्साह है। सभी शिक्षक टीम भावना के साथ विद्यालय के उत्थान हेतु कार्य के लिए कृत संकल्पित है। शिक्षकों ने भी इस बैठक के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी पूरे मनोयोग से सम्पन्न करेंगे।



# अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जंयती पर भाजपा ने सफाई अभियान चलाया



**सरायपाली,** 24 मई (देशबन्धु)। अहिल्या बाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष में भाजपा मंडल सरायपाली में निवासरत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जोगीतालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान में अपना योगदान दिया सफाई अभियान के उपरांत उपस्थित वरिष्ठजनों ने शिव मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की जिसमें भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल , बिहारी लाल अग्रवाल,धनेश नायक, स्वर्ण सिंह सलूजा,मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुमारी भास्कर, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती तारेस्वरी नायकजिला महामंत्री श्रीमती पुष्पलता चौहान,मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सीता सतपथी, जनपद उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी,मंडल उपाध्यक्ष तोषनाथ यादव,मंडल महामंत्री प्रकाश पटेल विदित धनानिया, मनोज दास, तिलक साहु, देवराज चौहान,पार्षद रोहित प्रधान, मंडल कोषाध्यक्ष तरुण बारीक, भूपेश सलूजा, धनेश्वर भास्कर,कमल अग्रवाल,किशन जायसवाल , मुकेश आदित्य,कार्यक्रम प्रभारी मनोज आदित्य, आदर्श गुप्ता एवं भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ वार्ड वासी बड़ी संख्या में शामिल थे। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल ने दी।

# .माध्यमिक शाला अमाली की छात्रा मनिका कोसरे के चयन होने पर बधाई



**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। शासकीय माध्यमिक शाला अमाली के मेधावी छात्रा कुमारी मोनिका कोसरे पिता राजेंद्र कुमार कोसरे राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित हुई है। शाला परिवार एवं माध्यमिक शाला अमाली के प्रभारी प्रधान पाठक हर्ष लता साहू, शिक्षक लक्ष्मी साहू, शतरूपा नाग, श्वेता सिंह, गंगा नवरंग, चंद्र कुमारी नवरंग, संकुल के समस्त शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा कोसरे, सरपंच हिरोंदी ध्रुव,जीत बाई सेन, भोज राज कश्यप जगन्नाथ कश्यप, विष्णु साहू एवं समस्त ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाये दिया गया।

# रांवा और जी जामगांव में आयोजित हुआ समाधान शिविर

**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत आज धमतरी विकासखंड के रांवा और कुरूद के ग्राम पंचायत जी-जामगांव में समाधान शिविर आयोजित किया गया। जी जामगांव में आयोजित सुशासन तिहार में मिले कुल 5 हजार 495 आवेदनों पर की गयी कार्यवाही के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इनमें मांग संबंधी 5 हजार 417 और शिकायत संबंधी 78 हैं। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनांतर्गत क्षेत्र की गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई। साथ ही बच्चों को सुपोषण किट का वितरण भी किया गया। शिविर में जी जामगांव क्लस्टर में कुल 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। इनमें जी जामगांव, अंवरी मूरा, गणेशपुर, मड़ेली, सरबदा, कचना, नवागांव क0, भैंसबोड, जरवायडीह शामिल हैं।



समाधान शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सदस्य कुलेश्वरी गायकवाड, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, सभापति चन्द्रशेखर साहू, सिंधु बैस, सहित लोकेश कुमार साहू, ललिता भतपहरी, गंगा साहू, नारायण गिरी गोस्वामी, उपस्थित रहे। इसके अलावा जीजामगांव क्लस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों के सरपंच भी समाधान शिविर में उपस्थित रहे।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत रावां मे आयोजित समाधान शिविर में कुल 9260 मांग एवं 155 शिकायत सम्बन्धी आवेदन प्राप्त हुए थे जिनके निराकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। शिविर में विधायक विधानसभा धमतरी ओंकार साहू, अध्यक्ष छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, कविता योगेश बाबर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, धनेश्वरी साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी, देवहुती साहू, भारती चन्द्रहास साहू, अग्रवाल साहू एवं कीर्तन मीनपाल सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, ज्ञानिक राम साहू सरपंच ग्राम पंचायत रावां एवं 13 ग्राम पंचायतो के सरपंच उपस्थित रहे। कलस्टर में ग्राम पंचायत अमलीडीह, अर्जुनी, बागतराई, भानपुरी, देमार, खपरी, कुर्रा, मड़ईभाठा, परेवाडीह, पीपरछेड़ी दे., रावां, तरसीवां, तेलीनसत्ती कुल 13 ग्राम पंचायत को शामिल किया गया।

समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों महोदय द्वारा सभी स्टालो का निरीक्षण किया गया एवं सभी विभागीय अधिकारियो से प्राप्त मांग एव शिकायतो के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई।

समाधान शिविर में सभी विभाग प्रमुख द्वारा प्राप्त मांग एवं शिकायतों का जानकारी ग्रामीणो को दिया गया. जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिती में विभिन्न प्रकार के विभागीय योजनओं से संबंधित स्वीकृति आदेश एवं सामग्री का वितरण किया गया. जिसमे 47 हितग्राहियो को पेशन स्वीकृति आदेश, 11 हितग्राहियो को आवास की चाबी, 07 हितग्राहियो को नवीन राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 हितग्राहियो को गोद भराई, 3 अन्नप्रासन्न हितग्राही एवं 4 हितग्राहियो को सुपोषण किट वितरण, 07 हितग्राहियो को किसान किताब 06 हितग्राहियों को बैगन का पौधा, 05 विद्यार्थियों गणवेश वितरण, आयुष्मान वय वंदन कार्ड 05 हितग्राहियों को वितरण किया गया है। वही 124 हितग्राहियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं औषधि वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों का लारनिंग लाईसेंस और 06 चरवाहो को मानदेय राशि वितरण किया गया।

# नवीन आंगनबाड़ी भवन का कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। फरसियां ग्राम पंचायत में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शुभारंभ किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ कृष्ण जाधव भी मौजूद थे। अधिकारियों ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की। कलेक्टर और एसपी ने बच्चों से गिनती, पहाड़े पूछे, जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया। अधिकारियों ने खुश होकर बच्चों को खिलौने और चॉकलेट भी बांटे। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से भवन निर्माण की लागत, बच्चों को मिलने वाली भोजन की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर को जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# सिहावा में लगा समाधान शिविर

**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। शिविर में सिहावा क्लस्टर को कुल एक हजार 601 मांग एवं 11 शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। समाधान शिविर में विधायक सिहावा श्रीमती अम्बिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, पूर्व विधायक सिहावा श्रीमति पिंकी शाह, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश मोटा, उपाध्यक्ष ह्रदय साहू, जनपद सदस्य श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में सहकारिता विभाग एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 03 हितग्राही को रूपे कार्ड, 01 हितग्राही को नगद ऋण, 03 हितग्राही को केसीसी कार्ड, 02 हितग्राही को खाद का वितरण किया गया। इसी तरह शिक्षा विभाग द्वारा 01 हितग्राही को हाथ गिनती पजल, 01 हितग्राही को प्लास्टिक आकृतियां, 01 हितग्राही को उंगलियों के अभ्यास कलर पिरामिड, 01 हितग्राही को आकृतियों बोर्ड पजल, 01 हितग्राही को कलर पिरामिड, 01 हितग्राही को अंगों का पजल और 01 हितग्राही को लो विजलन किट प्रदाय किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा 04 बच्चों को पोषण किट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 04 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड और वंदन वय कार्ड , राजस्व विभाग द्वारा 37 हितग्राहियों को किसान पुस्तिका और जनपद पंचायत द्वारा 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। समाधान शिविर सिहावा क्लस्टर में बांसपानी, भड़सिवना, भीतररास, बिरगुडी, छिपलीपारा, देवपुर, हरदीमाठा, मुकुंदपुर, सेमरा, टांगापानी, हीरीडीह, कोंगेरा को शामिल किया गया था।

# युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन व वेतन विसंगति पर 28 को मगरलोड के शिक्षक भी भरेंगे हुंकार

**मगरलोड,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भर के शिक्षक अब सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलने के मूड में हैं। शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन ,वेतन विसंगति और पदोन्नति में क्श्ष्ठ की अनिवार्यता जैसे मुद्दों को लेकर 28 मई को नया रायपुर स्थित मंत्रालय ( महानदी भवन ) का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन का आयोजन सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आंदोलन की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक प्रांत एवं जिला के निर्देश पर ब्लॉक इकाई मगरलोड की बैठक 24 मई को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू ने की। इस दौरान संघ के जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू की मौजूदगी में आंदोलन की रणनीति तय की गई।



बैठक में वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण नीति को प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया। उनका कहना था कि ह्श्क्क2020 को आधे अधूरे तरीके से लागू किया जा रहा है और शिक्षकों को जबरन समायोजित कर कोल्हू का बैल बना दिया गया है। मगरलोड ब्लॉक में कई शिक्षक अतिशेष हो जाएंगे ऐसी ही स्थिति अन्य ब्लाक और जिलों की भी उत्पन्न होगी। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की च्च्गारंटीज्ज् के अनुसार बंद हुए स्कूलों को खोलने और 57,000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया गया था, लेकिन युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूल बंद हो रहे हैं और शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं। यह 2008 में स्वीकृत सेटअप के बिल्कुल विपरीत है।

## जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू की मौजूदगी में संयुक्त शिक्षक संघ की रणनीति तैयार

सोना साहू प्रकरण का उल्लेख करते हुए जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने कहा कि शासन सभी शिक्षकों के लिए जनरल आदेश जारी करे। शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना,पुरानी पेंशन और अन्य सेवा लाभ दिये जाएं। साथ ही पदोन्नति में क्क श्ष्ठ की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग भी दोहराई गई।

बैठक में ब्लॉक मगरलोड से आए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी शिक्षकों से 28 मई को मंत्रालय घेराव में 100 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक के माध्यम से ब्लॉक के सभी शिक्षकों से आह्वान किया गया कि मंत्रालय घेराव में सभी शिक्षक शत् प्रतिशत शामिल होकर युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने और शिक्षकों को कोल्हू का बैल बनाने के इस अन्याय के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करें। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, ब्लॉक सचिव उदय भान पाल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, दिलीप कोठारी, प्रवीण साहू, ब्लॉक संगठन मंत्री गुलाप राम साहू, शेखन साहू, ब्लॉक सह सचिव दुष्यंत साहू, गजेन्द्र साहू, प्रचार मंत्री गैंदराम धीवर, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, प्रमोद डड़सेना, दुलेश्वर डहरे, चन्द्रहास सिन्हा, रश्मि निर्वाण, धनेश्वरी साहू,भामेश्वरी साहू, कामना केरकेट्टा, शैलेन्द्री नेताम आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# विधायक अम्बिका मरकाम ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में वितरित किए पानी टैंकर

**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए सिहावा विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय एवं जनहितैषी विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम द्वारा अपने विधायक मद से विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी टैंकरों का वितरण किया गया। यह वितरण ग्राम पंचायत भड़सिवना, झुंझराकसा, भण्डारवाड़ी, मुड़केरा एवं सेमरा में सम्पन्न हुआ।



## ग्रामीणों को मिलेगा गर्मी से राहत

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, प्रभा नेताम, हनीफ खान, भानेन्द्र ठाकुर, भुशन साहू, अखिलेश दुबे, पेमन स्वर्णबेर, अनवरक सिद्दीकी, सरपंच नील कोड़ोपी, गजेंद्र मंडावी, कविता ध्रुव सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम ने अपने संबोधन में कहाभीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को देखते हुए पानी टैंकरों का वितरण करवाया गया है, ताकि लोगों को पीने के स्वच्छ जल की कोई कमी न हो। यह पानी टैंकर न केवल पीने योग्य जल की आपूर्ति में सहायक होंगे, बल्कि कृषि व पशुपालन जैसे कार्यों में भी लाभकारी सिद्ध होंगे। ग्रामीण जनता की सुविधा हेतु हम निरंतर कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजना को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। विधायक महोदया ने बताया कि गर्मी के इस कठिन समय में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट एक गंभीर मुद्दा बन जाता है, जिसे दूर करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह पहल ग्रामीणों को राहत देने और जल की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक अहम प्रयास है। ग्रामीणों ने पानी टैंकर मिलने पर विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम के प्रति आभार प्रकट करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल बताया।

# श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ



**खरोरा,** 24 मई (देशबन्धु)। ग्राम मोहरा में भगवान श्रीकृष्ण की अपार कृपा एवं पूर्वजों की पुण्य स्मृति में स्व. भागीरथी वर्मा एवं श्रीमती संतोष वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन 22 मई से 30 मई तक किया जा रहा है। कथा का वाचन परम पूज्य पं. नंदकुमार शर्मा नीनवावाले द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 22 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जो भागवत कथा स्थल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए शारदा चौक, ठाकुर देवता, शीतला माता, महामाया देवी, साधु दरबार सहित ग्राम की समस्त देवी-देवताओं का आमंत्रण करती हुई संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीले परिधान में सिर पर कलश धारण किए हुए शामिल हुईं, साथ ही पुरुष श्रद्धालु श्रीकृष्ण की झांकी के साथ उत्साहपूर्वक चल रहे थे।इस कलश यात्रा में गांव के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही, जिनमें सरपंच श्रीमती तारिणी जवाहर वर्मा, श्री कार्तिकराम वर्मा, श्री छात्रधारी वर्मा, मोहरा समिति व्यवस्थापक श्री दिन बंधु यादव, परमेश्वर वर्मा, प्यारेलाल महाराज, अमेरिका महाराज, गिरवर प्रसाद वर्मा, दयाराम यदु, रोहित वर्मा, शेषधुरंधर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सागर वर्मा, दादू यदु के संगीतकार एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।भगवतकथा के प्रत्येक दिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी, जैसे गोवर्धन महात्म्य, परिक्षित जन्म, वामन अवतार, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, सुदामा चरित्र आदि। कथा का समय दोपहर 3ः30 बजे से इच्छानुसार रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हो सकें।कार्यक्रम का समापन 30 मई को गीता प्रवचन, तुलसी विवाह, सहस्त्रार स्नान, हवन आदि के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

# राज्य सभा सांसद संजय सिंह का कुरुद में स्वागत

**कुरूद,** 24 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन 24 मई को कुरुद मे सुबह 9ः00 बजे सांसद महोदय का बस स्टैंड कुरूद में सभी कार्यकर्ताओ ने भव्य रूप से स्वागत किया सांसद के आने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी में जान आ गई।सभी कार्यकर्ता जोस से भर गए सांसद महोदय 23 मई को शाम 8ः00 बजे रायपुर एयरपोर्ट में पहुँचे वहा से 9 बजे निकलकर 9ः30 बजे कुरुद पहुँचे जहाँ कुरुद के कार्यकर्ताओ ने बाजे गाजे व आटीशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया सांसद महोदय ने चरमुड़िया सरपंच श्रीमती नीतू तोड़ेकार को बधाई दी और जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव की प्रसंसा करते हुवे कार्यकर्ताओ से कहाँ की छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिला में पार्टी को मजबूत करेंगे हमारी पार्टी एक ईमानदार पार्टी हैं, सभी जानते हैं दिल्ली में कितना विकास हुवा हैं उसी के तर्ज पर यहां भी विकास होगा। आने वाला समय केवल आम आदमी पार्टी क़ा हैं स्वास्थ और शिक्षा को प्रमुखता से रखा जायेगा। कालेज स्तर पर भी विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगा और युवाओं को विद्यार्थि जीवन में होने वाली तकलीफो से निजाद दिलाया जायेगा कुरुद से निकलकर वे धमतरी के सिहावा अंचल अंतर्गत उमरादेहान गांव के लिए जायेंगे उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू , प्रदेश महासचिव वददू आलम , प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह , प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय , प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी , प्रदेश संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़कर व प्रदेश के सभी नेता साथ रहेंगे धमतरी जिला के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सांसद महोदय संजय सिंह , सुदूर अंचल क्षेत्र उमरादेहान (कौहाबाहरा) में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा क़ा अनावरण करेंगे तथा आदिवासी समाज के लोगों से गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। तथा साथ ही अंचल के पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे ।स्वागत में पार्टी के सभी कार्यकर्ता व जिला के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।



# बाप-बेटे करेंट चपेट में, पिता की मौत, बेटा ज़िंदगी की जंग में

**गरियाबंद,** 24 मई। जिले के ग्राम घटकर्रा में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब निर्माणाधीन मकान की छत पर पानी डालते समय बाप-बेटे बिजली के करंट की चपेट में आ गए। हादसे में पिता तारा यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र खेलावन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, तारा यादव और उनका बेटा खेलावन यादव निर्माणाधीन मकान की छत पर पानी डालने गए थे। एक दिन पहले ही लेंटर ढाला गया था। छत के ठीक पास से बिजली लाइन है। बारिश के कारण छत पहले से ही गीली थी। जैसे ही तारा यादव पानी डालने के लिए छत पर चढ़े, वह बिजली की चपेट में आ गए। पिता को करंट में फंसा देख बेटा खेलावन उन्हें बचाने दौड़ा, लेकिन वह भी बिजली की चपेट में आकर झुलस गया। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तारा यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि खेलावन की हालत नाजुक बनी हुई है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने निर्माण स्थलों के पास से गुजर रही बिजली लाइनों को लेकर बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।



# एंटी पोचिंग टीम ने मॉनिटर लिजार्ड के शिकारी को किया गिरफ्तार

**गरियाबंद,** 24 मई। उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एंटी पोचिंग टीम ने शनिवार को मॉनिटर लिजार्ड का अवैध शिकार करते एक आरोपी सूनाराम वल्द समारू कमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिर्नासिल्ली परिसर में शिकार करते हुए पकड़ा गया है। आरोपी के पास से उपयोग में लाए कुल्हाड़ी एवं अन्य सामग्रियों को भी जप्त किया है। इसके पहले 22 मई को सीतानदी कोर क्षेत्र में ही बाघ की ट्रैकिंग कर रही एंटी पोचिंग टीम ने 3 शिकारियों को उनके कुत्ते के साथ इंटरसेप्ट किया था किन्तु वे घने जंगल में फरार हो गये। टीम द्वारा मौके पर शिकार के प्रयोजन से बनाये गये तीन हाईडआउट को ध्वस्त कर दिया था। इस दौरान टीम ने 3 हाईड आउट भी ध्वस्त किये है। साथ ही थर्मल ड्रोन के जरिए एरिया सैनीटाईज किया था। इसके ठीक दो दिन बाद 24 मई शनिवार को एंटी पोचिंग टीम बाघ ट्रैकिंग के लिए निकली थी। इस दौरान बिर्नासिल्ली परिसर में सूनाराम शिकार करते पकड़ में आ गया। जिसके बाद तत्काल कार्यवाही करते हुए टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



# चरौदा एवं बम्हनी में संध्या चौपाल कार्यक्रम संपन्न

**पलारी,** 24 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के समस्याओं के निदान एवं सरकार की योजनाओं से अवगत कराने हेतु चलाये जा रहे सुशासन तिहार के तहत चरौदा एवं बम्हनी के संध्या चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुये पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर आम जनता की जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना जैसे अनेक योजनाओं से आम लोगों को मजबूत एवं सशक्त बना रही हैं । उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं की निदान त्वरित होना चाहिये । उनको इधर उधर भटकने का आवश्कता ना पड़े । महेन्द्र साहू ने पहलगाम में हुये आतंकवादी हमलों पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुये शहीद हुए परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को घुटने टेकने मजबूर करने एवं विश्व मे भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की ।



उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग की जानकारी भी प्रदान किये । कार्यक्रम को रोहांसी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, जनपद सदस्य उमेश यदु एवं जनपद सदस्य नीलिमा कोसले ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर सरपंच चरौदा लकेश्वरी जायसवाल, मिथलेश जायसवाल, चरणदास कोसले, नेतराम जायसवाल, भानसिंह ध्रुव, मोहन साहू, लखन साहू, महेन्द्र यदु, बृजलाल साहू, विजय ध्रुव, लोभान जायसवाल, लता डहरिया, नेहा उपाध्याय, मनीराम कुर्रे, सीताराम साहू, बम्हनी सरपंच भूपेन्द्र देवांगन, रमेश धृतलहरे, प्यारेलाल कोसले, ओमप्रकाश पटेल, यशवंत चेलक, प्रीति देवांगन, पार्वती पटेल, कमलेश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

# शरीर में जहरीले खाद से मुक्ति के लिए अपनाना होगा प्राकृतिक खेती

**बिलाईगढ़,** 24 मई( देशबंधु)। भारत सरकार द्वारा किसानों को रसायन मुक्त खेती अपनाने के उद्देश्य से वर्ष 2023 से प्राकृतिक खेती पर एक राष्ट्रीय मिशन राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरणीय स्वास्थ्य में सुधार और साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलने के साथ किसानों की आय में वृद्धि भी होती है। प्राकृतिक खेती अपनाने पर विभिन्न समस्याओं का समाधान हो सकता है। जैसे- खाद्य असुरक्षा, भोजन और पानी में कीटनाशकों और उर्वरक अवशेषों के कारण उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती है। प्राकृतिक खेती का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक और घरेलू संसाधनों का उपयोग कर आवश्यक जैविक आदान (बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दशापर्णी अर्क आदि) तैयार कर खेती में उपयोग कराना एवं उत्पादन लागत को कम करना है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत 50 हेक्टेयर का एक कलस्टर तैयार किया जाता है। जिसमें चयनित कृषकों को अधिकतम एक एकड़ का प्रावधान है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत इस जिले को वर्ष 2025-26 में 200 हेक्टेयर का लक्ष्य मिला है, जिसे बरमकेला विकासखण्ड से 6 पंचायतों को चयन किया गया है। वर्तमान में प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, लाभ एवं महत्व को देखते हुए प्राकृतिक खेती योजना से जुड़कर जहरीले खाद (रसायन) मुक्त फसल उत्पादन कर किसान अपने शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार तथा कृषि लागत में कमी ला सकते हैं। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर जिले के कृषि विभाग की टीम इस दिशा में प्रशिक्षण व प्रदर्शन के द्वारा जिले के कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने प्रेरित कर रहा है। इस योजना में कृषकों को विभिन्न आदान सामग्री उपलब्ध कराई जा रही ह। साथ ही कृषकों को स्थानीय वनस्पति तथा सामग्रीयों का उपयोग करते हुए कम लागत में अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।



## निधन

### रिज़वान खान पाशा

**बागबाहरा,** 24 मई। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अनवरपुर निवासी युवा कांग्रेस नेता रिज़वान खान पाशा का आज शनिवार की सुबह 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. पाशा लगभग 50 वर्ष के थे। वे ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सईद खान पाशा के पुत्र एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि यजदान पाशा के बड़े भ्राता थे। जिनका अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में आज शनिवार की शाम सुपूर्दे ए खाक किया गया। जिसमें समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# प्रगतिशील छग सतनामी का वार्षिक अधिवेशन आज

**पलारी** 24 मई (देशबन्धु) प्रगतिशील छग सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933/2012 का वार्षिक आमसभा अधिवेशन राजधानी रायपुर के गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन न्यू राजेन्द्र नगर में 25 मई दिन रविवार को सुबह 11 बजे से रखा गया है। बैठक की सूचना सभी पदाधिकारियों, सामान्य सदस्य एवं आजीवन सदस्य तथा संरक्षक गणों पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चूका है। बैठक के प्रमुख ऐजेन्डा में 2023-24 के आडिट रिपोर्ट का अनुमोदन,वृतिय वर्ष 2024-25के आय व्यय का रिपोर्ट, आगामी वर्ष के लिए अनुमानित बजट का अनुमोदन पिछले आमसभा में हुए प्रबंधन कार्यकारिणी के बैठक एवं लिए गए निर्णय का विवरण , संस्था से जुड़ने वाले नवीन सदस्यों का अनुमोदन, प्रबंधन कार्यकारिणी की कार्यकाल बढ़ाने या मनोनयन/चुनाव के संबंध चर्चा सहित अन्य विषयों पर वार्षिक अधिवेशन में विस्तार पूर्वक चर्चा कर अनुमोदन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सरजू प्रसाद घृतलहरे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज एवं महासचिव एस आर बंजारे जी करेंगे ।उक्त जानकारी देते हुए सरजू प्रसाद घृतलहरे ने युवा प्रकोष्ठ ,महिला प्रकोष्ठ सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति हेतु अपील किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दिव्यांगजन वित्त विकास...

नेताम को प्रदाय किया।

इस अवसर पर साथी समूह के सदस्य जानकी गुप्ता, प्रभा रावत, सूर्या लुकड, विकास गुप्ता, गोपल शर्मा सहित सेवा निवृत्त उप संचालक समाज कल्याण रायपुर राजेश तिवारी, राजेन्द्र जैन प्रदेश अध्यक्ष इंदिरा सिंह अपर कलेक्टर, उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पाण्डे उपस्थित रहे।

# सर्व समाज के प्रमुख लोगों ने शैक्षिक योजना 2026 के निर्माण में भागीदारी निभाई

**नगरी,** 24 मई (देशबन्धु)। 24 मई का दिन सेजेस सिंगपुर के शैक्षिक इतिहास का स्वर्णिम दिवस साबित होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जिले में पहली बार किसी विद्यालय की वार्षिक कार्य योजना के निर्माण में हर समाज के प्रमुखों को न केवल विचार विमर्श के लिए आमंत्रित किया गया अपितु उन्हें वर्ष भर किये जाने वाली हर छोटी बड़ी गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु जिम्मेदारी भी दी गई। सर्व प्रथम विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही .पी.चन्द्रा ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के लिए जो भी योजनाएं विद्यालय में बनाई जाती है उस योजना के निर्माण में सभी समाज के प्रमुखों की प्रत्यक्ष भागीदारी होनी चाहिए। समाज प्रमुखों का दायित्व है कि वे अपने अपने समाज के सभी लोगों को शैक्षिक योजना की जानकारी दे ताकि हर पालक इस योजना के क्रियान्वयन में बढ़ चढ़कर भाग ले सकें। दूसरी बात यह कि योजना निर्माण पश्चात क्रियान्वयन के अवसर पर कोई भी पालक योजनाओं से अनभिज्ञ होने की बात न कह सके।इसी बात को ध्यान में रखकर एस एम डी सी एवम सर्व समाज के प्रमुखों ने सेजेस सिंगपुर में एकत्रित होकर शैक्षिक कार्य योजना का निर्माण किया। शैक्षिक योजना के निर्माण हेतु सोलह प्रकार की समितियों का गठन किया गया । प्रत्येक समिति में शिक्षक एवम पालकों को उनकी रुचि के अनुरूप दायित्व सौंपा गया। सर्व प्रथम प्रवेश समिति के सदस्यों ने सेजेस में प्रवेश सम्बन्धी नियमों का निर्माण कर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। अनुशासन समिति के सदस्यों ने विद्यालय के लिए अनुशासन बनाये रखने हेतु नियमों का निर्धारण किया। अनुशासन समिति ने यह भी तय किया कि किसी भी बच्चे को पालकों की उपस्थिति के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। हर पालकों के लिए विद्यालय द्वारा बनाये गए नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इस हेतु हर पालक को तेरह बिंदु का एक घोषणा पत्र भरकर न केवल विद्यालय को देना होगा अपितु वर्ष भर उसका पालन भी करना होगा। योजना निर्माण में उपस्थिति लोगों ने यह भी तय किया कि विद्यालय के द्वारा निर्धारित पठन पाठन एवम लेखन की पूरी सामग्री की व्यवस्था करने के बाद ही बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। सोलह जून के शाला प्रवेशोत्सव को च्च स्कूल तिहार च्च के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें हर पालकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। ऊपर वर्णित दो समितियों के अलावा ,प्रार्थना समिति,कक्षा संचालन समिति, मोटिवेशनल समिति,सामान्य ज्ञान समिति,ग्रन्थालय समिति,क्रीड़ा समिति,सांस्कृतिक समिति,बागवानी समिति, नैतिक संस्कार एवम सांस्कृतिक समिति,स्वास्थ्य



एवम स्वच्छता समिति,मूल्यांकन समिति, डेटा संधारण समिति, डेटा एनालिसिस समिति,पालक सम्पर्क समिति,विज्ञान समिति, आई सी टी समिति , प्रोफेशनल डेवलेपमेंट समिति,नवाचार समिति, लंच विथ लर्निंग समिति,एक्शन रिसर्च जैसी समितियों का गठन किया गया। प्रत्येक समिति के लिए एक शिक्षक को प्रभारी तथा पालकों को सदस्य बनाया गया है जिसमें प्रवेश पश्चात बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। उपस्थित लोगों ने एकमतेन हर हाल में सत्रह जून से नियमित कक्षा के संचालन पर जोर दिया । बच्चों को पालकों की उपस्थिति में प्रवेश तभी दिया जाएगा जब वे पूरी शैक्षिक सामग्री के साथ विद्यालय में उपस्थित होंगे। प्रत्येक पालकों को प्रवेश के अवसर पर एक घोषणा पत्र देना होगा। सबसे हर्ष की बात यह है कि यहाँ एस एम डी सी के सदस्य एवम समाज प्रमुखों के समक्ष विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं को अनुशासित करने के लिये ड्रेस कोड का भी निर्धारण किया जिसमें हर शिक्षक सफेद शर्ट तथा काले पेंट के साथ प्रतिदिन विद्यालय आएंगे।

समाज प्रमुखों ने इस अवसर पर इस बात को दुहराया कि वे अपने समाज के बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजेंगे। नहीं भेजने वाले पालकों को पहले समझाईश देंगे। नहीं समझने पर सामाजिक बहिष्कार भी करेंगे। बैठक में यह भी तय हुआ कि मासिक मूल्यांकन के बाद हर महीने होने वाली बैठक में प्रत्येक पालकों को उपस्थित होना होगा। अनुपस्थिति की दशा में पालक दण्ड के भागी होंगे। इस हेतु पृथक से पालकों की एक समिति बनाई गई। पूरे शैक्षिक सत्र में क्या क्या गतिविधियाँ होंगी,कौन प्रभारी और सदस्य होंगे, कब कब मासिक टेस्ट होगा,कब पालकों की मीटिंग होगी तथा किस दिनांक को कौन सा कार्यक्रम होगा ,पालकों को कब विद्यालय आना है इत्यादि बातों की जानकारी पालकों को प्रवेश के समय दे दी जाएगी। हर पालक को वार्षिक कार्य योजना एवम वार्षिक कैलेंडर की प्रति प्रवेश शर्तों के साथ दी जाएगी ताकि कोई पालक किसी प्रकार से कोई बहाना न बना सके। योजना के निर्माण में सबसे ज्यादा समझ आधारित शिक्षण, सक्रिय शिक्षण,गतिविधि एवम प्रयोग आधारित शिक्षण,अभ्यास कार्य, अनुलेख,गृह कार्य,समूह शिक्षण , सेल्फ स्टडी, नीड बेस टीचिंग,प्रॉब्लम साल्विंग पर सबसे ज्यादा जोर देते हुए छोटी छोटी रणनीति बनाई गई। एस एम डी सी एवम उपस्थित शिक्षकों ने आगामी सत्र को गुणवत्ता सत्र के रूप में मनाने का निर्णय लिया जिसमें हर पालक बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

योजना निर्माण के इस ऐतिहासिक बैठक में एस एम डी सी के अध्यक्ष धनन्जय साहू,उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, एस एम डी सी सदस्य अयूब रिजवी,विष्णु निर्मलकर, सफीना बानो, सिंगपुर के सरपंच लोमेश्वर मरकाम,केकराखोली के सरपंच ललित नेताम, रोहित मरकाम सरपंच भण्डारवाड़ी,सिंगपुर के उपसरपंच ज्योति तिवारी, टिकेश्वर ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान उपस्थित थे।

# संविधान देश की आत्मा, संविधान बचाने की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी कांग्रेस : चातुरी नंद

## अमरकोट में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का विधायक नंद ने किया लोकार्पण

**सरायपाली,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सरायपाली विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का समापन अमरकोट में हुआ। संविधान बचाओ रैली का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने किया। संविधान बचाओ रैली के समापन में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और संविधान को कमजोर करने की बड़ी साजिश रची जा रही है। केंद्र में जब से मोदी सरकार बनी है तब से देश के संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई देशभर में हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ी जा रही है। संविधान बचाने की यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क तक लड़ेगी।




**संविधान बचाओ रैली का अमरकोट में हुआ समापन**

विधायक चातुरी नंद ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि संविधान की असली रक्षक कांग्रेस पार्टी ही है। कांग्रेस पार्टी संविधान पर पूर्ण आस्था रखती है और संविधान में प्रदत्त अधिकारों को वंचित तबके तक पहुंचाने संकल्पित है। कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर एन आदित्य , वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, विधायक प्रतिनिधि मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य पूजा तिवारी और ग्राम पंचायत अमरकोट की सरपंच श्रीमती प्रदीप पटेल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामदयाल पटेल, तेजराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि गण घसिया सिदार, रमेश पटेल, बिरंची बेताल, महिला नेत्री दीपांजलि बारीक, सीता पटेल, कमल अग्रवाल, नीलांबर सोनी सहित वरिष्ठ नेतागण मंच में मंचासिन थे।

कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल और आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत अमरकोटकी सरपंच ने किया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दीपक साहू,सुरेश भोई, अरमान हुसैन, दयाराम चौहान, पार्षद रमीज रजा, पंकज बीसी, सरपंचगण गोलू पटेल, पुरुषोत्तम साहू, पुरुषोत्तम पटेल, नरेश पटेल, प्रभात पटेल, श्रवण वैष्णव, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान,पिंगल गार्डिया, अमृत पटेल, केशव चौधरी, वाल्मीकि मेहर, दिलीप साहू, निर्मल बढ़ई, श्रीराम मानिकपुरी, सुरेन्द्र वैष्णव, सत्या भोई, विक्की वैष्णव, सुशील प्रधान, निलेश तिवारी, अनिल पटेल, मनोज पटेल, अनस खान, केशव अग्रवाल, रविशंकर साव, रोशन नाग, आकाश भोई, शरद यादव, जयंत यादव, दुष्यंत साहू, सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# अमरजीत छाबड़ा के शपथ समारोह में पहुंचे काफी लोग

**भाटापारा,** 24 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने गुरुवार की शाम अपना पदभार ग्रहण किया ।इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे ।श्री शर्मा ने अल्प संख्यक वर्ग के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया ।श्रीछाबड़ा के शपथ समारोह में भाटापारा से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए।



इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल बिहारी बाजपेई सभागार में हुए इस भव्य आयोजन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अमरजीत छाबड़ा एक ऐसे ऊर्जावान युवक है जो अपनी योग्यता और काबिलियत के दम पर यहां तक पहुंचे है,उनके जैसे युवा के राज्य अल्प संख्यक आयोग का अध्यक्ष बनने से यह पद उनके कर्मशील होने का जीता जागता प्रमाण है ।श्री शर्मा ने अमरजीत छाबड़ा को बधाई देते हुए कहा कि कुछ लोग पद से सुशोभित होते है और आप जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा ।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विश्वास जताया कि कर्मठ,जुझारू श्री छाबड़ा के कार्यकाल में आयोग नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष का पदभार ग्रहण वाले अमरजीत छाबड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया और उन्हें विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जवाबदारी दी गई है वे राज्य के अल्प संख्यक समुदाय के लोगो के हितों की रक्षा के लिए सदैव अग्रसर रहेंगे और केंद्र और राज्य शासन की योजना का लाभ इस समुदाय के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचे ,इस दिशा में काम करेंगे ।इस शपथ ग्रहण समारोह में भाटापारा से रविंदर सिंह चावला,राजा चावला,अमरजीत सिंह सलूजा,मनमीत सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभालते ही वहां उपस्थित हजारों की तादाद में विभिन्न समाज के लोगों ने अमरजीत छाबड़ा को गज माला पहनाकर उन्हें नए दायित्व की बधाई और शुभकामना दी। इस दौरान अमरजीत सलूजा ने उन्हें भाटापारा आने का निमंत्रण दिया,जिस पर उन्होंने शीघ्र ही भाटापारा सहित पूरे प्रदेश का दौरा करने की बात कही।

# राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण विषय पर की चर्चा

**राजिम,** 24 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री विवेक कुमार शर्मा ने जगदलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव के निज निवास में भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं खासकर युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा की और निवेदन किया कि विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को रोका जाए विवेक शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब पर्याप्त संख्या में शिक्षक हों,प्राथमिक शालाओं में कैसे पांच कक्षाओं को पढ़ाने 2 शिक्षक पर्याप्त होंगे ,प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक जरूरी है,वैसे ही मिडिल, हाई,एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में विषयवार विद्यार्थीयों की दर्ज संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक हों ।मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में चर्चा कर सकारात्मक समाधान निकालने का आग्रह किया।



# अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर भाजपाइयों ने मंदिरों का किया साफ-सफाई

**बागबाहरा,** 24 मई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जी की 300वी त्रिशताब्दी स्मृति में आयोजित 'त्रिशताब्दी स्मृति अभियान' के तहत बागबाहरा में एक महत्वपूर्ण कार्य साफ सफाई का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश में भाजपा शहर मंडल बागबाहरा के द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण में साफ सफाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान में भाग लिया। यह आयोजन न केवल मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण था। बल्कि एकजुटता और सेवा का भी प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जी की विरासत और उनके आदर्शों को याद किया गया।और उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं दबंग युवा भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर , बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष सुश्री डिंपल (डॉली) ध्रुव, प्रेम (रूपेश) साहू, संजय मालवे , मोगेश पिंटू चंद्राकर , जसराज बाला चंद्राकर , हरमीत सिंह बग्गा , अतुल गंडेचा , दुर्गा वस्त्रकार , नारायण तांडी , अशोक दीप , पार्षद अजीत तांडी , थानूराम पांडे, सविता दीवान , योगेश चिंदा , नीरज मानिकपुरी , गजेंद्र साहू , डेविड साहू , राजा देवांगन , महेशदास वैष्णव , योगेश आदि मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह भाजपा प्रदेश व जिला संगठन के आह्वान पर पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्या बाई होलकर जी की 300वी जयंती पर माता राऊर मंदिर प्रांगण खल्लारी, जगन्नाथ मंदिर एवं खल्लारी देवी मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे भाजपा मण्डल खल्लारी अध्यक्ष लोकेश पनुरिया , सुजीत साहू मण्डल महामंत्री खल्लारी, ताराचंद देवांगन मण्डल महामंत्री खल्लारी, नन्द कुमार निषाद अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी, पदुम साहू अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झारा, कुबेर यदु बूथ अध्यक्ष खल्लारी, पूरन सबर अनु. जनजाति अध्यक्ष खल्लारी,पुष्पेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत खल्लारी,रमन वैष्णव अध्यक्ष शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खल्लारी,चंद्रशेखर साहू, कीर्तन साहू समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।



# बबूल बीज 1900 सौ और चरौटा 2000 रुपए क्विंटल

**भाटापारा,** 24 मई (देशबन्धु)। कमजोर है फसल इसलिए बबूल बीज 1900 रुपए क्विंटल। निर्यात की प्रतीक्षा कर रहा है चरौटा 2000 रुपए क्विंटल जैसी कीमत पर। तेजी की धारणा तो नहीं है लेकिन टूटेगी नहीं कीमत, मानकर चल रहे हैं वनोपज कारोबारी।

बबूल की नई फसल की आवक चालू हो चुकी है लेकिन बीते साल की तुलना में उत्पादन में 20 से 25 फ़ीसदी गिरावट आ चुकी है। ऐसे में बबूल फली और बबूल बीज में गर्मी आने लगी है क्योंकि मांग के अनुरूप उपलब्धता नहीं है।





**फसल कम, मांग ज्यादा:** प्रदेश के हर जिले में मिलते हैं बबूल के वृक्ष और बीज लेकिन खरीदी में गरियाबंद की फसल को इसलिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि जरूरी गुणवत्ता भरपूर होती है लेकिन इस बार यह कम देखी जा रही है, तो उत्पादन में भी 20 से 25 फ़ीसदी गिरावट आ चुकी है। इसलिए बबूल फली 900 रुपए और बबूल बीज 1900 रुपए क्विंटल जैसे उच्च स्तर पर पहुंचा हुआ है जबकि मांग पूर्ववत स्तर पर स्थिर है।

**एक्सपोर्ट पर ब्रेक:** छत्तीसगढ़ के चरोटा को पहली बार निर्यात के द्वार खुलने की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। यह तब, जब उपभोक्ता देशों की चौतरफा मांग निकली हुई है। फलस्वरुप वियतनाम और अफ्रीकी देशों का चरोटा ताइवान, मलेशिया और जापान के लिए निर्यात किया जा रहा है। फिर भी छत्तीसगढ़ का चरोटा 2000 रुपए क्विंटल पर मजबूत है। मंदी की धारणा इसलिए भी नहीं है क्योंकि निर्यात की अनुमति के लिए उच्च स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

**कब आएंगे अच्छे दिन:** संतोषजनक मांग की प्रतीक्षा कर रहा वनोपज बाजार पहली बार बबूल बीज और चरोटा में अच्छे दिन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसी इंतजार में भंडारण के लिए खरीदी तो कर रहा है लेकिन खरीदी की मात्रा नियंत्रण में रखे हुए हैं ताकि प्रतिकूल स्थितियों में ज्यादा नुकसान ना हो

बबूल बीज में फसल और मांग कमजोर जरूर है लेकिन धारणा तेजी की है। चरोटा में एक्सपोर्ट खुलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**- सुभाष अग्रवाल, एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर**

**संरक्षण, मूल्यवर्धन एवं निर्यात को बढ़ावा देना आवश्यक:** बबूल बीज और चरोटा जैसे वनोपजों की कीमतों में वृद्धि का मुख्य कारण उत्पादन में और निर्यात अवसरों की कमी है। बबूल की जलवायु सहनशीलता और चरोटा जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इनके वैज्ञानिक संरक्षण, मूल्यवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे वनोपज आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी लाभ मिल सकता है।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# झारा में गठित ग्राम कमेटी के थॉमस भारती अध्यक्ष एवं सचिव डागेश्वर कुर्रे बने



**बागबाहरा,** 24 मई (देशबन्धु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज अठगवां परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत झारा में सामाजिक ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष विजय बंजारे एवं जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे एवं ब्लॉक अध्यक्ष चिंताराम साय, अठगवां परिक्षेत्र सौरमसिंघी अध्यक्ष संतोष जांगड़े एवं ग्राम झारा के नवनिर्वाचित ग्राम कमेटी अध्यक्ष थॉमस भारती, उपाध्यक्ष उगेश्वर डहरिया, सचिव डागेश्वर कुर्रे,सहसचिव हंसराज पुरैना, श्रीमती संतोषी टंडन एवं नागेश्वर , कोषाध्यक्ष आकाश बंजारे एवं मीडिया प्रभारी टिकम जांगड़े, संरक्षक किशन रात्रे, प्रवक्ता अमृत डहरिया एवं अन्य सदस्य ओमप्रकाश धृतलहरे, अमर दास, भीष्म डहरिया, ब्रह्मा देव टंडन आदि सदस्य उपस्थित थें।

# आज वंध्यावासिनी मंदिर गौशाला मैदान से ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य यात्रा निकालेगी जाएगी

**धमतरी,** 24 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने अपने शौर्य से देश का मान बढ़ाया है। विशेष रूप से वीर जवानों ने देश की मातृशक्ति के सिंदूर की रक्षा करते हुए उनके सम्मान की रक्षा की है। जवानों ने जिस तरह से अदम्य साहस और बल से शत्रुओं से बदला लिया है, ये भारतीयों और खासकर महिलाओं के लिए गौरव की बात है। जवानों के शौर्य के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त करने राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला धमतरी रविवार 25 मई को विंध्यावासिनी मंदिर गौशाला मैदान से सायं 04.00बजे से ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य यात्रा निकालेगी, जिसकी अगुवानी महिलाएं करेंगी। शौर्य यात्रा के जरिए महिलाएं देश के प्रति प्रेम और सेना के प्रति सम्मान प्रकट करेंगी। ये बातें जिला स्वाभिमान मंच की सदस्यों ने कही।

शोभा यात्रा का जिक्र करते हुए मंच के सदस्यों ने बताया कि सिंदूर शौर्य यात्रा में महिलाएं अपने बच्चों को सैनिक का वेश धारण कर ला सकती हैं। वहीं महिलाओं को पारंपरिक वेशभूषा में इस आयोजन में शामिल होने कहा गया है। उन्होंने बताया कि रविवार 25 मई को दोपहर 3.30 बजे एकत्रीकरण होगा और 4 बजे से सिंदूर शौर्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो शहर के गौशाला मैदान से निकलकर राम बाग चौक, मराठापारा चौक, गणेश चौक, कचहरी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगी। इसमें देश भक्ति गीत, सैनिक एवं मातृ शक्ति के सम्मान के नारे लगाए जायेंगे। शोभा यात्रा के बाद गांधी मैदान में सभा का कार्यक्रम होगा जिसमें वक्ताओं के द्वारा इस कार्यक्रम उद्देश्य के विषय में विचार रखा जायेगा। पश्चात् राष्ट्रपति महोदया के नाम कलेक्टर को दिये जाने वाले ज्ञापन का मंच के संयोजक द्वारा वाचन किया जायेगा। फिर आभार प्रकट के साथ सभा का समापन होगा।

मंच के सदस्यों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य यात्रा ऐसी सभी वीरांगनाओं के भी पुण्य स्मरण का अवसर होगा, जिन्होंने ऐतिहासिक काल से वर्तमान तक देश और स्वत्व की रक्षा के लिए न केवल अपने प्राणों का बलिदान दे दिया, बल्कि पुरुष वर्ग को भी वीरता के संस्कार दिए। उन्होंने माता जीजाबाई, पन्ना धाय, रानी दुर्गावती, महारानी लक्ष्मीबाई, हांडा रानी, रानी पद्मिनी, राजा दाहर पुत्रियां, सूर्या और परिमला से लेकर आज की व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी तक की विशाल परंपरा की गौरव गाथा को याद करने का यह अवसर है।

ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य यात्रा के जरिए हम अपने पूर्व सैनिक, वर्तमान सैनिक और शहीद व बलिदानी जवानों और उनके परिवारों के प्रति भी आभार व्यक्त करेंगे। इन्हीं वीर परिवारों के अपूर्व त्याग के कारण ही हमारे वीर जवान सीमा, देश और हमारी सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं। उन्होंने जिलेभर के युवाओं से इस कार्यक्रम में शामिल ,उपस्थित होने आह्वान किया है।

मंच के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों ने सभी मातृशक्तियों का आह्वान करते हुए उन्हें विशेष रूप से इस ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य यात्रा में शामिल होने कहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं ही परिवार को संस्कारित करती हैं। ऐसे में परिवार में देशभक्ति का भाव जगाने में महिलाओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है। इसके साथ ही उन्होंने सभी संगठन, संस्था और समाजों का भी आह्वान करते उन्हें इस शौर्य यात्रा एवं सभा में शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत को मां मानने वाला हर परिवार इस शौर्य यात्रा में शामिल होना चाहिए।

# सर्वांगासन थायराइड के लिए सर्वश्रेष्ठ योगाभ्यास माना गया : दीपक

**भरुवाडीह/बलौदाबाजार,** 24 मई (देशबन्धु)। आज विश्व थायरॉयड दिवस मनाया जा रहा है। इसे पहली बार 2008 में मनाया गया था। जब अमेरिकन थायरॉयड एसोसिएशन और यूरोपीय थायरॉयड एसोसिएशन ने थायरॉयड के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इस दिन को मनाया था। इसके बाद हर साल 25 मई को विश्व थायरॉयड दिवस मनाया जाता है।

योग और प्राकृतिक चिकित्सक दीपक कुमार वर्मा ने इस दिवस पर कहा कि हर इंसान हमेशा जवान और चुस्त-दुरुस्त रहना चाहता है लेकिन आज के समय में कई समस्याओं का सामना कराना पडता है। अगर कम खाने के बावजूद आपका वजन तेजी से बढ़, तेजी से बाल झड़ने की समस्या हो रही है। आप कम उम्र में ही ज्यादा उम्र के नजर आने लगे हैं तो समझ लें कि आप थायराइड की समस्या से परेशान हो सकते है। भारत में हर दसवां व्यक्ति इस बीमारी से परेशान है। पुरुषों से मुकाबले महिलाओं को 10 गुना अधिक थायराइड की समस्या का सामना करना पड़ता है। योग और प्राकृतिक चिकित्सक दीपक कुमार वर्मा के अनुसार थायराइड को योग, प्राणायाम के द्वारा जड़ से आसानी से खत्म किया जा सकता है।



क्या है थायराइड- दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि थायराइड गले में स्थित एक ग्रंथि का नाम है। यह ग्लैंड गले के आगे के हिस्से में मौजूद होता है और इसका आकार एक तितली के समान होता है। यह बॉडी के कई तरह के मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है। जब ये असंतुलित होता है तो थायरायड की बीमारी होती है। ये रोग हाइपो थायरायड और हाइपर थायरायड( शरीर में आयोडीन की कमी के कारण भी हाइपर थायराइड होता है। दो तरह का होता है। थायराइड के लक्षण-गले में सूजन, मूडट स्विंग होना, बालों का तेजी से झड़ना, हृदय गति बढ़ना, पसीना ज्यादा आना, दिल की धड़कन तेज होना। थायराइड से छुटकारा पाने के लिए योगासन प्राणायाम, सूर्य नमस्कार-सूर्य नमस्कार करने से पूरा शरीर एनर्जी से भरा रहता है। इसके साथ ये हार्ट, फेफड़ों, किडनी आदि को हेल्दी रखने से साथ आपको जवां रखता है। इसके अलावा यह थायराइड से भी छुटकारा दिलाता है। प्राणायाम में -उज्जयी प्राणायाम, भ्रस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम। थायराइड के लिए सर्वांगासन श्रेष्ठ योगाभ्यास। योगाभ्यास की रानी सर्वांगासन को कहा जाता है इस आसन को करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ के बल लेटकर एक साथ, अपने पैरों, कूल्हे और फिर कमर को उठाते हुए शरीर का सारा भार आपके कंधों पर डालकर अपनी पीठ को अपने हाथों से सहारा दें। इसके बाद अपनी कोहनियों को पास में लाकर हाथों को पीठ के साथ रखें, कंधों को सहारा देकर रखें। इस आसन को रोजाना 7 से 11 बार करें। थायराइड के लिए योगासन, सर्वांगासन, सिंहासन हलासन, मत्स्यासन, मंडूकासन, भुजंगासन, चक्की आसान, उष्ट्रासन और शवासन इत्यादि योगाभ्यास करें।

# खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आज नगर में निकलेगी संविधान बचाओ यात्रा

**बागबाहरा,** 24 मई (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा हेतु संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन आज रविवार 25 मई को किया गया है। यह यात्रा खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में निकलेगी। इस जनजागरूकता यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे रेलवे स्टेशन चौक, बागबाहरा से होगा। जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए झलप चौक पहुंचेगी। इस यात्रा का उद्देश्य आमजन को संविधान की मौलिक विशेषताओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। और संविधान संरक्षण के इस संकल्प में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्थानीय कांग्रेस कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। जिसमें शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, पिथौरा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करण सिंह दीवान, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक बनेगी। जिससे युवाओं और आम नागरिकों में लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूती बनेगी।

